# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-07-09-2023

# एसओ की गाड़ी पर पथराव, बोलेरो पलटी, दो पकड़े गए

**गोरखपुर (एसएनबी)।** मंगलवार की देर रात हरपुर बुदहट इलाके में बोलेरों सवार पशु तस्करों को देख गांववालों ने पुलिस को सूचना दी। खबर मिलते ही एसओ पशु तस्करों का घेराबंदी किया तो पशु तस्करों ने पुलिस की गाड़ी पर पथराव करते हुए फरार हो गये। भागते हुए मदरिया चौराहे के पास रात में पशु तस्करों की गाड़ी पलट गयी। दो पशु तस्करों को पुलिस ने मौके से पकड़ लिया लेकिन अंधेरे में दो पशु तस्कर फरार हो गए।

**हरपुर बुदहट में पशु तस्करों को देख गांववालों ने दी पुलिस को सूचना**

**पुलिस ने घेराबंदी किया तो बुलेरों सवार तस्करों ने किया पथराव**

**मदरिया चौराहे पर पलटी बोलेरों, पकड़े गए दो तस्कर मऊ व आजमगढ़ के है रहने वाले**

पकड़े गए पशु तस्करों की पहचान मऊ और आजमगढ़ जिले के रहने वाले है। फरार पशु तस्करों की तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही हैं।

**हरपुर बुदहट** प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात में हरपुर बुदहट थाने के बिगही चौराहे से कुछ दूरी संदिग्ध हालत में एक बोलेरो गाड़ी दिखाई दी । गाँववाले शोर मचाये तबतक किसी ने मामले की जानकारी हरपुर बुदहट पुलिस को दी। खबर मिलते ही गश्त पर निकले एसओ संदीप यादव मय हमराहियों के साथ पशु तस्करों को पकड़ने के लिए घेरांबदी किया गया। पुलिस की गाड़ी को पीछा करते देख पशु तस्करों ने ईंट व पत्थर चलाने लगे और फिर बोलेरों गाड़ी तेजी से भगाने लगे। इस दौरान घटना की जानकारी एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर को दी गयी। एसएसपी ने पकड़ने के लिए पुलिस को अलर्ट कर दिया।

बताया जाता है कि पुलिस की गाड़ी पीछा करते देख पशु तस्करों ने खजनी इलाके के उसवा आशापार चौराहा होते हुए गंगटही मदरिया की तरफ भागने लगे। इस दौरान पशु तस्करों की बोलेरों मदरिया चौराहे पर पलट गई । बोलेरों सवार दो तस्कर मौके से फरार हो गए लेकिन दो तस्कर घायल हो गए और मौके पर पकड़े गए।

## पशु तस्करों को पकड़ने के लिए पुलिस अलर्ट : एसएसपी

**गोरखपुर(एसएनबी)।** दणिक्षांचल इलाके में पशु तस्करों का गैंग सक्रिय है। इस गैंग की कमर तोड़ने के लिए बीती रात एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि पशु तस्करों को पकड़ने के लिए कई थाने की पुलिस को अलर्ट मुड़ में रखा गया है। उन्होंने बताया कि पशु तस्करों की गैंग की कमर तोड़ने के लिए पुलिस टीम लगी है। बीती रात हरपुर बुदहट में पशु तस्कर पकड़े गए है पशु तस्करों से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि पशु तस्करों ने रात में गाड़ी से गांव में पहुंच रहे है और पशु को गाड़ी पर लाद रहे है। इनकी निगरानी के लिए पुलिस कई इलाके में संघन जांच कर रही हैं।

# ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि को धमकी देने का आडियो वायरल

**गोरखपुर (एसएनबी)।** चरगांवा के ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि व भाजपा नेता रजही निवासी रणविजय सिंह मुन्ना को धमकी दिए जाने का आडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। आडियो में धमकी देने वाले की आवाज गैंगस्टर व कुख्यात अपराधी पिंटू सिंह की होने का दावा किया जा रहा है। जिसमे कहा गया है कि दो महीने में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि को जान से मार दिया जाएगा।

गैंगस्टर बलवीर व पिंटू सिंह खुद मुन्ना सिंह के सगे रिश्तेदार हैं। दोनों में जून माह से ही तनातनी चल रही है। जिसमे पिंटू ने केस भी दर्ज करागा है। अब इस आडिगो को वागरल करने को भी पेशबंदी ही माना जा रहा है। क्योंकि आडियो दो माह पहले का होना बताया जा रहा है। वायरल आडियो में पिंटू कह रहा है कि हमने कई लोगों को ठिकाने लगा दिया है । यह बाते रजही गांव के ही दलित से उस समय कहा जब दलित अपना मामला लेकर सिंटू के पास गया था। दलित ने केवल मुन्ना सिंह का नाम लिया था। याद दिला दें कि शाहपुर थाना क्षेत्र में 2011 में नंदानगर रेलवे क्रासिंग के पास मोबाइल के दुकानदार यशवंत सिंह की दुकान में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दिया था। हत्या के बाद स्थानीय लोगों ने घंटों कसया रोड को जाम कर दिया और उस समय तत्कालीन एसएसपी रहे आरके श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे तो आक्रोशित भीड़ ने पुलिस की गाड़ियों पर पथराव किया था। घंटो मशकत के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा था। तभी से सिंटू सिंह और उसका भाई पिंटू सिंह का नाम जरायम की दुनिया में सामने आया था। पुलिस को उस समय 50,000 हजार इनाम घोषित करना पड़ा था।

# अधिवक्ता के पुत्र से सवा लाख की ठगी, केस

नंदानगर (एसएनबी)। आईआरसीटीसी पर बुक रेल टिकट को कैंसिल कराने का झंसा देकर एक व्यक्ति ने साइबर ठगी कर प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय क्षेत्र निवासी एक अधिवक्ता पुत्र का सवा लाख रुपया ठग लिया। पीड़ित अधिवक्ता पुत्र ने साइबर थाने में मुकदमा दर्ज करा कर अज्ञात आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।

कैंट थाना क्षेत्र अन्तर्गत प्रौद्योगिकी विवि पुराना गेट निवासी कृष्ण प्रताप नारायण पुत्र राजेन्द्र प्रसाद चक्रधारी एडवोकेट ने आईआरसीटीसी के जरिए टिकट बुक करवाया था जिसे यात्रा कैंसिल होने पर वे 30 अगस्त को आनलाइन कैंसिल करवा रहे थे। लेकिन बार बार प्रयास के बावजूद टिकट कैंसिल नहीं हो पाया। इस बीच एक मोबाइल फोन से कृष्ण प्रताप के मोबाइल पर फोन आया जिसने अपने आप को रेल कर्मी बताते हुए मदद की पेशकश की।

बातचीत के दौरान उसने लिंक भेजकर एनीडेस्क ऐप डाउनलोड करने को कहा। और मोबाइल हैक कर उनके एसबीआई एकाउंट की जानकारी ले कार्ड से सवा लाख रुपया निकाल लिया। मैसेज आने पर खातेदार को साइबर ठगी की जानकारी हुई। उन्होंने तत्काल साइबर थाने को घटना की सूचना दी और एकाउंट ब्लाक करवाया। इस मामले में कैंट पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हैं।

# छोटा स्टार्ट अप, बड़ी ठगी

गया है। बताया जाता है कि एक डिब्बा पेन या पेंसिल पैक करने पर 20 रुपये दिया जाता है। पहली बार एक सप्ताह का माल दिया जाता है और पैक करने पर मिलेगा 7000 रुपये। अगले सप्ताह इसका डबल माल दिया जाएगा और इसी तरह से पैसे मिलने लगेंगे। इस खेल में हर दिन पता नहीं कितने लोग शामिल होकर अपना सैकड़ों रुपये गंवा रहे हैं। पैकिंग करने का दावा करने वाली फर्म के कर्मचारी यह कहते हैं कि यह पूरे भारत देश में फैला हुआ है। कोई राज्य ऐसा नहीं है जहां के लोग पेन-पेंसिल पैक करके लोग ठीक-ठाक कमा नहीं रहे हैं। अब सवाल यह उठता है कि आखिर एक नामी कंपनी का पेन-पेंसिल कितना बिक रहा है जिसकी पैकिंग पूरे देश में हो रही है। क्या इतनी खपत भी है? खानिमपुर थाना गीडा की रहने वाली मुन्नी यादव के पति ने बताया कि नामी पेंसिल-पेन कंपनी का माल पैकिंग करने वाला सोशल मीडिया पर विज्ञापन देखा। सोचा घर पर पत्नी और बच्चे रहते हैं और पेन-पेंसिल डिब्बा में पैक करने लगेंगे को घर बैठे कुछ कमाई हो जाएगी। दिये गये फोन नंबर पर काल किया गया तो उधर से वाट्सएप नंबर मांगा गया और फिर उधर से पेन-पेंसिल का फोटोग्राफ व कुछ मिनट का वीडियो भेजा गया। कुछ समय बाद फोन आया कि विज्ञापन देख लिए तो क्या विचार बनाया? इसके बाद कहा गया कि 620 रुपये जाब कार्ड के लिए भेजें। पैसा भेजने के बाद अगले द्वारा कहा गया कि पेन-पेंसिल व डिब्बा आपके चौराहे पर पहुंच गया है और 2500 रुपये भेजें। चौराहे पर मुन्नी यादव के पति पहुंचे तो वहां कोई पेन-पेंसिल लेकर पहुंचा ही नहीं था। उनके गांव के कई लोग इस तरह के झांसे में आकर 620 रुपये गंवा चुके हैं और कई ने तो 25 सौ रुपये भी पेटीएम कर दिया लेकिन पैकिंग के लिए कुछ नहीं आया। फोन करने पर अगला तरह-तरह की कहानी बताता है। फोन भी नहीं उठाता है। ठगी के शिकार लोगों का कहना है कि सिर्फ फोन पर गेम खेलकर अगला हर रोज सैकड़ों लोगों से ठगी कर रहा है। इस तरह फर्जी काम करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। फोन करने पर कभी-कभार फर्म वाले ने काल उठा लिया तो वह कहता है कि जो करना है कर लो, मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकोगे।



## पेन-पेंसिल पैकिंग का गोरखधंधा

**सोशल मीडिया पर झूमकर चल रहा है कि घर बैठे कमाएं**

**झांसे में आकर 620 रुपये जाब कार्ड के नाम पर दिया और बताया गया कि 2500 और जमा करें तो पेंसिल-पेन तथा डब्बा भेजा जाए**

**फोन करने पर यहां तक कहा गया कि माल चौराहे पर आ गया है और तत्काल पैसा जमा करें ताकि घर तक माल पहुंचा दिया जाए**

**खानिमपुर थाना गीडा की रहने वाली मुन्नी यादव के पति भी हुए ठगी के शिकार**

**गोरखपुर (एसएनबी)।** घर बैठे पेन-पेंसिल पैक करें और हजारों कमाएं। इस तरह का 'खेल' सोशल मीडिया पर खेला जा रहा है। फोन करने पर वाट्सएप पर कहानी बतायी जा रही है कि घर बैठे सिर्फ पैकिंग करके कितना कमाया जा सकता है। रिकार्डिंग में कहीं नहीं बताया जा रहा है कि 620 रुपये जाब कार्ड के नाम पर तथा 2500 रुपये माल भेजने के एवज में देना होगा।

इस तरह के झांसे में कई लोग आकर 620 रुपये गंवा चुके हैं और कई तो 2500 रुपये भी भेजे लेकिन पेन-पेंसिल पैक करने के लिए नहीं आया। ठगी मामूली है जिसके चलते कोई थाना-पुलिस नहीं कर रहा है। कहा जा सकता है कि 'छोटा स्टार्टअप, ठगी बड़ी'। पेन-पेंसिल पैकिंग कराने वाली फर्म का फोन नंबर भी दिया

## राड से मारकर अंगूठा तोड़ा, केस

■ **गोरखपुर।**

**सहारा न्यूज ब्यूरो।**

एम्स थाना क्षेत्र अन्तर्गत आराजी मतौनी कुसम्ही बाजार निवासी प्रिंस कश्यप ने अपनी ट्राली बनने के लिए कुसम्ही बाजार निवासी डेंटर मनीष को दिया था। मरम्मत का खर्चा भी एडवांस दे दिया था। जब 5 सितम्बर को ट्राली लेने डेंटर के पास गया तो वह ट्राली देने की बजाय अनावश्यक झगड़ा करने लगा तथा राड़ से मारकर अंगूठा तोड़ दिया।

प्रिंस की तहरीर पर एम्स पुलिस आरोपी मनीष डेंटर के खिलाफ आइपीसी की धारा 323,325 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांचपड़ताल कर रही है।

## गोरखनाथ थाने की पुलिस बेलगाम

# एसओ लाइन हाजिर

**गोरखपुर (एसएनबी)।** यह सोलह आने सच है कि पहले गोरखनाथ थाने पर थानेदार की कुर्सी थामने से घबराते हैं। लेकिन कुछ समय बाद वह नियम कानून को ताक पर रखकर मनमाने तरीके से थाने की व्यवस्था संचालित करने लगते हैं। यही वजह है कि पूर्व के थानेदार को भी नहीं चाहते हुए भी एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने लाइन हाजिर किया था। गोरखनाथ थाने पर थानेदार के पद पर भेजने के लिए काफी माथापच्ची के बाद एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई की पहल पर इंस्पेक्टर विज्ञानकर सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। कुछ समय बाद वह भी अधिकारियों के आदेश को दरकिनार कर मानमाने तरीके से काम करने लगे। गोपनीय जांच के दौरान उनकी करतूत का राज खुल गया और बुधवार को एसएसपी ने एसओ को लाइन हाजिर कर दिया।

**थाने के दारोगा और सिपाही नहीं मानते थे थानेदार का आदेश**

**थाने पर तैनात कुछ खाकीवाले चलाते थे अपना सिक्का**

**दो पक्षों के बीच हुए विवाद में थानेदार ने मोबाइल कर दिया दाखिल**

जानकारों का कहना है कि गोरखनाथ थानेदार विज्ञानकर सिंह को करीब एक पखवारे से अधिकारियों ने अपने कार्यप्रणाली को सुधार करने को निर्देश दिया था, लेकिन थानेदार अपने हिसाब से थाने का संचालन कर रहे थे। हालात इस कदर विगड़ गये कि थाने पर तैनात पुलिसकर्मी थानेदार की बात सुनने की बजाए अनुसनी करने लगे। थाने पर पहुंचने वाले फरियादियों की समस्याओं का समाधान के बदले वसूली का खेल शुरू हो गया। फरियादी थाने पर जाने की बजाए एसएसपी और एसपी सिटी के दफ्तर पर पहुंच कर अपनी पीडा बताने को मजबूर हो गए। सूत्रों का कहना है कि गोपनीय जांच के दौरान मामला सही पाया गया और फिर एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने एसओ गोरखनाथ को लाइन हाजिर कर दिया। चर्चा है कि गोरखनाथ थाने पर तैनात कई और पुलिसकर्मियों के खिलाफ बहुत जल्द ही एक्शन हो सकता है। फिलहाल देर रात तक गोरखनाथ थाने पर थानेदार के पद पर नियुक्ति नहीं की गई थी।

# ढाबे की आड़ में चल रहा गलत धंधा छापेमारी में पकड़े गए चार जोड़े



बड़हलगंज रामजानकी मार्ग खड़ेसरी में ढाबा पर पुलिस का छापा।

**बड़हलगंज (एसएनबी)।** बड़हलगंज कोतवाली क्षेत्र के रामजानकी मार्ग पर खड़ेसरी दुबौली में चल रहे एक ढाबा पर दिन में ग्रामीणों ने अवैध धंधा को लेकर हंगामा कर दिया, जिसके बाद सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर विभिन्न कमरों से आपत्तिजनक स्थिति में चार जोड़ों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं एक नाबालिग युवती मिली। पकड़े गए जोड़ों को पुलिस कोतवाली उठा लायी जबकि ढाबा संचालक ढाबा छोड़कर फरार हो गया।

**ग्रामीणों ने मचाया शोर तब पहुंची पुलिस**

बुधवार को दर्जन भर संख्या में ग्रामीण ढाबे पर पहुंचकर अवैध धंधे को लेकर शोर मचाते हुए पुलिस को सूचना दिया कि यहां पर ढाबा की आड़ में अवैध धंधा चल रहा है। वर्तमान में एक दर्जन जोड़े ढाबे के अंदर रंगरैलियां मना रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने छापेमारी की तो ढाबा चालक मौका पाकर फरार हो गया। इस बीच चार जोड़े बालिग मिले। वहीं एक नाबालिग युवती मिली। उसका जोड़ा उसे छोड़कर फरार हो गया। इसकी सूचना मिलते ही बड़हलगंज सहित आसपास के होटलों में हड़कंप मच गया। सभी होटलों से लोग फरार हो गये। यह धंधा काफी दिनों से फल फूल रहा था। ऐसा नहीं की इसकी जानकारी पुलिस को नहीं थी लेकिन इस धंधे पर पुलिस लगाम नहीं लगा पा रही थी। अचानक हुई छापेमारी क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है।

कोतवाल कल्यान सिंह सागर ने कहा कि चार जोड़े मिले थे। सभी बालिग हैं। युवतियों को उनके स्वजनों को बुलाकर सुपुर्द कर दिया जाएगा। जबकि युवकों के खिलाफ धारा 151 की कार्यवाही की जाएगी। ढाबा संचालक मौके से फरार हो गया उसके खिलाफ गिरफ्तार कर कार्यवाही की जाएगी।

# विवादित जमीन दिखाकर फौजी का 5 लाख हड़पा, केस

**नंदानगर (एसएनबी)।** जम्मू काश्मीर में तैनात एक फौजी की पत्नी ने सीएम कैम्प कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर एक जमीन कारोबारी पर विवादित जमीन दिखाकर ₹5 लाख हड़प लेने का आरोप लगाया है। इस सम्बन्ध में आईजी के निर्देश पर एम्स पुलिस आरोपी कारोबारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। सारण बिहार हाल मुकाम गायत्रीनगर थाना एम्स निवासी बबीता मिश्रा पत्नी संजीत कुमार मिश्रा ने अपने तहरीर में बताया है कि उन्होंने उदयनारायण यादव पुत्र सदानंद यादव मूल निवासी मुजरी खुर्द सलेमपुर देवरिया हाल मुकाम गोमतीनगर लखनऊ से मुकामी थाना क्षेत्र स्थित जंगल रामगढ़ उर्फ रजहीं में गाटा संख्या 267/1739 में 1308 वर्गफीट जमीन का सौदा किया था। 6 लाख रुपया पेशगी दे दिया था। बाद में जमीन विवादित निकल गई। पैसा वापस मांगने पर एक लाख दिया शेष 5 लाख का चेक दिया जो नहीं मिल पाया। पैसा मांगने पर टालमटोल कर रहा है। तहरीर के आधार पर एम्स पुलिस आरोपी उदयनारायण के खिलाफ आइपीसी की धारा 506, 406 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जमीन कब्जा करने वाला गैंगस्टर अजय निषाद गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** राजघाट पुलिस ने दूसरे की जमीन पर कब्जा करने के मामले में गैंगस्टर में निरुद्ध आरोपी अजय निषाद को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अजय पूर्व पार्षद रविंद्र निषाद के गिरोह का सदस्य है। पुलिस ने कुछ समय पहले ही गैंग लीडर रविंद्र को गिरफ्तार कर जेल भेजवा दिया था। अब अजय को पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।आरोपी अजय चकरा अव्वल मुक्तिधाम का निवासी है। गैंग लीडर रविंद्र निषाद, गैंग के सदस्य अजय निषाद व विजय निषाद व सनी निषाद के साथ मिलकर 13 अगस्त 2022 को अपने चाचा की जमीन जबरदस्ती कब्जा करने के लिए उनके परिवार वालों पर जानलेवा हमला किया था। जिसके संबंध में थाना राजघाट में केस दर्ज किया गया था। विवेचना से उक्त अभियोग में आरोप पत्र दाखिल किया गया। गैंग लीडर तथा उसके सदस्यों द्वारा लगातार समाज विरोधी क्रिया कलाप करते हुए आम जन मानस को डरा धमका कर अवैध संपत्ति अर्जित की जा रही थी व इन लोगों का समाज में आतंक व्याप्त है, गैंग पर अंकुश लगाने के लिए गैंग चार्ट के अनुमोदन के पश्चात थाना राजघाट पर गैंगस्टर का केस दर्ज किया गया था। जिसमें अभियुक्त फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसएसपी ने दस हजार का पुरस्कार घोषित किया गया था।

# हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**खोराबार(एसएनबी)।** जान से मारने की धमकी, हत्या के प्रयास के मामले में अभियुक्त बड़कू उर्फ अरविंद यादव निवासी गायघाट बुजुर्ग थाना रामगढ़ताल को खोराबार पुलिस बुधवार को गिरफ्तार कर उसके पास से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद कर आर्म्स एक्ट की धारा बढ़ोतरी करके उसे कोर्ट में पेश की जहां से जेल भेज दिया गया। खोराबार थाना क्षेत्र के सिकटौर निवासी जयसिंह का 6वर्षीय बेटा बीते 29अगस्त की शाम 6 बजें अपने दरवाजे पर छोटी सायकिल चला रहा था। उसी दौरान रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के रामपुर भगत चौराहा के रहने वालें मनीष कटटा, रवि कुमार एवं दो अज्ञात व्यक्ति आयें और बेटे को गाली गलौज देते हुए मोटर साइकिल से कुचलकर मार डालने की धमकी दिये। पिता द्धारा विरोध करने पर मां बहन का गाली गुप्ता व धमकी देते हुए फरार हो गयें। उक्त लोग रात करीब 9बजें दरवाजे पर चढ़ आयें और लात, मुक्का, चाकू व कट्टा के बट से जानलेवा हमला करते हुए कई बार प्रहार कियें।शोर सुनकर आसपास के लोग इकठ्ठा हुए तो उक्त लोग गाली गुप्ता व धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस मनीष कटटा ,रवि कुमार निवासी रामपुर भगत चौराहा थाना रामगढ़ताल व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 307,504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर तलाश कर रही थी।

# युवक की बाइक चोरी

**हरपुर-बुदहट(एसएनबी)।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्रापं रानीडीह निवासी मदन पाठक पुत्र स्व हरहर पाठक अपनी बाइक से सिसवा के साप्ताहिक बाजार में सब्जी लेने गए थे कि सड़क के किनारे बाइक खड़ी कर के बाजार में सब्जी लेने चले गए। सब्जी लेकर वापस आये तो देखा कि बाइक गायब थी। थाना पुलिस को बाइक चोरी होने की तहरीर दी गई। पुलिस केस दर्ज कर सीसीटीवी खंगाल रही है।

# रंजिश में मारपीट, प्रधान पति गिरफ्तार

**हरपुर-बुदहट (एसएनबी)।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के सोनबरसा बाबू पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत भेउसा निवासी ग्राम प्रधान रुक्मिणी देवी पत्नी ब्यास मुनि और सत्यप्रकाश पुत्र स्व अनिरुद्ध दूबे से रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट और छेड़खानी का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर प्रधान पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हरपुर बुदहट थाने के भेउसा निवासिनी रुक्मिणी पत्नी ब्यास मुनि ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि हम अपने नए मकान से घर पर आ रही थी कि गांव के ही अंकित दूबे पुत्र मृत्युंजय दूबे और सत्यप्रकाश पाठक स्व अनिरुद्ध पाठक ने हमें गाली गुप्ता मारते पीटते हुए छेड़ छाड़ करने लगे। तहरीर पर पुलिस ने धारा 323, 354, 427, 452, 504, 506 मुकदमा दर्ज किया है। वहीं सत्यप्रकाश पाठक की तहरीर पर प्रधान रुक्मिणी पत्नी को ब्यास मुनी, प्रधानपति ब्यास मुनि, कोमल, कल्प नाथ ,पुत्र राम प्रसाद, राम पराग, सुकदेव पुत्र कल्पनाथ, खुशिहाल पुत्र लवट्ठ,बुद्धू पुत्र लालधर के खिलाफ धारा 147, 148, 323 , 427, 352, 452, 504, 506 आईपीसी की धारा में मुकदमा दर्ज कर प्रधान पति ब्यास मुनि को पुलिस ने न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

# दुकान में घुसकर मारपीट के मामले में डकैती का मुकदमा

**फुटहवा ईनार (एसएनबी)।** चौरी चौरा थाने के मुंडेरा बाजार में दुकान में घुसकर मारपीट और पैसा लुटने के मामले में पुलिस ने कई के खिलाफ डकैती सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया हैं। चौरी चौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नपं मुंडेरा बाजार वार्ड नंबर 4 निवासी रजत वर्मा पुत्र शेषनाथ वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि आर्दश जयसवाल, कुनाल जयसवाल, रितिक जयसवाल, मंटू, सौरभ जयसवाल, ने 2 सितम्बर की रात करीब 9 बजे शराब के नशे में बिना वजह गाली गलौज दे रहे थे। गाली देने से मना किया तो मारने पीटने की धमकी देने लगे,आरोप है कि उक्त लोग पुनः दूसरे दिन दोपहर करीब 12 बजे दुकान पर बैठा था कि अचानक पांचों लोग दुकान में घूस कर मुझे घसीट कर दुकान से बाहर खींच कर 12 अज्ञात लोगों के साथ मिल कर बुरी तरह मारने पीटने लगे। मारपीट के दौरान जेब में रखा 4600 सौ रूमये भी छीन लिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर पांच नामजद व 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 147, 452,323,504,506,395, के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

# हत्या के जुर्म में दो को उम्र कैद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर जनपद न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने कैंट थाना क्षेत्र के सिंघाड़िया निवासी अभियुक्त विपिन सिंह व बांसगांव थाना क्षेत्र के भैरोपुर निवासी अभियुक्त अजीत सिंह को आजीवन कारावास एवं प्रत्येक को 20 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है।अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को दो साल का कारावास अलग से भुगतना होगा।



अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रमोद कुमार मौर्य का कहना था कि घटना 23 नवम्बर 2004 की शाम करीब 7.30 बजे की है। वादी बलवंत सिंह अपनी पत्नी और लड़के टिंकल व कई अन्य लोगो के साथ घर पर मौजूद था।उसी समय वादी के घर के बरामदे में चार लड़के आए और वादी के लड़के टिंकल को आवाज देकर बुलाया।वादी और उसका लड़का बाहर आए।

वादी का लड़का एक घंटे में वापस आने की बात कह कर उन लड़कों के साथ चला गया।देर रात तक जब वादी का लड़का वापस घर नहीं आया तो वादी और उसके परिवार वाले उसकी खोजबीन किए परंतु उसका कोई पता नहीं चला।सुबह वादी को मुहल्ले से जानकारी हुई कि टिंकल की हत्या कर उसकी उसकी लाश रेलवे लाइन पर फेंक दी गई है।दौरान विवेचना अभियुक्तों का नाम प्रकाश में आया।

### चोरी के जुर्म में पांच वर्ष की सजा

चोरी का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम तनु भटनागर ने गोला थाना क्षेत्र के ग्राम देवकली निवासी अभियुक्त सुभान अल्लाह को पांच साल के कठोर कारावास एवं नौ हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है।अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को दो माह 30 दिन का कारावास अलग से भुगतना होगा।अदालत के समक्ष अभियोजन का पक्ष विशेष लोक अभियोजक परमानंद राम त्रिपाठी ने रखा।

## गैंगस्टर के जुर्म में दो को दो साल की कैद

गोरखपुर। गैंगस्टर का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट शशि भूषण कुमार शांडिल ने गुलरिहा थाना क्षेत्र के हरिसेवकपुर नम्बर दो चौहान टोला निवासी अभियुक्त चंदन चौहान व अंकुश चौहान को दो साल के कठोर कारावास एवं पांच पांच हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है।अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को एक माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक घनश्याम सिंह एवं अखिलेश शुक्ला का कहना था कि अभियुक्ता अभियुक्तों का एक नाजायज संगठित गिरोह है।अभियुक्तगण अपने गिरोह के सदस्यों को आर्थिक और भौतिक लाभ दिलाने के लिए जघन्य अपराध कारित करते है।

# जांच में खुला राज, बैंक कर्मियों ने ₹ दस लाख हड़पा

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गुलरिहा थाना क्षेत्र में स्थित इंडियन बैंक की शाखा जंगल डुमरी में दो माह के अंदर विभिन्न खाता धारकों का फर्जी अंगूठे का निशान लगाकर निकासी फार्म से 10.6 लाख की धोखाधड़ी करने के मामले में बैंक क्लर्क सहित तीन कर्मचारियों व एक अज्ञात के खिलाफ क्षेत्रीय प्रमुख सतीश कुमार सोनकर ने धोखाधड़ी का केस गुलरिहा थाने में दर्ज कराया है। पैसा हड़पने वाले कर्मचारियों के खिलाफ बैंक अधिकारियों ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

**बैंक अधिकारी सतीश कुमार सोनकर की तहरीर पर दर्ज हुआ केस**

**जंगल डुमरी खास शाखा के तीन कर्मचारियों संस्पेंड**

**अंगुठा का निशान लगाकर विभिन्न खाते से निकाल लिया रकम**

भटहट व चरगावां प्रतिनिधि के मुताबिक इंडियन बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय गोरखपुर के प्रमुख सतीश सोनकर ने गुलरिहा पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि इंडियन बैंक के भटहट शाखा में कार्यरत मयंक श्रीवास्तव पुत्र मनोज कुमार श्रीवास्तव निवासी मेडिकल रोड खरैया पोखरा बशारतपुर थाना शाहपुर, दिव्यांश पांडेय पुत्र केदार नाथ पांडेय निवासी 88 निटक शिवमंदिर लाला टोली जाफरा बाजार थाना तिवारीपुर तथा विक्रांत सिंह पुत्र बहादुर सिंह निवासी जिरासो तहसील सलेमपुर देवरिया जो जंगल डुमरी नंबर शाखा में क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं। भटहट शाखा प्रबंधक राजन वर्मा द्वारा रूटीन जांच के दौरान कैश विड्रॉल पर अंगूठे के निशान के साथ देखने पर क्लर्क के ऊपर शक हुआ तो उन्होंने कर्मचारियों से पूछताछ की। मयंक श्रीवास्तव द्वारा संतोषजनक उत्तर न देने पर क्षेत्रीय कार्यालय को अवगत कराया गया। इस संबंध में 18 अगस्त 2023 को विभागीय जांच टीम गठित की गई। जांच अधिकारियों ने बैंक में पहुंच कर कुछ खातों की जांच की तो पता चला कि मयंक श्रीवास्तव द्वारा जंगल डुमरी शाखा के विक्रांत सिंह, दिव्यांश पांडेय के साथ मिलकर कुछ खातों से फर्जी कूटरचित विड्रॉल फार्म भरकर विभिन्न खातों से अनाधिकृत रूप से धन की निकासी कर रूपये हड़प लिया गया है । बैंक द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में शाखा भटहट के 63 खातों से 10 लाख 61 हजार 5 सौ रुपए अनाधिकृत रूप से पद का दुरुपयोग करते हुए धोखाधड़ी जालसाजी व प्रतिरूप द्वारा छल करके बैंक में जमा पब्लिक मनी को हड़प लिया गया। जांच में उक्त की संलिप्तता प्रतीत होने पर अग्रिम जांच के लिए पुलिस की मदद लेने की बात की गई तथा उक्त तीन सहित एक अज्ञात बाहरी के विरुद्ध मुकदमा संख्या 1860/2023 धारा 419,420, 409, 467,468 व 471 आईपीसी के तहत गुलहरिहा थाने में केस दर्ज कराया गया है। वर्तमान में तीनों बैंक कर्मी निलंबित है।

# एसएसपी ने जनसुनवाई व एसओ कक्ष का किया उद्घाटन

**हरपुर बुदहट(एसएनबी)।** पीड़ितों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराये जाने के उद्देश्य से हरपुर बुदहट थाने में नवनिर्मित जनसुनवाई कक्ष का बुधवार को एसएसपी गौरव ग्रोवर ने फीता काटकर लोकार्पण किया। एसएसपी ने महिलाओ को आगे करने के उद्देश्य से थाने की महिला सिपाही विजयलक्ष्मी से थानाध्यक्ष कक्ष का उद्घाटन कराया। उन्होंने थानेदार से कहा कि थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाये। इस कार्य में लापरवाही नहीं होनी चाहिए।बुधवार को हरपुर बुदहट थाने में नवनिर्मित जनसुनवाई कक्ष का उद्घाटन करने पहुंचे एसएसपी का एसपी दक्षिणी अरुण सिंह, सर्किल सीओ अंजनी कुमार पांडेय, थाना प्रभारी संदीप यादव ने स्वागत किया। तत्पश्चात एसएसपी ने कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होने प्रसन्नता जाहिर किया कि इस थाने में अब जनसुनवाई कक्ष बनकर तैयार हो गया है। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात जनसुनवाई प्रभारी को निर्देशित किया कि यहां आने वाले फरियादियों की समस्याओं को रजिस्टर में अंकित करके समस्या का गुणवत्तापूर्ण व ईमानदारी से निस्तारण कराया जाये। इसके बाद उन्होनें थाने में बने मेस, कम्प्यूटर कक्ष, आरक्षी बैरक, और थाने में बने भवनों का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर बीडीओ सहजनवा रमेश शुक्ला, चौकी प्रभारी मनीष तिवारी, पंचायती राज सलाहकार मदनमुरारी उर्फ गुड्डू, प्रमोद राय, भाजपा जिला महामंत्री डा आरडी सिंह, रामानन्द निषाद, अनन्तपुर ग्राम प्रधान जोखू, सहित समस्त थाना स्टाफ मौजूद रहे।

का

# ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि को धमकी देने का आडियो वायरल

### गैंगेस्टर पिंटू सिंह की आवाज होने का दावा कर रहे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (6 Sept):** चरगांवा के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रजहि निवासी रणविजय सिंह मुन्ना को धमकी दिए जाने का ऑडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. ऑडियो में धमकी देने वाले कि आवाज गैंगेस्टर पिंटू सिंह की होने का दावा किया जा रहा है, जिसमें कहा गया है कि दो महीने वह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि को जान से मार दिया जाएगा.

## दोनों पक्ष हैं रिश्तेदार

बता दें, गैंगेस्टर बलवीर व पिंटू सिंह खुद मुन्ना सिंह के रिश्तेदार हैं. दोनों में जून माह से ही तनातनी चल रही है, जिसमे पिंटू ने केस भी दर्ज कराया है. अब इस ऑडियो को वायरल करने को भी पेशबंदी ही माना जा रहा है. क्योंकि ऑडियो दो माह पहले के ही बताया जा रहा है. वायरल ऑडियो में पिंटू कह रहा है कि हमने कई लोगों को ठिकाने लगा दिया है. यह बातें रजही गांव के ही दलित से उस समय कहीं जब वह अपना मामला लेकर सिंटू के पास गया था. दलित ने केवल मुन्ना सिंह का नाम लिया था. कैंट थाना और शाहपुर थाना क्षेत्र में 2011 में यशवंत सिंह हत्या कांड में चर्चा में आया था. जिसमे सिंटू सिंह और उसके भाई पिंटू सिंह का नाम आया था. पुलिस को उस समय गिरफ्तारी के लिए 50,000 हजार इनाम घोषित करना पड़ा था.

# आर्मी जवान की पत्नी से हड़प लिए 5 लाख रुपए



## एम्स थाना क्षेत्र का मामला, जनता दर्शन में महिला ने की शिकायत

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (6 Sept):** इलाके के गायत्री नगर निवासी आर्मी जवान संजीत की पत्नी बबिता मिश्रा से एक प्रॉपर्टी डीलर ने जमीन के नाम पर 5 लाख रुपए हड़प लिया. बबिता ने इसकी शिकायत सीएम से जनता दर्शन में की. जिसके बाद एम्स पुलिस ने केस दर्ज किया है.

### लेह में तैनात है आर्मी जवान

जानकारी के अनुसार बबिता मिश्रा मूल रूप से छपरा बिहार की रहने वाली हैं और एम्स के गायत्री नगर में मकान बनवाकर रहती हैं. उनके पति संजीत थल सेना में और वर्तमान में लेह में तैनात हैं. बबिता का कहना है कि मूल रूप से देवरिया के सलेमपुर निवासी उदय नारायण यादव लखनऊ में वर्तमान में रहता है. उसने कुछ वर्ष पहले रामगढ़ उर्फ रजही में एक जमीन दिखाया और एडवांस 6 लाख ले लिया. बाद में जमीन विवादित निकल गया. तब उदय ने एक लाख वापस दिया लेकिन बाकी का 5 लाख नही दे रहा है और धमकी दे रहा है. पुलिस तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच कर रही है.

### 14 लाख की जालसाजी

एम्स थाना पुलिस ने सर्वेश कुमार व अनुपम के खिलाफ रेलवे में जॉब दिलाने के नाम पर 14 लाख की जालसाजी करने का केस दर्ज किया है. पुलिस ने यह कार्रवाई एडीजी के निर्देश पर सीओ की जांच रिपोर्ट के आधार पर की है. भिंडिया बड़ा चांदगंज निवासी अरुण कुमार ने तहरीर में बटाया है कि वह 2010 में चिनहट लखनऊ के अमित्य यूनिवर्सिटी में कार्यरत थे. वहीं पर उसकी मुलाकात असिस्टेंट डिपार्टमेंट सर्वेश कुमार से हुई. सर्वेश ने कहा कि उनका एक परिचित है जो रेलवे में जॉब दिला देगा. जिसके बाद अरुण ने अपनी पत्नी वंदना श्रीवास्तव और साले मोहित की जॉब के लिए 14 लाख रुपए सर्वेश के कहने पर अनुपम के एकाउंट में भेज दिया. बाद में दोनो ने उसे सेलरी स्लिप दी जो फर्जी निकली.

# सोशल मीडिया के एक-एक शिकायत को देखती है यूपी पुलिस

# SOCIAL-SWEET UP Police

### पब्लिक की मददगार बनी तो नाम पड़ा सोशल स्वीट यूपी पुलिस

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (6 Sept):** महोदय, मैंने यह आवेदन चरित्र प्रमाण पत्र के लिए किया था, जो कि स्टेटस में स्वीकृत दिख रहा है और अगर इसको डाउनलोड करें तो यह अंडर प्रॉसेस दिख रहा है, यह क्या समस्या आ रही है. कृपया इसको सॉल्व करने की कृपा करें @Uppolice. यह कंप्लेन जैसे ही यूपी पुलिस को ट्विटर पर टैग हुई. यूपी पुलिस ने संबंधित जिले को कंप्लेन पर तत्काल कार्यवाही करने का निर्देशित कर दिया और थोड़ी ही देर में कंप्लेनर का मैसेज आया कि मेरी प्रॉब्लम सॉल्व हो गई. यह तो केवल एक प्रॉब्लम है, ऐसी सैकड़ों प्रॉब्लम्स को यूपी पुलिस तत्काल सॉल्व करा रही है, जिस वजह से उसे सोशल स्वीट यूपी पुलिस भी कहा जाने लगा है.

## एक्टिव यूपी पुलिस

प्रेजेंट टाइम में डिजिटल प्लेटफार्म पर सबसे अधिक एक्टिव यूपी पुलिस है. प्रदेश के 75 जिले की पुलिस और ट्रैफिक पुलिस का अकाउंट सभी डिजिटल प्लेटफार्म पर रन कर रहा है. हर जिले में पुलिस ने अलग से एक मीडिया सेल भी बना रखा है, जिसके अंतर्गत सोशल मीडिया पर पड़ने वाली कंप्लेन का जवाब जिले की पुलिस तत्काल देती है. साथ ही आपत्तिजनक पोस्ट पर कार्रवाई भी की जा रही है. सभी जिले के पुलिस के अकाउंट की निगरानी मुख्यालय से भी की जा रही है.




**UPDATE**

### डिजिटल प्लेटफार्म पर आ रही कंप्लेन

- चरित्र प्रमाण पत्र से रिलेटेड
- जमीन से जुड़ा विवाद
- मारपीट के मामले
- कोई भी पेंडिग केस
- आपत्तिजनक पोस्ट की कंप्लेन
- ट्रैफिक रूल तोड़ने के मामले
- स्टंटबाजी के मामले
- धार्मिक भावना भड़काने के मामले
- ब्लड डोनेट करने के लिए

**75** जिले की पुलिस और ट्रैफिक पुलिस का अकाउंट सभी डिजिटल प्लेटफार्म पर रन कर रहा है.

### गोरखपुर पुलिस के अकाउंट पर डेली आती हैं 20 से 25 कंप्लेन

पुलिस का ट्विटर अकाउंट: @gorakhpurpolice

ट्रैफिक पुलिस का अकाउंट: @gorakhprtraffic



**"डिजिटल प्लेटफार्म पर मीडिया सेल एक्टिव रहती है. आपत्तिजनक ट्विट करने वालों पर नजर रखी जाती है. ऐसे लोगों को तत्काल वार्निंग देकर कार्यवाही भी की जाती है. जो भी शिकायतें डिजिटल प्लेटफार्म पर आती हैं, उनका निस्तारण कराया जाता है.**

**डॉ. गौरव ग्रोवर,**
एसएसपी गोरखपुर

### पुलिस शेयर करती है गुडवर्क

सभी जिले की पुलिस अपने-अपने थाना अंतर्गत किए गए गुडवर्क को भी अकाउंट से शेयर करती है. हर जिले की मीडिया सेल में कंप्युटर एक्सपर्ट पुलिस कर्मियो की तैनाती की गई है. मीडिया सेल लगातार डिजिटल प्लेटफार्म पर वॉच करती रहती है, जैसे ही कोई कंप्लेन आती है, उसका जवाब देकर संबंधित थाने को भी कार्यवाही के लिए निर्देशित करती है. यही नही कार्यवाही हुई की नही इसके लिए थाने पर कॉल कर जानकारी भी ली जाती है.

### फेक ट्विट का देती है जवाब

आए दिन डिजिटल प्लेटफार्म पर भड़काऊ और पुराने पोस्ट वायरल किए जाते हैं, जिससे पब्लिक उग्र होती है. मीडिया सेल की टीम वायरल वीडियो या फोटो की सत्यता की जांच कर सारी हकीकत डिजिटल प्लेटफार्म पर शेयर करती है, ताकि लोग फेक वीडियो की हकीकत जान सकें और शांति व्यवस्था बनी रहे.



# महिला को लूटने वाले बदमाश के खिलाफ केस दर्ज

पादरी बाजार। शाहपुर इलाके के शिवपुर शहबाजगंज सेक्टर नंबर 3 निवासी सन्नो सिन्हा मंगलवार को 12 मे घर के बरामदे में फूल तोड़ रही। इसी दौरान पहुंचे बदमाशों ने गेट खटखटा कर महिला को सोने के गहने साफ करने को कहा तो महिला ने मना कर दिया। उसके बाद भी बदमाश वहीं रुके रहे। इसी दौरान हाकर गैस लेकर पहुंच गया। महिला गेट खोली इसी बीच बदमाश घर में घुस गया और जबरदस्ती महिला के दोनों हाथों की सोने की कंगन लूट कर फरार हो गया।

बुधवार को शाहपुर पुलिस अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का केस दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे की मदद से बदमाशों की तलाश में जुटी हुई हैं।

# बहू को भतीजे संग आपत्तिजनक हाल में देखकर ससुर की मौत

- पत्नी ने अवैध सम्बन्ध का विरोध करने पर पीट कर मारने का लगाया आरोप
- पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा, रिपोर्ट के आधार पर होगा केस दर्ज

बेलीपार, हिसं। बेलीपार के एक गांव में अपनी बहू को भतीजे के साथ आपत्तिजनक हाल में देखकर ससुर की मौत हो गई। आरोप है कि ससुर ने इस हरकत पर भतीजे का विरोध किया तो उसने अपने मां-बाप के साथ मिलकर उनको बुरी तरह से पीट दिया। इसके बाद उनकी मौत हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पत्नी की तहरीर पर मामले की जांच शुरू हो गई है।

बेलीपार स्थित एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दिए गई तहरीर में बताया कि बुधवार को अपराह्न उनके पति गांव के सिवान की तरफ गए तो बहू को एक सुनसान मकान में जाते देखा। पीछे से उनके भाई का लड़का भी गया। वहां पहुंचने पर उन्होंने दोनों को आपत्तिजनक हालत में देख लिया। आरोप है कि युवक ने अपने बड़े पिता पर हमला कर दिया और उन्हें पटक कर सीने पर घूसों से मारने लगा। वहां से किसी तरह भाग कर बुजुर्ग अपने घर आए और आपबीती सुनाने लगे। इस बीच युवक के पिता आदि ने मिलकर हमला कर दिया। महिला का आरोप है कि इस घटना के बाद उनके पति जमीन पर गिरकर बेहोश हो गए। स्थानीय डॉक्टर को दिखाया। जहां डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया।

# पांच पर छेड़खानी व बलवा का केस

चौरीचौरा। एसीजेएम प्रथम के आदेश पर चौरीचौरा पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मारपीट व छेड़खानी का केस दर्ज किया है। केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।
चौरीचौरा क्षेत्र के ग्राम विशम्भरपुर तीहा निवासी सावित्री देवी ने एसीजेएम प्रथम के कोर्ट प्रार्थना पत्र देकर कहा कि 25 मई की रात में घर में सोई थी। परिवार के लोग छत पर सोए हुए थे। रात में गांव के दीपक पुत्र गोविंद शराब के नशे में मेरे घर में घुसकर मेरे साथ अश्लील हरकत करने लगे। दीपक का भाई गणेश, जर्नादन व महेश ने गाली गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। दीपक उल्टे ही उनके परिवार के खिलाफ चौरीचौरा थाना में केस लिखवा दिया था। चौरीचौरा पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दीपक, उमेश, गणेश, जर्नादन व महेश के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# हत्या का प्रयास करने के आरोप में गिरफ्तार

गोरखपुर। गगहा पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोपित सिहाईजपार निवासी टिप्पू उर्फ मोनिश शाही को बुधवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# हत्या के प्रयास के आरोपित गिरफ्तार

खोराबार। जान से मारने की धमकी और हत्या के प्रयास के मामले में आरोपित बड़कू उर्फ अरविंद यादव निवासी गायघाट बुजुर्ग रामगढ़ताल को खोराबार पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर उसके पास से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया। पुलिस ने आर्म्स एक्ट की धारा बढ़ोतरी करके उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। सिक्टौर निवासी जयसिंह का 6 वर्षीय बेटा 29 अगस्त की शाम 6 बजे अपने दरवाजे पर छोटी साइकिल चला रहा था। उसी दौरान रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के रामपुर भगत चौराहा के रहने वालें मनीष कट्टा, रवि कुमार एवं दो अज्ञात व्यक्ति आए और मोटर साइकिल से कुचलकर मार डालने की धमकी दिए।

# प्रधान पति समेत 10 के खिलाफ तहरीर

खोराबार। शाहपुर क्षेत्र के दरगहिया नंदानगर निवासी सैनिक के जवान की बाउंड्रीवॉल गिराने का मामला प्रकाश में आया है। प्रधान पति समेत 10 के खिलाफ तहरीर मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दरगहिया नंदानगर निवासी नरेंद्र सिंह (सैन्यकर्मी) खोराबार थाना क्षेत्र के जंगल रामगढ़ उर्फ चवंरी में एक प्लाट खरीदकर बाउंड्री करवा रहे थे।

# गोरखनाथ इंस्पेक्टर लाइन हाजिर, 13 दरोगा भी बदले

## स्थानांतरण

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। कार्यो में लापरवाही एवं शिकायत मिलने के बाद एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने गोरखनाथ थाना प्रभारी विज्ञानकर सिंह को लाइन हाजिर कर दिया। वहीं एसएसपी ने नौ चौकी प्रभारी समेत तेरह दरोगाओं का भी तबादला किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से गोरखनाथ के थानेदार विज्ञानकर सिंह के खिलाफ लापरवाही एवं अन्य शिकायतें मिल रही थी। इसको संज्ञान में लेते हुए एसएसपी ने गोपनीय जांच कराई जांच में मामला सही मिलने के बाद एसएसपी ने बुधवार को थानेदार को लाइन हाजिर कर दिया। फिलहाल अभी उस थाने पर किसी की नियुक्ति नहीं की गई है। इसके अलावा एसएसपी ने देर रात चौकी प्रभारी फर्टिलाइजर विशाल उपाध्याय को चौकी प्रभारी पादरी बाजार, चौकी प्रभारी भड़सार विशाल शुक्ला को चौकी प्रभारी सरहरी, चौरीचौरा थाने के एसएसआई ज्योति नारायण तिवारी को चौकी प्रभारी फर्टिलाइजर, दरोगा कमलेश यादव को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी आजाद नगर, चौकी प्रभारी आजाद नगर अभय नारायण सिंह को चौकी प्रभारी पीपीगंज कस्बा, दरोगा सर्वेश राय को पुलिस लाइन से एसएसआई चौरीचौरा, दरोगा अरविंद यादव को पीपीगंज से चौकी प्रभारी मारवड़िया कुंआ, रुपेश पाल को चौकी प्रभारी नथमलपुर से चौकी प्रभारी मजनू, आशीष दुबे को थाना बड़हलगंज से चौकी प्रभारी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज बड़हलगंज, चौकी प्रभारी मजनू दिनेश बहादुर सिंह को चौकी प्रभारी माल्हनपर, चौकी प्रभारी माल्हनपार नंद कुमार यादव को थाना बांसगांव, चौकी प्रभारी मेडिकल कॉलेज होम्योपैथिक दिनेश कुमार चौधरी को थाना बड़हलगंज एवं विवेक सिंह को थाना गीडा से चौकी प्रभारी नथमलपुर बनाया गया।

## गुलरिहा क्षेत्र के इंडियन बैंक का मामला, ग्राहकों के 63 खातों से हड़पे पैसे, चार आरोपियों में तीन बैंक कर्मचारी

# बैंककर्मियों ने की 10.6 लाख की जालसाजी

**फर्जीवाड़ा**

गुलरिहा,हिन्दुस्तान संवाद। गुलरिहा थाना क्षेत्र के इंडियन बैंक से दो महीने के अंदर अंगूठे का फर्जी निशान लगाकर निकासी फॉर्म से 10.6 लाख की जालसाजी का मामला सामने आया है। क्षेत्रीय प्रमुख ने इस मामले में भटहट एवं जंगल डुमरी के इंडियन बैंक के तीन कर्मियों सहित चार के खिलाफ कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी कर रुपये हड़पने का केस दर्ज कराया है। वहीं तीनों कर्मचारियों को निलम्बित भी कर दिया गया है।

इंडियन बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय के प्रमुख सतीश सोनकर ने गुलरिहा पुलिस को दिए लिखित तहरीर में बताया कि इंडियन बैंक के भटहट शाखा में कार्यरत क्लर्क मयंक श्रीवास्तव निवासी मेडिकल रोड खरैया पोखरा, दिव्यांश पांडेय निवासी शिव मंदिर लाला टोली जाफरा बाजार तथा विक्रांत सिंह निवासी जिरासो तहसील सलेमपुर देवरिया जो की जंगल डुमरी नंबर शाखा में क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं। भटहट शाखा प्रबंधक राजन वर्मा को अपनी रूटीन जांच के दौरान कैश विड्राल पर अंगूठे का निशान देख क्लर्क पर शक हुआ। पूछताछ के दौरान मयंक श्रीवास्तव ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया जिसके बाद उन्होंने क्षेत्रीय कार्यालय को अवगत कराया। इस मामले में 18 अगस्त 2023 को एक विभागीय जांच टीम गठित की गई। टीम ने कुछ खातों की जांच की उसके बाद पता चला कि मयंक श्रीवास्तव द्वारा जंगल डुमरी शाखा के विक्रांत सिंह,दिव्यांश पांडेय के साथ मिलकर कुछ खातों से फर्जी कूटरचित विड्राल फॉर्म भरकर अनधिकृत रूप से धन की निकासी कर रुपये हड़प लिए हैं। बैंक द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में शाखा भटहट के 63 खातों से 10 लाख 61 हजार 5 सौ रुपए अनधिकृत रूप से पद का दुरुपयोग करते हुए धोखाधड़ी जालसाजी एवं प्रतिरूप द्वारा छल करके बैंक में जमा पब्लिक मनी को हड़प लिया। जांच में उक्त की संलिप्तता प्रतीत होने पर अग्रिम जांच के लिए पुलिस की मदद लेने की बात की गई तथा उक्त तीन सहित एक अज्ञात बाहरी व्यक्ति के विरुद्ध गुलरिहा थाने में केस दर्ज कराया है। वर्तमान में तीनों बैंक कर्मी निलंबित हैं।

### रेलवे में जॉब दिलाने के नाम पर 14 लाख की जालसाजी

गोरखपुर। एम्स थाना पुलिस ने सर्वेश व अनुपम के खिलाफ रेलवे में जॉब दिलाने के नाम पर 14 लाख की जालसाजी करने का केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्यवाई एडीजी के निर्देश पर सीओ की जाँच रिपोर्ट के आधार पर की है। भिडिया बड़ा चांदगंज निवासी अरुण कुमार ने तहरीर मे बताया है कि वह 2010 मे विनहट लखनऊ के एमेटी यूनिवर्सिटी मे कार्यरत थे। वही पर उनकी मुलाकात असिस्टेंट डिपार्टमेंट सर्वेश से हुई। सर्वेश ने कहा कि उनका एक परिचित है जो रेलवे में जॉब दिला देगा। इसके बाद अरुण ने अपनी पत्नी वंदना श्रीवास्तव व साले मोहित की जॉब के लिए 14 लाख रुपये सर्वेश के कहने पर अनुपम के एकाउंट मे भेज दिया।

# आर्मी जवान की पत्नी के पांच लाख रुपये हड़पे

- एम्स इलाके के गायत्रीनगर की रहने वाली महिला ने दर्ज कराया केस
- महिला का पति संजीत थल सेना में और वर्तमान में लेह में तैनात

**केस दर्ज**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। एम्स इलाके के गायत्रीनगर निवासी आर्मी जवान संजीत की पत्नी बबिता मिश्रा से एक प्रापर्टी डीलर ने जमीन के नाम पर पांच लाख रुपये हड़प लिए। बबिता ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से जनता दर्शन में की है। जिसके बाद एम्स पुलिस ने केस दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार बबिता मिश्रा मूल रूप से छपरा बिहार की रहने वाली हैं और एम्स के गायत्री नगर में मकान बनवाकर रहती हैं। उनके पति संजीत थल सेना में और वर्तमान में लेह में तैनात हैं। बबिता का कहना है कि मूल रूप से देवरिया के सलेमपुर निवासी उदय नारायण यादव लखनऊ में वर्तमान में रहता है। उसने कुछ वर्ष पहले रामगढ़ उर्फ रजही में एक जमीन दिखाया और एडवांस 6 लाख ले लिया। बाद में जमीन विवादित निकल गया। तब उदय ने एक लाख वापस दिया लेकिन बाकी का पांच लाख नही दे रहा है और धमकी दे रहा है। पुलिस तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच कर रही है।

# एयरफोर्स चौकी के पास कार पर पथराव, फायरिंग

**GORAKHPUR (6 Sept):** बुधवार रात करीब 11:30 बजे एयरफोर्स चौकी के पास दो गुटों में झड़प हो गई. जिसके बाद एक कार पर पथराव कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया. आरोप है कि मनबढ़ो ने 4 से 4 राउंड हवाई फायरिंग भी की गई. सूचना पर जगदीशपुर चोकी पुलिस, एयरफोर्स पुलिस व एम्स थानेदार मनबढो की तलाश में जुट गए, पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है.



जानकारी के अनुसार कूड़ाघाट निवासी शिवम सिंह के भाई विक्की अपने दोस्त शुभभ व ड्राइवर सतीश के साथ घर जा रहे थे. उनके घर पर जन्माष्टमी मनाई जा रही है. तभी एयरफोर्स चौकी के पास कुछ मनबढ़ युवक शराब पीकर झगड़ा कर रहे थे. विक्की ने कार का हॉर्न बजाया तो उस युवक ने विक्की की कार पर पथराव कर दिया. नंदानगर के विपुल सिंह व उसके साथी ने 3 से 4 राउंड हवाई फायरिंग भी की. विक्की व शुभभ ने विपुल, अनिकेत शर्मा आदि के खिलाफ तहरीर दी है. अनिकेत जल्द ही जेल से जमानत पर छुटा है.

# हत्या के प्रयास के आरोप में दो गिरफ्तार

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोप में दो अभियुक्तों विजय व सड्डन निवासीगण महेवा बड़का टोला थाना रामगढ़ताल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनसे घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया। घटना चार सितम्बर की रात करीब 10 .30 बजे की है।

# छेड़खानी और मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। शाहपुर पुलिस ने नाबालिग के साथ छेड़खानी और विरोध पर मारपीट करने के आरोपित जुगनू निषाद पुत्र पन्नेलाल निषाद निवासी तिनकोनिया नंबर1 केवटहिया टोला पादरी बाजार को गिरफ्तार है। उनका कहना था कि वह अपनी पुत्री के साथ घर के बरामदे में सो रही थी तभी जुगुनू पुत्र पन्नेलाल आया और पुत्री के पास बरामदे में जाकर उसका मुंह दबाकर जबरदस्ती छेड़खानी करने लगा था।

# गैंगस्टर के धमकी देने का ऑडियो वायरल

गोरखपुर। चरगांवा के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व रजही निवासी रणविजय सिंह मुन्ना को धमकी दिए जाने का एक ऑडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। ऑडियो में कहा गया है कि दो महीने में वह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि को जान से मार देगा। धमकी देने वाले आवाज गैंगस्टर बलबीर उर्फ सिंटू सिंह की होने का दावा किया जा रहा है। हालांकि 'हिन्दुस्तान' ऑडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता।

गैंगस्टर बलवीर उर्फ सिंटू सिंह खुद मुन्ना सिंह का रिश्तेदार है। दोनों में जून से ही तनातनी चल रही है। इसमें सिंटू ने 25 जून को केस भी दर्ज कराया है। अब इस ऑडियो को वायरल करने को भी पेशबंदी ही माना जा रहा है।

# यातायात पुलिस ने बरामद कराया बैग

गोरखपुर। गुलरिहा थाना क्षेत्र का रहने वाला एक परिवार ऑटो से रेलवे स्टेशन पर आया था। उन्हें ट्रेन से कहीं जाना था। पर उनका बैग ऑटो में ही छूट गया। परिवारजन द्वारा यातायात कार्यालय पर आकर यातायात पुलिस को पूरे प्रकरण की सूचना दी।

यातायात पुलिस द्वारा आईटीएमएस के कैमरों व त्रिनेत्र के कैमरों की मदद से काफी खोजबीन के बाद ऑटो का पता लगाया और पूरे सामान सहित बैग को बरामद कर यातायात कार्यालय पर संबंधित परिवार को बुलाकर उनका बैग सम्पूर्ण सामान सहित सुपुर्द कर दिया। परिवारीजनों ने यातायात पुलिस की प्रशंसा की।

# अवैध शराब और नशीली गोली पकड़ी

गोरखपुर। एम्स पुलिस ने बुधवार को जहां 20 लीटर अवैध कच्ची शराब 200 ग्राम नौसादर व 300 ग्राम यूरिया के साथ जगदीशपुर निवासी रामदरश को गिरफ्तार किया वहीं कैंट पुलिस ने 48 ग्राम अवैध नशीला पाउडर के साथ अनुराग कुमार निवासी जंगल धूषण थाना शाहपुर को गिरफ्तार किया। इसके बाद उन्हें जेल भेजा गया।

# गैंगस्टर को दो साल की सजा सुनाई

गोरखपुर। गैंगस्टर का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट शशि भूषण कुमार शांडिल ने गुलरिहा थाना क्षेत्र के हरिसेवकपुर नम्बर दो चौहान टोला निवासी अभियुक्त चंदन चौहान व अंकुश चौहान को दो साल के कठोर कारावास एवं पांच पांच हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को एक माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

# कूड़ाघाट में कार पर पथराव, फायरिंग

## हड़कंप

- एयरफोर्स चौकी के पास हुई घटना, चार राउंड फायरिंग
- शराब पीकर झगड़ा कर रहे थे, हॉर्न बजाने पर विवाद



पथराव से क्षतिग्रस्त कार।

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। एयरफोर्स चौकी के पास बुधवार देर रात दो गुटों में झड़प के बीच दबंगों ने कार पर पथराव कर दिया। आरोप है कि मनबढ़ों ने चार राउंड फायरिंग भी की। इससे आसपास हड़कंप मच गया। पुलिस आरोपियों की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है।

कूड़ाघाट निवासी शिवम सिंह के भाई विक्की अपने दोस्त शुभम व ड्राइवर सतीश के साथ बुधवार रात कार से घर जा रहे थे। रात करीब 11:30 बजे एयरफोर्स चौकी के पास कुछ मनबढ़ युवक शराब पीकर झगड़ा कर रहे थे। विक्की ने कार का हॉर्न बजाया तो युवकों उसकी कार पर पथराव कर दिया। बताया जा रहा है विक्की की तरफ से स्थानीय थाने के एक दरोगा भी आ गए। आरोप है कि नंदानगर का रहने वाला एक युवक और उसके साथी ने इस दौरान तीन से चार राउंड हवाई फायरिंग भी की। जगदीशपुर, एयरफोर्स चौकी पुलिस व एम्स थानेदार मनबढ़ों की तलाश में जुट गए। विक्की और शुभम ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि केस दर्ज कर कार्रवाई होगी।

# चार साल बाद शस्त्र पाने को लगाना पड़ रहा चक्कर

- लोकसभा चुनाव के पहले रवि आर्म्स में शस्त्र जमा करने वाले परेशान
- कई लोगों के शस्त्र व लाइसेंस का नहीं चल रहा पता, अधिकारी हैरान

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : पिपराइच के सोनवे गोनरहा निवासी कमलेश कुमार गौड़ ने चुनाव के कारण 16 फरवरी, 2018 को मेसर्स रवि आर्म्स के यहां अपना शस्त्र जमा किया था। बाद में इस दुकान को प्रशासन ने सील कर दिया था। उसके बाद से कमलेश शस्त्र के लिए दौड़ रहे हैं। उनका शस्त्र न तो प्रशासन की ओर से निकाले गए 450 से अधिक असलाहों में है और न ही दुकान में होने का प्रमाण मिल रहा है। कमलेश की तरह 100 से अधिक लोग ऐसे हैं जो अपना लाइसेंस एवं शस्त्र वापस पाने के लिए कार्यालयों का चक्कर लगा रहे हैं।

रवि आर्म्स में लोकसभा चुनाव से पहले ही 550 से अधिक शस्त्र जमा कराए गए थे। चुनाव के बाद जिले में फर्जी शस्त्र लाइसेंस का मामला सामने आने के बाद इस दुकान को सील कर दिया गया था। मामला शांत होने के बाद वैध लाइसेंस धारकों ने वहां से अपना शस्त्र निकालने के लिए आवेदन देना शुरू किया। तत्कालीन जिलाधिकारी ने एक मजिस्ट्रेट नियुक्त कर दुकान से शस्त्र निकालकर लाइसेंसधारकों को देने को कहा था। दुकान खुली और कुछ लोगों को शस्त्र मिला भी, लेकिन कई लोगों को शस्त्र नहीं मिल सका। वर्तमान जिलाधिकारी के निर्देश पर दुकान से 450 से अधिक शस्त्र निकाले गए और प्रशासन ने अपने कब्जे में उसे रखा। दो दर्जन से अधिक लोगों को वापस भी मिला, लेकिन कई लोग अभी तक अपना शस्त्र नहीं पा सके हैं। महानगर के गंगा टोला बशारतपुर के डा. सुशांतो भौमिक का कहना है कि उनके पिता ने लोकसभा चुनाव 2019 से पहले शस्त्र रवि आर्म्स के यहां जमा किया था। वरासत के आधार पर उन्होंने लाइसेंस अपने नाम कराने के बाद शस्त्र पाने की कोशिश की, लेकिन दुकान सील होने से उन्हें शस्त्र नहीं मिल रहा। शस्त्र अब दूसरी दुकानों पर रखे गए हैं।

**यह कहता है प्रशासन:** एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह का कहना है कि रवि आर्म्स से 450 से अधिक शस्त्र निकाले गए और कई लोगों को दिए भी गए हैं। लगभग 100 ऐसे शस्त्र थे, जो रजिस्टर पर दर्ज नहीं हैं। इस काम में लगे अधिकारियों एवं दुकानदार से चर्चा कर जल्द ही उन शस्त्रों के बारे में भी निर्णय लिया जाएगा। जिनके पास शस्त्र जमा करने के वैध प्रपत्र होंगे, उनके शस्त्र उन्हें दिए जाएंगे।

# दर्जन भर पर डकैती का मुकदमा दर्ज

चौरीचौरा। क्षेत्र के उपनगर मुंडेरा बाजार में आपसी रंजिश को लेकर सोमवार की दोपहर दिनदहाड़े सराफा की दुकान ने घुसकर मारपीट करने व रुपए लूटने के आरोप में पुलिस ने पांच नामजद समेत 10-12 अज्ञात पर केस दर्ज कर घटना की जांच कर रही है।

# ढाबे की आड़ में चल रहा था अनैतिक धंधा

बड़हलगंज, हिसं। कोतवाली क्षेत्र के रामजानकी मार्ग पर खड़ेसरी-दुबौली में चल रहे एक ढाबा पर दिन में ग्रामीणों ने अवैध धंधा को लेकर हंगामा कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छापेमारी कर विभिन्न कमरों से आपत्तिजनक स्थिति में चार जोड़ों को गिरफ्तार कर लिया।

# पुलिस ने बोलेरो समेत दो को हिरासत में लिया

हरपुर बुदहट : थाना पुलिस ने मंगलवार की रात बिगही चौराहे से कुछ दूरी पर बोलेरो के साथ दो लोगों को हिरासत में लिया है। थाना प्रभारी संदीप यादव ने बताया कि गश्त के दौरान चौराहे पर बोलेरो खड़ी थी। पुलिस को देख वह गाड़ी लेकर भागने लगे। दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। (जास)

## कोर्ट के आदेश पर पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा

**मुंडेरा बाजार** : चौरी चौरा पुलिस ने बुधवार को कोर्ट के आदेश पर पांच लोगों के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज किया है। थाना प्रभारी सुधीर सिंह ने बताया कि एक गांव की महिला ने कोर्ट में अपील की थी कि 25 मई की रात वह घर में अकेले सोई थी। इसी दौरान गांव का दीपक नशे में घर में घुसकर अश्लील हरकत करने लगा। शोर मचाने पर परिवार के लोग आए तो आरोपित भाग गया। शिकायत करने पर जाने पर दीपक, उसका भाई गणेश, जर्नादन, महेश व साथी उमेश यादव गाली देते हुए मारा-पीटा।

## रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 14 लाख हड़पे

**गोरखपुर** : लखनऊ के भिडिया, बड़ा चांदगंज के अरुण कुमार की तहरीर पर एम्स थाना पुलिस ने बुधवार को सर्वेश कुमार व अनुपम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। अरुण ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2010 में वह चिनहट, लखनऊ की एमिटी यूनिवर्सिटी में कार्यरत थे। वहां उनकी मुलाकात असिस्टेंट डिपार्टमेंट सर्वेश कुमार से हुई। सर्वेश ने बताया कि वह रेलवे में नौकरी दिलवा देगा। झांसे में आकर पत्नी वंदना व साले मोहित की नौकरी के लिए 14 लाख अनुपम के अकाउंट में भेज दिए। दोनों ने फर्जी नियुक्ति पत्र दे दिया।

## भूमि विवाद में मारपीट का आरोप, पुलिस कर रही जांच

**गोला :** गोपालपुर की ऊषा देवी ने एडीजी को प्रार्थना पत्र देकर चार लोगों पर बहू को मारने-पीटने का आरोप लगाया है। ऊषा ने बताया कि भूमि विवाद में गांव की दो महिलाओं ने दो बाहरी पुरुषों के साथ 24 अगस्त को बहू गीता देवी को मारा-पीटा। पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। थाना प्रभारी धीरेंद्र राय ने बताया कि शिकायत नहीं मिली है। (जासं)

## ससुर पर छेड़खानी का आरोप, मुकदमा दर्ज

**गगहा :** दूबे जोत की महिला ने बुधवार को गगहा पुलिस को तहरीर देकर ससुर पर मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता ने बताया कि सोमवार की रात ससुर कमरे में बंदकर छेड़खानी करने लगे। विरोध पर मारने-पीटने लगे। शोर करने पर सास, जेठानी व देवर भी पहुंच गए। दरवाजा खुलने पर भागकर जान बचाई। (जासं)

# ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि को धमकी, आडियो प्रसारित

जासं, गोरखपुर : चरगांवा के ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रजही निवासी रणविजय सिंह मुन्ना को धमकी दिए जाने का एक आडियो बुधवार को इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ। धमकी देने वाले की आवाज गैंगस्टर पिंटू सिंह का होने का दावा किया जा रहा है। यद्यपि पुलिस की जांच में यह पुराना मिला है। हालांकि जागरण आडियो की पुष्टि नहीं करता।

गैंगस्टर बलवीर व पिंटू सिंह ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मुन्ना सिंह के रिश्तेदार हैं। दोनों में जून से ही विवाद है। पिंटू ने केस भी दर्ज कराया है। अब इस आडियो का प्रसारण पेशबंदी माना जा रहा। आडियो में पिंटू कह रहा कि उसने कई लोगों को ठिकाने लगा दिया है। आडियो गांव के दलित विवाद का है।

# इंडियन बैंक के तीन कर्मियों व एक अन्य पर केस

जागरण संवाददाता, भटहट : इंडियन बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सतीश कुमार सोनकर ने बुधवार को गुलरिहा थाने में तहरीर देकर भटहट शाखा में तैनात तीन कर्मचारियों पर धोखाधड़ी और रुपये हड़पने का केस दर्ज कराया है। ये कर्मचारी बैंक के ग्राहकों से फर्जी फार्म भरवाकर उनका पैसा ले लेते थे। जांच में 63 खातों से 10.61 लाख रुपये हड़पे जाने का मामला सामने आया है। पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है।

क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि फर्जीवाड़े की शिकायत पर 18 अगस्त को विभागीय जांच को एक टीम शाखा पर भेजी गई। खातों की जांच में पता चला कि तैनात कर्मचारी मयंक श्रीवास्तव द्वारा जंगल डुमरी शाखा के क्लर्क विक्रांत सिंह, दिव्यांश पाण्डेय के साथ मिलकर खातों से फर्जी तरीके से विड्राल फार्म भरकर अनाधिकृत रूप से धन की निकासी किया गया था।

बैंक द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में भटहट शाखा के 63 खातों से 10 लाख 61 हजार पांच सौ रुपये की अनधिकृत रूप से पद का दुरुपयोग करते हुए धोखाधड़ी, जालसाजी एवं छल करके बैंक में जमा ग्राहकों के रुपये हड़प लिया गया है। इसमें बैंक के अलावा बाहरी लोगों की भी संलिप्तता मिली। थाना प्रभारी गुलरिहा जेएन शुक्ला ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीन नामजद व एक अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

## व्याज व छोटी रकम पर रहती थी नजर

भटहट शाखा में तैनात कर्मचारियों की नजर ग्राहकों के खाते में मिलने वाले ब्याज की रकम व अनपढ़ ग्राहकों के खातों पर रहती थी। पैसा निकालने के दौरान कागजी औपचारिकता के नाम पर कर्मचारी विड्राल फार्म पर अंगूठा लगवा लेते थे और खाते से पैसा निकाल लेते थे। जालसाजी पकड़ी न जाए, इसलिए छोटी रकम ही निकालते थे, क्योंकि 20 हजार से अधिक की निकासी करने पर बैंक मैनेजर से वाउचर पास करना होता है, जबकि उससे कम की निकासी करने पर कर्मचारी स्वयं की आइडी से ही वाउचर पास कर लेते थे।

# क्षेत्राधिकारी ने पीड़ित महिला से की पूछताछ

जासं, चरगांवा : शाहपुर के शिवपुर सहबाजगंज सेक्टर तीन की रहने वाली सन्नू सिन्हा के घर बुधवार को सीओ गोरखनाथ पहुंचे। उन्होंने सन्नू से घंटे भर पूछताछ कर घटना की जानकारी ली। इसके बाद शाहपुर थाने की पुलिस के साथ मोहल्ले में लगे सीसी कैमरे की तलाश करते हुए बदमाशों का फुटेज जारी किया। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात दोनों बदमाशों पर केस दर्ज कर लिया है।

मंगलवार को दोपहर में बरामदे में खड़ा होकर फूल तोड़ रही सन्नू के गेट पर दो बदमाश पहुंचे थे। दोनों ने सोने चांदी की सफाई करने की बात को लेकर उन्हें बुलाया। मना करने के बाद भी वह वहीं खड़े रहे। इसी दौरान हाकर सिलेंडर लेकर गेट पर पहुंच गया। महिला गेट खोलकर सीढ़ी पर जाने लगी। आरोप है कि इसी दौरान दोनों बदमाश घर में घुसे और उनके हाथ के कंगन लूटकर फरार हो गए। सीओ गोरखनाथ रत्नेश सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। सीसी कैमरे की मदद से आरोपितों की तलाश चल रही है।



सीसी कैमरे के फुटेज में कैद बदमाश •जागरण

## श्रीराम चौराहे पर पुलिस पिकेट की मांग

वार्ड नंबर 35 सालिकरामनगर की पार्षद सरिता यादव व मोहल्ले के लोगों ने शाहपुर थाना प्रभारी शशिभूषण राय को पत्र लिखकर वार्ड के मोहल्ले में लगातार हो रही लूट, चोरी आदि की घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस पिकेट की मांग की है। उन्होंने कहा है कि फातिमा अस्पताल के पास श्रीराम चौराहे पर यह पिकेट लगाई जाए।

# हत्या के मामले में दो को आजीवन कारावास

विसं, गोरखपुर : हत्या का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने कैंट थाना क्षेत्र के सिंघड़िया निवासी विपिन सिंह व बांसगांव थाना क्षेत्र के भैरोपुर निवासी अजीत सिंह को आजीवन कारावास एवं प्रत्येक को 20 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। इसे न देने पर दो साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रमोद मौर्य का कहना था कि घटना 23 नवंबर, 2004 की शाम करीब 7:30 बजे की है। वादी बलवंत सिंह अपनी पत्नी और बेटे टिंकल व कई अन्य लोगों के साथ घर पर मौजूद था। उसी समय चार लड़के आए और वादी के बेटे टिंकल को आवाज देकर बुलाया। वादी का लड़का एक घंटे में वापस आने की बात कह कर साथ चला गया। देर रात तक जब वह घर नहीं आया तो खोजबीन की गई परंतु पता नहीं चला। सुबह टिंकल की हत्या कर रेलवे लाइन के पास शव फेंकने की जानकारी मिली। दौरान विवेचना अभियुक्तों का नाम प्रकाश में आया। न्यायाधीश ने पत्रावली में विचारण के दौरान पहले विवेचक तत्कालीन थानाध्यक्ष कैंट एसएन सिंह द्वारा विवेचना में लापरवाही एवं शिथिलता बरतने के लिए पुलिस महानिदेशक को उनके विरुद्ध विधिसम्मत कठोर दंडात्मक कार्यवाही करने का भी निर्देश दिया है। उन्होंने आदेश में उल्लेख किया है कि ऐसे अक्षम पुलिस अधिकारी के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही हो, जिससे भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न करे। न्यायाधीश ने की गई कार्यवाही से न्यायालय को अवगत कराने का भी निर्देश दिया है।

# ढाबे पर चल रहा था देह व्यापार, चार जोड़े पकड़े गए

## ग्रामीणों के हंगामा के बाद पहुंची बड़हलगंज कोतवाली पुलिस, संचालक फरार, कई वर्षों से चल रहा था धंधा

**जासं, पटनाघाट :** बड़हलगंज कोतवाली के रामजानकी मार्ग पर खड़ेसरी दुबौली में चल रहे एक ढाबा पर देह व्यापार को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने हंगामा किया। कोतवाली पुलिस ने ढाबे पर छापेमारी कर अलग-अलग कमरों से अपत्तिजनक स्थिति में चार जोड़ों को गिरफ्तार किया। एक किशोरी भी पकड़ी गई। पुलिस के आने की सूचना पर ढाबा संचालक और अन्य कर्मचारी मौके से फरार हो गए। पुलिस सभी जोड़ों को कोतवाली उठा लाई है। उधर, ढाबे पर पुलिस की छापेमारी की सूचना बड़हलगंज चौराहा समेत आसपास स्थित होटलों में भी अफरातफरी मच गई। इन होटलों में ठहरे लोग भागने लगे। कई होटल और ढाबे को बंद कर संचालक भाग गए।

खड़ेसरी दुबौली मार्ग पर स्थित ढाबे पर आए दिन लोगों की भीड़ को देखते हुए बुधवार को स्थानीय ग्राम प्रधान प्रतिनिधि 50 ग्रामीणों के साथ पहुंचकर हंगामा करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस को बताया कि अंदर देह व्यापार चल रहा है। पुलिस ने ढाबे में स्थित कमरों में छापेमारी की तो चार कमरों से आपत्तिजनक स्थिति में चार जोड़े मिले। एक किशोरी को भी बरामद किया। उधर, पुलिस के आने की सूचना पर अन्य कमरों में ठहरे जोड़े ढाबे के पीछे वाले दरवाजे से फरार हो गए। किशोरी के साथ का युवक भी पीछे के दरवाजे से भाग गया। पुलिस ने सभी जोड़ों को कोतवाली लाकर उनसे पूछताछ की। बाद में युवतियों के स्वजन को बुलाकर उन्हें सिपुर्द कर दिया। युवकों के विरुद्ध पुलिस 151 की कार्रवाई कर रही है।

इससे पहले 2018 में इसी क्षेत्र के एक होटल से पुलिस की छापेमारी में आपत्तिजनक स्थिति में आधा दर्जन जोड़े से ज्यादा पकड़े गए थे।

**बाहर से खस्ताहाल, अंदर थी पूरी व्यवस्था:** खड़ेसरी दुबौली मार्ग पर स्थित ढाबा बाहर से खस्ताहाल है, लेकिन पुलिस की छापेमारी के दौरान ऊपर के कमरों में पूरी व्यवस्था है। कमरों में अटैच शौचालय भी बने हैं। कमरों में एसी के साथ बेड समेत अन्य सुविधाएं है। यहां ठहरने वालों को उनकी डिमांड के अनुसार भोजन से लेकर अन्य सभी व्यवस्थाएं ढाबा संचालक द्वारा उपलब्ध कराई जाती थीं। बताया जा रहा है कि इस ढाबे पर प्रति घंटे दो से ढाई हजार रुपये की दर पर कमरे दिए जाते थे। इसके अलावा ढाबे से 100 मीटर की दूरी पर सिर्फ एक मकान है।



ढाबे पर पुलिस की छापेमारी के दौरान जुटी भीड़। •जागरण

### ग्रामीणों का आरोप, पुलिस को जानकारी थी

ढाबे पर हंगामा करने वाले ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ढाबे पर अवैध धंधे की जानकारी पुलिस को पहले से थी, लेकिन वह कार्रवाई नहीं कर रही थी। कोतवाली के कई पुलिसकर्मियों का ढाबे पर आना जाना था। वह संचालक से बात कर वापस चले आते थे।

ग्रामीणों की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने छापेमारी कर ढाबे से जोड़ों को पकड़ा है। युवतियों को उनके स्वजन को सिपुर्द कर दिया गया है। युवकों पर कार्रवाई की जा रही है। ढाबा संचालक को पुलिस तलाश रही है। इनके अलावा आसपास स्थित होटलों और ढाबों की जांच की जा रही है।

**अरुण सिंह, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी**

# भेउसा में दो पक्ष भिड़े, प्रधान पति समेत कई पर मुकदमा दर्ज

**जासं, हरपुर बुदहट :** भेउसा में बुधवार को पुरानी रंजीश में दो पक्ष भिड़ गये। पुलिस ने दोनों पक्षों से मिली तहरीर के आधार पर नौ लोगों पर केस दर्ज कर प्रधान पति व्यास मुनी को गिरफ्तार कर लिया है। भेउसा की ग्राम प्रधान रुक्मिणी ने बताया कि अपने नए मकान से घर आ रही थीं। रास्ते में गांव के अंकित दूबे और सत्यप्रकाश पाठक ने रोक लिया और गाली देते हुए मारने पीटने लगे। वहीं दूसरे पक्ष से सत्यप्रकाश पाठक ने तहरीर देकर ग्राम प्रधान, प्रधान पति और कोमल, कल्पनाथ, राम पराग, सुकदेव, खुशिहाल, बुद्धु के विरुद्ध केस दर्ज कराया है।

# पीड़ित को थाने में बैठाने पर थाना प्रभारी गोरखनाथ लाइन हाजिर

जासं, गोरखपुर : दो पक्षों में विवाद के बाद पीड़ित को ही थाने में बैठाए रखने और सीयूजी फोन न उठाने के आरोप में गोरखनाथ थाना प्रभारी विज्ञानकर सिंह को एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने बुधवार को लाइन हाजिर कर दिया। उनके खिलाफ कई दिनों से जनता की समस्याओं की अनदेखी करने की शिकायतें मिल रही थीं। एसएसपी की गोपनीय जांच में शिकायतें सही पायी गईं। इसके अलावा एसएसपी ने 13 दारोगाओं के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इनमें चौकी प्रभारी फर्टिलाइजर विशाल उपाध्याय को चौकी प्रभारी पादरी बाजार, चौकी प्रभारी भड़सार विशाल शुक्ला को चौकी प्रभारी सरहरी, चौरी चौरा थाने के एसएसआइ ज्योति नारायण तिवारी को चौकी प्रभारी फर्टिलाइजर, दारोगा कमलेश यादव को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी आजाद नगर, चौकी प्रभारी आजाद नगर अभय नारायण सिंह को चौकी प्रभारी पीपीगंज कस्बा, दारोगा सर्वेश राय को पुलिस लाइन से एसएसआइ चौरी चौरा, दारोगा अरविंद यादव को पीपीगंज से चौकी प्रभारी मारवड़िया कुंआ, रुपेश पाल को चौकी प्रभारी नथमलपुर से चौकी प्रभारी मजनू, आशीष दुबे को थाना बड़हलगंज से चौकी प्रभारी होम्योपैथिक मेडिकल कालेज बड़हलगंज, चौकी प्रभारी मजनू दिनेश बहादुर सिंह को चौकी प्रभारी मालहनपर, चौकी प्रभारी मालहनपार नंद कुमार यादव को थाना बांसगांव, चौकी प्रभारी मेडिकल कालेज होम्योपैथिक दिनेश कुमार चौधरी को थाना बड़हलगंज एवं विवेक सिंह को थाना गीडा से चौकी प्रभारी नथमलपुर बनाया गया है।

# अपहरण का आरोपित धराया

**जासं, पाली :** सहजनवां क्षेत्र के एक गांव की किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपित को पुलिस ने बुधवार को बिजौवा के पास से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि किशोरी की मां ने तहरीर दी थी जिस पर आरोपित को गिरफ्तार किया गया।

# अपहरण कर मारपीट करने का आरोपित गिरफ्तार

**जासं, बड़हलगंज :** कोतवाली पुलिस ने बुधवार को अपहरण कर मारपीट करने के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल कल्यान सिंह सागर ने बताया कि आरोपित शुभम वर्मा उर्फ भोलू बड़हलगंज के सोती चौराहे का रहने वाला है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# दूसरे की जमीन कब्जा करने वाला गैंगस्टर अजय गिरफ्तार

- 10 हजार का इनामी है आरोपित, गिरोह के सरगना रविन्द्र को जेल भेज चुकी है पुलिस
- गिरोह बनाकर लोगों की जमीन कब्जा करने के मामले में पुलिस ने की थी कार्रवाई

जासं, गोरखपुर : दूसरे की जमीन पर कब्जा करने के मामले में गैंगस्टर और 10 हजार के इनामी अजय निषाद को राजघाट पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित पूर्व पार्षद रविंद्र निषाद के गिरोह का सदस्य है।

पुलिस ने कुछ समय पहले ही गिरोह के सरगना रविंद्र को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। अब अजय को पुलिस ने न्यायालय में पेशकर जेल भेज दिया।

आरोपित अजय चकरा अव्वल मुक्तिधाम का रहने वाला है। राजघाट थाना प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि गिरोह का सरगना रविंद्र निषाद ने अपने साथी अजय निषाद, विजय निषाद व सनी निषाद के साथ मिलकर 13 अगस्त 2022 को चाचा की जमीन पर जबरन कब्जा करने के लिए उनके परिवार वालों पर जानलेवा हमला किया था।

तहरीर मिलने के बाद पुलिस केस दर्ज इनकी तलाश कर रही थी। गिरोह बनाकर लोगों की जमीन कब्जा करने के मामले में इनके विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी।

# जनसुनवाई व थानाध्यक्ष कक्ष का किया उद्घाटन

जासं, हरपुर बुदहट : थाने में नवनिर्मित जनसुनवाई और थाना कक्ष का उद्घाटन बुधवार को एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर की मौजूदगी में हुआ। एसएसपी ने थाने की महिला सिपाही विजय लक्ष्मी से फीता कटवाकर कक्ष का उद्घाटन कराया। इस मौके पर एसएसपी ने थाने में बने मेस, कम्प्यूटर कक्ष, आरक्षी बैरक का निरीक्षण किया।

# बाहर से आकर नेपाल सीमा पर क्यों बसे, पूछेगी पुलिस

सतीश पांडेय • गोरखपुर

- भारत में नेपाल सीमा से 10 किमी दायरे में बाहर से आकर बसे लोगों का जुटाया जा रहा ब्योरा
- निवास की अवधि, आय का स्रोत, आपराधिक रिकार्ड सहित 17 बिंदुओं पर ली जा रही जानकारी

### लोगों से पूछे जाने वाले प्रमुख सवाल

- किस देश/राज्य/जिले के रहने वाले हैं?
- नेपाल सीमा के पास बसने की क्या वजह है?
- कितने वर्ष से गांव या कस्बे में रहते हैं?
- राष्ट्रीयता किस देश की रखते हैं?
- मतदाता सूची में नाम/राशन कार्ड है या नहीं।
- परिवार की जीविका का आधार का क्या है?
- असामाजिक गतिविधि में शामिल नाम।
- वाहन हो तो उसका विवरण।
- जिसके घर में रहते हों तो उसका नाम क्या है?
- अपने देश/राज्य/जिले में कब आते-जाते हैं?



आपरेशन कवच के तहत सीमा क्षेत्र से सटे थाने की पुलिस, एलआइयू (लोकल इंटेलीजेंस यूनिट) 10 किमी की परिधि में स्थित हर गांव में चौपाल लगा रही है। भौगोलिक स्थिति का सत्यापन कराया जा रहा है। सीमा क्षेत्र में आकर बसे नए लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

**-अखिल कुमार**, एडीजी जोन/नोडल नेपाल सीमा सुरक्षा

नेपाल सीमा से सटे भारतीय क्षेत्र में बसने वाले दूसरे जिले, राज्य या नेपाल के लोगों का पुलिस ब्योरा जुटा रही है। 10 किमी दायरे में बसे लोगों से यहां बसने का कारण, निवास की अवधि, आय का स्रोत, आपराधिक रिकार्ड सहित 17 बिंदुओं पर जानकारी जुटाई जा रही है। यहां आने के बाद ये लोग क्या करते हैं, किससे मिलते हैं, क्या व्यवसाय है, परिवारीजन के मोबाइल नंबर के साथ रिपोर्ट शासन को भेजी जानी है। आपरेशन कवच के तहत चल रही इस कवायद का उद्देश्य सीमा क्षेत्र में देशविरोधी तत्वों की पहचान कर उन पर अंकुश लगाना है।

नेपाल की 570 किलोमीटर सीमा उत्तर प्रदेश से लगती है। नेपाल से सटी महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी और पीलीभीत जिले की सीमा को सुरक्षा के लिहाज अतिसंवेदनशील माना जाता है। पिछले दिनों खुफिया एजेंसियों ने 10 साल के भीतर नेपाल सीमा के पास बने 250 से अधिक मदरसों का सत्यापन कराया। पता चला कि अधिकांश मदरसे न केवल बाहरी लोगों की मदद से बने हैं बल्कि बड़ी संख्या में बाहरी लोग यहां आकर बसे भी हैं। इसमें से कई के पास भारत व नेपाल दोनों की नागरिकता है। सीमा क्षेत्र की बदलती डेमोग्राफी सहित तस्करी, घुसपैठ व देशविरोधी तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए गृह मंत्रालय के निर्देश के बाद आपरेशन कवच चलाया जा रहा है।

इसके तहत नेपाल सीमा से सटे 10 किलोमीटर की परिधि में स्थित गांव और कस्बे में स्थानीय थाना, एलआइयू (लोकल इंटेलीजेंस यूनिट) की टीम चौपाल लगा रही है। प्रधान, चौकीदार के साथ भौगोलिक स्थिति का आकलन कर हाल के दिनों में नेपाल, उत्तर प्रदेश के दूसरे जिले और राज्य से आकर बसे लोगों का विवरण जुटाया जा रहा है। इन लोगों में जिनकी गतिविधि संदिग्ध होगी उनकी पुलिस के अलावा खुफिया एजेंसी व एसएसबी निगरानी करेगी।

# एमएलसी ने सीसी कैमरों का किया लोकार्पण

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : विधान परिषद सदस्य धर्मेन्द्र सिंह ने बुधवार को 22 स्थानों पर लगे सीसी कैमरों का लोकार्पण किया। यह कैमरे एमएलसी ने अपनी निधि से 24 लाख 84 हजार 902 रुपये देकर शहर में अलग-अलग स्थानों पर लगवाए हैं। इस मौके पर एडीजी अखिल कुमार और एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर भी मौजूद रहे।

पंत पार्क के सामने लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमएलसी धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि आपरेशन त्रिनेत्र अभियान सफल रहा है। सीसी कैमरों से अपराध पर अंकुश लगने के साथ ही अपराधियों को पकड़ने में कामयाबी मिल रही है।



सीसी कैमरों के उद्घाटन कार्यक्रम में संबोधित करते विधान परिषद सदस्य धर्मेन्द्र सिंह, एजीडी अखिल कुमार, एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर • जागरण

अपराध होने पर पुलिस सीसी कैमरे की मदद से अपराधियों को 24 से 48 घंटे के अंदर पकड़कर जेल भेज रही है।

शाहरपुर थाना क्षेत्र पूरी तरह से सीसी कैमरे की जद में है। इस अभियान में लोगों को आगे आकर अपने क्षेत्र में सीसी कैमरे लगवाने चाहिए। इससे लोग खुद की सुरक्षा के साथ दूसरों की सुरक्षा भी कर सकेंगे।

# मारपीट व हत्या की कोशिश का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। खोराबार पुलिस ने मारपीट व हत्या की कोशिश के एक आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान गायघाट निवासी बड़कू उर्फ अरविंद यादव के रूप में हुई है। आरोपी पर घर के बाहर खेल रहे पांच साल के बच्चे को गाली देने व विरोध करने पर मां को मारने पीटने व हत्या की कोशिश का आरोप है। पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। ब्यूरो



# गैंगस्टर के अभियुक्त को दो साल का कारावास

गोरखपुर। गैंगस्टर का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट शशि भूषण कुमार शांडिल ने दो अभियुक्तों को दो साल की सजा सुनाई है। गुलरिहा थाना क्षेत्र के हरिसेवकपुर नंबर दो चौहान टोला निवासी अभियुक्त चंदन चौहान व अंकुश चौहान को पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया गया है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक घनश्याम एवं अखिलेश का कहना था कि अभियुक्तों का संगठित गिरोह है। वह गिरोह के सदस्यों को आर्थिक और भौतिक लाभ दिलाने के लिए जघन्य अपराध करते हैं। ब्यूरो

# चोरी के अभियुक्त को पांच साल का कारावास

गोरखपुर। चोरी का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम तनु भटनागर ने गोला थाना क्षेत्र के ग्राम देवकली निवासी अभियुक्त सुभान अल्लाह को पांच साल के कठोर कारावास एवं नौ हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन का पक्ष विशेष लोक अभियोजक परमानंद राम त्रिपाठी ने रखा। ब्यूरो

# रंजिश में प्रधान व पड़ोसियों में मारपीट, केस दर्ज

हरपुर बुदहट। इलाके के भेउसा गांव में मंगलवार रात में पुरानी रंजिश में प्रधान रुकमणि, उनके पति ब्यास मुनि और पड़ोसियों में मारपीट हो गई। जानकारी के मुताबिक, सहजनवां ब्लॉक की भेउसा ग्राम पंचायत की प्रधान रुक्मणि ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार रात में वह अपने नए घर से वापस आ रही थी कि गांव के ही अंकित दूबे और प्रकाश पाठक ने मारने के लिए दौड़ा लिया। दूसरे पक्ष से सत्यप्रकाश पाठक निवासी भेउसा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव में पुरानी रंजिश में ग्राम प्रधानपति ब्यास मुनि ने हमला कर दिया। पुलिस दोनों पक्ष से केस दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। ब्यूरो



हमले का आरोपी।

# इंजीनियर ने मकान का काम अधूरा छोड़ा, केस

पादरी बाजार (गोरखपुर)। शाहपुर इलाके के काशीपुरम कॉलोनी में मकान का काम अधूरा छोड़कर जाने पर मकान मालिक ने इंजीनियर के खिलाफ केस दर्ज कराया है। मंगलवार को शाहपुर पुलिस अमित चौहान और वीरेंद्र कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, बिछिया स्थित काशीपुरम कॉलोनी के जितेंद्र राव ने शाहपुर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बेतियाहाता स्थित सुमित्रा डिजाइनर एंड कंस्ट्रक्शन के मालिक इंजीनियर अमित चौहान और वीरेंद्र कुमार को अपने जमीन पर मकान निर्माण के लिए दो हजार रुपये वर्गफीट के हिसाब से 20.70 लाख में मकान कंप्लीट और फिनिशिंग कर देने को कहा था। 18 जुलाई को काम छोड़कर चला गया। ब्यूरो

# कांग्रेस नेता के घर लाखों की चोरी

गुलरिहा (गोरखपुर)। इलाके के सेमरा नंबर एक में कांग्रेस नेता अनिल सिंह के मकान का ताला तोड़कर चोरी का मामला सामने आया है। चोरों ने आलमारी में रखे सोने-चांदी के गहने चुरा लिए जिनकी कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई जा रही है।

चोरों ने वारदात को उस वक्त अंजाम दिया, जब पति-पत्नी नोएडा में भर्ती अपने बेटे से मिलने गए थे। बुधवार की सुबह बहन ने उन्हें फोन कर घटना की जानकारी दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के मुताबिक, सेमरा नंबर एक के रहने वाले अनिल सिंह वर्तमान में ऑल इंडिया कांग्रेस वर्किंग कमेटी के अध्यक्ष और नियुक्ति इंचार्ज हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को उनके बेटे की तबीयत खराब हो गई। सूचना मिली कि बेटा नोएडा स्थित निजी हॉस्पिटल में भर्ती है। वह घर में ताला लगाकर चाबी सेमरा में रहने वाली अपनी बहन को देकर पत्नी के साथ नोएडा चले गए। बुधवार सुबह बहन ने जानकारी दी। ब्यूरो

## खेत में भैंस जाने पर मनबढ़ ने बुजुर्ग का सिर फोड़ा

भटहट: गुलरिहा के जंगल डुमरी नंबर-दो के संझाई के रहने वाले लालू प्रसाद की भैंस चरते हुए गांव के एक व्यक्ति के खेत में चली गई। इससे नाराज होकर उसने लाठी से लालू का सिर फोड़ दिया। गंभीर हालत में बुजुर्ग का नाती राजकुमार उन्हें सीएचसी ले गया, जहां से डाक्टरों ने बीआरडी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। नाती ने पुलिस को तहरीर दी है।

## दुकान में घुसकर मारपीट के मामले 17 पर मुकदमा

मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा क्षेत्र के उपनगर मुंडेरा बाजार में सोमवार को सराफा दुकान में घुसकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पांच नामजद समेत 17 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है। नगर पंचायत के वार्ड संख्या-चार के रहने वाले रजत वर्मा ने पुलिस को बताया कि रविवार रात में दुकान बंदकर वह घर जा रहे थे। रास्ते में कुछ युवक नशे की हालत में गाली देते हुए मारपीट करने लगे। आसपास के लोगों ने किसी तरह से बचाया। सोमवार दोपहर 12 बजे के करीब आदर्श जायसवाल, कुनाल जायसवाल, रितिक जायसवाल, सौरभ जायसवाल, मंटू अपने साथ 12 युवकों को लेकर दुकान में घुस गया और मारपीट करने लगा।

# नौकरी दिलाने के नाम पर 14 लाख की जालसाजी

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 14 लाख रुपये जालसाजी का मामला सामने आया है। एडीजी के आदेश पर कैंट थाने की पुलिस ने सर्वेश कुमार व अनुपम के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक, भिंडिया बड़ा चांदगंज निवासी अरुण कुमार ने तहरीर में बताया है कि वह 2010 में चिनहट लखनऊ के अमेटी यूनिवर्सिटी में कार्यरत थे। वहीं पर उनकी मुलाकात सर्वेश कुमार से हुई।

सर्वेश ने कहा कि उनका एक परिचित है जो रेलवे में नौकरी दिला देगा। जिसके बाद अरुण ने अपनी पत्नी वंदना व साले मोहित की नौकरी के लिए 14 लाख सर्वेश के कहने पर अनुपम के एकाउंट में भेज दिया। बाद में दोनों ने उसे सैलरी स्लिप दी जो फर्जी निकली।

## जमीन के नाम पर पांच लाख हड़पे

गोरखपुर। एम्स इलाके के गायत्री नगर निवासी आर्मी जवान संजीत की पत्नी बबिता से सलेमपुर निवासी उदय नारायण यादव जमीन के नाम पर पांच लाख रुपये हड़प लिए। बबिता ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से जनता दर्शन में की, जिसके बाद एम्स पुलिस ने केस दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक, बबिता मूल रूप से छपरा बिहार की रहने वाली हैं और एम्स के गायत्री नगर में मकान बनवाकर रहती हैं। ब्यूरो

# नौकरी दिलाने के नाम पर 14 लाख की जालसाजी

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 14 लाख रुपये जालसाजी का मामला सामने आया है। एडीजी के आदेश पर कैंट थाने की पुलिस ने सर्वेश कुमार व अनुपम के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक, भिंडिया बड़ा चांदगंज निवासी अरुण कुमार ने तहरीर में बताया है कि वह 2010 में चिनहट लखनऊ के अमेटी यूनिवर्सिटी में कार्यरत थे। वहीं पर उनकी मुलाकात सर्वेश कुमार से हुई।

सर्वेश ने कहा कि उनका एक परिचित है जो रेलवे में नौकरी दिला देगा। जिसके बाद अरुण ने अपनी पत्नी वंदना व साले मोहित की नौकरी के लिए 14 लाख सर्वेश के कहने पर अनुपम के एकाउंट में भेज दिया। बाद में दोनों ने उसे सैलरी स्लिप दी जो फर्जी निकली।

## जमीन के नाम पर पांच लाख हड़पे

गोरखपुर। एम्स इलाके के गायत्री नगर निवासी आर्मी जवान संजीत की पत्नी बबिता से सलेमपुर निवासी उदय नारायण यादव जमीन के नाम पर पांच लाख रुपये हड़प लिए। बबिता ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से जनता दर्शन में की, जिसके बाद एम्स पुलिस ने केस दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक, बबिता मूल रूप से छपरा बिहार की रहने वाली हैं और एम्स के गायत्री नगर में मकान बनवाकर रहती हैं। ब्यूरो

# पूर्व पार्षद रविंद्र का साथी गिरफ्तार

गोरखपुर। राजघाट पुलिस ने जमीन कब्जा करने के मामले में गैंगस्टर के आरोपी अजय निषाद को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। अजय पूर्व पार्षद रविंद्र निषाद के गिरोह का सदस्य है। पुलिस ने कुछ समय पहले ही रविंद्र को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया था। आरोपी अजय चकरा अव्वल मुक्तिधाम का निवासी है।



अजय।

जानकारी के मुताबिक, गैंग लीडर रविंद्र निषाद ने गैंग के सदस्य अजय निषाद, विजय निषाद व सनी निषाद के साथ मिलकर 13 अगस्त 2022 को अपने चाचा की जमीन कब्जा करने के लिए उनके परिवार वालों पर जानलेवा हमला किया था। संवाद

# जालसाजी के मामलों में पहले भी घिर चुके हैं बैंककर्मी

## बैंक से रुपये निकालने और गलत तरीके से ऋण देकर जालसाजी करने के आए हैं मामले, ग्रामीण खाताधारकों को बनाते हैं निशाना

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। बैंक में जालसाजी कर आम लोगों के रुपये हड़पने या फिर गलत तरीके से लोन देकर बैंक को चूना लगाने के जिले में कई मामले सामने आ चुके हैं। अभी कुछ दिन पहले ही शाहपुर पुलिस ने बैंक के अज्ञात कर्मचारियों पर जबरन क्रेडिट कार्ड देकर जालसाजी करने का केस दर्ज किया है।

पुलिस इस प्रकरण की जांच कर रही है कि फिर एक बड़ा मामला सामने आ गया। इसमें तो सीधे तौर पर बैंक कर्मचारियों ने ही जालसाजी की है। फिलहाल, पुलिस ने जांच शुरू की है। बताया जा रहा है कि जांच में कुछ और लोगों के भी नाम सामने आ सकते हैं।

जानकारी के मुताबिक, बैंक कर्मचारियों के पास हर ग्राहक का डिटेल होता है। नाम पता के अलावा कौन हस्ताक्षर करता है और कौन अंगूठा लगाता है, यह पूरी जानकारी होती है। दूसरे वह हस्ताक्षर कैसे करता है, यह भी जानकारी होती है। इसी का फायदा जालसाजी करने वालों ने उठाया है। कर्मचारी अंगूठे का निशान धुंधले तरीके से लगाते थे, फिर दूसरे कर्मचारी को मिलाकर खाते से रुपये निकाल लेते थे। ये लोग ऐसे खाताधारकों को निशाना बना रहे थे, जो पढ़े लिखे नहीं होते थे और इनकी करतूत की शिकायत नहीं कर पा रहे थे। एक दिन एक खाताधारक संयोग से प्रबंधक के पास पहुंच गया और उसका पढ़ा लिखा बेटा भी आ गया, जिसके बाद पूरे प्रकरण की जांच शुरू की गई तो पूरा मामला सामने आ गया।

**केस 1** एक सितंबर 2023 : शाहपुर के पादरी बाजार के मानस विहार कॉलोनी निवासी अर्जुन ने बैंक कर्मचारियों पर केस दर्ज कराया। आरोप है कि क्रेडिट कार्ड की उसे कोई जरूरत नहीं थी। इसके बाद भी उसे जबरन कार्ड भेज दिया गया। बैंक जाने पर लॉक होने की जानकारी दी गई और उसके पास ही आए फोन कॉल से जालसाजी हो गई।

**केस 2** 08 जनवरी 2020 : कैंट थाने में बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कर्मचारियों पर जालसाजी का केस दर्ज किया गया था। महराजगंज, शिकारगढ़ के बांध गांव निवासी सीमेंट व्यापारी सुधाकर राय ने केस दर्ज कराया था। बताया कि उन्होंने मई 2019 में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की जटेपुर शाखा से 25 लाख ऋण लिए थे। बैंक अधिकारियों ने चेक लेकर16 लाख निकाल लिए थे।

**केस 3** 18 अप्रैल 2023 : शाहपुर इलाके के हरिहरपुरम फेज-2 कॉलोनी निवासी रंजू सोनी के तीन खातों से एक लाख 99 हजार 899 रुपये साइबर अपराधियों ने उड़ा दिए। आरोप है कि बिना ओटीपी, यूपीआई के ही खाते से जालसाजों ने रकम उड़ा दी। पुलिस ने यूनियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक व एसबीआई के शाखा प्रबंधक पर जालसाजी का केस दर्ज किया था।

**केस 4** 25 जून 2021 : कैंट थाने में व्यापारी कमल रुंगटा ने केस दर्ज कराया। उनका आरोप था कि उनकी पत्नी कला देवी और बहू स्वाति रुंगटा का बैतियाहाता स्थित एक्सिस बैंक में खाता है। दोनों ने संयुक्त लॉकर लिया है। लॉकर से 30 लाख रुपये कीमत के गहने गायब हुए थे। जिसमें सोने के दो हार, चार टप्स, एक अंगूठी, दो सोने की चूड़ी आदि सामान थे।

**केस 5** 18 जुलाई 2022 : बड़हलगंज इलाके के एक शख्स की जमीन पर गलत तरीके से ऋण देने के मामले में आरोपी यूको बैंक के पूर्व प्रबंधक अब्दुल मलिक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भिजवाया था। वह राजघाट के रहमत नगर का निवासी है। आरोप था कि 2004 में मदरिया शाखा प्रबंधक रहने के दौरान उसने जालसाजी की थी।

# रिश्तों में संदेह... कोई बना कातिल, कोई कर रहा खुदकुशी

*गोरखपुर। पिछले दिनों ससुराल में या ससुराल से लौट कर हत्या-आत्महत्या के कई मामले सामने आए। इन मामलों की तह में जाने से न सिर्फ पुलिस परेशान हुई बल्कि समाज और सोच में आई इस विसंगति से समाजशास्त्री और मनोचिकित्सक भी चिंतित हैं। इनकी मानें तो मीडिया में आई शक-ओ-शुबहा से जन्मी ऐसी खबरें भले ही लोगों को सामान्य लगें लेकिन इनके दूरगामी परिणाम गंभीर होंगे। ऐसी घटनाएं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस के दावे को पलीता तो लगाती हैं, पीड़ित परिवार के लोगों के दिलो-दिमाग पर गहरा जख्म देती हैं, जो लंबे समय तक नहीं भरता। प्रतिष्ठा को जो चोट पहुंचती है वो अलग। मनोचिकित्सक भी मानते हैं कि लोग शक की वजह से ऐसे कदम उठा रहे हैं। समाजशास्त्री इसे एकल परिवार का परिणाम बता रहे हैं। ब्यूरो*

## समाज और सोच में बदलाव के ये मामले डराते ही नहीं, चिंतित भी करते हैं

**केस 1** 30 अगस्त 2023 : गोरखपुर के गीडा इलाके में ससुराल गए राहुल गुप्ता (30) के गले पर हंसिया से हमला कर घायल कर दिया। आरोप, पत्नी, साली, सास और अन्य ससुरालवालों पर है। वजह घरेलू क्लेश है। बताया जा रहा है कि पत्नी मायके से ससुराल नहीं जाना चाह रही थी। मायके वाले भी बेटी का पक्ष ले रहे थे। इसबीच राहुल दोस्त के साथ ससुराल चला गया। वहां पत्नी और ससुराल के लोगों से विवाद हो गया।

**केस 2** 26 अगस्त 2023 : सड़क के किनारे मिले पिपराइच के सुरेश सहनी की मौत का कारण भी शक का कीड़ा था। पुलिस की जांच में सामने आया कि पत्नी से उसके रिश्ते ठीक नहीं थे। वह पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था। इस वजह से पत्नी ने अपने दोस्त व रिश्तेदार की मदद से उसे पंचायत में बुलाया। वहां उसे जमकर पीटा गया। मरा समझ कर आरोपियों ने सड़क के किनारे फेंक दिया। बाद में उसकी जान चली गई।

**केस 3** 21 अगस्त 2023 : महराजगंज के निचलौल क्षेत्र के खोहौली गांव में राजेश पटेल (40) ने खुदकुशी कर ली। जांच में सामने आया कि पत्नी काफी दिनों से मायके बिहार के बगहा में थी। राजेश पत्नी को लेने गया था। पत्नी ने आने से इन्कार कर दिया। फिर उसे शक हो गया कि पत्नी की दोस्ती किसी और से है। वह उसे पसंद नहीं करती है। घर आने के बाद उसने खुदकुशी कर ली।

**केस 4** 6 अगस्त 2023 : चौरीचौरा इलाके के बैकुंठपुर गांव में महिला तांत्रिक ऊषा देवी, रिश्तेदार सुनकेश की हत्या में पुलिस ने ऊषा के पति गया को जेल भिजवाया। जांच में सामने आया था कि 28 मई को दोनों की हत्या चरित्र पर संदेह में हुई थी। पति गया को पत्नी के चरित्र पर संदेह हो गया था। फिर उसने हत्या कर दी। इसी दौरान रिश्तेदार आई तो खुद की पहचान छिपाने के लिए उसे भी मौत के घाट उतार दिया।

किसी भी बात को गहराई से सोचने पर आदमी अवसाद में जा सकता है। लंबे समय तक इस अवस्था में रहने पर वह मनोरोगी होकर कोई भी कदम उठा सकता है। समय से ऐसे मरीज का इलाज किया जाए तो वह पूरी तरह से ठीक हो जाता है। काउंसिलिंग और दवाओं की मदद से उनकी जिंदगी बचाई जा सकती है। अगर इलाज में देरी करते हैं तो मरीज इतने गहरे अवसाद में चला जाता है कि खुदकुशी या फिर हत्या जैसी वारदात को अंजाम दे देता है। -तपस कुमार, वरिष्ठ मानसिक रोग विशेषज्ञ

आमतौर पर ऐसा तब होता है, जब पति-पत्नी एक-दूसरे को वक्त नहीं दे पाते। दोनों एक-दूसरे से अच्छा व्यवहार नहीं करते। ऐसे में बीच में अगर कोई तीसरा मिल गया तो जुड़ाव हो जाता है। इन परिस्थितियों में लोकलाज सहित सभी बंदिशें टूट जाती हैं। बात आगे बढ़ने पर इसके खतरनाक परिणाम सामने आते हैं। एकल परिवार भी इसकी बड़ी वजह है। कई बार छोटी बात पर कोई समझाने वाला नहीं मिलता है और फिर बात बिगड़ जाती है। - दीपेंद्र मोहन, समाजशास्त्री, गोरखपुर यूनिवर्सिटी

# कंगन लेकर फरार बदमाश पर केस

पादरी बाजार (गोरखपुर)। शाहपुर इलाके के शिवपुर शहबाजगंज सेक्टर तीन में कंगन लेकर फरार बदमाश पर लूट का केस दर्ज कर लिया। पुलिस फरार बदमाश की सीसीटीवी कैमरे की मदद से तलाश कर रही है। हालांकि, पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया कि आरोपी ने जालसाजी की है। वह चमकाने के बहाने ही कंगन लेकर गया है।

जानकारी के मुताबिक, शिवपुर शहबाजगंज सेक्टर नंबर तीन निवासी सन्नो सिन्हा मंगलवार को दोपहर घर के बरामदे में फूल तोड़ रहीं थीं। इसी दौरान बदमाश कंगन लूट कर फरार हो गया था। ब्यूरो

# चौरीचौरा में सराफा की दुकान में घुसकर मारपीट व लूटपाट

## चौरीचौरा पुलिस ने पांच नामजद व अज्ञात पर दर्ज किया डकैती का केस

अमर उजाला ब्यूरो

चौरीचौरा (गोरखपुर)। क्षेत्र के मुंडेरा बाजार में आपसी रंजिश में सोमवार दोपहर सराफा की दुकान में घुसकर मारपीट करने व रुपये छीनने के आरोप में पुलिस ने पांच नामजद समेत करीब 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ डकैती का केस दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक, नगर के वार्ड संख्या चार दीनदयाल नगर निवासी रजत वर्मा ने पुलिस को बताया कि वह रविवार रात नौ बजे दुकान बंद करके घर जा रहे थे तभी रास्ते में कुछ युवक नशे की हालत में गाली देते हुए मारने लगे। आसपास के लोगों ने किसी तरह बचाया।

सोमवार की दोपहर आदर्श जायसवाल, कुनाल, रितिक जायसवाल, सौरभ जायसवाल और मंटू अपने साथ 10-12 साथियों को लेकर हमारे दुकान पर पहुंचकर मारे पीटे और चार हजार छह सौ रुपये छीनकर फरार हो गए।

# ऑटो तेज चलाने पर टोका तो दोस्तों पर चाकू से किया हमला

## रामगढ़ताल इलाके में वारदात को दिया अंजाम

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। रामगढ़ताल इलाके के ट्रांसपोर्ट नगर के पास लापरवाही से ऑटो चलाने से मना करने पर चालक ने दोस्त संग मिलकर दो युवकों पर चाकू से हमला कर दिया।

पुलिस ने हत्या की कोशिश, मारपीट व धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज कर मुख्य आरोपी ऑटो चालक व उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चाकू भी बरामद कर लिया है।

आरोपियों की पहचान रामगढ़ताल के महेवा बड़का टोला निवासी विजय और सड्डन के रूप में हुई। गीडा के जैतपुर निवासी रमेशचंद्र सिंह ने केस दर्ज कराया है। उनका कहना है कि वह गांधी आश्रम लखनऊ में कर्मचारी हैं। चार सितंबर की रात बेटा आलोक सिंह और मित्र रूपेश मुझे गोरखपुर रेलवे स्टेशन छोड़ने जा रहे थे।

रास्ते में एक ऑटो चालक लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। दोनों ने उसे ऐसा करने से मना किया तो ऑटो चालक ने पीछाकर ट्रांसपोर्ट नगर के पास उन्हें घेर लिया।

### पुलिस ने केस दर्ज कर दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



चाकू से हमला करने के आरोप में गिरफ्तार विजय व सड्डन। संवाद

## एयरफोर्स चौकी के पास कार पर पथराव और फायरिंग

गोरखपुर। एम्स थाना क्षेत्र के एयरफोर्स चौकी के पास दो गुटों में देर रात विवाद हो गया। उधर से गुजर रहे कार सवार ने हॉर्न बजाया तो मनबढ़ युवकों ने पथराव कर कार क्षतिग्रस्त कर दी। आरोप है कि मनबढ़ों ने हवाई फायरिंग भी की। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, कूड़ाघाट निवासी शिवम सिंह के भाई विक्की अपने दोस्त शुभम व ड्राइवर सतीश के साथ घर जा रहे थे। एयरफोर्स चौकी के पास कुछ मनबढ़ युवक शराब पीकर झगड़ा कर रहे थे। विक्की ने कार का हॉर्न बजाया तो युवकों ने कार पर पथराव कर दिया। बताया जा रहा है इसमें विक्की की तरफ से स्थानीय थाने के एक दरोगा भी आ गए। आरोप है कि इसके बाद नंदानगर निवासी युवकों ने हवाई फायरिंग भी की। विक्की व शुभम ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। बताया जा रहा है कि एक आरोपी जल्द ही जेल से जमानत पर छूटा है। इस संबंध में एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि कार पर पथराव व फायरिंग की सूचना है। जांच की जा रही है। केस दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। ब्यूरो



## युवती से छेड़खानी विरोध पर पीटा

गोरखपुर। शाहपुर इलाके के एक मोहल्ले में घर के बरामदे में सोई किशोरी का मुंह दबाकर छेड़खानी व विरोध करने पर मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

आरोपी की पहचान शाहपुर क्षेत्र निवासी जुगनू निषाद के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, पीड़िता की मां ने केस दर्ज कराया है। मां ने तहरीर में लिखा है कि वह पुत्री के साथ घर के बरामदे में सो रही थी, तभी घर से कुछ दूरी पर रहने वाला युवक पुत्री के पास पहुंचा और छेड़खानी करने लगा। ब्यूरो

# गोरखनाथ थाना प्रभारी लाइनहाजिर

## 13 दरोगा भी बदले गए, विशाल बने पादरी बाजार के नए चौकी इंचार्ज

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। कार्यों में लापरवाही एवं शिकायत मिलने के बाद एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने गोरखनाथ के थाना प्रभारी विज्ञानकर सिंह को लाइन हाजिर कर दिया। वहीं नौ चौकी प्रभारी समेत 13 दरोगाओं का तबादला किया गया है। विशाल उपाध्याय को पादरी बाजार का नया चौकी इंचार्ज बनाया गया है।

जानकारी के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों से गोरखनाथ के थानेदार विज्ञानकर सिंह के खिलाफ लापरवाही एवं अन्य शिकायतें मिल रही थी। इसको संज्ञान लेते हुए एसएसपी ने गोपनीय जांच कराई। मामला सही मिलने के बाद एसएसपी ने बुधवार को थानेदार को लाइन हाजिर कर दिया। फिलहाल अभी उस थाने पर किसी की तैनाती नहीं की गई है। इसके अलावा एसएसपी ने देर रात चौकी प्रभारी फर्टिलाइजर विशाल उपाध्याय को चौकी प्रभारी पादरी बाजार, चौकी प्रभारी भड़सार विशाल शुक्ला को चौकी प्रभारी सरहरी, चौरी चौरा थाने के एसएसआई ज्योति नारायण तिवारी को चौकी प्रभारी फर्टिलाइजर, दारोगा कमलेश को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी आजाद नगर, चौकी प्रभारी आजाद नगर अभय नारायण को चौकी प्रभारी पीपीगंज कस्बा, दरोगा सर्वेश राय को पुलिस लाइन से एसएसआई चौरीचौरा, दरोगा अरविंद को पीपीगंज से चौकी प्रभारी मारवड़िया कुंआ, रुपेश पाल को चौकी प्रभारी नथमलपुर से चौकी प्रभारी मजनू, आशीष को थाना बड़हलगंज से चौकी प्रभारी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज बड़हलगंज, चौकी प्रभारी मजनू दिनेश बहादुर सिंह को चौकी प्रभारी मालहनपर, चौकी प्रभारी मालहनपार नंद कुमार को थाना बांसगांव, चौकी प्रभारी मेडिकल कॉलेज होम्योपैथिक दिनेश को थाना बड़हलगंज बनाया गया।

# इंडियन बैंक के 63 खातों से कर्मचारियों ने जालसाजी कर निकाले 10.61 लाख

## क्षेत्रीय प्रबंधक ने गुलरिहा थाने में तीन कर्मचारियों और एक अज्ञात पर दर्ज कराया केस

गुलरिहा (गोरखपुर)। इंडियन बैंक की भटहट शाखा में 63 बैंक खातों से 10 लाख 61 हजार 500 रुपये की जालसाजी का मामला सामने आया है। आरोप है कि तीन कर्मचारियों ने एक अन्य के साथ मिलकर अंगूठा निशानी का कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी की है।

विभागीय जांच में पुष्टि के बाद इंडियन बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सतीश कुमार सोनकर ने कर्मचारियों को निलंबित कर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने कर्मचारी मयंक श्रीवास्तव, दिव्यांश पांडेय, विक्रांत सिंह व एक अज्ञात पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी, सरकारी पद के दुरुपयोग की धाराओं में केस दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक, क्षेत्रीय प्रबंधक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि भटहट शाखा के प्रबंधक राजन वर्मा को रूटीन जांच करने के दौरान कुछ विड्राल (निकासी फार्म) पर अंगूठे के निशान संदिग्ध दिखने पर क्लर्क पर शक हुआ। इसके बाद शाखा प्रबंधक द्वारा पूछताछ करने पर क्लर्क मयंक श्रीवास्तव ने संतोषजनक उत्तर नहीं दिया।

शाखा प्रबंधक ने मामले की जानकारी क्षेत्रीय कार्यालय को दी।

> इंडियन बैंक की भटहट शाखा में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। जांच व साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **- मनोज अवस्थी, एसपी नार्थ**

क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से इस संबंध में 18 अगस्त को विभागीय जांच के लिए एक टीम शाखा में भेजी। टीम ने कुछ खातों की जांच की तो पता चला कि मयंक श्रीवास्तव ने जंगल डुमरी शाखा के क्लर्क विक्रांत सिंह, दिव्यांश पांडेय के साथ मिलकर खातों से कूटरचित तरीके से विड्राल फार्म भरकर अनाधिकृत रूप से धन की निकासी की है।

बैंक की ओर से की गई प्रारंभिक जांच में भटहट शाखा के 63 खातों से 10 लाख 61 हजार 500 रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। प्रारंभिक जांच में इस धोखाधड़ी में बैंक के अलावा बाहरी तत्वों की भी संलिप्तता पाई गई है। पुलिस इन पहलुओं पर भी जांच कर रही है।

>> संबंधित पेज 7 पर

# DEORIA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-07-09-2023

# गोवंशीय पशुओं के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

भाटपाररानी (एसएनबी)। स्थानीय पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर दनऊर उसरा टोला के समीप से पिकप मैजिक वाहन में 6 अदद गौवंशीय पशुओं सहित दो पशु तस्करों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भाटपार रानी पुलिस वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तार व संदिग्ध वाहन एवं व्यक्तियों की चेकिंग हेतु क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम दनउर उसरा टोला के पास से 01 पिकअप मैजिक वाहन से 06 राशि गौ वंशीय पशुओं को बरामद करते हुए 02 अभियुक्तों 01.खुर्शीद पुत्र खुशमुहम्मद 02.इम्तियाज अंसारी पुत्र शहबान अंसारी निवासीगण-सवरेजी थाना-खामपार जनपद देवरिया को गिरफ्तार कर अभियोग पंजीकृत कर चालान कर दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ.नि. धर्मेन्द्र कुमार ,कां. विशाल चौहान ,कां. विजय यादव , कां. अजीत कुमार , कां. राजेन्द्र प्रसाद शामिल थे। इस बावत पूछे जाने पर टीजे सिंह ने बताया कि छः अदद पशुओं के साथ दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई है सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर चालान किया जा रहा है।




# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के भगवानपुर गांव में युवक द्वारा किशोरी के साथ छेड़खानी करते हुए दुष्कर्म किया। इस मामले रुद्रपुर कोतवाली पुलिस ने उक्त गांव निवासी आरोपी राहुल पुत्र रामदरश के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 364/23, धारा 376, 323, 504, 506, 3/4 पास्को एक्ट के तहत दर्ज किया था। जिसे आज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# जनसेवा संचालकों से लूट के अन्य अपराधी धराये

गौरीबाजार। रुद्रपुर कोतवाली थानाक्षेत्र व गौरीबाजार थानाक्षेत्र के जनसेवा संचालक से लूट करने वाले दो अन्य आरोपियों को पुलिस ने नेबुआ नौरंगिया व गाजीपुर से गिरफ्तार कर लिया,लूट के एक आरोपी को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था,वही दूसरे आरोपी को पुलिस ने 4 सितंबर की रात मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था,पुलिस के अनुसार ये चारों अपराधी लूट की घटना को अंजाम दिए थे।पुलिस लूट का मुकदमा दर्ज कर अपराधियो को पकड़ने के लिए लगातार दबिश दे रही थी।

अगस्त माह में कुशीनगर ,12 अगस्त को रूद्पुर कोतवाली थानाक्षेत्र के रुद्रपुर-देवरिया मार्ग पर बैरियाघाट चौराहा के समीप दो युवको नें जनसेवा केंद्र संचालक को असलहा दिखाकर 40 हजार कैश लूट लिया था, वही 14 अगस्त को गौरीबाजार थाना क्षेत्र के कटाई चौराहा स्थित जनसेवा केंद्र से संचालक को गोली मारकर दो लाख रुपये लूट लिया था।रुद्रपुर गौरीबाजार पुलिस लूट का मुकदमा दर्ज कर अपराधियों के तलाश में जुटी थी,एसओजी टीम भी अपराधियों के तलाश में लगाई गई थी,गौरीबाजार पुलिस ने लूट के मामले में दिनेश निषाद को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था,अन्य अपराधीयो की तलाश सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस कर रही थी,तभी 4 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली कि लूट के अपराधी गौरीबाजार शुगर मिल के पास दिखे है,रुद्रपुर कोतवाली पुलिस , गौरीबाजार पुलिस व एसओजी की सयुक्त टीम ने उन अपराधियों के धर पकड़ के लिए छापेमारी किया,उस वक्त अपराधी गौरीबाजार सुगर मिल फील्ड के समीप थे,पुलिस टीम को देखकर वे कालाबन की तरफ भागने लगे,कालाबन गाँव स्थित मझना पुल के समीप्र पुलिस व अपराधियों में मुठभेड़ हुआ,जिसमे एक अपराधी को पुलिस की गोली लगी,उसको पुलिस ने गिरफ्तार कर इलाज के लिए मेडिकल कलेज में भर्ती कराया, अपराधी की पहचान कामेश्वर उर्फ मन्नू यादव निवासी पननहा थाना गौरीबाजार के रूम में हुई।वही एक अपराधी रात के अंधेरे का फायदा उठा कर भाग निकला,जिसे मंगलवार को पुलिस ने कुशीनगर जिले के नेबुआ नौरंगिया से गिरफ्तार किया,जिसकी पहचान हिमांशु उर्फ गोविंद यादव पुत्र रामचंद निवासी मिर्जापुर रानीपुर मऊके रूप में हुई,अपराधी जिस काले रंग के स्पलेंडर मोटरसाइकिल से भागा था,वही से पुलिस ने उसे भी बरामद किया,वही बुधवार चौथे अपराधी अजय यादव उर्फ करिया को पुलिस ने गाजीपुर के कासिमाबाद थानाक्षेत्र से पकड़ा।पुलिस के अनुसार कुशीनगर में होने वाले लूट में अजय ,हिमांशु व मन्नू शामिल थे,वही 12 अगस्त को रूद्पुर व 14 अगस्त को गौरीबाजार में होने वाले लूट में मन्नू व हिमांशु ने रेकी किया था,और दिनेश व अजय ने घटना को अंजाम दिया था।

# इंटर की छात्रा ने फंदा लगाकर दी जान

बरहज (एसएनबी)। थाना क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर में बुधवार की सुबह एक किशोरी ने छत की कुण्डी में फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने छत की कुण्डी से शव को नीचे उतार कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए देवरिया भेज दिया। किशोरी के पास मिले मोबाइल को पुलिस ने अपने साथ लेकर चली गयी। घटना के बाद घर में चीख पुकार मच गया। जानकारी के अनुसार ग्राम लक्ष्मीपुर निवासी सोनम पाल 17 वर्ष पुत्री स्व. महाबल पाल का शव बुधवार को घर के कमरे में कुण्डी से लटकता मिला। घर में पहुंची माँ ने यह दृश्य देख शोर मचाया और रोने चिल्लाने लगी जिससे भारी भीड़ जुट गयी। सूचना पर कपरवार पिकेट पर तैनात एसआई मनमोहन मिश्र पुलिसकर्मियों के साथ लक्ष्मीपुर गांव पहुंच शव को फन्दे से नीचे उतारकर कब्जे में ले लिया। पंचनामा के बाद किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए देवरिया भेज दिया। मौत की घटना से परिजन हतप्रभ है। वहीं दबी जुबान तरह-तरह की चर्चाएं भी हो रही है। पुलिस ने छात्रा का मोबाइल अपने साथ ले गयी है। उसके काल डिटेल से घटना के बारे में पुलिस को अहम जानकारी मिल सकती है। किशोरी बरहज के एक इण्टर कालेज की छात्रा बतायी जा रही है। पिता की मौत के बाद उसकी माँ ने गांव के ही एक युवक से दूसरी शादी कर ली है। वर्तमान समय में वह मुम्बई के पुणे में रहकर नौकरी करता है। थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मोबाइल के काल डिटेल से मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

# एसपी ने तरकुलवा मेले का किया निरीक्षक

तरकुलवा(एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक ड़संकल्प शर्मा सीओ सदर श्रीयांश त्रिपाठी के बुधवार देर शाम तरकुलवा में लगने वाले श्री ष्ण जन्माष्टमी मेले का मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने बंजरिया मोड़ से लेकर जमुनी पुल तक बने पंडाल का एक-एक कर निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित पुलिसकर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा की मेले में किसी भी तरह की गुंडागर्दी व अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कहीं से कोई उपद्रव की सूचना मिली तो तत्काल कार्रवाई करें और मौके पर पहुंच कर शांति व्यवस्था सुनिश्चत करें । यदि कहीं मजनू टाइप लड़के दिखे तो तत्काल उनको हवालात में डालें, जिससे मेले की पवित्रता बनी रहे। इस दौरान चौकी इंचार्ज रमेश सिंह, आहूत यादव, कन्स्टेबल सज्जन चौहान, राहुल,रंणजीत सिंह, राजकुमार, चुलबुल सहित बड़ी संख्या में पुलिस के जवान उपस्थित रहे।



# लूट की घटना का खुलासा, 4 गिरफ्तार

देवरिया(एसएनबी)। सदर कोतवाली पुलिस ने एक फाइनेंस कंपनी के एजेंट से सोमवार की रात हुई लूट की घटना का खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस ने इस घटना में शामिल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के साथ लूटे गए पूरे रुपए, समान व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।




देवरिया-गिरफ्तार लूट के आरोपी।

क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि थाना कोतवाली अंतर्गत कठिनहिया - बेलडाड़ मार्ग पर चंदौली गांव के पास दो बाइक पर सवार बदमाशों ने भारत फाइनेंस इंक्यूजन के एजेंट अभय तिवारी से उस समय दो लाख से अधिक रुपये लूट लिया था, जब वह फुलवरिया करन गांव से रुपए लेकर देवरिया शहर स्थित अपने किराए के मकान पर आ रहे थे। इस सम्बन्ध में पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस मुअ सं 749/23 धारा 323,504, 394 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज कर लुटेरों की तलाश कर रही थी। क्षेत्राधिकारी नगर ने बताया कि कोतवाली पुलिस ने बेलडाड़ मोड के पास से इस घटना में शामिल अभियुक्तों राहुल राजभर पुत्र गोबरी राजभर, विनय राजभर पुत्र द्वारिका राजभर, मैनुद्दीन अली पुत्र इशरायल अली एवं अमन गुप्ता पुत्र रामसुमेर गुप्ता निवासीगण फुलवरिया करन थाना सुरौली जनपद देवरिया को गिरफ्तार किया। साथ ही उनके पास से लूट के दो लाख चार हजार नौ सौ नगद व एक अदद आधार कार्ड, एक अदद पैन कार्ड, एक अदद टैबलेट सैमसंग, एक अदद चार्जर सैमसंग, एक अदद चार्जर रियल मी, एक अदद बायोमैट्रीक मशीन, एक अदद स्टेप्लर, एक अदद कलेक्शन रजिस्टर व भारत फाइनेंस कम्पनी के कागजात (पुराना) व डाकुमेन्ट, एक अदद बैग व घटना मे प्रयुक्त दो अदद मोटरसाइकिल बजाज प्लेटिना रजि नं यूपी 52 बीआर 0722 व एच.एफ.डिलक्स रजि नं यूपी 52 बीआर 6750 बरामद किया।

## गिरफ्तार करने वाली टीम में ये रहे शामिल

अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लूट की घटना का खुलासा करने वाली टीम में सदर कोतवाली केथानाध्यक्ष दिनेश कुमार मिश्रा, वउनि सतगुरु मिश्रा, उनि संकल्प सिंह राठौर, हेका वर्मा प्रजापति, हेका बीरेन्द्र भारती, कासुनील कुमार यादव, का अजीत कुमार व का राजकुमार शामिल रहे।



नगरपालिका परिषद कार्यालय में सजी भगवान की सुंदर झांकी, साथ में मथुरा जेल का दृश्य। • हिन्दुस्तान



नगरपालिका परिषद कार्यालय परिसर में कालिया नाग के सिर पर नृत्य करते भगवान श्रीकृष्ण। • हिन्दुस्तान



बुधवार की देर शाम तरकुलवा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेले का निरीक्षण करते एसपी, सीओ व अन्य पुलिसकर्मी। • हिन्दुस्तान

### कान्हा की भक्ति में डूबे लोग, हर तरफ छाया उल्लास, व्रत रहकर श्रद्धालु कर रहे हैं भगवान का पूजन-अर्चन

# नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की

**आयोजन**



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर रंग बिरंगी रोशनी से नहाया नगरपालिका परिषद कार्यालय का परिसर।

### स्कूलों में केक काटकर मनाया श्रीकृष्ण का जन्मदिन

### एसपी ने जन्माष्टमी मेले की जांच की

# डोल मेला : पुलिस प्रशासन ने किया रूट दौरा

लार (एसएनबी)। जन्माष्टमी के अगले दिन लार में निकलने वाले ऐतिहासिक डोल मेला की लगभग तैयारियां पूरी हो गई है। इस डोल मेले को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर नगर पंचायत प्रशासन समेत पुलिस प्रशासन ने बुधवार को डोल रुट का निरीक्षण किया। इस दौरान रास्ते मे पड़ने वाले बिजली के लटके तार, जुलूस मार्ग के नालियों पर रखे पटिया आदि का गहन निरीक्षणं किया। ततपश्चात प्रशासन ने चौक में लगने वाले डोल मेले स्थल का भी जायजा लिया। लार थानाध्यक्ष कपिलदेव चौधरी और नगर अध्यक्ष मूसा रजा लारी ने चौक निवासी पन्ना सिंह से मुलाकात कर मेले के बारे में जानकारी जुटाई। लार कस्बे में जन्माष्टमी के अगले दिन गाजे बाजे के साथ सजीव झांकियां और डोल मेला निकलता है।

### छठवें दिन न्यायिक कार्य नहीं होने से निराश लौटे फरियादी

# वकीलों ने काम ठप कर परिसर में किया प्रदर्शन

देवरिया, निज संवाददाता। हापुड़ की घटना को लेकर छठवें दिन भी अधिवक्ता हड़ताल पर रहे। अधिवक्ताओं दीवानी, कलेक्ट्रेट तथा तहसीलों में पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। कई दिनों से न्यायिक कार्य का बहिष्कार करने से फरियादियों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है। जेल में बंद लोगों की जमानत नहीं होने से वह निकल नहीं पा रहे हैं।

जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्रा के नेतृत्व में अधिवक्ता बुधवार को छठवें दिन भी न्यायिक कार्य से विरत रहे। एकजुट होकर वक्ताओं ने परिसर में प्रदर्शन कर हापुड़ कांड के दोषी पुलिस अफसरों, कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही करने तथा वकीलों पर दर्ज मुकदमा वापस लेने की मांग की। इसमें संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव, सचिन अरुण कुमार उपाध्याय, पूर्व अध्यक्ष श्रीराम तिवारी, सिंहासन गिरी, सुभाष चंद्र राव, विद्यासागर मिश्र आदि शामिल रहे। कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश मिश्र, महासचिव ज्ञानेश्वर मिश्र के नेतृत्व में न्यायिक कार्य से विरत रह



बुधवार को सलेमपुर तहसील में न्यायिक कार्य से विरत रह प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

अधिवक्ताओं ने परिसर में प्रदर्शन किया। इसमें परशुराम मिश्र, अमिताभ मणि, गिरीश चन्द्र पाण्डेय, मनीष श्रीवास्तव, अखिलेश्वर शुक्ल आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

**तहसीलों में भी अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शनः** सभी तहसीलों में भी वकीलों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। सदर तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर जिम्मेदार अफसरों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि आये दिन वकीलों की हत्या व उन पर हमले हो रहे हैं।

रुद्रपुर संवाद के अनुसार यहां तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ब्रज विहारी पाण्डेय के नेतृत्व में बुधवार को परिसर में प्रदर्शन किया गया। भाटपाररानी संवाद के अनुसार यहां आंदोलन दौरान तहसील बार संघ के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, बृजेश कुमार श्रीवास्तव, धनंजय प्रताप मौर्य महामंत्री, चंद्रशेखर सिंह आदि ने हापुड घटना के विरोध में प्रदर्शन किया। सलेमपुर संवाद के अनुसार यहां बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद मिश्र के नेतृत्व में दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

# तीन नर्सिंगहोम पर की छापेमारी

सलेमपुर। एसडीएम सीमा पांडेय के नेतृत्व में बुधवार को नायब तहसीलदार भटनी गोपालजी एवं स्वास्थ्य अधीक्षक डॉ अतुल कुमार ने नगर में चल रहे अवैध नर्सिंगहोम व क्लीनिक पर छापेमारी की। जांच टीम एक नर्सिंगहोम पर पहुंची तो वहां के सभी कर्मचारी भाग गए। उसके बाद दूसरे क्लीनिक राजपूत कटरा पर प्रशासन पहुंचा तो कोई नहीं मिला।

एसडीएम समेत पूरी जांच टीम तहसील के पीछे भठवा धरमपुर में पहुंची। यहां एक रिटायर्ड स्टाफनर्स द्वारा क्लीनिक खोलकर क्लीनिक चलाई जा रही थी। छापेमारी की सूचना पर यहां के कर्मचारी भी फरार हो गए। वही मौजूद लोगों से एसडीएम व पुलिस ने बयान लेकर क्लीनिक से सर्जरी से सम्बंधित समान को बरामद कर लिया।

एसडीएम सीमा पांडेय ने बताया कि नगर में अवैध रूप से संचालित हो रहे क्लीनिक, नर्सिंगहोम व हॉस्पिटल के खिलाफ तीन स्थानों पर छापेमारी की गई है। दो हॉस्पिटल पर कोई कर्मचारी नही मिले हैं। वही एक रिटायर्ड स्टाफनर्स अपने मकान में क्लीनिक संचालित की थी।

# करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

भाटपाररानी। क्षेत्र के चनुकी टोला बाईपार में करंट की चपेट में आने से एक वृद्ध किसान की मौत हो गई। किसान की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

चनुकी टोला बाईपार निवासी निवासी 56 वर्षीय किसान अवधेश पांडेय (56) बुधवार की सुबह खेत की ओर गए थे। खेत से लौटने के बाद अपने दरवाजे पर लगे हैण्डपम्प से हाथ पैर धोने लगे। हैंडपम्प में मोटर लगा था। इसी बीच मोटर से विद्युत हैंडपम्प में उतर गया जिससे किसान करंट की चपेट में आकर जमीन पर गिर पड़े। आनन फानन में परिजन अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने मृतक घोषित कर दिया।

# रास्ते के लिए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

बरहज। बरहज विकास खण्ड के ग्राम कोटवा की मल्लाह टोली के ग्रामीणों ने रास्ते की मांग को लेकर बुधवार शाम को गांव में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना था कि रास्ते को लेकर प्रशासन गम्भीर नही है। मौके पर पहुंचे एसडीएम अवधेश निगम ने आश्वासन दिया तब ग्रामीण माने।

### गिरफ्तारी का विरोध करने पर हुई कार्रवाई, नामजदों में सात लेखपाल

# घूस लेने वाला कानूनगो गया जेल, 60 पर केस

**कलंक के खिलाफ**

**भाटपाररानी , हिन्दुस्तान संवाद।** भाटपाररानी तहसील में तैनात प्रभारी कानूनगो संतोष तिवारी के खिलाफ एंटी करप्शन ट्रैप टीम के प्रभारी निरीक्षक श्रीराम बहादुर पाल की तहरीर पर पुलिस ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम का केस दर्ज किया है। मंगलवार को एक वृद्ध की शिकायत पर एंटी करप्शन की टीम ने प्रभारी कानूनगो को तहसील में 15 हजार रुपये घूस लेते हुए रंग हाथों पकड़ा था। पूछताछ के बाद बुधवार को उसे जेल भेज दिया गया। कानूनगो की गिरफ्तारी का विरोध करने के मामले में भी सात नामजद लेखपाल समेत 60 के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। इनमें ज्यादातर कर्मचारी हैं।

भाटपाररानी तहसील में तैनात संतोष तिवारी अहिरौली बघेल न्याय पंचायत के प्रभारी राजस्व कानूनगो तथा ग्राम बलुआ अफगान के हल्का लेखपाल है। ग्राम आहिरौली बघेल निवासी गणेश सिंह ने कानूनगो पर धारा 24 के तहत जमीन की पैमाइश करने के लिए पैसा मांगने का आरोप लगाया था। वृद्ध अपने जमीन की पैमाइश के लिए करीब एक वर्ष से तहसील के चक्कर काट रहे थे। लेकिन पैमाइश के बदले कानूनगो द्वारा उनसे भारी भरकम पैसे की डिमांड की जा रही थी। जिससे थक हार कर गणेश सिंह ने एंटी करप्शन से सम्पर्क कर इसकी शिकायत की थी।

मंगलवार को एंटी करप्शन टीम भाटपाररानी तहसील पहुंच गई। योजना के अनुसार वृद्ध ने तहसील में कानूनगो को 15 हजार रुपये दिए। इस पर एंटी करप्शन की टीम ने रंगे हाथों पकड़ लिया। थानाध्यक्ष टीजे सिंह ने बताया कि एंटी करप्शन ट्रैप टीम के प्रभारी निरीक्षक रामबहादुर पाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ है।

## एंटी करप्शन टीम के साथ अभद्रता पर अन्य पर हुआ केस

घूस लेते हुए कानूनगो की गिरफ्तारी होने की सूचना पर मंगलवार को तहसील में पहुंच कर लेखपालों ने काफी हंगामा करते हुए विरोध किया था। इस मामले में एंटी करप्शन टीम के प्रभारी निरीक्षक राम बहादुर पाल की तहरीर पर सात नामजद लेखपालों समेत 50-60 अज्ञात पर केस दर्ज किया है। कार्रवाई के दौरान तहसील परिसर में मौजूद तहसील के करीब आधा दर्जन लेखपाल टीम से उलझ गए और अभद्रता करते हुए गाली-गलौज करने लगे।

# सोहनपुर में अर्धनग्न शव मिलने से सनसनी

भाटपाररानी/सुरौली, हिन्दुस्तान टीम। बनकटा थाना क्षेत्र के सोहनपुर बाजार से पश्चिम बुधवार की सुबह मझौली - मरवा मार्ग पर सड़क के किनारे एक संदिग्ध परिस्थितियों में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। वहीं सुरौली थाना क्षेत्र में कुर्ना नाले में एक युवक का शव मिला। उसकी भी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

बनकटा थाना क्षेत्र के सोहनपुर बाजार से मझौली - मैरवा मार्ग पर सड़क के किनारे एक 35 वर्षीय व्यक्ति का अर्धनग्न अवस्था में शव पड़ा था। किसी ने पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव के शिनाख्त में जुट गई। मृतक के शरीर पर सिर्फ अंडरवियर था। पूरे शरीर में धूल मिट्टी में लगा हुआ था। थानाध्यक्ष बनकटा मुकेश मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है शिनाख्त में पुलिस लगी है।

सुरौली संवाद के अनुसार थाना क्षेत्र के विंदवलिया पुल के पास कुर्ना नाले में बुधवार को एक युवक का शव मिला। कई दिनों के चलते शव की पहचान नहीं हो सकी। बुधवार को कुछ लोग कुर्ना नाले के विंदवलिया पुल के पास गये थे, उन्होंने आस-पास से तेज दुर्गंध आता दिख। पास गये तो एक युवक का शव नाले में पड़ा था। कई दिन होने के चलते शव खराब होने से पहचान में नहीं आ रहा था। युवक की उम्र लगभग 30-32 वर्ष लग रही थी। वह जिंस पहना हुआ था, लेकिन शरीर के उपर कोई कपड़ा नहीं था।

# एजेंट से लूट करने वाले चार बदमाश भेजे गए जेल

- सुरौली थाना क्षेत्र के फुलवरिया करन के रहने वाले हैं चारो बदमाश
- बदमाशों के पास से लूट के रुपए, टैबलेट व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद
- माइक्रो फाइनेंस कंपनी के एजेंट के साथ 4 सितंबर की रात हुई थी लूट

देवरिया, निज संवाददाता। एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी के एजेंट से बदमाशों द्वारा सोमवार की रात हुई लूट की घटना का बुधवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने बदमाशों को दबोचते हुए उनके पास से लूट के रुपए, टैबलेट के साथ ही घटना में प्रयुक्त बाईक भी बरामद कर ली। दबोचे गए चारो बदमाश सुरौली थाना क्षेत्र के फुलवरिया करन के रहने वाले हैं।

सदर कोतवाली में लूट का खुलासा करते सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि कुशीनगर जिले के निबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के सरवरिया उर्फ रामनगर के रहने वाले अभय तिवारी पुत्र वासीन्दु तिवारी देवरिया के भुजौली कॉलोनी में स्थित भारत फाइनेंस इन्क्लूजन लिमिटेड में ऐजेंट का काम करते हैं। सोमवार को अभय रुपए का कलेक्शन कर रात करीब आठ बजे बाइक से देवरिया लौट रहे थे। बेलडाड़ मोड़ के समीप चंदौली के पास दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने इन्हें रोक कर बैग में रखा दो लाख रुपया, टैबलेट लूट लिया। बदमाश उनकी बाइक भी लूटकर स्टार्ट नहीं होने से बाइक छोड़ कर फरार हो गए। एजेंट द्वारा रात में ही कोतवाली पुलिस को लूट की सूचना देने के बाद पुलिस सक्रिय हो गई। छापेमारी कर घटना को अंजाम देने वाले चारो बदमाशों को दबोच लिया। पुलिस ने उनके पास से 2 लाख 4 हजार रूपये, एजेंट का टैबलेट, दो बाइक, एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड, एक टैबलेट सैमसंग, एक चार्जर सैंमसंग, एक चार्जर रियल मी, एक बायोमैट्रीक मशीन, एक स्टेप्लर, एक कलेक्शन रजिस्टर व भारत फाईनेन्सर कम्पन्नी के कागजात, डाकुमेन्ट, एक अदद बैग बरामद किया। पकड़े गये बदमाशों की पहचान राहुल राजभर पुत्र गोबरी राजभर निवासी फुलवरिया करन, थाना सुरौली, विनय राजभर पुत्र द्वारिका राजभर निवासी फुलवरिया करन, थाना सुरौली, मैनुद्दीन अली पुत्र इसरायल अली, निवासी फुलवरिया करन, थाना सुरौली तथा अमन गुप्ता पुत्र रामसुमेर गुप्ता निवासी फुलवरिया करन थाना सुरौली, जिला देवरिया के रूप में हुई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में सदर कोतवाली के इंसपेक्टर दिनेश कुमार मिश्रा, उप निरीक्षक सतगुरु मिश्रा, संकल्प सिंह राठौर, हेड कांस्टेबल वर्मा प्रजापति, भारती, सुनील कुमार यादव, अजीत कुमार, राजकुमार शामिल रहे।

> "एक फाइनेंस कंपनी के एजेंट से सोमवार की रात लूट की वारदात हुई थी। पुलिस ने छापेमारी कर घटना में शामिल चारो बदमाशों को दबोच लिया। उनके पास से लूट के रुपए, टैबलेट बरामद हो गए हैं। बदमाशों के खिलाफ दर्ज मुकदमें के आधार पर बुधवार को उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।
> श्रीयश त्रिपाठी, सीओ सदर।

# कोतवाली गेट पर आपस में भिड़ीं दो महिलाएं

देवरिया। सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी दो महिलायें बुधवार की दोपहर करीब ढाई बजे सदर कोतवाली गेट के सामने सड़क पर पहुंची। अचानक एक महिला दूसरी महिला को पीटने लगी। पीटने वाली महिला अपने पति को प्रेमजाल में फंसाकर शोषण करने का आरोप लगाने लगी। दोनों महिलाओं एक दूसरे पर घूसा, थप्पड़ बरसाने लगी। कोतवाली गेट पर दो महिलाओं के आपस में मारपीट करने की सूचना मिलने पर महिला पुलिस कर्मी मौके पर पहुंची। उन्होंने दोनों महिलाओं को फटकार लगाकर विवाद शांत कराकर घर भेज दिया।

# पत्नी ने पति से की मारपीट, केस दर्ज

महुआडीह। महुआडीह थाना क्षेत्र के धनौती रजडीह गांव निवासी राजू चौरसिया ने अपने ही पत्नी पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस को दिए तहरीर में राजू ने कहा है कि एक अगस्त को जब गैस सिलेंडर भरवाने जा रहे थे, तभी उनकी पत्नी बिना किसी वजह गैस सिलेंडर भरवाने से मना कर दिया। इसको लेकर दोनों में कहा सुनी होने लगी। इस दौरान पत्नी ने लाठी, डंडे मारपीट सिर फोड़ दिया। पीड़ित के तहरीर पर पुलिस नेआरती देवी के खिलाफ केस दर्ज किया।

# रासुका की कार्रवाई को लिखा पत्र

देवरिया। सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने प्रमुख सचिव गृह को पत्र लिखकर गौरीबाजार थाना क्षेत्र के नगरौली में दलित अध्यापक परशुराम प्रसाद की हुई निर्मम हत्या के आरोपियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई करने की मांग की है। हत्याभियुक्तों द्वारा सांप्रदायिक सौहार्द भी बिगाड़ने की कोशिश की गई है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि जानकारी मिली है कि हत्यारोपियों ने दलित व्यक्ति की जमीन भी कब्जा की गई है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई कर उनकी संपत्तियों व अवैध रूप से बनाई गई संपत्तियों पर ध्वस्ती कारण किए जाने की भी मांग की है।

# महिला ने पति की प्रेमिका को कोतवाली गेट पर पीटा

जासं, देवरियाः सदर कोतवाली गेट बुधवार की दोपहर उस समय अखाड़ा हो गया, जब एक महिला ने अपने पति की प्रेमिका को देख लिया। चप्पल निकाल कर धुनाई शुरू कर दी। हालांकि तब तक दौड़ कर महिला दारोगा व सिपाही आ गईं। दोनों को हिरासत में लेकर कोतवाली के अंदर चली गईं।

बाद में दोनों महिलाओं ने आपस में सुलह कर लिया। शाम को दोनों को पुलिस ने छोड़ दिया। सदर कोतवाली के एक गांव का रहने वाला युवक का एक महिला से प्रेम संबंध चल रहा है। इसकी भनक उसकी पत्नी को लग गई और दोनों की तलाश करते हुए शहर में आ गई। बुधवार की दोपहर महिला अपने पति की प्रेमिका को कोतवाली गेट पर ही पकड़ ली और धुनाई शुरू कर दी। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी दिनेश मिश्र ने बताया कि दोनों को सुलह के बाद छोड़ दिया गया है।

## आरोपित गिरफ्तार

**रुद्रपुर :** किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपित राहुल कुमार को पुलिस ने बुधवार को गांव से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपित को जेल भेज दिया गया। (जासं)

## मारपीट में तीन घायल

**खुखुंदू :** क्षेत्र के बरडीहा लाला गांव में बच्चों के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। लोगों के बीच बचाव करने के बाद मामला शांत हो सका, लेकिन तब तक मारपीट में फुलमती देवी, बेटी किरन व सोनम घायल हो चुकी थीं। (जासं)

# दो सप्ताह पूर्व होमवर्क कर चुकी थी एनआइए की टीम

**भाटपाररानी व भलुअनी से एकत्र किया था नक्सल कनेक्शन का इनपुट, उमानगर में छापेमारी के लिए सोमवार की रात दोबारा पहुंची थी टीम**

जासं, देवरिया: नक्सल कनेक्शन की तलाश में मंगलवार को शहर के उमानगर मोहल्ले में छापामारी से पहले राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) की टीम दो सप्ताह पहले देवरिया आकर होमवर्क कर चुकी थी। भाटपाररानी व भलुअनी थाना क्षेत्र के दो गांवों में जाकर इनपुट एकत्र करने के बाद टीम लौट गई थी। टीम का दौरा इतना गोपनीय था कि स्थानीय पुलिस को भी भनक तक नहीं लग सकी।

सोमवार की रात टीम दोबारा यहां पहुंची और मंगलवार को उमानगर में जनमुक्ति मोर्चा के संयोजक राजेश चौहान के उमानगर स्थित आवास पर स्थानीय पुलिस को साथ लेकर छापा मारा। सूत्रों के अनुसार, टीम दोनों दिन सिंचाई विभाग के डाक बंगले में बिताया। शहर के कई मोहल्ले में जाकर रेकी की एवं नक्सली विचारधारा से प्रभावित लोगों के बारे में जानकारी इकट्ठा की। भाटपाररानी क्षेत्र नक्सली गतिविधियों को लेकर पहले चर्चित रहा है। राजेश चौहान के नक्सल कनेक्शन के आरोप को लेकर भलुअनी हाल में चर्चा में आया है। भलुअनी राजेश का पैतृक गांव है। एनआइए ने उमानगर में राजेश चौहान व उसकी पत्नी से नौ घंटे तक लंबी पूछताछ की। नक्सल साहित्य की तलाश में घर की सघन तलाशी की। एनआइए की छापेमारी की चर्चा बुधवार को भी रही।

# अध्यक्ष समेत छह नामजद व 60 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

- एंटी करप्शन टीम के साथ की थी अभद्रता, बढ़ी सख्ती
- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की छानबीन

जासं, भाटपाररानी: प्रभारी राजस्व निरीक्षक को गिरफ्तार करने के बाद एंटी करप्शन टीम के साथ राजस्व कर्मियों द्वारा की गई अभद्रता के मामले में पुलिस ने लेखपाल संघ के अध्यक्ष समेत छह नामजद व 60 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अब मामले की जांच शुरु कर दी है। एंटी करप्शन ट्रैप टीम के प्रभारी राम बहादुर पाल का कहना है कि प्रभारी राजस्व निरीक्षक संतोष तिवारी को गिरफ्तार करने के बाद टीम संबंधित पत्रावली की जांच करने के लिए संतोष तिवारी के कार्यालय पहुंची, जहां लेखपाल संघ के अध्यक्ष पीताम्बर सिंह, महामंत्री भोला यादव, राजेश यादव, मनीष शर्मा, हरेराम प्रसाद 60 अज्ञात लोगों के साथ पहुंचे और अभद्रता की। भाटपाररानी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक टीजे सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## प्रभारी राजस्व निरीक्षक को भेजा गया जेल, निलंबित

जासं, देवरिया: भूमि की पैमाइश करने के लिए 15 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार प्रभारी राजस्व निरीक्षक (प्रभारी कानूनगो) को एसडीएम अंगद यादव ने बुधवार को निलंबित कर दिया। उधर, पुलिस ने गोरखपुर स्थित भ्रष्टाचार निवारण न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपित को जेल भेज दिया।

मंगलवार को एंटी करप्शन गोरखपुर की टीम ने प्रभारी राजस्व निरीक्षक संतोष तिवारी को तहसील परिसर से ही 15 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ पकड़ लिया था। देर रात इस मामले में एंटी करप्शन की टीम ने भाटपाररानी में मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोपित को पुलिस को सौंप दिया। रात को पूछताछ करने के बाद बुधवार की सुबह पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश किया। उधर, मुकदमे की कापी मिलते ही एसडीएम भाटपाररानी ने प्रभारी राजस्व निरीक्षक को निलंबित कर दिया है। एसडीएम अंगद यादव ने बताया कि प्रभारी राजस्व निरीक्षक को निलंबित कर दिया गया है।

# आठ नामजद व 20 अज्ञात के विरुद्ध बलवा का मुकदमा

जासं, देवरिया: बरहज थाना के भैदवा चौराहे पर तीन दिन पहले हुए विवाद के मामले में पुलिस ने आठ नामजद व 20 अज्ञात के विरुद्ध बलवा समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है। बरहज थाना के पलिया गांव के रहने वाले सुरेंद्र सिंह की भैदवा चौराहे पर भूमि है। जिसके कुछ हिस्से में बैंक आफ बड़ौदा संचालित हो रहा है। शेष भूमि खाली पड़ी है। जिसकी बाउंड्री के लिए वहां ईंट रखी गई है। तीन दिन पहले रात को कुछ लोग भूमि पर बाउंड्री चलाने लगे। इसकी जानकारी होने पर सुरेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पुलिस पहुंची और जांच की। पुलिस के जाने के बाद भी आरोपितों ने धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने भैदवा गांव के राजू यादव, विनोद कुमार, राजेश, राजू, असीरकन, पंकज, किशन, मुंशी व 20 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।






## हर तरफ गूंजा, नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की....

धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, पुलिस लाइंस, नगर पालिका, जिला कारागार, थानों व मंदिरों में आयोजित हुए कार्यक्रम





### एसपी ने शहर में किया पैदल मार्च



# बाहर से आकर नेपाल सीमा पर क्यों बसे, पूछेगी पुलिस

सतीश पांडेय • गोरखपुर

- भारत में नेपाल सीमा से 10 किमी दायरे में बाहर से आकर बसे लोगों का जुटाया जा रहा ब्योरा
- निवास की अवधि, आय का स्रोत, आपराधिक रिकार्ड सहित 17 बिंदुओं पर ली जा रही जानकारी

### लोगों से पूछे जाने वाले प्रमुख सवाल

- किस देश/राज्य/जिले के रहने वाले हैं?
- नेपाल सीमा के पास बसने की क्या वजह है?
- कितने वर्ष से गांव या कस्बे में रहते हैं?
- राष्ट्रीयता किस देश की रखते हैं?
- मतदाता सूची में नाम/राशन कार्ड है या नहीं।
- परिवार की जीविका का आधार का क्या है?
- असामाजिक गतिविधि में शामिल नाम।
- वाहन हो तो उसका विवरण।
- जिसके घर में रहते हों तो उसका नाम क्या है?
- अपने देश/राज्य/जिले में कब आते-जाते हैं?



आपरेशन कवच के तहत सीमा क्षेत्र से सटे थाने की पुलिस, एलआइयू (लोकल इंटेलीजेंस यूनिट) 10 किमी की परिधि में स्थित हर गांव में चौपाल लगा रही है। भौगोलिक स्थिति का सत्यापन कराया जा रहा है। सीमा क्षेत्र में आकर बसे नए लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

**-अखिल कुमार**, एडीजी जोन/नोडल नेपाल सीमा सुरक्षा

नेपाल सीमा से सटे भारतीय क्षेत्र में बसने वाले दूसरे जिले, राज्य या नेपाल के लोगों का पुलिस ब्योरा जुटा रही है। 10 किमी दायरे में बसे लोगों से यहां बसने का कारण, निवास की अवधि, आय का स्रोत, आपराधिक रिकार्ड सहित 17 बिंदुओं पर जानकारी जुटाई जा रही है। यहां आने के बाद ये लोग क्या करते हैं, किससे मिलते-हैं, क्या व्यवसाय है, परिवारीजन के मोबाइल नंबर के साथ रिपोर्ट शासन को भेजी जानी है। आपरेशन कवच के तहत चल रही इस कवायद का उद्देश्य सीमा क्षेत्र में देशविरोधी तत्वों की पहचान कर उन पर अंकुश लगाना है।

नेपाल की 570 किलोमीटर सीमा उत्तर प्रदेश से लगती है। नेपाल से सटी महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी और पीलीभीत जिले की सीमा को सुरक्षा के लिहाज अतिसंवेदनशील माना जाता है। पिछले दिनों खुफिया एजेंसियों ने 10 साल के भीतर नेपाल सीमा के पास बने 250 से अधिक मदरसों का सत्यापन कराया। पता चला कि अधिकांश मदरसे न केवल बाहरी लोगों की मदद से बने हैं बल्कि बड़ी संख्या में बाहरी लोग यहां आकर बसे भी हैं। इसमें से कई के पास भारत व नेपाल दोनों की नागरिकता है। सीमा क्षेत्र की बदलती डेमोग्राफी सहित तस्करी, घुसपैठ व देशविरोधी तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए गृह मंत्रालय के निर्देश के बाद आपरेशन कवच चलाया जा रहा है।

इसके तहत नेपाल सीमा से सटे 10 किलोमीटर की परिधि में स्थित गांव और कस्बे में स्थानीय थाना, एलआइयू (लोकल इंटेलीजेंस यूनिट) की टीम चौपाल लगा रही है। प्रधान, चौकीदार के साथ भौगोलिक स्थिति का आकलन कर हाल के दिनों में नेपाल, उत्तर प्रदेश के दूसरे जिले और राज्य से आकर बसे लोगों का विवरण जुटाया जा रहा है। इन लोगों में जिनकी गतिविधि संदिग्ध होगी उनकी पुलिस के अलावा खुफिया एजेंसी व एसएसबी निगरानी करेगी।

# मधवापुर पुल से दो पशु तस्कर गिरफ्तार

देवरिया। बरियारपुर पुलिस ने मंगलवार देर रात मधवापुर पुल के पास घेराबंदी कर बिहार ले जाए जा रहे पशुओं से लदी पिकअप को पकड़ा। मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया और पिकअप को जब्त कर लिया है। वहीं पशुओं को मुक्त कराकर स्थानीय गोशाला भेजा गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान लालजी सिंह गोपालपुर थाना भोरे जिला गोपालगंज और इम्तियाज अंसारी बैदजपुर थाना भोरे जिला गोपालगंज बिहार के रूप में हुई। बरियारपुर थाने के एसएसआई धर्मेंद्र मिश्र मंगलवार को हमराहियों के साथ गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एक पिकअप में पशुओं को लादकर तस्कर बिहार ले जाने के फिराक में हैं। पुलिस ने मधवापुर पुल के पास टैक्टर-ट्रॉली लगाकर घेराबंदी की। कुछ देर में एक पिकअप आती दिखी। पुलिस के सक्रिय होने पर आरोपी भागने लगे। बाद में पुलिस ने उन्हें घेर कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जेल भेज दिया। आरोपियों के पास से बरामद हुई एक पिकअप को पुलिस ने सीज कर दिया। एसओ दिग्विजय सिंह ने बताया कि पशु तस्करी में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेजा गया है। संवाद

# बिहार भेजे जा रहे छह गोवंश बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**जासं, भाटपाररानी:** पिकअप से बिहार भेजे जा रहे छह गोवंश को पुलिस ने दनऊर गांव के समीप से मंगलवार की रात पकड़ लिया। साथ ही दो तस्करों को भी गिरफ्तार कर लिया।

मंगलवार की रात को लगभग 10 बजे पुलिस को सूचना मिली कि पिकअप से गोवंश को बिहार लेकर तस्कर जा रहे हैं। हरकत में आई पुलिस दनऊर गांव के समीप जांच करना शुरू की। इस बीच एक पिकअप तेजी से आते हुए दिखी। पुलिस ने उसे रोक लिया और पिकअप की तलाशी ली तो उसमें से छह गोवंश बरामद किए गए। पुलिस ने तस्करों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। जिसमें खामपार के सवरेजी गांव का इम्तियाज अंसारी व खुर्शीद शामिल हैं।

# शिक्षक की हत्या करने वालों के विरुद्ध हो एनएसए की कार्रवाई

देवरिया: गौरीबाजार क्षेत्र के नगरौली गांव में चारपाई हटाने के विवाद में शिक्षक परशुराम प्रसाद की धारदार हथियार से हत्या करने के मामले में आरोपितों के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई करने को लेकर सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने त्रिपाठी ने प्रमुख सचिव गृह को पत्र भेजा है। उन्होंने पत्र भेद में कहा है कि आरोपित शिक्षक की हत्या कर क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द खराब करने की कोशिश की है।

विधायक ने प्रमुख सचिव को भेजे गए पत्र में कहा है कि हत्यारोपितों ने दलितों की भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा कर मकान बना लिया है। उनकी अराजकता से गांव के दलित वर्ग के लोग डरे व सहमे हुए हैं।

विधायक ने मांग किया है कि हत्यारोपितों की संपत्ति जप्त कर अवैध रूप से बनाई गई संपत्तियों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाए तथा अराजकतत्वों के हाथों से दलित परिवारों की कब्जा की हुई भूमि को मुक्त कराया जाए।


बैंक ऑफ बड़ौदा
Bank of Baroda

**शुद्धि पत्र**

दिनांक 05.08.2023 को "दैनिक जागरण" में प्रकाशित चल संपत्ति बिक्री सूचना में क्रम संख्या 3 (श्री अखंड प्रताप सिंह) के वाहन पंजीकरण संख्या त्रुटि वस UP53DE2616 छप गया है जिसे पंजीकरण संख्या UP53DE2618 पढ़ा जाये और क्रम संख्या 2 (श्री राजेश यादव) का चल संपत्ति बिक्री सूचना को रद्द किया जा रहा है अन्य विवरण पूर्ववत रहेंगे।

प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

मुँह में छाले? छालों में जलन?
तम्बाकू व पान से होने वाली मुंह की तकलीफों में भी आराम!
बोरीन+ टेबलेट लोशन व जेल
च्यूंबल टेबलेट


Available at TATA 1mg
मो.: 8601841515

# 2.24 लाख रुपये की लूट के मामले में चार गिरफ्तार

- बाइक नंबर के सहारे बदमाशों तक पहुंची पुलिस
- लूट की रकम व घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद

**जासं, देवरिया:** सदर कोतवाली के चंदौली गांव के समीप हुई लूट का पुलिस ने बुधवार को पर्दाफाश कर दिया। घटना में शामिल चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। लूट की रकम व घटना में प्रयुक्त बाइक को भी पुलिस ने बरामद किया है।

कुशीनगर जनपद नेबुआ नौरंगिया थाना के सगरिया गांव के रहने वाले अभय त्रिपाठी एक माइक्रो फाइनेंस कंपनी में कार्य करते हैं। सोमवार को परसिया अहीर, बिशुनपुरा, फुलवरिया लच्छी, फुलवरिया करन समेत विभिन्न गांवों में समूह की महिलाओं से वसूली करने के लिए गए थे। लौटते समय बदमाशों ने मारपीट कर 2.24 लाख रुपये लूट कर फरार हो गए। मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी कोतवाली पुलिस को अहम सुराग तब लग गया, जब बाइक का नंबर पुलिस को मिल गया। इसी के सहारे बदमाशों तक पुलिस पहुंच गई। साथ ही घटना में सभी शामिल चार बदमाशों को दबोच लिया। जिसमें



पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए लूट के आरोपित • जागरण

राहुल राजभर, विनय राजभर, मैनुद्दीन अली, अमन गुप्ता निवासीगण फुलवरिया करन थाना सुरौली शामिल हैं। तलाशी के दौरान इनके पास से लूट के 2.04 लाख रुपये बरामद किए गए। सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि घटना का पर्दाफाश कर दिया गया है। बाइक व लूट की रकम बरामद करने के साथ ही चार बदमाश पकड़ गए हैं, उन्हें जेल भेज दिया गया है।

**राहुल है गिरोह का मास्टर माइंड :** अभय त्रिपाठी प्रत्येक सोमवार को फुलवरिया करन में समूह की महिलाओं से वसूली करने के साथ ही बैठक करते थे। इसकी जानकारी राहुल को हुई तो वह गांव के युवकों के साथ मिलकर लूट की पूरी योजना बना दी। इसमें उसने तीन अन्य सहयोगियों के साथ घटना को अंजाम दे दिया।

## तीन गोवंश बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**करौंदी बाजार:** बिहार भेजे जा रहे तीन गोवंश को पुलिस ने मंगलवार की रात बरामद कर लिया। साथ ही दो तस्करों को भी मौके से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बरियारपुर थाने के मथवापुर के समीप से पुलिस ने जांच के दौरान एक पिकअप से तीन गोवंश बरामद किया। साथ ही पिकअप में सवार तस्कर गोपालपुर के रहने वाले लालजी सिंह व इम्तियाज अंसारी निवासी बैदअपुर थाना भोरे जिला गोपालगंज को गिरफ्तार किया गया है।

# हापुड़ की घटना के विरोध में अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**जासं, देवरिया:** हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुई लाठीचार्ज की घटना के विरोध में चल रहा अधिवक्ताओं का आंदोलन बुधवार को भी जारी रहा। अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य ठप कर प्रदर्शन किया। लगातार आठ दिनों से न्यायिक कार्य न होने के चलते वादकारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्र, कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश


दीवानी कचहरी गेट पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता • जागरण

मिश्र, दी सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने अलग-अलग बैठक की और सरकार विरोधी नारे भी लगाए। अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक लाठीचार्ज करने वाले आरोपितों पर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक अधिवक्ता शांत नहीं होंगे। वादकारियों को हर दिन नुकसान हो रहा है। फिर भी कार्रवाई नहीं हो रही है। इस दौरान अरुण कुमार उपाध्याय, सुभाष चंद, अरविंद साहनी, शिवकुमार मणि, अजय उपाध्याय आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। सदर तहसील में भी अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान अजय अरविंद गुप्ता, अभय कुमार श्रीवास्तव, प्रमोद मणि, अजय दुबे मौजूद रहे।

# निजी आवास में चल रहा था अवैध अस्पताल, मिलीं सरकारी दवाएं

## सेवानिवृत्त एएनएम के आवास पर एसडीएम ने की छापेमारी

- संचालिका के विरुद्ध कार्रवाई करने का एसडीएम ने दिया निर्देश
- दो अन्य नर्सिंग होम की भी हुई जांच, मची रही खलबली

जासं, सलेमपुर: उपनगर के भठवा धर्मपुर में सीएचसी से सटे सेवानिवृत्त एएनएम के आवास में अवैध रूप से अस्पताल संचालित होने की सूचना पर एसडीएम सीमा पांडेय ने बुधवार को छापेमारी की। इस दौरान बड़ी संख्या में मरीज व सरकारी अस्पताल को आपूर्ति की गई दवाएं भी मिलीं। अस्पताल संचालिका पर कार्रवाई करने का एसडीएम ने निर्देश दिया। वहीं दो अन्य नर्सिंग होम की भी एसडीएम ने जांच की। वह अभिलेख नहीं दिखा सके।

एसडीएम सीमा पांडेय, नायब तहसीलदार गोपाल, सीएचसी अधीक्षक डा. अतुल कुमार ने संयुक्त रूप से भठवा धर्मपुर में अवैध रूप से सेवानिवृत्त एएनएम के घर में अस्पताल संचालित होने की सूचना पर छापेमारी की। सेवानिवृत्त एएनएम उर्मिला तथा 10 की संख्या में महिलाएं मिलीं।

पूछने पर अधिकांश महिलाओं ने उपचार कराने आने की बात स्वीकार की। इस दौरान सरकारी अस्पताल की दवाएं भी मिलीं। कई मरीजों की पर्ची पर अस्पताल के समीप बिना लाइसेंस के संचालित हो रहे मेडिकल स्टोर की दवाएं लिखी गई थीं। आवासीय मकान होने के चलते उस अस्पताल को सीज नहीं किया गया।



छापेमारी के दौरान महिलाओं से पूछताछ करतीं एसडीएम सीमा पांडेय • जागरण



छापेमारी के दौरान बेड पर अवैध रूप से रखी गईं सरकारी दवाएं • जागरण

इसके बाद राजपूत कटरा में अवैध रूप से संचालित हो रहे दो नर्सिंग होम की भी जांच की। उनके पहुंचने से पहले ही मरीज निकाल दिए गए। अस्पताल कर्मियों से एसडीएम ने कागजात मांगा, लेकिन किसी ने भी कागजात नहीं दिखा। दोनों अस्पताल संचालकों को एसडीएम ने नोटिस देने का निर्देश दिया है। एसडीएम ने बताया कि छापेमारी की गई है। कार्रवाई करने के लिए अधीक्षक को निर्देश दिया गया है।

# लेखपाल संघ के अध्यक्ष समेत छह पर केस

## एंटी करप्शन टीम का विरोध पड़ा महंगा

संवाद न्यूज एजेंसी

भाटपाररानी। एंटी करप्शन टीम के कार्यों का मंगलवार को विरोध करना तहसील के लेखपालों को महंगा पड़ गया। एंटी करप्शन के निरीक्षक की तहरीर पर तहसील लेखपाल संघ अध्यक्ष व महामंत्री सहित छह लेखपालों तथा पांच दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस ने कार्य में व्यवधान डालने सहित विभिन्न धारा में केस दर्ज हुआ है।

पुलिस को दी तहरीर में एंटी करप्शन ट्रैप टीम के प्रभारी राम बहादुर पाल ने कहा है कि वह एक शिकायत के मामले में टीम के साथ भाटपाररानी तहसील के लेखपाल संतोष तिवारी को शिकायतकर्ता गणेश सिंह की शिकायत पर पकड़े। इसके बाद आरोपी के कार्यालय तहसील पहुंचे तो वहां परिसर में मौजूद लेखपाल संघ के अध्यक्ष पीतांबर सिंह, महामंत्री भोला यादव, राजेश यादव, मनीष शर्मा, हरे राम प्रसाद व 50-60 अज्ञात लोग आए और ट्रैप टीम प्रभारी व टीम के साथ अभद्रता, गाली, गलौज करते हुए कार्रवाई का विरोध किए और कार्य में अवरोध उत्पन्न किए।

इसके कारण आरोपी संतोष तिवारी के कार्यालय से संबंधित धारा 24 की पत्रावली बरामद नहीं हो सकी। निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। इंस्पेक्टर तेज जगन्नाथ सिंह ने बताया कि एंट्री करप्शन ट्रेप टीम के निरीक्षक की तहरीर पर छह नामजद लेखपालों व पांच दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## राजस्व निरीक्षक को पुलिस ने भेजा एंटी करप्शन न्यायालय

भाटपाररानी। मंगलवार को तहसील परिसर से घूस लेते एंटी करप्शन टीम के पकड़े गए राजस्व निरीक्षक संतोष तिवारी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने बुधवार की सुबह एंटी करप्शन न्यायालय गोरखपुर भेज दिया। राजस्व निरीक्षक ने पैमाइश के बदले पंद्रह हजार रुपये की मांग की थी। शिकायतकर्ता ने एंटी करप्शन यूनिट लखनऊ से शिकायत की थी। इसके बाद एंटी करप्शन ने गोरखपुर की टीम सक्रिय हुई। थाना क्षेत्र के अहिरौली बघेल बीचपट्टी निवासी गणेश सिंह ने शिकायत की थी। इसके बाद 17 सदस्य टीम मंगलवार एक बजे तहसील परिसर में फैल गई और शिकायकर्ता को राजस्व निरीक्षक के पास भेजा। शिकायतकर्ता लेखपाल के रूम में पहुंचा और राजस्व निरीक्षक को पंद्रह हजार रुपये पकड़ा दिए। इसी बीच आसपास खड़े एंटीकरप्शन टीम के सदस्यों ने पंद्रह हजार रुपये के साथ उन्हें पकड़ लिया। संवाद

# छह गोवंश बरामद, तीन पशु तस्कर गिरफ्तार

भाटपाररानी। थाना क्षेत्र के ग्राम दनउर टोला उसरहवा के पास से मंगलवार की रात एक पिकअप में लदे छह गोवंशीय को पुलिस ने बरामद किया। जबकि तीन तस्कर गिरफ्तार किए गए। बुधवार को पशु तस्करों को पशु क्रूरता एवं गोवध अधिनियम के तहत जेल भेज दिया गया तथा गोवंशीय को शेल्टर हाउस में भिजवा दिया गया।

पकड़े गए तस्करों की पहचान इम्तियाज अंसारी, खुर्शेद निवासी सवरेजी दक्षिण टोला, थाना खामपार तथा कमल हाशमी निवासी भवानी छापर थाना खामपार के रूप में हुई है। रात में उसरहवा टोला के पास नदी के किनारे स्थित बगीचे में तस्कर, पशुओं को बिहार ले जाने के लिए एक पिकअप में लाद रहे थे। सूचना पर पुलिस पहुंची तो कुछ तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। जबकि तीन तस्करों को सुरक्षा कर्मियों ने पकड़ लिया। संवाद

# शराब की दुकानों पर छापा

देवरिया। विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी इंस्पेक्टर सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर बुधवार को तरकुलवा व बघौचघाट थानाक्षेत्र के विभिन्न चौराहों पर शराब की दुकानों पर छापा मारा गया।

आबकारी इंस्पेक्टर को शराब की सरकारी दुकानों पर गड़बड़ी होने की शिकायत मिल रही थी। उन्होंने बताया कि तरकुलवा थानाक्षेत्र के तरकुलवा, रामपुर खास, कंचनपुर और बघौचघाट थानाक्षेत्र के केडी चौराहा और पकहा स्थित लाइसेंसी शराब की दुकानों पर छापा मारा गया। हालांकि, इस दौरान कोई गड़बड़ी नहीं मिली। शराब विक्रेताओं को दुकान पर साफ-सफाई रखने और प्रिंट मूल्य पर शराब बेचने का निर्देश दिया गया। संवाद

# रिटायर्ड एएनएम के घर चल रहा था अवैध अस्पताल, एसडीएम ने मारा छापा

## ऑपरेशन के उपकरण समेत भारी मात्रा में सरकारी दवाएं मिलीं, सीएचसी प्रभारी को कार्रवाई के निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। सरकारी हॉस्पिटल के पीछे स्थित एक रिटायर्ड एएनएम के घर बुधवार को एसडीएम सीमा पांडेय ने नायब तहसीलदार गोपाल जी व सीएचसी प्रभारी के साथ छापा मारा। घर के अंदर एक कमरे में बड़ी संख्या में ऑपरेशन के उपकरण समेत सरकारी दवाएं मिलीं।



मरीज और आशाओं से पूछताछ करतीं एसडीएम सीमा पांडेय। संवाद

एसडीएम की जांच में रिटायर्ड एएनएम के घर अवैध रूप से हॉस्पिटल भी संचालित होता मिला। इसमें सीएचसी की कुछ आशा कार्यकर्ता भी मौजूद थीं। जिसपर नाराजगी जाहिर करते हुए एसडीएम ने उपकरण और दवाएं जब्त करते हुए सीएचसी प्रभारी को आशाओं के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अलावा टीम ने नगर के दो निजी चिकित्सालयों की जांच की, जहां संचालक कागजात नहीं दिखा सके। नाराजगी जाहिर करते हुए एसडीएम ने सीएचसी प्रभारी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

इसको लेकर अवैध रूप हॉस्पिटल और पैथलोजी सेंटरों में अफरातफरी है। डीएम अखंड प्रताप सिंह के निर्देश पर बुधवार को एसडीएम सीमा पांडेय ने सरकारी हॉस्पिटल के पीछे सीएचसी से छह माह पूर्व रिटायर हुई एएनएम उर्मिला राय के घर नायब तहसीलदार गोपालजी व सीएचसी प्रभारी डॉ. अतुल कुमार के साथ पहुंचीं। घर के अंदर आधा दर्जन से अधिक महिलाएं हाथ में पर्चा व अल्ट्रासाउंड का रिपोर्ट लेकर बैठी थीं। सामने रखी मेज पर सरकारी दवा व ऑपरेशन के कुछ उपकरण बरामद किए गए। जब एसडीएम ने महिलाओं से बैठने का कारण पूछा तो पता चला कि इलाज के लिए सभी महिलाएं घर में बैठी हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने सीएचसी प्रभारी को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने नगर के राजपूत कटरा स्थित एक निजी चिकित्सालय व जमुना स्थित मां अंबे हॉस्पिटल का जायजा लिया, लेकिन दोनों अस्पताल के संचालक कागज नहीं दिखा सके।

नाराजगी जाहिर करते हुए एसडीएम ने नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। एसडीएम सीमा पांडेय ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर झोलाछाप, अवैध अस्पतालों, अल्ट्रासाउंड केंद्र व पैथोलॉजी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# फाइनेंस कंपनी के सेल्स मैनेजर से लूट के चार आरोपी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। सदर कोतवाली के कठिनइया-बेलडाड़ मार्ग पर सोमवार की रात भारत फाइनेंस इंक्यूजन के सेल्स मैनेजर के साथ 2.24 लाख रुपये की लूट की घटना का पुलिस ने बुधवार को खुलासा कर दिया है। पुलिस ने घटना में शामिल चार आरोपियों को पुलिस ने लूट के रुपये के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

कुशीनगर जनपद के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के सिरवलिया उर्फ रामनगर निवासी अभय तिवारी भुजौली कालोनी स्थित भारत फाइनेंस इंक्यूजन लिमिटेड में सेल्स मैनेजर के पद पर काम करते हैं। रात में वह फुलवरिया करन गांव से कलेक्शन कर बैग में 2.24 लाख रुपये लेकर आ रहे थे। सदर कोतवाली के चंदौली गांव के पास दो बाइक पर सवार छह-सात की संख्या में युवक आए युवकों ने उनसे रुपये लूट लिए और फरार हो गए थे। घटना के बाद पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया तो अहम सुराग मिले। बुधवार की दोपहर में कोतवाली पुलिस ने घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस की पकड़ में आए आरोपियों की पहचान सदर कोतवाली के फुलवरिया करन गांव निवासी रंजित राजभर विनय राजभर, मैनुद्दीन अली, अमन गुप्ता के रूप में हुई है। इनके पास से पुलिस ने 2.04 लाख रुपये नकद और लैपटॉप सहित अन्य सामान व घटना में प्रयुक्त दोनों बाइकों को बरामद कर लिया है।

## पुलिस ने लूट के रुपये भी किए बरामद

*लूट की घटना का खुलासा कर दिया गया है। चार बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया था। इनके पास के लूट का रुपये भी बरामद कर लिया गया है।* – **श्रीयश त्रिपाठी, सीओ सदर**



# अराजकतत्वों पर कार्रवाई के निर्देश

## पुलिस अधीक्षक ने तरकुलवा मेले का किया निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बुधवार देर शाम तरकुलवा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मेले का मुआयना किया। उन्होंने बंजरिया मोड़ से लेकर जमुनी पुल तक बने पंडाल का निरीक्षण किया।

उन्होंने पुलिस कर्मियों को निर्देश दिया कि मेले में किसी भी तरह की गुंडागर्दी व अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कहीं से कोई उपद्रव की सूचना मिली तो तत्काल कार्रवाई करें और मौके पर पहुंच कर शांति व्यवस्था सुनिश्चित करें।

यदि कहीं मनचले दिखें तो तत्काल उनको हवालात में डालें, जिससे मेले की पवित्रता बनी रहे। उनके साथ सीओ सदर श्रीयांश त्रिपाठी रहे।

# चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

सलेमपुर। भटनी नगर के आदर्श चौराहे से बुधवार को पुलिस ने एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी बिहार प्रांत का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस उसका आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है। भटनी थाने के एसआई अंकित सिंह बुधवार को नगर में गश्त कर रहे थे। तभी आदर्श चौराहे पर एक युवक संदिग्ध दिखाई दिया। बुलाने पर युवक भागने लगा। सिपाहियों ने दौड़ाकर पकड़ा, तलाशी लेने पर उसके पास से चाकू मिला। संवाद

# घर से लापता हुई किशोरी, युवक पर अपहरण का केस

सलेमपुर। भटनी क्षेत्र के एक गांव से एक किशोरी अचानक लापता हो गई। शिकायत पर पुलिस ने बुधवार को गांव के ही एक युवक व उसके परिजनों पर अपहरण, मारपीट आदि का केस दर्ज किया है। भटनी थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की रात एक किशोरी भोजन के बाद कमरे में सोने चली गई। रविवार सुबह परिजन उसे जगाने पहुंचे तो वह लापता थी। पूछताछ में लोगों ने गांव के ही एक युवक पर गायब करने का अंदेशा जताया। संवाद

# मजदूरी करने आईं युवतियों से छेड़खानी, केस दर्ज

सलेमपुर। भटनी-वाराणसी रेल खंड पर मजदूरी करने आईं युवतियों के साथ अज्ञात युवकों ने चाकू के बल पर अश्लील हरकत की। शोर मचाने पर अन्य मजदूरों को आते देख आरोपी फरार हो गए। शिकायत पर बुधवार को पुलिस ने तीन अज्ञात युवकों के विरुद्ध छेड़छाड़, मारपीट व अन्य धाराओं में केस दर्ज किया। भटनी-वाराणसी रेल खंड पर दोहरीकरण व भटनी बाईपास रेल लाइन का काम चल रहा है, जहां सोनभद्र जिले से महिला व पुरुष मजदूरी करने आए हैं। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-07-09-2023

# पशुओं से भरा ट्रक बरामद, चार तस्कर गिरफ्तार

**पडरौना।** पडरौना कोतवाली के कठकुइया मोड़ से कोतवाली पुलिस ने ट्रक से 20 प्रतिबंधित पशुओं को बरामद किया है। पुलिस ने इनके साथ पकड़े गए चार पशु तस्करों को गिरफ्तार कर जिल भेज दिया है।

कोतवाल पडरौना राज प्रकाश सिंह को सूचना मिली थी कि एक ट्रक पर प्रतिबंधित पशुओं को लादकर एक ट्रक पशु तस्करी के लिए बिहार ले जाया जा रहा है। कोतवाल के नेतृत्व में चौकी इंचार्ज शनि कुमार जावला व पुलिस टीम कठकुइया मोड़ पहुंची और ट्रक का इंतजार करने लगे। कुछ देर में ट्रे आते दिखा, जिसे बैरिकेडिंग लगाकर पुलिस ने रोक लिया। पुलिस ने ट्रक से 20 राशि प्रतिबंधित पशुओं को मुक्त कराया। चार पशु तस्करों को गिरफ्तार किया। चौकी इंचार्ज शनि कुमार जावला की तहरीर पर पुलिस ने पकड़े गए तस्कर नीरज कुमार निवासी मरौन्दा मझवारा थाना सफीपुर जनपद उन्नाव, इमामुल हक निवासी बसहिया बनवीरपुर कोतवाली पडरौना, सुभाष निषाद निवासी परियरपुर थाना सफीपुर जनपद उन्नाव व फिरोज अहमद निवासी बसहिया बनवीरपुर कोतवाली पडरौना के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। टीम में सिपाही गिरीश कुमार व अमरजीत यादव आदि शामिल रहे।

# अवैध शराब नष्ट

पडरौना। नेबुआ नौरंगिया थाने की पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत वर्ष 2016 से 2021 तक 206 मुकदमों में बरामद कुल 4765 लीटर देशी व कच्ची शराब को नष्ट किया। नष्ट की गयी शराब की कुल कीमत 4.10 लाख रुपये बतायी गयी है। एसपी धवल जायसवाल के निर्देश सीओ खड्डा संदीप वर्मा, एपीओ राजेश पाण्डेय जेएम, लिपिक संदीप कुमार गुप्ता, एसएचओ अतुल कुमार श्रीवास्त्व ने थाना परिसर में जेसीबी से गड्ढा खोदवा कर 206 मुकदमें में बरामद कुल 4765 लीटर अवैध शराब को नष्ट कराया।

# दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार

पडरौना। पडरौना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजप्रकाश सिंह, दरोगा विवेक तिवारी, सिपाही परमेश्वर विश्वकर्मा व प्रमोद यादव ने दहेज हत्या के मुकदमें में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त रामचन्द्र यादव निवासी सिसहन कोठिलवा चिरइहवा कोतवाली पडरौना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# युवती को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

खड्डा। खड्डा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती को शादी का झांसा देकर भगाने के मामले में पुलिस ने फरार युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। खड्डा क्षेत्र के ग्राम बंधु छपरा निवासी आजाद गांव के एक लड़की को शादी का झांसा देकर 5 अगस्त को भगा ले गया था। इसकी जानकारी होने पर परिजनों ने तहरीर थाने में दी। इंस्पेक्टर आशुतोष सिंह, एसआई शर्मा सिंह यादव, हेड कांस्टेबल विरेन्द्र यादव ने भुजौली चौराहे से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# अपहरण के मुकदमे का आरोपित गिरफ्तार

पडरौना। खड्डा थाने के प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह, दरोगा शर्मा सिंह यादव व सिपाही विरेन्द्र यादव ने अपहरण के मुकदमें में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने भुजौली चौराहे के पास से वांछित चल रहे अभियुक्त आजाद निवासी बंधु छपरा थाना खड्डा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# तमकुहीराज पुलिस ने चार वारंटी दबोचे

पडरौना। तमकुहीराज थाने के प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार राय, दरोगा सतीश कुमार, सिपाही उमेश यादव व अविनाश प्रजापति की टीम ने चार वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चन्द्रिका, नन्दू, रामदेव व नरसिंह निवासीगण बनवरिया थाना तमकुहीराज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# पांच वारंटी गिरफ्तार

पडरौना। नेबुआ नौरंगिया थाने के प्रभारी निरीक्षक अतुल श्रीवास्तव, दरोगा कपिलदेव सिंह, सिपाही रामानन्द चौहान, बुद्धिसागर यादव व प्रेमनारायण यादव की टीम ने दो वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रामप्रीत निवासी सिरसिया वीरभान व रविलाल निवासी खानूछपरा के अलावा पुलिस ने गामा, बस्ती व द्वारिका निवासीगण रायपुर खास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# एसपी ने अपने मातहतों को दिए सख्त निर्देश

- बैठक में अपराधों पर हर हाल में अंकुश लगाने का आदेश
- पुलिस लाइन सभागार में मासिक समीक्षा बैठक

पडरौना, निज संवाददाता। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल ने बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में मासिक अपराध समीक्षा बैठक की। इसमें अपराधों की समीक्षा व रोकथाम के लिए सख्त निर्देश दिया।

एसपी ने लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण करने, नये गैंगेस्टर एक्ट तथा गैंगेस्टर एक्ट में धारा 14(1) की कार्रवाई करने, नये एचएस खोलने, आपरेशन कन्विक्शन की समीक्षा, आपरेशन त्रिनेत्र, आपरेशन ब्रमास्त्र की समीक्षा, अभियान अवैध व जहरीली शराब की समीक्षा, एन्टिरोमियों में कार्रवाई की समीक्षा,जनसुनवाई की समीक्षा, आईजीआरएस की समीक्षा, माल निस्तारण की समीक्षा, न्यायालय में आरोप पत्र/अन्तिम रिपोर्ट दाखिल करने की समीक्षा, निरोधात्मक कार्रवाई की समीक्षा कर त्वरित निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने गंभीर अपराधों पर पूर्णतया अंकुश लगाने तथा आपराधिक घटना की सूचना पर घटना स्थल पर तत्काल पहुंचकर कार्रवाई तथा आम जनता से अच्छा व्यवहार, जनप्रतिनिधियों का सम्मान तथा मीडिया के लोगों से अच्छा सम्बन्ध बना कर रखने के निर्देश दिये। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक रितेश सिंह, सीओ कुंदन सिंह, जीतेंद्र सिंह कालरा, उमेश चंद्र भट्ट, संदीप वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक रूपेश,पीआरओ भूपेंद्र दुबे, महेंद्र प्रजापति, सुशील शुक्ला, अर्जुन यादव, राघवेंद्र आदि उपस्थित रहे।



पुलिस लाइन में मासिक समीक्षा बैठक में संबोधित करते एसपी धवल जायसवाल।

## आईजीआरएस निस्तारण में कुशीनगर नवम्बर वन

पडरौना। कुशीनगर पुलिस पूरे प्रदेश में आईजीआरएस निस्तारण में नम्बर वन बनी है। जिले की पुलिस को 115 अंकों में सर्वाधिक 100 अंक प्राप्त हुआ है। वहीं एसपी कार्यालय स्तर पर लक्ष्य के सापेक्ष अधिक मामलों की फीडिंग किया गया है।

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल ने जिले के सभी पुलिस कर्मियों को बेहतर कार्य के लिए बधाई व शुभकामनाएं देते हुये बताया कि पुलिस कर्मियों के सहयोग व मदद से जनपद की पुलिस आईजीआरएस निस्तारण में पूरे प्रदेश में नम्बर वन बनी है, जो गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि पिछले अगस्त महीने में शासन स्तर पर जिले को 350 मामलों को मार्किंग की गई थी। उसे निर्धारित समय पर बेहतर तरीके से निस्तारण कर रिपोर्टिंग की गई है।

# प्रतिबंधित पशुओं से लदी गाड़ी पकड़ पुलिस को सौंपा

विशुनपुरा। जटहा बाजार थाना क्षेत्र के घूर छपरा में प्रतिबंधित पशुओं से लदी गाड़ी को पकड़ कर लोगों ने पुलिस को सुपुर्द कर दिया। गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने प्रतिबंधित पशुओं को मुक्त कराते हुए गाड़ी को कब्जे में ले ली है। पशु तस्करों पर कार्रवाई में जुटी है।

मंगलवार को एक गुट के तस्करों को सूचना मिली कि चार गाड़ियों पर प्रतिबंधित पशु लादकर दूसरे गुट के तस्कर नहर के रास्ते बिहार जाने वाले हैं। ग्रामीणों के अनुसार तस्कर घूरछपरा कचहरी टोला पर इंतजार में लगे थे। इस बीच सुबह करीब 6.30 बजे एक गाड़ी आती दिखाई दी। पशुओं की तस्करी की बात सुन मौके पर कुछ लोग इकट्ठा हो गए। इस बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी । मौके पर जब तक पुलिस पहुंचती विपक्षी तस्कर व चालक फरार हो गए थे। ग्रामीणों ने गाड़ी सहित प्रतिबंधित पशुओं को कब्जे में ले लिया मौके पर पहुंची पुलिस को सौंप दिया।

# चार चौकी प्रभारियों समेत 15 दरोगाओं का तबादला

## फेरबदल

**05** सिपाही विभिन्न थानों से भेजे गए लाइन, पहले भी छह थानों के 23 सिपाही हुए थे लाइनहाजिर

पडरौना, निज संवाददाता। एसपी कुशीनगर धवल जायसवाल ने 15 उपनिरीक्षक व पांच सिपाहियों का तबादला किया है। इसमें चार चौकी प्रभारियों का स्थानांतरण शामिल है। काम में लापरवाही सामने आने पर पांच सिपाहियों को विभिन्न थानों से लाइनहाजिर कर दिया है। इससे पहले भी काम में लापरवाही सामने आने पर छह थानों के 23 सिपाहियों को लाइनहाजिर किया गया था।

उप निरीक्षक अनुराग शर्मा को पडरौना कोतवाली से चौकी प्रभारी सिधुआ, उप निरीक्षक आशीष सिंह को चौकी प्रभारी हाइवे कसया से पटहेरवा थाना, उप निरीक्षक सभाजीत सिंह को थाना पटहेरवा से चौकी प्रभारी फाजिलनगर, उप निरीक्षक मृत्युजंय वर्मा को चौकी प्रभारी फाजिलनगर पटहेरवा से थाना कसया, उप निरीक्षक शशांक राय को थाना सेवरही से चौकी प्रभारी हाइवे कसया, उप निरीक्षक विजयशंकर सिंह को चौकी प्रभारी खोटही रामकोला से चौकी प्रभारी कस्बा कसया, उप निरीक्षक संजय सिंह को चौकी प्रभारी कस्बा कसया से चौकी प्रभारी खोटही रामकोला, उप निरीक्षक संजय प्रजापति को थाना कसया से थाना विशुनपुरा, उप निरीक्षक शमसेर यादव को थाना कुबेरस्थान से थाना हनुमानगंज, उप निरीक्षक ओमप्रकाश को थाना तमकुहीराज से थाना रामकोला, उप निरीक्षक देवव्रत यादव को थाना कप्तानगंज से कोतवाली हाटा, उप निरीक्षक अशोक शर्मा को पुलिस लाइन से थाना नेबुआ नौरंगिया, उप निरीक्षक सत्यप्रकाश तिवारी को पुलिस लाइन से थाना कसया, उप निरीक्षक विद्याभाष्कर शुक्ल को पुलिस लाइन से थाना सेवरही, उप निरीक्षक बृजेश सिंह को पुलिस लाइन से थाना विशुनपुरा तबादला किया गया है।

इसके अलावा कार्यों में लापरवाही पर हेड कांस्टेबल संजय सिंह, सिपाही श्रीराम, पवन यादव को कोतवाली हाटा से पुलिस लाइन तथा सिपाही गोपी यादव थाना तमकुहीराज व सुनील कुमार यादव थाना तुर्कपट्टी से पुलिस लाइन भेजा गया है। एसपी ने छह थानों के 23 सिपाहियों को काम में लापरवाही बरतने पर मंगलवार को ही लाइन हाजिर किया था।

# सीएससी लूटकांड में छह हिरासत में

हि **फॉलोअप**

- आधी रात तक छापेमारी कर आधा दर्जन संदिग्धों को उठाया गया, पूछताछ
- लूट का खुलासा करने में जुटी आधा दर्जन पुलिस की टीमें, नहीं लगा सुराग

**लक्ष्मीगंज, हिन्दुस्तान संवाद।** रामकोला थाने के लक्ष्मीगंज गेट स्थित ग्राहक सेवा केन्द्र से सवा दो लाख की लूट के मामले में पुलिस ने छापेमारी कर आधा दर्जन संदिग्धों को उठाया है। हालांकि इनसे पूछताछ में लुटेरों का कोई सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस ने सीसी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद भी कुछ संदिग्धों को चिह्नित किया है। उनकी तलाश की जा रही है। एसपी धवल जायसवाल ने घटना के खुलासे को छह पुलिस टीमें लगायी हैं।

मंगलवार को दिनदहाड़े लक्ष्मीगंज स्थित ग्राहक केंद्र में घुस कर तीन अज्ञात लुटेरों ने संचालक सहित तीन लोगों को गन प्लाइंट पर लेकर सवा दो लाख रुपये लूट लिया था। बाइक से आए बदमाश रुपये से भरा बैग लूट कर आराम से फरार हो गए थे। लुटेरों में एक ने हेलमेट जबकि अन्य दोनों ने चेहरे को मास्क से ढक रखा था। मौके पर एसपी धवल जायसवाल व एएसपी रितेश कुमार सिंह ने पहुंच कर पुलिस कर्मियों को शीघ्र खुलासा करने के निर्देश दिये। खुलासे को पुलिस की छह टीम गठित हैं। इनमें एक टीम कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। अन्य टीमें संदिग्धों का पताकर छापेमारी में जुटी हैं।

पुलिस की टीमें बिहार प्रान्त जाने वाले मार्गों पर लगे सीसीसी कैमरों को खंगाल रही है। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाशों के भागने के संभावित सभी मार्गों पर लगे कैमरों की फुटेज खंगाली जा रहे है। अब तक पुलिस को अपराधियों के लोकेशन की जानकारी नहीं मिल सकी है। हालांकि पुलिस ने छापेमारी कर आधा दर्जन संदिग्धों को उठाया है। उनसे पूछताछ की गयी मगर कुछ खास सुराग हासिल नहीं हुआ। पुलिस अन्य संदिग्धों की तलाश में छापेमारी कर रही है। पुलिस इस मामले में स्थानीय और बाहरी यानि बिहार के बदमाशों को शक के दायरे में लेकर कार्रवाई में जुटी है। हाल के दिनों में जिले में जो लूट की घटनाएं हुईं थी, उनमें जिले से बाहर के बदमाशों की भूमिका सामने आयी थी।

# न्यायालय के आदेश पर नष्ट की गई शराब

- वीते पांच वर्ष तक के मुकदमों में बरामद की गई थी शराब
- बरामद शराब से मालखाना भरा होने के कारण हो रही थी असुविधा



नेबुआ नौरंगिया थाना परिसर में शराब नष्ट कराते दाएं पहले एसएचओ अतुल कुमार श्रीवास्तव • जागरण

**जागरण संवाददाता, पिपरा बाजार:** न्यायालय के आदेश पर नेबुआ नौरंगिया पुलिस द्वारा मालखाने में जमा अवैध शराब को बुधवार को नष्ट किया गया। पुलिस व न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।

प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में प्रथर्ना-पत्र देकर मालखाना में वर्ष 2016 से 2021 तक के कुल मुकदमों में जमा 4765 लीटर शराब को नष्ट कराए जाने की अनुमति मांगी थी। प्रार्थना-पत्र में उन्होंने कहा है कि विभिन्न मामलों से जुड़ी वस्तुओं के अलावा बरामद शराब जमा करने से मालखाना भरा पड़ा है। इससे असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। न्यायालय ने अवैध शराब को न्यायिक व पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में नष्ट कराने का आदेश दिया। जिसके क्रम में शाम को चार बजे सीओ संदीप वर्मा, एपीओ राजेश पांडेय की मौजूदगी में गणना कर मालखाने में जमा शराब को बाहर निकाला गया।

# हॉस्टल से लापता भाजपा नेता का पुत्र जिले में मिला

फाजिलनगर, हिन्दुस्तान संवाद। स्थानीय कस्बा निवासी भाजपा नेता अशोक जायसवाल का कक्षा आठ में पढ़ने वाला पुत्र आदित्य गोरखपुर के माउंट लिट्रा जी स्कूल कुसम्ही के हॉस्टल से मंगलवार को लापता हो गया। पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बच्चे को सकुशल बरामद करने की गुहार लगाई। इसके बाद बुधवार को लापता छात्र कुशीनगर में एयरपोर्ट के पास मिल गया। उसके मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली है।

नगर पंचायत फाजिलनगर के गड़हिया निवासी व्यवसायी अशोक जायसवाल भाजपा के पिछड़ा मोर्चा के पदाधिकारी भी हैं। उनका 16 वर्षीय पुत्र आदित्य जायसवाल गोरखपुर के कुसम्ही बाजार स्थित एक स्कूल में कक्षा आठ का छात्र है। वह स्कूल के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करता है। रक्षा बंधन की छुट्टी में घर आया था। चार सितंबर की शाम भाजपा नेता अशोक अपने पुत्र को पुनः विद्यालय के हॉस्टल में पहुंचाकर घर चले आये। पांच सितंबर को उनकी पत्नी ने बच्चे से बात करने के लिये विद्यालय के नम्बर पर फोन किया तो बताया गया कि विद्यालय में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम हो रहा है। उनका पुत्र बैठा हुआ है, बाद में बात करें। शाम को जब फिर उन्होंने फोन किया तो बताया गया कि उनका पुत्र हॉस्टल से गायब है। इसकी सूचना उन्होंने ने अपने पति को दी। इसके बाद अशोक जायसवाल कुछ मित्रों के साथ गोरखपुर पहुंचे तो वहां बताया गया कि आदित्य हॉस्टल की दीवार फांद कर कहीं भाग गया है। अनहोनी की आशंका जताते हुए गोरखपुर के जगदीशपुर पुलिस चौकी पर तहरीर देकर बच्चे के बरामदगी की गुहार लगाई। परिजनों ने बताया कि बुधवार की शाम को आदित्य कुशीनगर एयरपोर्ट के पास मिल गया।

# नवागत डीएम उमेश मिश्रा ने ग्रहण किया कार्यभार

पडरौना, निज संवाददाता। नवागत डीएम उमेश मिश्रा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार के डबल लॉक में कार्यभार ग्रहण किया। इसके बाद कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेसवार्ता कर कहा कि शासन की योजनाओं का शत प्रतिशत अनुपालन कराना और कुशीनगर की अंतर्राष्ट्रीय ख्याति में चार चांद लगाना उनकी प्राथमिकता है।

बुधवार को सुबह करीब 11 बजे नवागत डीएम उमेश मिश्रा कलक्ट्रेट स्थित कोषागार के डबल लॉक में पहुंचे। वहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कोषाधिकारी ने उन्हें डीएम पद का कार्यभार ग्रहण कराया। इसके बाद कलेक्ट्रेट सभागार में आयाजित प्रेसवार्ता में उन्होंने बुद्धम शरणम गच्छामि से अपने उद्बोधन की शुरुआत की। कहा



नवागत डीएम उमेश मिश्रा

कि कुशीनगर का नाम विश्व पटल पर है। यह बुद्ध की तपोस्थली है। इसे आने वाले समय में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने के प्रयास एवं वैश्विक ख्याति में चार चांद लगाने के प्रयास किये जायेंगे। प्रयागराज जिले के मूल निवासी उमेश मिश्र वर्ष 1997 बैच के पीसीएस हैं। इससे पूर्व वह डीएम अमरोहा व बिजनौर रह चुके हैं।

# बाइक लूट की झूठी सूचना पर चालान

छितौनी। थाना नेबुआ नौरंगिया के अर्जुनहा निवासी उमेश कुमार ने सोमवार की रात करीब 9 बजे तिनबर्दहा बाजार से बाइक लूट की सूचना पीआरबी 112 व एसओ हनुमानगंज अजय कुमार पटेल को दी थी। जिस पर सक्रिय हुई हनुमानगंज पुलिस मौके पर पहुंची तो कुछ ही समय में बाइक लूट की घटना का पर्दाफाश हो गया।

थानाध्यक्ष हनुमानगंज अजय कुमार पटेल ने झूठी सूचना देने वाले उमेश कुमार को हिरासत में लेकर शान्ति भंग की धारा में चालान कर दिया। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष हनुमानगंज ने बताया कि झूठी सूचना देने वाला उमेश कुमार, नेबुआ नौरंगिया थाना के खैरी निवासी अरुण कुमार के निर्मलपट्टी स्थित निजी विद्यालय में पढ़ाता है। उमेश कुमार को तीन माह का वेतन नहीं मिला था।

### आठ अगस्त को ब्लॉक मुख्यालयों पर मतगणना के बाद घोषित होंगे परिणाम

# कड़ी सुरक्षा में तीन गांवों में नया प्रधान चुनने को हुआ मतदान



ग्राम पंचायत सेखुई में मत देने के बाद स्याही दिखाती महिला मतदाता।



बसडीला गुनाकर गांव में मतदान के लिये लाइन में खड़े मतदाता व सुरक्षा में तैनात महिला सुरक्षाकर्मी।

## उपचुनाव

- नेबुआ नौरंगिया के सेखुई, सेवरही के बसडीला गुनाकर व कप्तानगंज के रामपुर चौबे में हुआ मतदान
- ग्रामीणों ने उत्साह से लिया उपचुनाव में हिस्सा, चाक चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था प्रशासन भी रहा सतर्क

**कुशीनगर, हिन्दुस्तान टीम।** जिले के तीन ग्राम पंचायतों में खाली पड़े ग्राम प्रधान पद के लिए बुधवार को मतदान हुआ। कई गांवों में 210 ग्राम पंचायत सदस्यों के पद भी रिक्त हैं मगर इनके लिए पर्याप्त संख्या में नामांकन ही दाखिल नहीं हुए थे। पोलिंग पार्टियां सुबह बूथों पर पहुंची और चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच शान्ति पूर्वक उप चुनाव को संपन्न कराया। ब्लॉक मुख्यालयों पर मतगणना के बाद अब 8 सितम्बर को परिणाम जारी किया जाएगा।

**कोटवा बाजार संवाद** के अनुसार नेबुआ नौरंगिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत सेखुई में ग्राम प्रधान की मृत्यु हो जाने से रिक्त हुए पद पर बुधवार को उप चुनाव में 72 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया। उप चुनाव में सेखुई ग्राम पंचायत में कुल एक हजार मतदाताओं के सापेक्ष 727 मतदाताओं ने बूथ पर पहुंच वोट डाला। जिसमें महिला मतदाताओं की भागीदारी ज्यादा रही। पुरुष मतदाताओं के 313 मत पड़े।

**सिसवा नाहर संवाद** के अनुसार सेवरही ब्लॉक के ग्राम सभा बसडीला गुनाकर में उप चुनाव कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सकुशल सम्पन्न कराया गया। लगभग ढाई माह पूर्व गांव के प्रधान संजय आर्य की हृदय गति रुकने से मौत हो गयी थी। जिसके बाद रिक्त पड़े ग्राम प्रधान पद के लिए 22 अगस्त को नामांकन पत्र भरा गया था। आशा देवी पत्नी संजय आर्य, जग्गू प्रसाद पुत्र पलट व विशाल कुमार पुत्र स्व परशुराम के नामांकन वैध घोषित किए गए थे। बुधवार को प्राथमिक विद्यालय बसडीला गुनाकर में चुनाव सम्पन्न कराया गया। जिसमें कुल 1117 मत डाले गये, जबकि ग्राम सभा में 2094 मतदाताओं कि संख्या है। कुल 53 प्रतिशत मतदान हुआ।

**कप्तानगंज संवाद** के अनुसार ग्राम रामपुर चौबे में प्रधान पद का चुनाव निर्वाचन अधिकारियों के देखरेख में हुआ। 2543 मतदाताओं में से 1456 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

इस दौरान पर्यवेक्षक के रूप में तहसीलदार कप्तानगंज कृष्ण गोपाल त्रिपाठी समेत पुलिस बल मौजूद रही। रामपुर चौबे की ग्राम प्रधान राजकुमारी देवी की मृत्यु 23 अप्रैल 2013 को हो गई थी। जिसके चलते यह सीट रिक्त चल रही थी। रिक्त ग्राम प्रधान पद पर उपचुनाव में कन्हैयालाल, चंद्रिका, धनंजय, रविंद्र प्रसाद, सरोज कनौजिया समेत कुल 5 प्रत्याशी चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। मतदान के चार बूथों पर 16 मतदान कर्मी समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही। सहायक निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार राय ने बताया कि चुनाव सकुशल संपन्न हो गया।

# ट्रक से 20 गोवंश बरामद, चार गिरफ्तार

**जासं.पडरौना** :कोतवाली पुलिस ने परसौनी गांव के सामने दुदही मार्ग पर बुधवार देर शाम को ट्रक से 20 गोवंश बरामद कर चार तस्करों को गिरफ्तार किया। तस्करों की पहचान नीरज कुमार मरौंदा मझवारा व सुभाष परियरपुर थाना सफीपुर जिला उन्नाव, इमामुल हक तथा फिरोज बसहिया बनवीरपुर थाना कोतवाली पडरौना के रूप में हुई। कोतवाल राजप्रकाश सिंह ने बताया कि गोवध व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### दहेज हत्या का आरोपित गिरफ्तार

**पडरौना** :कोतवाली पुलिस ने काफी समय से फरार चल रहे दहेज हत्या के आरोपित को देर शाम को छावनी मोहल्ले के समीप गिरफ्तार किया। जिसकी पहचान रामचंद्र यादव सिसहन कोठिलवा चिरईहवा थाना पडरौना कोतवाली के रूप में हुई। कोतवाल राजप्रकाश सिंह ने बताया कि अग्रिम कार्रवाई चल रही है।

# अराजक तत्वों से निपटेगी पर्यटन पुलिस

- पर्यटक केंद्र के आसपास भीख मांगने वालों पर रहेगी नजर
- सुरक्षा के होंगे पुख्ता इंतजाम, गहन जांच के बाद ही मिलेगा प्रवेश

**जागरण संवाददाता, बुद्धनगरी**: अंतरराष्ट्रीय पर्यटक केंद्र कुशीनगर के आसपास सक्रिय अराजक तत्वों से पुलिस निपटेगी। एक माह में श्रीलंकाई पर्यटकों के साथ छिनैती व ठगी के मामले सामने आने के बाद पर्यटन पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था चाकचौबंद करने का निर्णय लिया है। भीख मांगने वालों पर भी नजर रखी जाएगी।

बुधवार को पर्यटन थाना प्रभारी ने पीड़ित पर्यटक से मुलाकात कर जानकारी प्राप्त की और कार्रवाई का भरोसा दिलवाया। पिछले माह में भी महापरिनिर्वाण बुद्ध मंदिर के दक्षिणी गेट पर एक श्रीलंकाई महिला पर्यटक से पांच सौ रुपए की ठगी का मामला सामने आया था। फुटकर लाने के लिए रुपये लेकर गया उचक्का वापस नहीं लौटा। तब पर्यटक ने काफी हो-हल्ला मचाया था, लेकिन वहां उपस्थित भीड़ ने कोई मदद नहीं की।

इसी तरह मंगलवार की शाम की घटना महापरिनिर्वाण बुद्ध मंदिर परिसर में हुई। 32 सदस्यीय श्रीलंकाई पर्यटकों को लेकर आए ग्रुप लीडर दीमुतु का रुपए, पासपोर्ट व अन्य कागजात से भरा बैग उचक्के ने छीनने का प्रयास किया था। बताया जाता है कि इस प्रकार के कुछ अराजक तत्व मुख्य मंदिर परिसर में पर्यटकों से भीख मांगते रहते हैं और अवसर मिलते ही पर्यटकों का बैग व सामान आदि छीनने का प्रयास करते हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण कहना है कि मंदिर परिसर में प्रवेश के समय केवल आईडी प्रूफ चेक होता है। किसी के प्रवेश पर रोक नहीं है। ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों व विभागीय कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिया गया है कि वह भीख मांगने वाले लोगों को अंदर न आने दें। कहा कि टिकटेड मोन्यूमेंट हो जाना ही इस समस्या का स्थायी समाधान है। पर्यटन पुलिस थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार टंडन ने बताया कि एएसआई के सहयोग से मंदिर के अंदर आराजक तत्वों के प्रवेश पर प्रभावी रोक लगाई जाएगी।

पर्यटकों की सुविधा के लिए पूजा सामग्री बेचने वालों को गेट से दूर किया जाएगा। प्रत्येक गेट पर टूरिस्ट पुलिस तैनात रहेगी।

# अपराधियों पर कसें शिकंजा, नियंत्रित करें अपराध : एसपी



पुलिस लाइन सभागार में समीक्षा बैठक करते दाएं से एसपी धवल जायसवाल व एएसपी रितेश कुमार सिंह ● जागरण

जागरण संवाददाता, पडरौना: एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि अपराधियों पर शिकंजा कस अपराध नियंत्रित करें। आमजनता से अच्छा व्यवहार कर उनसे बेहतर संबंध स्थापित करें, ताकि क्षेत्र में होने वाली हर तरह की गतिविधियों की समय पर जानकारी हो सके। पशु व शराब तस्करी किसी भी दशा में न होने पाए। महिला सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जाए। त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए जरूरी कदम उठाएं। लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी।

वे पुलिस लाइन सभागार में बुधवार रात आठ बजे अपराध समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अपराध की सूचना पर थानेदार स्वयं मौके पर पहुंचें और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। हत्या, लूट, दुष्कर्म, डकैती, चोरी जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाएं। लंबित विवेचनाओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। गैंगस्टरों पर नजर रखें। एसपी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का सम्मान करें, मीडिया से अच्छा व्यवहार रखें। सही सूचना दें। एएसपी रितेश कुमार सिंह ने कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण को लेकर गंभीरता बरतें। इससे पूर्व सैनिक सम्मेलन हुआ, जिसमें उपस्थित पुलिसकर्मियों की समस्या सुन एसपी ने निराकरण का भरोसा दिलाया। सीओ सदर उमेश चंद्र भट्ट, कसया कुंदन कुमार सिंह, तमकुहीराज जितेंद्र सिंह कालरा, खड्डा संदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

# कड़ी सुरक्षा के बीच 52.86 प्रतिशत मतदान

## पंचायत उपचुनाव : शुक्रवार की सुबह आठ बजे से ब्लाक मुख्यालयों पर होगी मतों की गणना

**जागरण संवाददाता,पडरौना :** पंचायत उपचुनाव में तीन प्रधान समेत चार पदों के लिए बुधवार को 12 बूथों पर कड़ी सुरक्षा के सुबह सात बजे मतदान शुरू हुई, जो शाम पांच बजे तक चली। इस दौरान कुल 52.86 प्रतिशत मतदान हुआ। इसमें कप्तानगंज में 56.74, नेबुआ नौरंगिया में 63.38, सेवरही में 53.34 व दुदही में 39.82 प्रतिशत शामिल है।



कप्तानगंज ब्लाक में बनाए गए स्ट्रांग रूम में मतपेटिका जमा करते मतदान कर्मी • जागरण



रामपुर चौबे गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में कतार में खड़े मतदाता • जागरण

मतदान शांतिपूर्ण तरीके से कराने के बाद वापस लौटी पोलिंग पार्टियों ने ब्लाक मुख्यालय पर बनाए गए स्ट्रांग रूम में मतपेटिकाएं जमा कराईं। मतों की गणना आठ सिंतबर को सुबह आठ बजे से होगी। कप्तानगंज संवाददाता के अनुसार ब्लाक के रामपुर चौबे में कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान हुआ। चुनाव को लेकर पर्यवेक्षक के रूप में तहसीलदार कृष्ण गोपाल त्रिपाठी व प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह ने मतदान स्थल का जायजा लिया। यहां 2543 मतदाताओं में 1546 ने मतदान किया। पीठासीन अधिकारी गौरव मद्धेशिया ने बताया कि मतदान शांतिपूर्ण तरीके से हुआ। सहायक निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार राय ने बताया कि मतगणना शुक्रवार को होगी। सलेमगढ़ संवाददाता के अनुसार सेवरही के ग्राम पंचायत बसडीला गुनाकर में प्रधान पद के लिए कुल 2094 मतदाताओं में से 1117 ने मतदान किया। संवेदनशील बूथ होने के कारण एक इंस्पेक्टर, चार सब इंस्पेक्टर, 32 कांस्टेबल तैनात रहे। इसी क्रम में दुदही व नेबुआ नौरंगिया में निष्पक्ष तरीके से मतदान हुआ।

# ई–रिक्शा चालकों से नहीं होगी स्टैंड शुल्क की वसूली

**जासं हाटा :** नगरपालिका क्षेत्र में ई–रिक्शा चालकों से स्टैंड शुल्क की वसूली की जा रही है, इससे सभी चालक नाराज हैं। चालकों के एक समूह ने नगरपालिका अध्यक्ष रामानंद सिंह से मिलकर वसूली की शिकायत की। उन्होंने बताया कि स्टैंड पर ई–रिक्शा के ठहराव पर शुल्क लिया जाता है।

चालकों को आश्वस्त करते हुए नपाध्यक्ष ने कहा कि नगर परिक्षेत्र के किसी भी स्टैंड पर ई–रिक्शा के ठहराव पर कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। अगर कोई कोई वसूली करेगा तो नपा प्रशासन उसके विरुद्ध कार्रवाई करेगा। उपेंद्र, राजेश, गुड्डू, राकेश आदि मौजूद रहे।

# बाहर से आकर नेपाल सीमा पर क्यों बसे, पूछेगी पुलिस

सतीश पांडेय ● गोरखपुर

- भारत में नेपाल सीमा से 10 किमी दायरे में बाहर से आकर बसे लोगों का जुटाया जा रहा ब्योरा
- निवास की अवधि, आय का स्रोत, आपराधिक रिकार्ड सहित 17 बिंदुओं पर ली जा रही जानकारी

नेपाल सीमा से सटे भारतीय क्षेत्र में बसने वाले दूसरे जिले, राज्य या नेपाल के लोगों का पुलिस ब्योरा जुटा रही है। 10 किमी दायरे में बसे लोगों से यहां बसने का कारण, निवास की अवधि, आय का स्रोत, आपराधिक रिकार्ड सहित 17 बिंदुओं पर जानकारी जुटाई जा रही है। यहां आने के बाद ये लोग क्या करते हैं, किससे मिलते हैं, क्या व्यवसाय है, परिवारीजन के मोबाइल नंबर के साथ रिपोर्ट शासन को भेजी जानी है। आपरेशन कवच के तहत चल रही इस कवायद का उद्देश्य सीमा क्षेत्र में देशविरोधी तत्वों की पहचान कर उन पर अंकुश लगाना है।

नेपाल की 570 किलोमीटर सीमा उत्तर प्रदेश से लगती है। नेपाल से सटी महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी और पीलीभीत जिले की सीमा को सुरक्षा के लिहाज अतिसंवेदनशील माना जाता है। पिछले दिनों खुफिया एजेंसियों ने 10 साल के भीतर नेपाल सीमा के पास बने 250 से अधिक मदरसों का सत्यापन कराया। पता चला कि अधिकांश मदरसे न केवल बाहरी लोगों की मदद से बने हैं बल्कि बड़ी संख्या में बाहरी लोग यहां आकर बसे भी हैं। इसमें से कई के पास भारत व नेपाल दोनों की नागरिकता है। सीमा क्षेत्र की बदलती डेमोग्राफी सहित तस्करी, घुसपैठ व देशविरोधी तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए गृह मंत्रालय के निर्देश के बाद आपरेशन कवच चलाया जा रहा है।

इसके तहत नेपाल सीमा से सटे 10 किलोमीटर की परिधि में स्थित गांव और कस्बे में स्थानीय थाना, एलआइयू (लोकल इंटेलीजेंस यूनिट) की टीम चौपाल लगा रही है। प्रधान, चौकीदार के साथ भौगोलिक स्थिति का आकलन कर हाल के दिनों में नेपाल, उत्तर प्रदेश के दूसरे जिले और राज्य से आकर बसे लोगों का विवरण जुटाया जा रहा है। इन लोगों में जिनकी गतिविधि संदिग्ध होगी उनकी पुलिस के अलावा खुफिया एजेंसी व एसएसबी निगरानी करेगी।

### लोगों से पूछे जाने वाले प्रमुख सवाल

- किस देश/राज्य/जिले के रहने वाले हैं?
- नेपाल सीमा के पास बसने की क्या वजह है?
- कितने वर्ष से गांव या कस्बे में रहते हैं?
- राष्ट्रीयता किस देश की रखते हैं?
- मतदाता सूची में नाम/राशन कार्ड है या नहीं।
- परिवार की जीविका का आधार का क्या है?
- असामाजिक गतिविधि में शामिल नाम।
- वाहन हो तो उसका विवरण।
- जिसके घर में रहते हों तो उसका नाम क्या है?
- अपने देश/राज्य/जिले में कब आते-जाते हैं?



आपरेशन कवच के तहत सीमा क्षेत्र से सटे थाने की पुलिस, एलआइयू (लोकल इंटेलीजेंस यूनिट) 10 किमी की परिधि में स्थित हर गांव में चौपाल लगा रही है। भौगोलिक स्थिति का सत्यापन कराया जा रहा है। सीमा क्षेत्र में आकर बसे नए लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

**-अखिल कुमार**, एडीजी जोन/नोडल नेपाल सीमा सुरक्षा

*****

# मारपीट के मामले में चार के विरुद्ध मुकदमा

जासं, पटहेरवा: क्षेत्र के गांव रजवटिया में एक महिला के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। घटना एक सितंबर की बताई जा रही है। पीड़िता सायरा ख़ातून पत्नी नईम अंसारी ने तहरीर में लिखा है कि वह घटना के दिन वह मोबाइल से एक रिश्तेदार से बातचीत दरवाजे पर बैठकर कर रही थी कि अचानक मुख्तार अंसारी, परवेज,जहूरन व सोबिना ने घर में घुस कर मारा-पीटा। घर में रखें बर्तन सहित गृहस्थी के अन्य सामान तोड़फोड़ कर नष्ट कर दिए। पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

# नवागत डीएम ने किया पदभार ग्रहण

जागरण संवाददाता, पडरौना: नवागत डीएम उमेश मिश्र ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार के डबल लाक में पदभार ग्रहण किया। इसके बाद उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में पत्रकार वार्ता में अपनी प्राथमिकताएं बताईं। उन्होंने सरकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के



कार्यभार ग्रहण करते नवागत डीएम उमेश मिश्र ● जागरण

अलावा जिले के पर्यटन और धार्मिक स्थलों का सर्वांगीण विकास करने की बात कही। नवागत डीएम ने बताया कि वह वर्ष 1997 के पीसीएस चयनित अधिकारी हैं। पैतृक निवासी प्रयागराज है। प्रदेश के अमरोहा में वे पहली बार डीएम का पदभार संभाला था। इसके बाद बिजनौर के डीएम रहे। कुशीनगर में बतौर डीएम उनकी तीसरी तैनाती है। कहा कि भगवान बुद्ध की नगरी कुशीनगर की वैश्विक पटल पर ख्याति है। बुद्ध की इस तपोस्थली को आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान गन्ना, गंडक नदी, अवैध अस्पताल, गड्ढा युक्त सड़क, पडरौना बाईपास सड़क, प्रेस क्लब, अवैध अतिक्रमण, हिरण्यवती नदी व बांसी नदी की साफ-सफाई समेत बिंदुओं पर जानकारी ली। सरकार की विभिन्न योजनाओं यथा विकास, रोजगार, स्वास्थ्य को गति प्रदान की जाएगी। शिकायतों का ससमय व गुणवत्तापूर्ण निपटारा किया जाएगा। कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के संदर्भ में शासन के नियम को सुनिश्चित किया जाएगा। प्रार्थना पत्रों का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण तरीके से किया जाएगा। इसके पूर्व नवागत डीएम को गार्ड आफ आनर देकर सम्मानित किया गया।

# बहन को उसकी ससुराल छोड़ने गए भाई का गन्ने के खेत में मिला शव

**जागरण संवाददाता, मेंहदीगंज:** रामकोला के अमडरिया में गन्ने के खेत में बुधवार की सुबह युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। कुछ दूरी पर युवक की लावारिस हाल में बाइक भी मिली। युवक की पहचान पडरौना कोतवाली के सनेरा मल्ल छपरा के 22 वर्षीय सन्नी चौहान के रूप में हुई। वह बाइक से मंगलवार को बहन को उसके घर छोड़ने धनौजी गए थे। पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई पूरी की। स्वजन ने हत्या का आरोप लगाया है।

पडरौना कोतवाली के गांव सनेरा मल्ल छपरा के 22 वर्षीय सन्नी चौहान मंगलवार की दोपहर दो बजे बाइक से बड़ी बहन ममता को लेकर उसके ससुराल रामकोला के धनौजी गया था। ममता रक्षाबंधन के दिन भाईयों को राखी बांधने मायके आई थी। शाम चार बजे बहन को छोड़ वह वहां से घर के लिए चला। देर शाम तक घर नहीं लौटा। उसका मोबाइल भी बंद मिला। परेशान स्वजन धनौजी संपर्क किए तो पता चला कि वह चार बजे ही यहां से निकल गया। स्वजन देर रात तक उसकी तलाश में लगे रहे पर उसका पता नहीं चला। इधर खेत की ओर गए लोगों ने अमडरिया के समीप नहर किनारे गन्ने के खेत में युवक का शव देखे। नहर की पटरी पर लावारिश हाल में बाइक मिली।

# किशोरी को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**खड्डा।** करीब एक माह पहले एक किशोरी को भगाने के आरोपी युवक को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उसे न्यायालय में प्रस्तुत की, जहां से कोर्ट ने युवक को जेल भेज दिया। पुलिस किशोरी को बरामद कर कोर्ट के आदेश पर परिजनों को सौंप चुकी है।

एसएचओ आशुतोष सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला बीते 21 अगस्त को तहरीर दी थी। उसने बताया था कि पांच अगस्त की रात करीब आठ बजे उसकी 14 वर्षीय पुत्री लापता हो गई। उसने गांव के ही एक युवक पर उसे भगाने का आरोप लगाया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर तलाश शुरू की। कुछ दिन पहले किशोरी को बरामद कर न्यायालय के आदेश पर उसके परिजनों को सौंप दिया गया था। बुधवार को आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया है। संवाद

# 20 महीषवंशीय पशुओं के साथ चार गिरफ्तार

**पडरौना।** कोतवाली पुलिस ने पडरौना में एक ट्रक से 20 महीषवंशीय पशुओं के साथ बुधवार को चार पशु तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पशु तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया। इनका नाम नीरज कुमार निवासी मरौंदा मझवारा थाना सफीपुर जनपद उन्नाव, इमामुल हक निवासी बसहिया बनवीरपुर कोतवाली पडरौना, सुभाष निवासी परियरपुर थाना सफीपुर जनपद उन्नाव और फिरोज निवासी बसहिया बनवीरपुर कोतवाली पडरौना है। संवाद

# बरामद शराब को पुलिस ने किया नष्ट

**पकड़ियार बाजार।** नेबुआ नौरंगिया थाने में बुधवार को पुलिस कार्रवाई में बरामद चार लाख रुपए कीमत के देशी व कच्ची शराब नष्ट किया गया। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर किया गया है। न्यायालय ने आबकारी एक्ट के तहत बरामद देशी व कच्ची शराब को नष्ट करने का निर्देश दिया था। न्यायालय के आदेश पर माल खाने में वर्ष 2016 से 2021 तक के कुल 206 मुकदमों में बरामद 4.10 लाख रुपये की कीमत का 4765 लीटर शराब नष्ट किया गया है। खड्डा सीओ संदीप, एसएचओ अतुल श्रीवास्तव, एपीओ राजेश पांडेय, संदीप आदि रहे। संवाद

# दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**पडरौना।** कोतवाली पुलिस ने बुधवार की शाम को दहेज हत्या के एक आरोपी को गिरफ्तार किया। उसका नाम रामचंद्र यादव है, जो पडरौना कोतवाली क्षेत्र के ही सिसहन कोठिलवा गांव का निवासी है। संवाद

# गोष्ठी में अपराध नियंत्रण पर दिया जोर

**पडरौना।** पुलिस कार्यालय के सभागार में बुधवार की देर शाम मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें एसपी ने अपराधों के नियंत्रण पर जोर दिया। उन्होंने कुल 18 बिंदुओं पर थानेदारों से बात की और कानून व्यवस्था चुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए। एसपी धवल जायसवाल ने लंबित विवेचनाओं के निस्तारण, नए गैंगस्टर एक्ट तथा गैंगेस्टर एक्ट में धारा 14 (1) की कार्यवाही की समीक्षा, नए एचएस खोलने, ऑपरेशन त्रिनेत्र व ऑपरेशन ब्रह्मास्त्र की समीक्षा की। अवैध व जहरीली शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की समीक्षा की। जनसुनवाई, आईजीआरएस, माल निस्तारण, न्यायालय में दाखिल आरोप पत्र व अंतिम रिपोर्ट, आगामी त्योहारों के दृष्टिगत तैयारियों की समीक्षा, अज्ञात मुकदमों में वर्कआउट आदि के बारे में समीक्षा कर निर्देश दिए। संवाद

# सीडीआर से लापता छात्रा तक पहुंचने में जुटी पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

## जांच में एंड्रॉयड फोन से स्नैपचैट एप इस्तेमाल करने की बात आई सामने

पकवा इनार। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय सिरसिया हेतिमपुर से लापता छात्रा के मामले में पुलिस सीडीआर (कॉल डिटेल रिपोर्ट) के जरिए उस तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। पुलिस की जांच में छात्रा के स्नैपचैट एप यूज करने की बात सामने आई है। उसकी डायरी में पांच मोबाइल नंबर भी मिले हैं, जिसमें एक उसके पड़ोसी किसी युवक का बताया जा रहा है।

छात्रा के लापता होने के छह दिन बीत चुके हैं, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका है। विद्यालय से उसके लापता होने के ही सही समय का कोई रिकॉर्ड नहीं है। विद्यालय प्रशासन का लापता होने में तर्क यह है कि बीते शुक्रवार की रात करीब आठ बजे भोजन के समय वह अनुपस्थित थी। उसी समय उसके विद्यालय से लापता होने की बात सामने आई थी। मामले की जांच पुलिस के साथ जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, डिप्टी डायरेक्टर समाज कल्याण विभाग गोरखपुर सुरेश चंद पाल कर रहे हैं। पुलिस अभी छात्रा के रक्षाबंधन में घर पर रहने के दौरान एंड्रॉयड फोन से किस-किस से किन नंबरों पर बातचीत की है, उसके काल डिटेल रिपोर्ट (सीडीआर) से उसके नजदीक पहुंचने का प्रयास कर रही है। जांच में करीब पांच मोबाइल नंबर भी पुलिस के हाथ लगे हैं। उसकी स्थिति की जानकारी हासिल की जा रही है। फिलहाल अभी छात्रा के संबंध में कोई सटीक जानकारी उपलब्ध नहीं कर पाई है। पुलिस जांच में वैसे भी एक बड़ा सवाल उठ रहा है कि छात्रा को बीते शुक्रवार को सुबह पिता विद्यालय में पहुंचाता है। उसी दिन रात आठ बजे उसके विद्यालय से लापता होने की घटना घटित होती है। यह घटना पूर्व नियोजित होने का कुछ हद तक संकेत दे रही है। घटना में शक की सूई छात्रा के किसी परिचित या गांव से जुड़े व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमने की ओर भी इशारा कर रही है।

# सीएसपी संचालकों ने सुरक्षा की मांग

**लक्ष्मीगंज।** क्षेत्र के सीएसपी संचालक बुधवार को बैंक ऑफ बड़ौदा के सीएसपी पर पहुंचे। लूट के शिकार सीएसपी संचालक से बातकर उनका मनोबल बढ़ाया और पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की मांग की। क्षेत्र के चंदरपुर गांव निवासी अनिल कुमार यादव लक्ष्मीगंज गेट के पास बैंक ऑफ बड़ौदा की सीएसपी चलाते हैं। मंगलवार को बाइक सवार तीन बदमाशों ने उन्हें असलहा दिखाकर 2.30 लाख रुपये लूट लिया था। बुधवार की सुबह वहां पहुंचे विजय सिंह, विनोद तिवारी, प्रदीप कुमार यादव, अजीत यादव, धीरज सिंह आदि सीएसपी संचालकों ने घटना की जानकारी ली और पीड़ित का मनोबल बढ़ाया। संवाद

# महिला की तहरीर पर मारपीट का केस दर्ज

**पडरौना।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के रजवटिया गांव की निवासी एक महिला की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस गांव की शायरा पत्नी नईम ने बताया है कि पांच दिन पूर्व अपने दरवाजे पर बैठकर मोबाइल से बात कर रही थीं। पड़ोसियों ने उनकी पिटाई कर दी। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुख्तार, परवेज, जहुरन व सबीना पर मारपीट का केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# पुलिस से की कार्रवाई की मांग

उजारनाथ। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के दोघरा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने पारिवारिक विवाद को लेकर अपने भाई और पिता पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। घटना चार अगस्त के शाम 6:30 बजे की बताई जा रही है। इस गांव के निवासी अशोक मिश्रा ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा कि उनके भाई से पारिवारिक विवाद है। चार अगस्त की शाम 6:30 बजे उनके भाई दरवाजे पर आकर मकान का ताला तोड़ने लगे। विरोध करने पर अपशब्द बोलते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इलाज कराने के बाद पुलिस को तहरीर दी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# खतरनाक साबित हो रही है फोरलेन पर बाइक की सवारी

संवाद न्यूज एजेंसी

हाटा। फोरलेन बाइक सवारों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। केवल कुशीनगर सीमा के अंदर की बात करें तो हर दिन बाइकसवार दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। सबसे बड़ी बात है कि दुर्घटना में अधिकतर बाइक सवार की मौत हो जा रही है।

बीते कुछ माह में एनएच पर हुई सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों को देखें तो बाइकसवारों के लिए यात्रा सुरक्षित नहीं है। हाईवे पर यात्रा करने वाले बाइकसवारों की जान हमेशा खतरे में है। इसके लिए कभी रफ्तार तो कभी लापरवाही जिम्मेदार बन रही है। हाटा कोतवाली क्षेत्र में ही एक वर्ष में 20 से अधिक बाइक दुर्घटनाएं हुई हैं।

इनमें अधिकतर बाइक सवारों की मौत हो चुकी है। 23 अगस्त को हाटा में ब्लॉक गेट के सामने

### हर दिन हाईवे पर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं बाइक सवार

बाइक सवार गोरखपुर निवासी विश्वजीत कुमार को ट्रक ने टक्कर मार दी थी। इसमें उनकी मौत हो गई थी।

22 अप्रैल को ब्लॉक गेट के पास कट पर चार पहिया वाहन की ठोकर से लक्ष्मीपुर निवासी प्रकाशचंद सिंह की मौत हो गई थी। 10 फरवरी को फोरलेन हाईवे पर पैकौली गांव के पास रामाश्रय सिंह की मौत हो गई थी। 28 दिसंबर 2022 को हाईवे पर टोल प्लाजा के पास बाइकसवार पटना मिश्रौली निवासी समीम को चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें उनकी मौत हो गई थी। 10 दिसंबर 2022 को पटहेरवा निवासी अमित राय बाइक से गोरखपुर जा रहे थे। महुआरी चौराहे के पास दुर्घटना में उनकी मौत हो गई।

# बाइक लूट की झूठी सूचना देना गुरुजी को पड़ा महंगा, हवालात में कटी रात

संवाद न्यूज एजेंसी

खड्डा। बाइक लूट की सूचना पर मंगलवार की रात पुलिस घंटों परेशान रही। सच्चाई उजागर होने के बाद पुलिस ने शिक्षक को हिरासत में ले लिया और उसके स्कूल से बाइक बरामद हुई। झूठी सूचना देने के आरोप में बुधवार को पुलिस ने शिक्षक को शांतिभंग में चालान कर दिया। एसडीएम कोर्ट से देर शाम को जमानत मिल गई।

नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के निर्मलपट्टी गांव के निवासी अर्जुन एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ाता है। स्कूल प्रशासन ने तीन माह का मानदेय नहीं दिया है। इसे लेकर अर्जुन परेशान था। मंगलवार को दिन में स्कूल के प्रधानाचार्य से मानदेय को लेकर कहासुनी किया और नाराज होकर अपनी बाइक स्कूल में छोड़कर घर चला गया।

## पुलिस की जांच के बाद उजागर हुई सच्चाई, वायरलेस सेट पर भी मैसेज पास हुआ

मंगलवार की रात करीब नौ बजे हनुमानगंज थाना क्षेत्र के तिनबदरहा गांव के बाजार से बाइक लूटने की सूचना 112 नंबर पर फोन कर दिया। बाइक लूट की खबर मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस अर्जुन से पूछताछ करने लगी। अर्जुन करीब दो घंटे तक पुलिस को झूठी बातों में उलझाए रहा और इधर-उधर घुमाता रहा। वायरलेस सेट पर भी बाइक लूट का मैसेज पास हो गया। पुलिस जब कड़ाई से पेश आई तो शिक्षक ने सच्चाई उगल दिया। तीन माह से मानदेय नहीं मिलने के कारण वह बाइक लूट की झूठी कहानी रचकर स्कूल के प्रधानाचार्य को फंसाना चाहता था।

# बंधक बनाकर ट्रैक्टर-ट्रॉली लूटी जांच में जुटी पुलिस

**पडरौना (कुशीनगर)।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के शंकरपुर और मछरिया गांव के बीच मटियरिया के पास बदमाशों ने चालक को बंधक बनाकर ट्रैक्टर-ट्रॉली लूट ली और चालक को थाना क्षेत्र के ही ठाकुर चौराहे के पास गन्ने के खेत में छोड़कर भाग गए। होश में आने पर चालक ने ट्रैक्टर मालिक के पास पहुंचा और घटना की जानकारी दी। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई है।

बताया जा रहा है कि पटहेरवा निवासी नागेंद्र गोंड मंगलवार की देर रात ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर ईंट लाने दुदही की तरफ जा रहे थे। अभी वह तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के शंकरपुर और मछरिया गांव के बीच मटियरिया के पास मैजिक सवार कुछ बदमाशों ने पीछे से आकर उन्हें रोक दिया। वह कुछ समझ पाते, उससे पहले ही बदमाशों ने उन्हें बंधक बना लिया। ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भाग गए। संवाद

MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-07-09-2023

# पति को छोड़ प्रेमी संग गई चार बच्चों की मां

झनझनपुर। मिठौरा क्षेत्र के एक गांव निवासी चार बच्चों की मां का एक 19 साल के युवक के साथ प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है। मोहब्बत जब परवान चढ़ती तो महिला अपने प्रेमी संग रहने की जिद पर अड़ गई। थाने से लेकर गांव में पंचायत हुई। पर, महिला गांव के ही प्रेमी के साथ ही आगे की जिंदगी बिताने की जिद करने लगी। पत्नी की जिद देख पति चार बच्चों को अपना लिया और पत्नी को उसके प्रेमी के साथ जाने दिया। पंचायत से पत्नी अपने प्रेमी के घर चली गई।

मिठौरा क्षेत्र के एक गांव निवासी एक शख्स मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। मजदूरी के सिलसिले में वह परदेश आता जाता रहता था। उसी दौरान पत्नी को चार बच्चे भी हुए। परिवार में खुशी का माहौल था। कुछ दिन बाद पति फिर परदेश मजदूरी करने चला गया। पति के अनुपस्थिति में पत्नी का गांव के ही एक युवक से प्रेम संबंध हो गया। प्रेम इस कदर परवान चढ़ा कि दोनों साथ रहने को राजी हो गये। आपस में बातचीत होने लगी। पति के घर आने

# 17 बोरी यूरिया व चार बोरी चावल बरामद

खनुआ। एसएसबी हरदीडाली के जवानों ने सीमा के मुर्दहिया घाट के पास से 17 बोरी यूरिया व चार बोरी चावल बरामद किया है। इंस्पेक्टर उत्तम सिंह ने बताया कि मुर्दहिया घाट पर भारतीय सीमा की ओर से कुछ लोग साइकिल व बाइक पर बोरा लेकर नेपाल की ओर जा[illegible] सामान छोड़कर फरारहोगए। सामानों, एक बाइक [illegible]वा कस्टम को सुपुर्द कर दिया गया है।

# दोस्त के कहने पर किया था फोन, दबोचा गया

**फॉलोअप**


पकड़ा गया आरोपी।

- पीएमओ का अधिकारी बन सीओ पर दबाव बनाने की कोशिश की थी
- कोल्हुई थाना क्षेत्र के मलंगडीह का रहने वाला है आरोपी

> फोन नंबर की पड़ताल के बाद आरोपी को पकड़ लिया गया है। उसने अपने दोस्त के कहने पर फोन किया था। उससे पूछताछ के बाद उसे सक्षम न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। इसका कोई आपराधिक इतिहास सामने नहीं आया है।
>
> अनुज कुमार सिंह, सीओ-फरेंदा

महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता। पीएमओ का सचिव बनकर सीओ फरेंदा को फोन पर दबाव बनाने की कोशिश करने वाले को पुलिस ने दबोच लिया है। आरोपी कोल्हुई के ग्राम बड़गो टोला मलंगडीह का रहने वाला जमाल अहमद है। उसने अपने दोस्त के कहने पर सीओ को फोन किया था। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। विवेचना में उसके दोस्त का अपराध साबित हुआ तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

पुरंदरपुर क्षेत्र के एक प्रधान के खिलाफ सरकारी बैटरी गायब होने के मामले में केस दर्ज करने के लिए आरोपी ने सीओ फरेंदा को फोन पर दबाव में लेने की कोशिश की थी। यह घटना शनिवार की है। सीओ फरेंदा ने रविवार को फरेंदा थाने में केस दर्ज कराया था। तहरीर के मुताबिक पुरंदरपुर क्षेत्र के बहोरपुर गांव से संबंधित सरकारी बैटरी गुम होने का प्रकरण चल रहा है। इसमें थाना स्तर से जांच लंबित है। इस मामले में एक मोबाइल नंबर से ग्राम प्रधान के उपर केस दर्ज कराने का दबाव बनाया जा रहा है। पिछले तहसील दिवस में वह एसडीएम के साथ जन सुनवाई कर रहे थे। उसी दौरान अन्य मोबाइल नंबर से उनके मोबाइल पर कॉल आया। फोन करने वाले ने अपने को प्रधानमंत्री कार्यालय का सचिव बताया। आदेशात्मक शैली में बात करते हुए प्रधान को तत्काल गिरफ्तार करने का निर्देश देने लगा। अन्यथा की स्थिति में पद से हटाने की धमकी दी।

**नंबर की पड़ताल की गई तो पकड़ में आया:** फोन करने वाले ने बाद में अपना नंबर आफ कर लिया था। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज करने के बाद सर्विलांस से नंबर की पड़ताल की तो आरोपी जमील अहमद की संलिप्तता सामने आई। उसे दबोच लिया गया। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि अपने दोस्त के कहने पर उसने ऐसा फोन कर दिया था।

# एसओजी ने एक युवक को उठाया

**झनझनपुर/चौक बाजार।** नगर पंचायत चौक के ठेकी चौराहे पर बुधवार को एक आनलाइन सेंटर में पुलिस की टीम छापेमारी की। इससे सनसनी मच गई। दबिश डालने वाली टीम एसओजी की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक एसओजी टीम बुधवार को अपराह्नन एक बजे ठेकी चौराहा पर संचालित एक ऑनलाइन सेंटर पर अचानक पहुंची। संचालक को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। सेंटर पर ऑनलाइन से सम्बंधित कार्य किए जाते हैं। किस मामले में संचालक को पुलिस अपने साथ ले गई है? इस सम्बंध में एसओ प्रशांत पाठक ने बताया कि मामला संज्ञान में है। एसओजी टीम ने संचालक को पूछताछ के लिए ले गई है।

# प्रधान समेत 17 पर एससी एसटी एक्ट का केस दर्ज

निचलौल, हिन्दुस्तान संवाद। निचलौल थाना क्षेत्र के ग्राम परागपुर में बीते 17 अगस्त को पेड़ काटने के विवाद में हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने ग्राम प्रधान समेत 17 लोगों के खिलाफ मारपीट और एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

ग्राम खोन्हौली निवासी वैद्यनाथ पासवान द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि बीते 17 अगस्त को ग्राम परागपुर में वह गया था, इस बीच ग्राम प्रधान और अन्य लोगों द्वारा पेड़ काटा जा रहा था। इस दौरान किसी बात को लेकर इनका ग्राम प्रधान से विवाद हो गया। विवाद के दौरान ग्राम प्रधान और उनके सहयोगियों ने इन्हे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारा पीटा और जान से मारने का प्रयास किया।

पुलिस ने वैद्यनाथ की तहरीर पर ग्राम परागपुर के प्रधान बैजनाथ , लक्ष्मी, सुकई, गनपत और विजेन्द्र सभी निवासी ग्राम परागपुर तथा 12 अन्य अज्ञात के खिलाफ मारपीट और एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। एसओ सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि परागपुर गांव में हुए मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# घुघली के युवक की पुणे में हत्या



बिरैचा गांव में विवेक का शव आने के बाद उमड़े ग्रामीण • जागरण

- पुणे में टाइल्स लगाने का कार्य करता था बिरैचा गांव का विवेक
- रविवार को पत्थर से सिर पर प्रहार कर आरोपित ने की थी हत्या

जासं, घुघली ( महराजगंज ) : क्षेत्र के बिरैचा गांव निवासी विवेक पासवान की महाराष्ट्र के पुणे में उसके साथ रह रहे एक युवक ने मामूली विवाद में पत्थर से सिर पर प्रहार कर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित युवक मौके से फरार हो गया।



विवेक • फाइल फोटो

विवेक पुणे में टाइल्स लगाने का कार्य कर रहा था। साथ काम कर रहे अन्य पांच साथियों के साथ एक ही कमरे में रह रहा था। जिसमें चार बस्ती के रुधौली के रहने वाले हैं, एक गोंडा का रहने वाला है। स्वजन के मुताबिक घटना के दिन रविवार शाम को सभी मिलकर भोजन बना रहे थे। उसी दौरान साथ रह रहे एक व्यक्ति से विवेक का किसी बात को लेकर विवाद होने लगा। इस दौरान मौजूद अन्य साथियों ने समझा-बुझाकर मामला शांत करा दिया।

भोजन के बाद विवेक कमरे से बाहर निकल कर टहलने लगे। इसी बीच आरोपित पुनः उससे भिड़ गया। विवाद के दौरान विवेक जमीन पर गिर पड़ा।

जिसके बाद बड़े पत्थर से आरोपित ने सिर पर प्रहार कर हत्या कर दी। रविवार को विवेक की मृत्यु की खबर आते ही पूरे गांव में मातम पसर गया। तीन दिन से स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल था।

# सीओ को धमकाने वाला युवक गिरफ्तार

जासं, महराजगंजः स्वयं को प्रधानमंत्री आफिस (पीएमओ) का सचिव बताते हुए ग्राम प्रधान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करने के लिए फरेंदा सीओ अनुज कुमार सिंह को धमकी देने वाले आरोपित को पुलिस ने मंगलपुर गांव से बुधवार को दोपहर तीन बजे गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

सीओ अनुज कुमार सिंह ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के बहोरपुर गांव में सरकारी बैटरी चोरी हुई थी। एक सप्ताह से उनके मोबाइल पर फोन आ रहा था। फोन करने वाला स्वयं को पीएमओ का सचिव बता रहा था, ग्राम प्रधान की गिरफ्तारी का आदेश दे रहा था। मना करने पर पद से हटाने की धमकी दी। इस मामले में फरेंदा थाने में मोबाइल नंबर 6387355863 व 7311143114 के आधार पर अज्ञात आरोपित के विरुद्ध आइटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। जांच पड़ताल में कोल्हुई थाना क्षेत्र के बड़गो ग्राम सभा टोला मंगलडीहा निवासी जमाल अहमद पुत्र अब्दुल मजीद का नाम सामने आया। पूछताछ में उसने बताया कि वह अपने दोस्त के कहने पर यह कर रहा था। सीओ ने बताया कि आरोपित जमाल अहमद जेल भेज दिया गया है। मामले में अभी और लोगों के नाम सामने आने की संभावना है।

# पति समेत नौ पर मारपीट व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

जासं, मंगलपुर : श्यामदेउरवा के लक्ष्मीपुर जरलहिया गांव की रहने वाली एक महिला ने पति समेत नौ लोगों पर मारपीट व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। महिला ने बताया कि लक्ष्मीपुर जरलहिया गांव के अजीमुल हक उर्फ सोनू के साथ उसकी शादी हुई है। ससुराल के लोग चार पहिया गाड़ी की मांग करते हैं। पति अजीमुलहक उर्फ सोनू, ससुर ,सास, ननद व देवर फैज खान सैफ खान चाचा खुर्शीद दहेज के लिए प्रताड़ित करते हैं। इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर नौ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# नेपाल के नागरिक का शव दफनाने को लेकर हंगामा

- मौके पर पहुची नौतनवा पुलिस ने शांत कराया हंगामा
- विवाद के बाद शव दूसरे स्थान पर ले गए लोग

जासं, खनुआ : नौतनवा गैस एजेंसी के पीछे एक सागौन के बगीचे में बुधवार की दोपहर को जमकर हंगामा हुआ। करीब आधा दर्जन लोग शव दफनाने के लिए गड्ढा खोद रहे थे। इस दौरान जिस व्यक्ति की भूमि थी उसके स्वजन किसी अज्ञात के शव को दफनाने से रोक दिए। मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। मामले की सूचना मिलते ही नौतनवा पुलिस मौके पर पहुंची तथा लोगों को शांत कराया। शव को वहां से हटवाया। मामले की जांच न करने पर लोगों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए।

भूमि स्वामी के स्वजन अविनाश मौर्य ने कहा कि कुछ लोगों ने उन्हें सूचना दी कि गैंस एजेंसी के पीछे स्थित बगीचे से सटी उनकी भूमि में कुछ लोग गड्ढा खोद शव दफन करने आए हैं। जब वह मौके पर पहुंचे तो वहां नौतनवा कस्बे के वार्ड 11 मौलाना आजाद नगर के कुछ लोग शव को लेकर गड्ढा खोद रहे थे। जो कि अपने एक कथित रिश्तेदार राधेश्याम साहनी निवासी खखरौड, सम्मरी माई गांव पालिका जिला रूपंदेही नेपाल का शव बता रहे थे। सवाल यह है कि जब मृतक नेपाल निवासी का था तो उसे गुपचुप तरीके से भारतीय क्षेत्र में लाकर क्यों दफनाया जा रहा था।



शव लेकर बगीचे में पहुंचे लोग • जागरण

मौके पर पहुंचे नौतनवा कस्बा चौकी इंचार्ज ओमप्रकाश गुप्ता ने शव को शमशान की भूमि में दफन करने को कहा। इसके उपरांत पुलिस वहां से चली गई। नौतनवा थानाध्यक्ष मनोज राय ने कहा कि मामले की जांच के लिए उपनिरीक्षक ओमप्रकाश गुप्ता को निर्देश दिया गया है।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# थकरी खेल देखने के दौरान पिता व पुत्र को पीटा, मुकदमा दर्ज

जासं, ठूठीबारी : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा कठखोर में सोमवार की रात थकरी का खेल देखने के दौरान हुई मारपीट में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। शिकायकर्ता की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

शिकायकर्ता आसमा तहरीर में लिखा है कि सोमवार की रात करीब 10 बजे गांव में थकरी खेला जा रहा था। उनका 12 वर्षीय बेटा तैयब देखने गया था। गांव के ही समीउल्लाह से कुछ कहा-सुनी हो गई, वह मारने-पीटने लगे। जैसे ही सूचना मिली पति वकील बीचबचाव करने गए, इस दौरान हमलावर गोलबंद होकर मारने पीटने लगे। घटना में पति का सिर फट गया है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर समीउल्लाह , मरियम , जैनुल , राजू के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। कोतवाल जेपी सिंह यादव ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

# सीओ की जांच के बाद छह के विरुद्ध एससी, एसटी का मुकदमा

जासं,निचलौलःक्षेत्र के परागपुर गांव में वीडियो बनाने को लेकर मारपीट के मामले में पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ के निर्देश पर सीओ अनिरुद्ध कुमार ने बुधवार को गांव में जांच की। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने छह के विरुद्ध मारपीट व एससी-एसटी का मुकदमा दर्ज किया है।

कुछ दिन पहले परागपुर गांव में प्रधान हरे पेड़ की टहनियों को कटवा रहे थे। कुछ लोग जाकर वहां वीडियो बनाने लगे। ग्रामीणों ने जब मना किया तो दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। पीड़ित बैजनाथ पासवान ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी, जिस पर पुलिस अधीक्षक ने जांच सीओ को सौंपी। सीओ ने जांच के बाद मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। पुलिस ने बैजनाथ पासवान की तहरीर पर बैद्यनाथ गुप्ता, लक्ष्मी, सुखई, गणपति, विजेंद्र, यूपी पटेल निवासी परागपुर के विरुद्ध केस दर्ज किया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है।

# ग्राम न्यायालय में 25 में से आठ मुकदमों का निस्तारण

जासं, लक्ष्मीपुरः नौतनवा तहसील के ग्राम पंचायत भवन पैसिया ललाइन में बुधवार को चकबंदी अधिकारी फरेंदा ने ग्राम न्यायालय का आयोजन किया। चकबंदी अधिकारी बृजेश कुमार राय ने बताया कि ग्राम न्यायालय में कुल 25 मुकदमों की सुनवाई की गई है। जिसमें आठ का निस्तारण किया गया। यह कार्यक्रम किसानों के हित को देखते हुए समय-समय पर चलाया जाएगा। इस दौरान प्रधान बलिराज यादव,चकबंदी लेखपाल दीपक सिंह, नंदलाल,बशीर खान, नंदलाल, सुनील कुमार श्रीवास्तव, जहीरूद्दीन, राम प्रसाद गुप्ता मौजूद रहे।

पूर्वांचल इंस्टी

ले जाना पड़ता है। केवल कहीं-कहीं कटें होती हैं, इससे करंट लगने का खतरा हमेशा रहता है। यूनियन बैंक से होकर जाने वाली गली में भी झूलते तार दिखते हैं। इसी तरह से मुहल्ले के अन्य हिस्सों में यही तस्वीर दिखती है। लोग कहते हैं कि शिकायत के बाद भी समस्या सुनने वाला कोई नहीं है। बारिश होने पर

-रामनाथ प्रजापति

कुछ हिस्सों में जलभराव से दुश्वारियां झेलनी पड़ती हैं। सड़क भी ठीक हालत में नहीं है। ईंट का

-इंद्रावती देवी

टुकड़ा सड़क में डाला है, इससे पैर में चोट लगती है। नाली की दशा भी बदहाल है।

## ग्राम प्रधान सहित 17 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

निचलौल। थाना क्षेत्र के परागपुर गांव में बीते 17 अगस्त शाम करीब पांच बजे हुई एक घटना से लोगों में हड़कंप मच गया था। यहां पर फोटो खींचने से आक्रोशित ग्राम प्रधान ने दो युवकों को ट्रैक्टर से कुचलने का प्रयास किया था। बुधवार को जांच के बाद ग्राम प्रधान सहित 17 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। क्षेत्र के खोन्हौली गांव के रहने वाले बैजनाथ पासवान ने पुलिस से बताया है कि वह न्यूज रिपोर्टिंग का कार्य करते हैं। परागपुर गांव के कुछ लोगों से सूचना मिली थी कि सड़क के किनारे हरे सागौन और शीशम के पेड़ को ग्राम प्रधान अवैध तरीके से कटवा रहे है। उक्त सूचना के बाद साथी सुनील के साथ मौके पर पहुंच फोटो और वीडियो बनाने लगे। जिसके चलते मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान आक्रोशित होकर उनसे दुर्व्यवहार करने लगे। इसका विरोध करने पर आक्रोशित ग्राम प्रधान अपने सहयोगियों के साथ पहले बेरहमी से पिटाई की। फिर ट्रैक्टर से उन्हें कुचलने का प्रयास किया। संवाद

# दोस्त के कहने पर दी थी सीओ फरेंदा को धमकी

फरेंदा। पुलिस क्षेत्राधिकारी को शिकायत सुनने के दौरान फोन पर धमकी देने वाले युवक को पुलिस ने बुधवार की सायं गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी युवक ने दोस्त के कहने पर सीओ को धमकी देने की बात स्वीकार की हैं। पुलिस आरोपी के खिलाफ पूछताछ में जुटी हुई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार सिंह ने बताया कि दो सितंबर को संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत सुनने के दौरान मोबाइल पर पीएमओ कार्यालय का सचिव बता कर धमकी देने वाले युवक का फोन कॉल ट्रैस किया गया। संवाद

# हत्या के मामले का खुलासा

महराजगंज। घुघली थाना क्षेत्र के  खानपुर गांव में रोहन की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को तीन दिन के अंदर पकड़ कर किशोर न्यायालय को सुपुर्द कर मामले का खुलासा कर दिया। किसान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीदेव उपाध्याय ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर मामले की पुनः जांच कराए जाने की मांग की। संवाद

# यूरिया व चावल बरामद

महराजगंज। सशस्त्र सीमा बल 66 वीं वाहिनी के बीओपी हरदीडाली के जवानों ने गश्त के दौरान भारत-नेपाल सीमा के मुर्दहिया घाट के पास से यूरिया व चावल बरामद कर अग्रिम कार्रवाई के लिए नौतनवां कस्टम को सौंप दिया है। इंस्पेक्टर उत्तम सिंह ने बताया कि हरदी डाली बीओपी के जवान प्रतिदिन की तरह गश्त पर निकले थे। अभी मुर्दहिया घाट के पास सीमा क्षेत्र की तरफ से कुछ लोग साइकिल व बाइक पर बोरा लेकर नेपाल जाने के फिराक में थे। जवानों को देखते ही सामान छोड़कर वह फरार हो गए। संवाद

# पुणे से विवेक का शव लाया गया गांव

## खाना खाकर दोस्त के साथ टहलने निकले, रास्ते में विवाद में हो गई मारपीट

संवाद न्यूज एजेंसी

घुघली। तीन माह पूर्व पुणे महाराष्ट्र गए ग्राम सभा बिरैचा खास टोला निवासी विवेक की हत्या वहीं रविवार रात उसके ही मित्र ने हत्या कर दी थी। यह सूचना गांव के ही नासिक में काम कर रहे सुनील पासवान ने दी।



विवेक फाइल फोटो

बुधवार को शव घर आया तो परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सुनील ने इस बात को विवेक के घर पर बताया कि सभी मित्रों के साथ बंद कमरे में शराब पी, फिर खाना खाने के बाद कमरे से बाहर टहलने निकले थे।

किसी बात को लेकर उनमें कहासुनी हो गई और हाथापाई में लड़ खड़ाकर गिर जाने पर साथ में ही रह रहे मित्र ने उसके सिर पर पत्थर से प्रहार कर मौत के घर उतार दिया। तीन दिन बाद विवेक का शव आते ही गांव में कोहराम मच गया।



विवेक के घर लगी भीड़। संवाद

# पति समेत नौ लोगों के खिलाफ केस दर्ज

महराजगंज। श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा लक्ष्मीपुर जरलहिया निवासी जहनारा ने अपने पति समेत नौ लोगों के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने तथा मारने पीटने का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जहनारा का आरोप है कि आए दिन ससुराल वाले उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करते है। दहेज में चार पहिया वाहन की मांग कर रहे है। विरोध करने प मारने पीटने लगते हैं। इसे लेकर कई बार पंचायत भी हुई, लेकिन ससुराल वाले नहीं माने। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति अजीमुल हक उर्फ सोनू, सास, ससूर, देवर फैज खां, सैफ खां, खुर्शीद, साबिर, ननद व कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

# कंकाल के बारे में पुलिस कर रही लोगों से पूछताछ

**नौतनवां।** थाना क्षेत्र के गांव महुअवा अड्डा गांव से पूरब सिवान में धान की फसल के बीच मिले नर कंकाल किसका है। यह पता लगाने में पुलिस जुटी हुई है। महुअवा अड्डा निवासी लापता युवक शैलेश के परिजन मौके पर मिले कपड़े के आधार पर शैलेश का ही कंकाल बता रहे हैं। शैलेश की पत्नी शर्मिला द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर कुछ लोगों से पूछताछ कर रही है ।नौतनवां थाना क्षेत्र के गांव महुअवा अड्डा निवासी लापता शैलेश के परिजन गांव के सिवान में मिले नर कंकाल के कपड़े को देखकर शैलेश का ही बता रहे हैं। हालांकि फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी है। शैलेश की पत्नी शर्मिला पुलिस को दी तहरीर में 20 दिन पूर्व गांव के तीन लोगों पर मारने पीटने का आरोप लगाया था। नर कंकाल मिलने के बाद पुलिस गांव के ही तीन युवकों को पूछताछ के लिए थाने ले गई है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि तीन लोगों को पूछताछ के लिए लाया गया है। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-07-09-2023

# प्रधानों ने उपेक्षा का लगाया आरोप

**रूधौली (एसएनबी)।** सोमवार को जनपद में भ्रमण पर आई उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा सल्टौवा गोपालपुर विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत चौकवा के लेदवा गांव के निरीक्षण के दौरान गांव के ग्राम प्रधान को कार्यक्रम में उचित स्थान न दिए जाने की शिकायत करते हुए ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिंह ने राज्यपाल को पत्र लिखकर ग्राम प्रधान के इस अपमान में दोषी जिम्मेदारों पर कार्रवाई करने की मांग की है। लिखे गए पत्र में बताया कि प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल द्वारा ग्राम पंचायत के महिला प्रधान सुदामा देवी को मंच पर स्थान न देकर सामान्य दर्शक दीर्घा में बैठा दिया। जबकि कार्यक्रम में जनपद की पूर्व डीएम तमाम अधिकारियों एवं नेताओं को मंच पर बैठाया गया।

# टूरिस्ट बीजा पर भेजा विदेश, धोखाधड़ी का मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)।** काम के लिए विदेश भेजने के नाम पर अभियुक्तो ने एक व्यक्ति से पैसे लिये और टूरिस्ट बीजा बनवाकर भेज दिया। वापस आने पर युवक ने अपना पैसा वापस मांगा तो उसे गालियां व जान से मारने की धमकी दी गयी। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। वाल्टरगंज थानान्तर्गत बहेरिया गांव निवासी सरोज कुमार पुत्र रमेश कुमार ने न्यायालय में अर्जी लगाते हुए बताया कि उसे आरोपी हबीबुर्रहमान व शफीकुर्रहमान द्वारा मलेलिया में नौकरी दिलाने तथा बीजा बनवाने की बात कहकर पैसा लिया लेकिन धोखाधड़ी करके उसका टूरिस्ट बीजा बनवाकर मलेशिया भेज दिया। किसी तरह से जब वह मलेशिया से वापस भारत आया तो अभियुक्तो से अपना पैसा वापस करने के लिए कहा। लेकिन अभियुक्तो ने उसे गालियां देते हुए पैसे देने से इन्कार कर दिया। मामले में न्यायालय के आदेश पर वाल्टरगंज थाने की पुलिस ने आरोपी हबीबुर्रहमान, शफीकुर्रहमान पुत्रगण सम्पुलहरु निवासीगण करमाखुद, तथा जयउल्लाह पुत्र मोहम्मद तैयब निवासी करही थाना दुधारा जनपद संतकबीर नगर के विरूद्ध धारा 420, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# घरेलू विवाद में महिला को पीटा, एफआईआर

**बस्ती (एसएनबी)।** घरेलू रंजिश को लेकर एक महिला को अभियुक्तो ने गालियां देते हुए मारा-पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज थानान्तर्गत चौबाह गांव में घरेलू विवाद को लेकर रेनू चौरसिया को उसके परिवार के लोगो ने मिलकर गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता रेनू चौरसिया पत्नी धर्मेन्द्र जायसवाल निवासी चौबाह थाना लालगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सास सुमन देवी, ननद प्रीती, जूली पुत्रीगण श्याम नरायन, देवर गजानन्द जायसवाल निवासीगण ग्राम चौबाह थाना लालगंज के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# ताला तोड़कर कीमती जेवरो की चोरी, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** चोरों ने एक घर को निशाना बनाया और लॉकर का ताला तोड़कर कीमती जेवरों की चोरी कर फरार हो गये। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सोनहा थानान्तर्गत भिरिया ऋतुराज गांव में बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा अभिशेक सिंह के घर को निशाना बनाया और पीछे की तरफ से सीढ़ियों के रास्ते घर में प्रवेश कर गये। जहां कमरे में रखा लॉकर का ताला तोड़कर गले का हार, मांग टीका सहित तमाम अन्य कीमती जेवर की चोरी कर ले गया। मामले में गृह स्वामी अभिषेक सिंह पुत्र बृजकिशोर सिह निवासी ग्राम भिरिया ऋतुराज, थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 457, 380 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# विवाद में महिला की पिटाई, एफआईआर

**बस्ती (एसएनबी)।** बच्चों के विवाद को लेकर कुछ लोगों ने मिलकर एक महिला को गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता के ससुर की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। नगर थानान्तर्गत प्रतापपुर गांव में बच्चों के बीच हुआ विवाद घर तक पहुंच गया और एक पक्ष के कुछ लोगों ने मिलकर रामशंकर तिवारी की बहू रन्जू को गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में राम शंकर तिवारी पुत्र पटेश्वरी तिवारी निवासी प्रतापपुर थाना नगर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अमरावती पत्नी मनोज तिवारी, सोनी पुत्री मनोज तिवारी , प्रिया पुत्री मनोज तिवारी निवासीगण प्रतापपुर थाना नगर के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बस की ठोकर से बाइक सवार घायल, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** तेज रफ्तार बस की चपेट में आकर बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। इस सम्बन्ध में घायल के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। नगर थानान्तर्गत पोखरनी निवासी राम प्रसाद का लड़का अपने मित्र विकास पुत्र पूर्णमासी निवासी अठदमा की बाइक संख्या यूपी 51 बीएल/ 2422 पर पीछे बैठा था। इस दौरान उग्रसेन पुर के पास तेज रफ्तार ट्रक संख्या यूपी 51 एटी/ 3705 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन लेकर आया और बाइक में पीछे से ठोकर मार दी। जिससे युवक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। मामले में घायल के पिता रामप्रसाद पुत्र राम पियारे निवासी पोखरनी थाना नगर की तहरीर पर पुलिस ने वाहन के अज्ञात चालक के विरूद्ध धारा 279, 337, 338 आईपीसी एवं 184 एमवी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# जमीनी विवाद में मारपीट, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** जमीन के विवाद की बात को लेकर विपक्षियों ने मिलकर महिला को गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सोनहा थानान्तर्गत बसडिलिया गांव में जमीन के विवाद की बात को लेकर कुछ लोग महिला कौशल चौधरी के घर पर आये और उसे गालियां देने लगे। जिन्हे ऐसा करने से मना किया गया तो उसे मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता कौशल चौधरी पत्नी अशर्फी लाल निवासी बसडीलिया थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चन्द्रभान पुत्र महादेव, प्रियंका चौधरी पुत्री चन्द्रभान, शर्मिला पत्नी जंगबहादुर, काजल पुत्री जंगबहादुर निवासीगण बसडीलिया थाना सोनहा के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# रंजिश में मारपीट, मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)।** परिवारिक रंजिश को लेकर युवक को उसके भाई ने गालियां देते हुए मारा-पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। रूधौली थानान्तर्गत हटवा बाजार निवासी जमाल अहमद को परिवारिक रंजिश को लेकर उसके भाई मोहम्मद अहमद ने गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित जमाल अहमद पुत्र अब्दुल कलाम निवासी हटवा बाजार थाना रूधौली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मोहम्मद अहमद पुत्र अब्दुल कलमा निवासी हटवा बाजार थाना रूधौली के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# महिला की पिटाई, मुकदमा दर्ज

**बस्ती (एसएनबी)।** मामूली विवाद को लेकर एक महिला को कुछ लोगों ने मिलकर गालियां देते हुए मारा-पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। नगर थानान्तर्गत बक्सर गांव में कुछ लोगों ने एक राय होकर शक के आधार पर लक्ष्मी को पहले गालियां दी। जिन्हें ऐसा करने से मना किया गया तो उसकी लोगों ने जमकर पिटाई करते हुए जान से मारने की धमकी दिया। मामले में पीड़िता लक्ष्मी पत्नी श्यामू निवासिनी बक्सर थाना नगर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सीता पत्नी शिवप्रसाद, साहुल पुत्र शिवप्रसाद, जयश्री, जानकी पुत्री शिवप्रसाद, रूबी पुत्री शिवप्रसाद निवासीगण बक्सर थाना नगर के विरूद्ध धारा 147, 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# उपचुनाव में खूब पड़े मत

**दुबौलिया(एसएनबी)।** स्थानीय ब्लॉक क्षेत्र के दो ग्राम



चुनाव लाइन में लगे मतदाता। फोटो : एसएनबी

पंचायतों में हुए उपचुनाव में खुब मत पडें। दुबौलिया ग्राम पंचायत में हुए मतदान में तीन बूथों में कुल 1839 के सापेक्ष 1504 मत पड़े। वही रानी पुर लाद में कुल मत 2084 के सापेक्ष 1178 मत पड़े।

गौरतलब है कि आसमय मौत के कारण प्रधान पद रिक्त चल रहा था। जिस पर बुधवार को हुए चुनाव में दुबौलिया ग्राम पंचायत में कुल छः प्रत्यासी मैदान मे थे। दुबौलिया में सुबह से ही मतदाताओं की लाईन लगनी शुरू हो गया जो दोपहर तक जारी रहा। दुबौलिया में तीन लोगों को फर्जी आधार कार्ड से मतदान करने पर हिदायत देकर छोड़ दिया गया। वही रानीपुर लाद में चार प्रत्याशी मैदान में थे। जहां पर कुल 1178 मत पड़े। पांच बजे मत पेटी को शील कर सुरक्षित ब्लाक मुख्यालय के ब्लॉक सभागार कक्ष में रखा गया। वही मतदान के बाद एसडीएम हरैया गुलाब चन्द, क्षेत्राधिकारी कलवारी विनय चौहान एवं थानाध्यक्ष दुबौलिया ने दो दर्जन से अधिक पुलिस कर्मियों के साथ कस्बे में फ़्लैग मार्च किया।

## फर्जी मतदान करने का लगाया आरोप

**दुबौलिया(एसएनबी)।** दुबौलिया ग्राम पंचायत में हो रहे पंचायत चुनाव में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर फर्जी वोट डालने का आरोप लगाया है। हालांकि मौके पर प्रशासन ने हल्का बल प्रयोग कर दोनों पक्षों को शांत कराया। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर फर्जी आधार कार्ड बनवा कर मतदान करने का आरोप दूसरे पक्ष पर लगा कर राम जानकी मार्ग सड़क जाम करना चाहा। हालांकि की एसडीएम हरैया गुलाब चन्द ने मौके पर पहुंच कर मामला शांत कराया और मतदान केंद्र के पास खुले फोटो स्टेट की दुकान को बंद कराया और संचालक को हिरासत में ले लिया। दोपहर दो बजे तक 1344 मत पड़ चुके थे। मौके पर एसडीएम हरैया गुलाब चन्द, क्षेत्राधिकारी कलवारी विनय चौहान एवं थानाध्यक्ष इन्द्र भूषण सिंह मतदान केंद्र पर मौजूद हैं। मतदान शांति पूर्वक चल रहा है।

# गुमशुदा बच्चे को परिजनों को सौंपा

**बस्ती (एसएनबी)।** सोनहा थाना क्षेत्र में एक बच्चे के भटकने की सूचना पर पहुंची पीआरवी टीम द्वारा थाने पर लाकर पूछताछ की गयी। बच्चे द्वारा पता न बता पाने की दशा में पुलिस ने अपने विभागीय तन्त्र की मदद से बच्चे के गांव तथा परिजनों का पता लगाते हुए सही सलामद सिपुर्द किया गया।

जानकारी के अनुसार सोनहा थाना क्षेत्र में तैनात यूपी-112 पर कालर प्रदीप कसौधन पुत्र राम प्रकाश निवासी भानपुर थाना सोनहा द्वारा सूचना दिया गया कि दोपहर से एक लड़का यहां पर भटक रहा है। जो अपने गाँव का नाम बताने में असमर्थ है। पीआरवी 0826 पर नियुक्त मुख्य आरक्षी सीपी मोहम्मद अयूब खां, महिला आरक्षी अंजलि, पूजा यादव, होम गार्ड चालक वीरेन्द्र यादव द्वारा मौके पर पहुंचकर बच्चे को कब्जे में लिया और थाना सोनहा आकर बच्चा से



बरामद बच्चा परिजनों के साथ। फोटो : एसएनबी

पूछताछ की गयी। बच्चे द्वारा अपना नाम दीपेश पुत्र सुशील कुमार त्रिपाठी, माता का नाम शशि, बहन नंदनी बता रहा था, लेकिन अपना गाँव थाना व जिला बताने में असमर्थ था। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए उपस्थित बाल कल्याण अधिकारी उप निरीक्षक नन्हेलाल मिश्रा, महिला आरक्षी सुनीता को सुपुर्द किया गया। जिनके द्वारा आरटी सेट डीसीआर को सूचना दी गयी। जहां से ज्ञात हुआ कि उक्त बच्चे के खो जाने के सम्बन्ध मे थाना पुरानी बस्ती में धारा 363 आईपीसी के तहत मुकदमा सुशील कुमार त्रिपाठी पुत्र राज गोपाल त्रिपाठी व उनकी पत्नी शशि त्रिपाठी निवासी मोहल्ला गडगोडिया,थाना कोतवाली द्वारा पंजीकृत कराया गया है। जिस पर उप निरीक्षक राजेश यादव, मुख्य आरक्षी सर्वेश कुमार मिश्रा द्वारा सुषील कुमार त्रिपाठी के थाने पर बुलाकर बालक दीपेश त्रिपाठी को सही सलामत सिपुर्द किया गया।

# परिजनों से नाराज युवती तालाब में कूदी

**रूधौली(एसएनबी)।** परिजनों से नाराज एक लड़की आत्महत्या करने के प्रयास से गांव के पास स्थित एक तालाब में कूद गयी। गनीमत रहा कि आस पास के लोगों ने उसे तालाब में कूदते हुए देख लिया और समय रहते उसे बाहर निकाल लिया गया।

जानकारी के अनुसार रूधौली थाना क्षेत्र के मूड़ाड़ीहा खुर्द गांव की की रहने वाली एक 18 वर्षीय युवती उत्तर सड़क के बगल स्थित तालाब में आत्महत्या करने की नियत से छलांग लगा दिया। पानी में कूदते समय गांव के कुछ लोगो ने उसे देख लिया था और शोर मचाया। मौके पर तालाब के पास पहुंचे लोगो ने आनन-फानन में युवती को तालाब से समय रहते हुए बाहर निकाल कर उसकी जान बचायी और लड़की के परिजनों के साथ ही मुकामी पुलिस पर इसकी सूचना दिया।

सूचना पर पहुंचे आरक्षी सुनील सिंह व मनोज यादव ने लड़की के पिता को बुलवाकर सुपुर्द किया और 108 एम्बुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए सीएचसी साऊंघाट भेजवाया।

# छापेमारी में दस कुन्तल नकली टाटा नमक बरामद



जांच करते टीम के सदस्य एवं बरामद नकली नमक।

**बस्ती (एसएनबी)।** बुधवार को कलवारी बाजार में खाद्य सुरक्षा व टाटा नमक की विशेषज्ञ टीम ने नकली टाटा नमक बेचने की शिकायत पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान टीम को 50 किलो मात्रा का 20 बोरी नमक बरामद हुआ।

इस सम्बन्ध में खाद्य सुरक्षा अधिकारी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि टाटा नमक के विशेषज्ञ संजीव कुमार ने शिकायत किया है कि कलवारी बाजार में किराने की दुकान चलाने वाले संजय ट्रेडर्स के यहां नकली टाटा नमक बेचा जाता है। शिकायत के आधार पर बुधवार को टाटा नमक के विशेषज्ञ टीम के संजीव कुमार, शुभम त्रिपाठी, मनोज कुमार, कुलदीप के साथ छापेमारी किया गया। छापेमारी में दस कुन्तल पैकेट वाला टाटा नमक बरामद हुआ। पकड़े गए नमक में से चार पैकेट जांच के लिए प्रयोगशाला भेजी गई है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही किया जाएगा।

टाटा नमक कम्पनी के टेक्निकल एक्सपर्ट संजीव कुमार ने बताया कि गायघाट बाजार में टाटा नमक की एजेंसी है जिसका सेल काफी कम हो रहा था। इस पर एजेंसी के मालिक ने क्षेत्र में नकली नमक बिकने की शिकायत कम्पनी में किया था, जिसके आधार पर उनके द्वारा मंगलवार को कलवारी बाजार स्थित संजय ट्रेडर्स किराने की दुकान से नमक खरीद कर एजेंसी पर जाकर देखा गया तो यह नमक नकली निकला। जिसके आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी से शिकायत किया गया और बुधवार को छापेमारी किया गया।

संजय ट्रेडर्स के प्रोपराइटर संजय कुमार जायसवाल ने बताया की जब टीम ने मुझसे पूछा कि आपने यह नमक कहां से लिया है तो मैंने बताया कि मैं यह नमक श्री राम ट्रेडर्स अक्सड़ा बाजार से लिया है। टीम के साथ मैं दुकान पर भी गया जहां से मैंने नमक लिया था लेकिन दुकान के मालिक से मुलाकात नहीं हुआ।

टीम द्वारा बिल के बारे में पूछने पर बताया कि उन्होंने बिल दो-तीन दिन बाद देने के लिए कहा था।

# पुरानी रंजिश : मकान में लगाया आग,केस

**बस्ती(एसएनबी)।** पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला के मकान में अभियुक्तों ने आग लगा दिया तथा गालियां व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। वाल्टरगंज थानान्तर्गत सिकटा गांव की रहने वाली सुमन शुक्ला पत्नी शम्भू प्रसाद शुक्ला ने न्यायालय में अर्जी लगाते हुए बताया कि गांव के सर्वेश शुक्ला पुत्र भगौती शुक्ल उसके घर से रंजिश रखते थे। जिन्होंने उसकी छप्पर के मकान में आग लगा दिया। जिसकी शिकायत करने पर आरोपी व उसके परिवार वालो ने उसे गालियां व जान से मारने की धमकी दी। मामले में न्यायालय के आदेश पर वाल्टरगंज थाने की पुलिस ने आरोपी सर्वेश शुक्ला पुत्र भगौती प्रसाद शुक्ल, यशोधरा देवी पत्नी भगौती प्रसाद शुक्ला निवासीगण सिकटा थाना वाल्टरगंज के विरूद्ध धारा 436, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# महिला के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

बस्ती। परसरामपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत एक गांव में महिला संग दुष्कर्म के मामले में पुलिस के आरोपी को गिरफ्तारी कर लिया है। पीड़िता की ओर से दी गई तहरीर के अनुसार पांच अगस्त की शाम को आरोपी ने घर के पीछे मुंह दबाकर गन्ने के खेत खींच ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के चिल्लाने पर आरोपी छोड़कर भाग गया। पुलिस ने गांव निवासी अमजद के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार करने का दावा किया है।

# मारपीट में चार महिलाओं समेत पांच नामजद

बस्ती। नगर पुलिस ने बक्सर निवासी चार महिलाओं समेत पांच पर कार्रवाई की है। स्थानीय पुलिस ने लक्ष्मी की तहरीर पर बक्सर गांव की रहने वाली सीता, जयश्री, जानकी, रूबी और साहुल के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज किया है। नगर पुलिस ने बताया किसी बात पर दो पक्षों में मारपीट की घटना सामने आई है। पीड़िता लक्ष्मी की तहरीर पर यह केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# जान से मारने की धमकी, चार नामजद

बस्ती। कप्तानगंज पुलिस ने चनईपुर निवासी संजय की तहरीर पर कार्रवाई की है। पुलिस ने केशवराम, बुधेश, अवधेश व गुना देवी पर जान से मारने की धमकी देने व मारपीट करने का अभियोग पंजीकृत किया है।

# ससुराल वालों पर दर्ज कराया मुकदमा

बस्ती। लालगंज पुलिस ने मारपीट करने वाले चार लोगों को नामजद किया है। चौबाह निवासनी रेनू चौरसिया की तहरीर पर सास सुमन देवी, ननद प्रीति, जूली और देवर गजानंद के खिलाफ तहरीर देकर मुकामी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

# आगजनी के मामले में मुकदमा दर्ज

बस्ती। वाल्टरगंज पुलिस ने सिकटा गांव में पूर्व में हुई आगजनी के मामले में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सिकटा निवासी सुमन की तहरीर पर गांव के ही सर्वेश व यशोधरा के विरुद्ध आगजनी व धमकी देने की प्राथमिकी पुलिस ने दर्ज की है।

# भटके बालक को परिजनों को सौंपा

सल्टौआ। जिले के कोतवाली थानाक्षेत्र के गड़गोड़िया मुहल्ले के निवासी सुशील त्रिपाठी का नौ वर्षीय पुत्र दीपेश घर से भटक कर मंगलवार दोपहर में भानपुर कस्बे में पहुंच गया। बालक को अकेले घूमता देखकर लोगों ने पूछताछ की।

सोनहा पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बालक को अभिरक्षा में लेकर बाल कल्याण अधिकारी के सुपुर्द कर किया।

एसएचओ सोनहा शैलेश सिंह ने बताया कि बालक को पहचान के आधार पर परिवार वालों को सौंप दिया गया।

# वाहन चालक के विरुद्ध केस दर्ज

हरैंया। क्षेत्र के बसेवा राय गांव के एक युवक का घर जाते वक्त रास्ते में कार सवार ने पैर पर कुचल दिया था। इस वजह से उसका पैर फैक्चर हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर कार चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया हैं। क्षेत्र रामबहादुर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि एक अगस्त को सुबह साढ़े नौ बजे श्रृंगीनारी बाजार से घर जाते वक्त कार चालक रामप्रकाश शुक्ला निवासी करनपुर ने पैर को कुचल दिया।

# अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार जारी

भानपुर। बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर बुधवार को भी अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार जारी रहा। तहसील के सभी राजस्व न्यायालयों काम-काज ठप रहा। अधिवक्ता हापुड़ व गाजियाबाद में पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ एक सप्ताह आंदोलन कर रहे हैं। बुधवार को भी अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव तहसील के सभी न्यायालयों प्रस्तुत किया। बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता अयोध्या प्रसाद शुक्ल के आकस्मिक निधन पर शोक सभा कर उन्हें श्रद्धाजंलि भी दी।

# मनरेगा महिला मेट संघ ने सौंपा ज्ञापन

बस्ती। जिला महिला मेट संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपा। आठ सूत्री ज्ञापन में महिला मेटों को नियमित करके मासिक मानदेय निर्धारित करने की मांग की गई है। सीडीओ को ज्ञापन देने पहुंची महिला मेट संघ की उर्मिला गुप्ता व अन्य ने कहा कि महिला मेट होने के लिए श्रमिक होने का प्रतिबंध समाप्त किया जाए।

# सड़क जाम करने वालों पर केस दर्ज

**बभनान।** हलुआ बाजार चौराहे पर शव रखकर नौ घंटे तक सड़क जाम करने वाले परिजनों सहित 150 अज्ञात के विरुद्ध गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया। वहीं मामले की जांच रिपोर्ट के आधार पर उच्चाधिकारियों की ओर से एसआईटी गठित की जा रही है। विगत दो सितंबर को हलुआ बाजार गांव निवासी रामअजोर वर्मा के 22 वर्षीय पुत्र श्रवण वर्मा का शव बाजार के मुख्य चौराहे पर रख परिजनों सहित आसपास के लोगों ने सड़क जाम कर दिया था। बुधवार को उप निरीक्षक की तहरीर पर श्रवण के घरवालों सहित 150 अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

फर्जी मतदान को लेकर हुआ हंगामा, दुबौलिया में सबसे अधिक तो हैदराबाद में सबसे कम पड़े वोट

# प्रधान के तीन पदों पर 55.30 % मतदान

**उपचुनाव**

बस्ती, हिन्दुस्तान टीम। जिले के दो विकास खंडों के तीन ग्राम पंचायत में प्रधान पद के लिए हुए उप चुनाव में 55.30 प्रतिशत मतदान हुआ। 10 बूथों पर 7000 मतदाताओं के सापेक्ष 3871 ने मतदान किया, जिसमें 1902 पुरुष और 1969 महिलाएं रहीं। दुबौलिया ग्राम पंचायत में फर्जी मतदान की बात को लेकर हंगामा हुआ। शेष दोनों जगहों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। देर शाम कड़ी सुरक्षा के बीच तीनों मतदान केंद्रों की मतपेटिकाएं ब्लॉक मुख्यालय पर जमा हो गईं। मतगणना आठ सितम्बर को होगी।

**ग्राम पंचायत दुबौलिया में बरसे वोट :** दुबौलिया। विकास खंड दुबौलिया की ग्राम पंचायत दुबौलिया में प्रधान पद के लिए हुए उप चुनाव में जमकर वोट पड़े। दुबौलिया ग्राम पंचायत में 1504, रानीपुर लाद में 1178 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दोनों जगहों पर प्रधान के असमय मौत के कारण पद रिक्त चल रहा था। बुधवार को हुए उपचुनाव के दौरान दुबौलिया ग्राम पंचायत में कुल छह प्रत्यासियों के भाग्य का फैसला मतदाताओं ने कर दिया। दुबौलिया में सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतार लग गई थी। यह कतार दोपहर तक जारी रही। दुबौलिया बूथ पर तीन लोगों को फर्जी आधार कार्ड से मतदान करते पकड़ा गया, जिन्हें हिदायत देकर छोड़ दिया गया। रानीपुर लाद में चार प्रत्याशी मैदान में थे, जहां पर कुल 1178 मत पड़े। पांच बजे मत पेटी को सील कर ब्लॉक मुख्यालय में जमा करा दी गई। एसडीएम हरैंया गुलाब चंद्र, क्षेत्राधिकारी कलवारी विनय चौहान एवं थानाध्यक्ष दुबौलिया इंद्रभूषण सिंह आदि पोलिंग बूथों पर भ्रमणशील रहे।



ग्राम पंचायत दुबौलिया में मतदान के लिए लगी मतदाताओं की लंबी कतार।



दुबौलिया में फर्जी मतदान की शिकायत पर जाम लगाए लोगों से वार्ता करते एसडीएम हरैंया।

| ग्राम पंचायत | कुल वोट | पुरुष | महिला | कुल मतदान | मतदान प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| दुबौलिया | 1800 | 759 | 745 | 1504 | 83.56 |
| रानीपुर लाद | 2050 | 567 | 611 | 1178 | 57.46 |
| हैदराबाद | 3150 | 576 | 613 | 1189 | 37.75 |

## हैदराबाद में सबसे कम 37.75 फीसदी मतदान

परसुरामपुर। विकास खंड क्षेत्र के हैदराबाद में खाली चल रहे प्रधान पद का उप चुनाव बुधवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। शाम पांच बजे तक चले मतदान में 3199 वोटों के सापेक्ष महिलाओं ने 613 व पुरुषों ने 576 मत डाले। प्रधान पद के उपचुनाव में यहां पर कुल नौ प्रत्याशी मैदान में हैं। बुधवार को हुए मतदान के समय सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। हालांकि इस उपचुनाव को लेकर मतदाताओं में कोई खास उत्साह नहीं दिखा। यहां पर महज 37.75 प्रतिशत वोट पड़े।

## फर्जी मतदान का आरोप लगाकर किया हंगामा

दुबौलिया। ग्राम पंचायत दुबौलिया के उपचुनाव में एक प्रत्याशी समर्थकों ने फर्जी मतदान का आरोप लगाया। समर्थकों ने रोड जाम करने का प्रयास किया तो पुलिस ने लाठी पटककर लोगों को वहां से हटाया। इसी दौरान वहां पर एसडीएम हरैंया गुलाब चंद्र पहुंचे और उनसे बातकर मामला शांत कराया। उन्होंने पास में चल रहे एक फोटो स्टेट की दुकान को बंद कराया और उसके संचालक से पूछताछ की।

# तीन लोगों के खिलाफ ठगी का मुकदमा दर्ज

बस्ती, निज संवाददाता। वाल्टरगंज क्षेत्र के बहेरिया गांव निवासी सरोज कुमार ने गांव के ही तीन व्यक्तियों के खिलाफ कबूतरबाजी करने का केस दर्ज कराया है। उन्होंने थाने पर दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि धोखाधड़ी करके ढाई लाख रुपये वसूल लिए। विपक्षियों की ओर बताया कि नौकरी का वीजा दिया गया है।

पीड़ित वीजा लेकर मलेशिया नौकरी करने गया, तब उसे पता चला कि उसके साथ गांव के तीन लोगों ने ठग लिया है। जब वह मलेशिया से वापस लौटा तो तीनों व्यक्तियों से अपना रुपये मांगने लगा। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी देकर रकम देने से मना कर दिया। इस मामले में वाल्टरगंज पुलिस ने बहेरिया निवासी हबीबुर्रहमान, शफीकुर्रहमान व जयउल्लाह के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# रंजिश में मारपीट मुकदमादर्ज

बस्ती। रुधौली थानांतर्गत हटवा बाजार में मारपीट का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने हटवा बाजार निवासी मो. अहमद पर परिवारिक रंजिश को लेकर उसके भाई जमाल अहमद ने तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# हादसे में मृत युवक के मामले में केस दर्ज

छावनी। पुलिस ने सड़क हादसे में मृत युवक के मामले में अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। हादसा थानाक्षेत्र के शंकरपुर गांव के सामने फोरलेन पर 19 अगस्त को हुआ था। थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव ने बताया कि मां की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। थानाक्षेत्र के सेवरालाला निवासी सूरज कुमार उम्र 20 वर्ष शंकरपुर गांव के पास हुए हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

## विकास खंड दुबौलिया के पायकपुर ग्राम पंचायत का मामला

# मनरेगा के काम में 20 लाख का फर्जी भुगतान

**कलंक कथा**

- आयुक्त के निर्देश पर गठित की गई थी जांच टीम
- जांच टीम ने किया फर्जीवाड़ा का खुलासा, दी रिपोर्ट
- तालाब खुदाई, पटरी सफाई आदि के नाम पर किया गोलमाल

> 'विकास खंड दुबौलिया के ग्राम पंचायत पायकपुर में मनरेगा कार्य के गड़बड़ी की शिकायत मिली थी। इस पर डीएम बस्ती को जांच कराने का निर्देश दिया था। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर आख्या के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।'
>
> **अखिलेश सिंह,** आयुक्त, बस्ती मंडल।

■ सुरेंद्र पांडेय

**बस्ती, निज संवाददाता।** विकास खंड दुबौलिया के पायकपुर गांव में मनरेगा कार्य के नाम पर 20 लाख रुपये के फर्जी भुगतान का मामला सामने आया है। इस बात का खुलासा आयुक्त बस्ती मंडल अखिलेश सिंह के निर्देश पर हुई जांच में हुआ। जांच के लिए दो सदस्यों वाली टीम गठित हुई थी। टीम ने 11 बिन्दुओं पर जांच में पाया कि मनरेगा कार्य के नाम पर फर्जी भुगतान हुआ है। जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट डीएम और सीडीओ को भेजा है।

आयुक्त बस्ती मंडल अखिलेश सिंह को ग्राम पंचायत पायकपुर के रवीन्द्र कुमार वर्मा ने शिकायती पत्र दिया था। शिकायती पत्र में उन्होंने 11 बिन्दुओं पर फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगाया था। आयुक्त के निर्देश पर डीएम बस्ती ने जांच टीम गठित की। सीडीओ ने डीसी मनरेगा संजय शर्मा और एई डीआरडीए प्रदीप सिंह की टीम गठित की। टीम ने सभी बिन्दुओं पर जांच कर अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। जांच टीम ने पाया कि दूसरी जगह पर कार्य करने वालों के नाम पर जॉबकार्ड बना है। पति-पत्नी के नाम पर बने एक जॉबकार्ड पर 20 हजार से लेकर 70 हजार रुपये तक की मजदूरी दी गई है। मिनी एसबीआई बैंक संचालक, प्राइवेट विद्यालय शिक्षिका व अन्य जगह पर काम करने वाले तीन दंपति के तीन जॉबकार्ड पर 118554 रुपये का फर्जी भुगतान किया गया है। चार तालाब की खुदाई व सफाई के नाम पर 12 लाख रुपये से अधिक का फर्जी भुगतान किया गया है। सड़क और नहर की पटरी मरम्मत के नाम पर पांच लाख रुपये से अधिक का फर्जी भुगतान किया गया है। फर्जी भुगतान का ब्योरा जांच टीम ने स्पष्ट रूप से किया है। जांच टीम ने दो बिन्दुओं पर शिकायत को गलत पाया है। जांच टीम ने फर्जी प्राक्कलन बनाने वाले जेई, प्रधान, ग्राम सचिव और तकनीकी सहायक के कार्य पर सवाल उठाते हुए अपनी रिपोर्ट दी है। यह रिपोर्ट आयुक्त बस्ती मंडल, डीएम बस्ती और सीडीओ बस्ती को भेजी गई है।

**यहां हुआ गोलमाल :** मिनी एसबीआई बैंक संचालक रमेश कुमार, पत्नी रेखा को 20029 रुपये मजदूरी भुगतान, प्राइवेट शिक्षिक विनय शंकर लाल और उनकी पत्नी साधना 73358 रुपये मजदूरी का भुगतान, श्रद्धा श्रीवास्तव और अभिनव कुमार को 25167 रुपये का भुगतान, दीन दयाल के घर के सामने तालाब खुदाई व सफाई कार्य में 368550 रुपये का फर्जी भुगतान, राम बहोर के खेत के बगल तालाब खुदाई का कार्य कराए बगैर 412730 रुपये का फर्जी भुगतान, दीनदयाल के घर के सामने तालाब की खुदाई में बिना कार्य कराए 403360 रुपये का फर्जी भुगतान, जगदीश चौधरी के व्यक्तिगित तालाब में कार्य के नाम पर 72747 रुपये का फर्जी भुगतान, जगदीश के खेत से जतन के खेत तक दोनों तरफ पटरी सफाई कार्य में 219036 रुपये का फर्जी भुगतान, रामजानकी मार्ग से मरवटिया सरहद तक सड़क के दोनों तरफ मरम्मत कार्य को कराए बगैर 291840 रुपये का फर्जी भुगतान किया।

# ओपीएस बहाली को लेकर धरना 21 को

बस्ती। पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच एनजेसीए के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन चलाया जा रहा है। इसके तहत 21 सितंबर को जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

उक्त जानकारी परिषद के जिला मंत्री तौलू प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि सात सितम्बर को परिषद कार्यालय में बैठक तय की गई है। बैठक में परिषद के पदाधिकारियों और सदस्यों से शामिल होने की अपील की।

शहर से लेकर गांव तक कन्हैया के जन्मोत्सव को लेकर रही धूम, गाए गए सोहर, प्रसाद का हुआ वितरण

# घरों-मंदिरों में जन्मे कन्हैया, बजी बधाइयां

**जन्माष्टमी**

बस्ती, हिन्दुस्तान टीम। श्रीकृष्ण के जन्म की खुशी और उनके स्वागत में बुधवार को वशिष्ठनगरी के लोग आतुर दिखे। आधी रात जैसे ही घड़ी की सुइयां 12 के अंक के संग एकाकार हुई तभी कान्हा के प्राकट्य का शंखनाद हो गया। नटखट श्रीकृष्ण का जन्म होते ही घर, मंदिरों में घंटे, शंख और घड़ियाल गूंज उठे। श्रद्धालुओं ने जन्मे हैं कृष्ण कन्हाई, गोकुल में देखो बाजे बधाई..., हाथी-घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की.., नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की... आदि भजन गाने लगे। बाल गोपाल का पंचामृत से अभिषेक कर पंजीरी और मेवा मिष्ठान का भोग लगाया गया और प्रसाद वितरित किया गया। महिलाओं ने सोहर गाया और भक्ति में खूब झूमे।

बुधवार को दिनभर बाजार में पूजन सामग्री की खरीदारी होती रही। सुबह से घरों, मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की तैयारी शुरू हो गई थी। आर्कषक झांकी सजाए गए। श्रीकृष्ण के साथ राधा रानी की तस्वीर और मूर्तियों की भी बिक्री हुई। सजावटी सामग्री की भी खूब बिक्री हुई। श्रद्धालुओं ने शाम को पूजा सामग्री के साथ पूजा स्थल पर पहुंचे और भगवान मधुसूदन के जन्मोत्सव को लेकर पूजा-अर्चना शुरू कर दी। शाम होते ही झांकी और बनाए गए पंडाल में भक्ति गीत सुनाई देने लगे। चहुंओर जन्माष्टी की खुशियां छाई रहीं। हर्षोउल्लास के माहौल में श्रद्धालु झूमते नजर आए। आधी रात 12 बजते ही भगवान श्रीकृष्ण के उद्घोष से पंडाल गूंज उठे। देर रात तक जन्मोत्सव कार्यक्रम चलता रहा।



बस्ती में बुधवार को राधा के वेश में सजी नन्हीं बच्ची।



सरस्वती शिशु मंदिर रामबाग में सजी राधा-कृष्ण की झांकी।

## फलों के दाम आसमान पर, खीरे की मांग ज्यादा

जन्माष्टमी के दिन फलों के दाम आसमान छू लिए थे। सबसे अधिक मांग पत्ती-डाल सहित खीरे की रही। 10 रुपये में मिलने वाला यह खीरा 151 रुपये तक बिका। दुकानदार भी जन्माष्टी में इसकी मांग को देखते हुए खूब लाभ उठाया। इसी प्रकार अमरूद भी 120 रुपये किलो बिक रहा था। सेब 100 से 120 रुपये, केला भी 50 से 60 रुपये दर्जन बिका।

## स्कूलों में राधा-कृष्ण की सजीव झांकियों ने मन मोहा

बस्ती। सरस्वती शिशु मंदिर रामबाग और उर्मिला एजुकेशनल एकेडमी में बुधवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सरस्वती शिशु मंदिर में मुख्य अतिथि लता सिंह और विशिष्ट अतिथि सरिता शुक्ला ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिशु मंदिर में छोटे-छोटे बच्चों ने राधा-कृष्ण का परिधान पहन कर विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान प्रधानाचार्य भानुप्रताप त्रिपाठी, धनश्याम शुक्ल, अच्युतानंदन त्रिपाठी, निरूपमा, गरिमा, एकता, हरीश त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे। उर्मिला एजुकेशनल एकेडमी में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। छोटे बच्चों ने राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की। प्रबंधक धीरेन्द्र शुक्ल, विनय शुक्ल, प्रधानाचार्य नरेन्द्र सिंह, राकेश पाण्डेय, बसंत गुप्ता, श्रवण चौधरी, राजवंत यादव, मदन गोपाल, स्तुति मिश्रा आदि ने अपने विचार रखे।

## बच्चों ने मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

हर्रैया। कैलवरी आइडियल स्कूल महूघाट मे कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। एलकेजी, यूकेजी और जूनियर के बच्चे राधा-कृष्ण की परिवेश में सजधज कर स्कूल में पहुंचे। श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का अभिनय के साथ नृत्य कर मौजूद लोगों का मनमोह लिया। प्रबंधक सुजाता मसीह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप जलाया। इसके बाद बच्चों ने राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियां निकाली। इस दौरान आदिती, अनन्या, समृधि, रिधिका, तेजस, अक्षय, अंकुश, अमृत, युवराज को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिका पिंकी, सीमा, सुरभि, सिमरन आदि मौजूद रहीं।

शहर के जनता होटल के सामने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य झांकी सजाई गई। इसे देखने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इसी प्रकार करुआ बाबा, पंचायती मंदिर, मिश्रा भवन के सामने मंगल बाजार, शिव-पार्वती मंदिर मंगल बाजार, झांकी बरदहिया बाजार चौराहा, झांकी मरवटिया मंदिर, त्रिदेव मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम हुआ।

## नंद के घर आनन्द भयो भजन से गूंजा रुधौली

- जन्माष्टी पर सुबह से लेकर देर रात तक रहा भक्तिमय माहौल
- दिनभर पूजन सामग्री की होती रही खरीददारी, सजाए गए झांकी

रुधौली। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व रुधौली क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। झांकी सजाई गई। थाना शिव मंदिर पर झांकी सजाया गया था। प्रभारी निरीक्षक दिनेशचंद्र ने श्री कृष्णजन्म पर पूजन अर्चन किया। एएसपी दीपेन्द्र चौधरी, सीओ प्रीती खरवार सहित आदि लोग शामिल रहे। वहीं रुधौली बाजार में दर्जनों जगहों पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर झांकी सजाया गया था। हनुमानगंज बाजार में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम रही।

विद्युत उपकेंद्र रुधौली, विद्युत उपकेंद्र दसिया, पुराना शिव मंदिर, गिरीनागधाम रायठ में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर भजन-कीर्तन हुआ। पं. इंद्रदेव पांडेय ने पूजन-अर्चन किया। रूद्रनगर में प्रदीप सिंह और पिंकू सिंह ने पूजन किया। रघुनाथपुर में मनोज श्रीवास्तव, मोहन श्रीवास्तव ने पूजा की। रुधौली के शांति नगर वार्ड में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह मनाया गया। संतोष कुमार उर्फ भारत, ऋषभ, साहिल, सोनू, मोनू, पंकज, प्रमोद आदि शामिल रहे। महादेव सिंह रोड पर कन्हैया जायसवाल व नन्दलाल ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर पूजा की। कथकपुरवा में मां काली के मन्दिर पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया। उमेश श्रीवास्तव, ध्रुवचन्द्र, रामकुमार मौजूद रहे।

# बच्चों के विवाद को लेकर मारा पीटा, मुकदमा

**जागरण संवाददाता, गोटवा, बस्तीः** नगर थाने के प्रतापपुर गांव निवासी रामशंकर ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बच्चों के विवाद को लेकर उनकी बहू रंजू को गांव के ही कुछ लोगों ने मारा पीटा। अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अमरावती,सोनी व प्रिया के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता परशुरामपुर :** परशुरामपुर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार किया है। परशुरामपुर के प्रभारी निरीक्षक रामेश्वर यादव ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव युवती ने तहरीर देकर बताया कि मंगलवार की शाम को थाना क्षेत्र के रिधौरा गांव निवासी अमजद उसे जबरन गन्ने के खेत में घसीट कर ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बारे में किसी को बताने पर मारने पीटने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी।

## महिला को मारने पीटने के मामले में पांच पर मुकदमा

गोटवा : नगर थाने की पुलिस ने एक महिला को मारने पीटने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के बक्सर गांव की रहने वाली लक्ष्मी पत्नी श्यामू ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि विपक्षीगणों ने शक के आधार पर उन्हें मारा पीटा। अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सीता, साहुल, जयश्री, जानकी व रूबी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

## लाठी डंडा और धारदार हथियार से हमले का आरोप

बस्ती : कप्तानगंज थाने के चनईपुर गांव निवासी संजय ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के ही कुछ लोगों ने उन पर लाठी डंडा व धारधार हथियार से हमला किया। मारा पीटा और अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केशवराम, बुधेश, अवधेश व गुना देवी पत्नी केशवराम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। विवेचना उपनिरीक्षक सभाजीत मिश्र को सौंपी गई है।

# शव को सड़क पर रखकर जाम लगाने वालों पर मुकदमा

जासं,वभनान, वस्ती: गौर थाना क्षेत्र के हलुवा बाजार में वहीं के रहने वाले श्रवण के शव को सड़क पर रख जाम लगाने व धरना प्रदर्शन करने वाले लगभग डेढ सौ लोगों के विरुद्ध गौर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

हलका दरोगा विनय प्रताप सिंह ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि गांव के चौकीदार से सूचना मिली कि सांवडीह गांव के वन्य क्षेत्र में पेड़ की डाल से हलुआ निवासी श्रवण का शव पाया गा है। श्रवण के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के परिवार वालों को सिपुर्द कर दिया। इसी बीच पहली सितंबर की सुबह श्रवण के शव को लेकर उसके स्वजन सहित लगभग डेढ़ सौ लोग हलुवा बाजार में सड़क पर ही धरना प्रदर्शन करने लगे। हल्का दरोगा का आरोप है कि सड़क पर जाम लगाने से न सिर्फ आवागमन बाधित हो गया बल्कि वहां अफरा तफरी का माहौल भी पैदा हो गया।

# आत्महत्या की नीयत से तालाब में कूदी युवती, ग्रामीणों ने बचाया

जासं, रुधौली : थाना क्षेत्र के मूड़ाड़ीहा खुर्द गांव के बगल स्थित तालाब में एक युवती आत्महत्या की नीयत से कूद गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तालाब में कूदकर युवती को पानी से बाहर निकाला। दुदराक्ष की यह युवती बुधवार को मूड़ाडीहा खुर्द गांव पहुंची। ग्रामीणों ने स्वजन व पुलिस को सूचना दी।

# लावारिस हालत में मिले बच्चे को स्वजन को सौंपा

**जागरण संवाददाता, भानपुर, बस्ती:** सोनहा पुलिस ने बुधवार को सड़क पर लावारिस हालत में घूम रहे बच्चे को उसके स्वजन से मिलाया।

भानपुर कस्बा निवासी प्रदीप कसौधन ने मंगलवार की रात 11 बजे डायल 112 पर सूचना दिया कि भानपुर कस्बा में एक बच्चा सड़क पर लावारिस हालत में घूम रहा है। मौके पर पहुंचे पीआरवी में तैनात हेड कांस्टेबल मो. अयूब खां, आरक्षी अंजलि, पूजा यादव उसे अपने साथ थाने पर ले गए। पूछताछ में बच्चा अपना नाम दीपेश, पिता का नाम सुशील कुमार त्रिपाठी व मां का नाम शशि बताया, लेकिन अपना पता नहीं बता पा रहा था। बच्चे को बाल कल्याण अधिकारी नन्हेलाल मिश्रा व कांस्टेबल सुनीता को सिपुर्द कर दिया।

आरटी सेट डीसीआर को दी गई सूचना पर पता चला कि उस बच्चे के खो जाने के संबंध में पुरानी बस्ती थाने में गुमशुदगी दर्ज है। इसकी सूचना बच्चे के स्वजन को दी गई। थाने पर पहुंचे कोतवाली थाना क्षेत्र के गड़गोड़िया निवासी सुशील कुमार त्रिपाठी व उनकी पत्नी शशि त्रिपाठी को पुलिस ने बच्चे को सिपुर्द किया तो उन्होंने पुलिस की कार्यशैली और सक्रियता की सराहना करते हुए साधुवाद दिया।

## कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी का मुकदमा

**बस्ती:** वाल्टरगंज पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर धोखधड़ी करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। वाल्टरगंज थाने के बहेरिया गांव निवासी सरोज कुमार का आरोप है कि कुछ लोगों ने उन्हें मलेशिया भेजकर नौकरी दिलाने के नाम पर रुपया ले लिया। उन्हें धोखाधड़ी करके टूरिस्ट वीजा पर मलेशिया भेज दिया गया। किसी तरह वह वहां से वापस आया और जब अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपितों ने उन्हें अपशब्द कहते जान माल की धमकी दी। पुलिस ने मामले में न्यायालय के आदेश पर हबीबुर्रहमान, शफीकुर्रहमान निवासीगण करमाखुर्द थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर व उसी थाने के करही निवासी जयउल्लाह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# नकली टाटा नमक बिकने की शिकायत पर की गई छापेमारी

**जासं, कलवारी,बस्ती:** कलवारी बाजार में एक दुकान पर नकली टाटा नमक बिकने की शिकायत पर बुधवार को दिन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी भानु प्रताप सिंह व टाटा नमक कंपनी की टेक्निकल एक्सपर्ट टीम के संजीव कुमार और उनके सहयोगी कर्मियों ने छापेमारी की।

इस दौरान 50 किलो की 20 बोरी नमक बरामद किया। दिन में करीब दो बजे खाद्य सुरक्षा अधिकारी व टाटा नमक कंपनी की टेक्निकल एक्सपर्ट टीम के सदस्यों ने कलवारी बाजार स्थित एक दुकान पर छापेमारी की। इस दौरान बीस बोरी टाटा नमक मिला। चार पैकेट नमक जांच के लिए भेजा गया। टाटा नमक कंपनी के टेक्निकल एक्सपर्ट संजीव कुमार ने बताया कि एजेंसी द्वारा टाटा नमक की बिक्री कम होने की शिकायत मिली थी। मंगलवार को उन्होंने कलवारी बाजार स्थित संजय ट्रेडर्स नामक किराने की दुकान से नमक खरीद कर देखा तो पता चला कि यहां टाटा कंपनी का नकली नमक बिक रहा है। इसकी शिकायत खाद्य सुरक्षा अधिकारी से किया।



महरीखावां में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सजी झांकी • जागरण



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर पुलिस लाइन में सजी झांकी • जागरण

# भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की मनाई खुशियां

## घर व मंदिरों में आकर्षक ढंग से सजाई गई थीं झांकियां, थानों में भी हुआ आयोजन

**जासं, बस्ती**: श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। आधी रात को श्रीकृष्ण का जन्म होते ही घंट घड़ियाल बजने लगे। इसके साथ ही मंदिरों में पूजा- अर्चन का दौर शुरू हो गया। घर- घर सजी मनोहारी झांकियों में बाल गोपाल की आरती उतारकर बधाइयां दी गईं। इस दौरान हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की.., नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की.. बधाई गीत भी गुंजने लगे।

सुबह से ही कान्हा के जन्म की तैयारियां शुरू कर दी गईं। घरों में लोगों ने आकर्षक झांकियां सजाईं। झांकियों में शाम से पूजा पाठ का सिलसिला शुरू हो गया। व्रती लोगों ने आधी रात को भगवान के जन्म के बाद प्रसाद ग्रहण किया। खासकर थानों और पुलिस लाइंस में इस मौके पर भव्य आयोजन किए गए। पुलिस लाइंस में स्थित मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया था। पुलिस लाइन में स्कूली बच्चों ने भक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। आकर्षक झांकी भी निकाली गई।



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर झांकी प्रस्तुत करतीं राजकीय कन्या इंटर कालेज की छात्राएं • जागरण

रात के 12 बजे जैसे ही कान्हा का जन्म हुआ, मंदिरों में शंखनाद और घंटों घड़ियालों की ध्वनियां गूंजने लगीं। झांकियां सजाकर श्रीकृष्ण जन्म का इंतजार कर रही महिलाओं ने कान्हा की आरती उतारकर बधाई गीत गाए। कई मंदिरों में देर रात तक भगवान के जन्म की खुशियां मनाई गईं। आरती उतारने के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण कराया।

**स्कलो में भी मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी** : स्कूलों में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। इस दौरान नन्हें मुन्नें बच्चे श्रीराधाकृष्ण के वेश भूषा में झांकी निकाले। उर्मिला एजुकेशनल एकेडमी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया। बच्चों द्वारा मनमोहक श्रीराधा-कृष्ण की झांकी प्रस्तुत की गयी । प्रबंधक धीरेन्द्र शुक्ल, प्रबंध निदेशक विनय शुक्ल, प्रधानाचार्य नरेन्द्र सिंह ने बाल कलाकारों को पुरस्कृत किया। आरसीसी पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। रेड, ब्लू, ग्रीन तथा येलो हाउस के बच्चों ने दही हांडी प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। जिसमें रेड हाउस के बच्चे विजयी रहे। निदेशक ई. शैलेश चौधरी ने विजयी टीम को पुरस्कृत किया। हर्रैया कार्यालय के अनुसार कैलवरी आइडियल स्कूल महूघाट में बुधवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव खूब धूमधाम से मनाया गया।

# नलकूप खंड के एक्सईएन पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

**बस्ती।** नलकूप खंड की वरिष्ठ सहायक रीना सिंह ने अपने अधिशासी अभियंता पर मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए अपने प्रांतीय संगठन को शिकायती पत्र दिया है। साथ ही यह भी कहा है कि इसके पूर्व डीएम व अधीक्षण अभियंता से शिकायत की गई थी और डीएम ने जांच कमेटी गठित की है।

एक्सईएन साजिश रच कर खंड से बाहर स्थानांतरित करने का प्रयास कर रहे हैं। जिसके लिए संगठन को आगे बढ़कर मदद करनी होगी।

रीना सिंह ने आरोप लगाया है कि एक्सईएन जांच को प्रभावित करने व खंड से हटाकर स्थानांतरित करने का कुचक्र रच रहे हैं। संवाद

# गन्ने के खेत में ले जाकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** परशुरामपुर के एक गांव की युवती को घर से उठाकर गन्ने के खेत में ले जाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस के केस दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि उसे घर में अकेली देखकर आरोपी जबरदस्ती गन्ने के खेत में ले गया और धमकी देते हुए दुष्कर्म किया। पीड़िता ने तहरीर में बताया कि मंगलवार को शाम पांच बजे वह घर में अकेली थी। इसी का फायदा उठाकर थानाक्षेत्र के रिधौरा गांव का निवासी अमजद घर के पीछे के रास्ते से अंदर घुस आया। धमकी देकर पास के गन्ने के खेत में ले गया, जहां उसने दुष्कर्म किया। उसने धमकी दिया कि शोर मचाएगी तो मौत के घाट उतार देगा। उसके चंगुल से छूटने के बाद वह घर पहुंची। रात 11 बजे थाने में तहरीर दी गई। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। एसएचओ रामेश्वर यादव ने बताया कि बुधवार को करीब साढ़े 10 बजे आरोपी अमजद को अरजानीपुर पेट्रोल पंप से आगे मखौड़ा से गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा गया है। संवाद

# अज्ञात चालक पर केस

**छावनी।** पुलिस ने सड़क हादसे में युवक की मौत के मामले में अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। हादसा थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव के सामने फोरलेन पर 19 अगस्त को हुआ था। थाना क्षेत्र के सेवरालाला निवासी सूरज कुमार शंकरपुर गांव के पास हुए हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के दौरान लखनऊ मेडिकल कॉलेज में उनकी मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक की मां सुनीता पत्नी चौथू निवासी सेवरालाला थाना छावनी की तहरीर पर केस दर्ज किया। थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव ने बताया कि मृतक के माता की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर वाहन का पता लगाया जा रहा है। संवाद

---

# राष्ट्रीय लोक अदालत 9 सितंबर को

**बस्ती।** जनपद न्यायालय में 9 सितंबर को लोक अदालत का आयोजन होगा। न्यायालय के अलावा कलक्ट्रेट व सभी तहसीलों में लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसमें आपराधिक वाद व बैंक वसूली से संबंधी मामलों के अलावा मोटर दुर्घटनाओं के प्रतिकर याचिकाएं आद वाद निस्तारित किए जाएंगे। यह जानकारी अपर जिला व सत्र न्यायाधीश/सचिव रजनीश कुमार मिश्र ने दी है। संवाद





परशुरामपुर क्षेत्र के हैदराबाद में ग्राम पंचायत प्रधान पद के उपचुनाव में मतदान करते व कतार में खड़े मतदाता। संवाद

# उपचुनाव : दुबौलिया में फर्जी मतदान पर हंगामा, पुलिस ने पटकीं लाठियां

## दुबौलिया ब्लॉक के दो और परशुरामपुर के एक ग्राम पंचायत के लिए मतदाताओं ने डाले वोट

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** जिले के दो विकास खंड में रिक्त तीन ग्राम पंचायतों में प्रधान पद के लिए बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान हुआ। इस दौरान दुबौलिया में फर्जी मतदान पर एक प्रत्याशी के समर्थकों ने हंगामा कर दिया। पुलिस ने लाठियां पटक का लोगों को वहां खदेड़ा और मामले को शांत कराया।

परशुरामपुर ब्लॉक के हैदराबाद ग्राम पंचायत के लिए 37 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। जबकि दुबौलिया ब्लाक के रानीपुर लाद ग्राम पंचायत के लिए 57.46 और दुबौलिया ग्राम पंचायत प्रधान पद के लिए 83.56 प्रतिशत मतदान हुआ।

दुबौलिया ग्राम पंचायत के मतदान के दौरान फर्जी वोट डलवाने को लेकर उम्मीदवार समर्थकों ने कुछ देर के लिए हंगामा किया। कुछ लोग राम जानकी मार्ग जाम करने का प्रयास करने लगे लेकिन पुलिस कर्मियों ने लाठी पटक कर उन्हें खदेड़ दिया। मतदान के बाद एसडीएम गुलाब चंद्र और सीओ विनय कुमार चौहान ने भारी पुलिस बल के साथ कस्बे में फ्लैगमार्च किया।



हैदराबाद ग्राम पंचायत में उपचुनाव में तैनात पुलिस फोर्स। संवाद

### फर्जी मतदान को लेकर समर्थकों ने काटा बवाल

**दुबौलिया।** दुबौलिया ग्राम पंचायत में पंचायत प्रधान पद के लिए चुनाव में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर फर्जी वोट डलवाने का आरोप लगाते हुए कुछ देर तक बवाल काटा। हालांकि प्रशासन ने हल्का बल प्रयोग करते हुए दोनों पक्षों को शांत करा दिया। विवाद शुरू होते ही एसडीएम हर्रैया गुलाब चंद्र, सीओ कलवारी विनय चौहान पहुंच गए। एक पक्ष दूसरे पक्ष पर फर्जी आधार कार्ड बनावाकर मतदान करने का आरोप लगा रहा था। जिसे लेकर मतदान केंद्र से 50 मीटर दूर कस्बे में ही रामजानकी मार्ग को जाम करना चाहा। लेकिन एसडीएम की सक्रियता से जाम नहीं लगने पाया। लोगों को शांत भी कराया तथा मतदान केंद्र के आस पास खुली फोटो स्टेट की दुकान को बंद कराकर संचालक को हिरासत में ले लिया। संवाद

**हैदराबाद में ग्राम प्रधान पद के चुनाव में 37 मतदान:** बुधवार को परशुरामपुर विकास क्षेत्र के हैदराबाद ग्राम पंचायत के प्रधान पद के उप चुनाव में सिर्फ 37 प्रतिशत मतदाताओं ने ही मतदान किया। हैदराबाद के प्राथमिक विद्यालय में सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक 3199 मतों के सापेक्ष सिर्फ 1189 मतदाताओं ने मतदान किया। नौ प्रत्याशियों में ग्राम प्रधान पद के लिए कड़ा मुकाबला दिखा। मजिस्ट्रेट के रूप में हर्रैया के नायब तहसीलदार ऋषभ सिंह पुलिस बल के साथ तैनात रहे। ऋषभ सिंह ने बताया कि मत पेटिका परशुरामपुर ब्लॉक सभागार में कड़ी सुरक्षा रखी जाएंगी।

### दस प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मत पेटिका में बंद

**दुबौलिया।** विकास खंड के दुबौलिया ग्राम पंचायत में कुल तीन बूथ पर 1839 मत के सापेक्ष 1504 मत पड़े। वहीं रानीपुर लाद ग्राम पंचायत में 2084 के सापेक्ष 1178 मत पड़े। दुबौलिया ग्राम पंचायत में कुल छह प्रत्याशी व रानीपुर लाद में चार प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। दुबौलिया में सुबह से ही मतदाताओं की कतार लगी रही। दो बजे के बाद कतारें छोटी होने लगी। वहीं दुबौलिया में फर्जी आधार कार्ड से मतदान करने आए तीन लोगों को हिदायत देकर छोड़ दिया गया। रानीपुर लाद में सुबह से लेकर ग्यारह बजे तक ही कतार लगी रही। देर शाम मतदान समाप्त होने के बाद दोनों ग्राम पंचायतों की मत पेटिका को ब्लॉक मुख्यालय पर जमा किया गया। मतगणना आठ सितंबर को सुबह से ही ब्लॉक मुख्यालय पर होगी। संवाद

# रुपये हड़पने के मामले में तीन पर केस

**बस्ती।** मलेशिया भेजने के लिए रुपये लेकर धोखे से टूरिस्ट वीजा देने के एक मामले में वाल्टरगंज पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में बरोहिया निवासी सरोज कुमार ने तहरीर दी है। जिसमें बताया कि संतकबीरनगर जिले के दुधारा थाना क्षेत्र के करमाखुर्द निवासी हबीबुर्रहमान, शफीकुर्रहमान और करही निवासी जयउल्लाह ने उसे नौकरी के लिए मलेशिया भेजने के लिए रुपये लिए। इन लोगों ने धोखे से टूरिस्ट वीजा देकर भेज दिया। संवाद

# धारदार हथियार से किया वार, चार नामजद

**बस्ती।** कप्तानगंज थाने के चनईपुर में लाठी और धारदार हथियार से वार करने के एक मामले में पुलिस ने चार आरोपियों पर केस दर्ज किया है। चनईपुर गांव के संजय पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि गांव के केशवराम, बुधेश, अवधेश और गुना देवी ने अपशब्द कहते हुए उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। संवाद

# चोरी के मामले में एफआईआर दर्ज

**बस्ती।** सोनहा थानाक्षेत्र के भिरिया में 17 अगस्त की रात हुई चोरी के संबंध में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। इस संबंध में अभिषेक सिंह ने तहरीर दी थी। जिसमें आरोप लगाया कि 17 अगस्त की रात अज्ञात चोर उनके घर में पीछे की तरफ से सीढियों के रास्ते घर में घुस कर कमरे का ताला तोड़ दिया। घर के अन्दर आलमारी का लॉकर तोड़ कर सोने का सामान, गले का हार, मांग टीका आदि चोरी कर ले गए। संवाद

## घर में आग लगाने के मामले में मां-बेटे नामजद

**बस्ती।** वाल्टरगंज पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर सिकटा गांव में रिहायशी मकान जलाने के मामले में पुलिस ने मां-बेटे पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में सुमन शुक्ला ने तहरीर दी है। जिसमें बताया कि उनके गांव के सर्वेश शुक्ला रंजिश रखते हैं। वह बार-बार घर फूंकने व जान से मारने की धमकी देते रहते हैं। 27 अप्रैल की रात करीब 11:30 बजे वह उनके रिहायशी मकान में आग लगा दिए। पुलिस ने सर्वेश शुक्ल और उनकी मां यशोधरा देवी पर केस दर्ज किया है। संवाद

## बच्चों की बात पर मारपीट, मां व दो बेटियां नामजद

**बस्ती।** नगर थाना क्षेत्र के प्रतापपुर में बच्चों के विवाद को लेकर मारपीट के एक मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में राम शंकर तिवारी ने तहरीर दी है जिसमें पट्टीदारी के मनोज तिवारी की पत्नी अमरावती, पुत्री सोनी और प्रिया पर आरोप लगाया कि तीनों ने मिलकर उनकी बहू रंजू को मारापीटा। अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। संवाद

## मेड़ बांधने के विवाद में मारपीट, तीन नामजद

**बस्ती।** परशुरामपुर थाने के मल्हनी में खेत का मेड़ बांधने को लेकर मारपीट हो गई। इस संबंध में गांव के बृजलाल ने गांव के मल्हू, प्रभू और किरन के खिलाफ तहरीर दी। आरोप लगाया कि आरोपी उसके खेत में मेड़ बांधने लगे। मना करने पर उसे व उनकी पत्नी को अपशब्द कहते हुए मारा पीटा। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है। संवाद

## दो आरोपियों पर मारपीट का केस

**बस्ती।** हर्रैया पुलिस ने पारिवारिक विवाद को लेकर मारपीट के मामले में दो आरोपियों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में राजघाट हर्रैया निवासी अब्दुल हलीम ने तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाया कि परिवारिक विवाद को लेकर अब्दुल्लाह व अब्दुल वहीद ने उसके भाई अब्दुल करीम को अपशब्द कहते हुए मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। संवाद

## जमीन के विवाद में चार नामजद

**बस्ती।** सोनहा थानाक्षेत्र के बसडिलिया गांव में जमीन को लेकर हुए विवाद में मारपीट का मामला सामने आया है। वहां की कौशल चौधरी ने तहरीर दी है कि जमीन के विवाद को लेकर गांव के चंद्रभान, चंद्रभान की पुत्री प्रियंका, शर्मिला और काजल ने उसे अपशब्द कहते हुए मारापीटा। पुलिस ने चारों पर केस दर्ज किया है। संवाद

## भाई के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

**बस्ती।** रुधौली पुलिस ने पारिवारिक विवाद को लेकर मारपीट के मामले में एक आरोपी पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में हटवा बाजार निवासी जमाल अहमद ने अपने भाई मोहम्मद अहमद के खिलाफ तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पारिवारिक रंजिश को लेकर उसने अपशब्द कहते हुए मारपीट की और जान की धमकी दी। संवाद

# 10 दिन बाद भानपुर में मिला पुरानी बस्ती से लापता बालक

**बस्ती, सोनहा।** 10 दिन पहले पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के बालाजी धर्मकांटा पॉलिटेक्निक चौराहे से लापता 10 वर्षीय बालक सोनहा थाने की पुलिस की तत्परता से मिल गया। 26 अगस्त को स्कूल जाने के लिए उसकी मां ने दीपेश को डांट दिया था। जिससे नाराज होकर वह दुकान से पांच सौ रुपये लेकर कहीं भाग गया था। पुलिस को वह भानपुर में घूमते मिला था। उसके पिता सुशील कुमार त्रिपाठी व उनकी पत्नी शशि त्रिपाठी निवासी मोहल्ला गडगोडिया थाना कोतवाली में तहरीर दी थी। संवाद

# तालाब में कूद गई युवती, ग्रामीणों ने बचाया

**रुधौली।** थाना क्षेत्र के मूड़ाड़ीहा खुर्द गांव की उत्तर सड़क के बगल स्थित तालाब में एक युवती बुधवार को कूद गई। गनीमत रही कि मौके पर मौजूद ग्रामीणों की उस पर नजर पड़ गई। लोगों ने उसे पानी से निकालकर एंबुलेंस से सीएचसी साऊंघाट भेजवाया। थाना क्षेत्र के दुदराक्ष की एक युवती अपने घर से निकलकर मूडाडीहा खुर्द गांव के उत्तर स्थित तालाब पर पहुंची। थोड़ी देर इधर-उधर देखने के बाद अचानक वह तालाब में कूद गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने युवती को तालाब में कूदते हुए देख लिया। कुछ लोग तुरंत तालाब में कूदे और उसे बाहर निकालकर परिजन और पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पहुंचे कांस्टेबल सुनील सिंह, मनोज यादव ने लड़की को उसके पिता के सुपुर्द किया। जिसके बाद एंबुलेंस से सीएचसी साऊंघाट भेजवाया गया। जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया। लड़की के पिता ने बताया कि युवती का मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता है। संवाद

# हिस्सेदारी के विवाद में मारपीट में पति-पत्नी नामजद

बस्ती। हरैंया पुलिस ने हिस्सेदारी के विवाद में हुई मारपीट के मामले में दो आरोपियों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में गांधीनगर वार्ड के अब्दुल्लाह ने तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने अब्दुल करीम व उसकी पत्नी नरगिस पर केस दर्ज किया है। संवाद

# हटाए गए महिला उत्पीड़न के आरोपी चिकित्सक

बस्ती। हरैंया में तैनात एक स्टाफ नर्स की ओर से लगाए गए आरोपों को गंभीरता से लेते हुए सीएमओ डॉ. आरपी मिश्र ने चिकित्सक को हटा दिया है। उनके स्थान पर कप्तानगंज में तैनात चिकित्सक डॉ. सुनील कुमार तिवारी को हरैंया सीएचसी की जिम्मेदारी दी है। इसके अलावा सीएमओ ने डॉ रविंद्र कुमार वर्मा को टीबी अस्पताल में तैनाती दी है। सीएमओ ने बताया कि व्यवस्थागत ढांचे को दुरुस्त करने के लिए स्थानांतरण किए हैं। संवाद

# पारिवारिक विवाद में सास, ननद, देवर पर केस दर्ज

**बस्ती।** लालगंज थानाक्षेत्र के चौबाह में पारिवारिक विवाद में जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की गई। इसमें पुलिस ने मारपीट का केस दर्ज किया है। इस संबंध में रेनू चौरसिया पत्नी धर्मेन्द्र जायसवाल ने तहरीर दी। जिसमें अपनी सास सुमन देवी, ननद प्रीती, जूली और देवर गजानंद जायसवाल पर आरोप लगाया। संवाद

# शक के कारण हुई मारपीट, पांच नामजद

**बस्ती।** नगर थाने के बक्सर गांव में शक करने पर मारपीट के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों पर मारपीट, धमकी, बलवा आदि धाराओं में केस दर्ज किया है। बक्सर निवासी लक्ष्मी ने तहरीर देकर बताया कि गांव की सीता, साहुल, जयश्री, जानकी और रूबी ने शक के आधार पर एक राय होकर उसे मारापीटा। संवाद

# नंद के आनंद भयो जय कन्हैया...

## आधीरात को जन्मे जगत के पालनहार, पुलिस लाइंस, कारागार में सजीं झांकियों ने मोहा मन

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** भाद्र कृष्ण पक्ष की अष्टमी की आधी रात को जगत के पालनहार कान्हा ने जन्म लिया। इनके जन्म लेते ही घर-घर बधाइयां बजने लगीं। जग में आनंद भयो जै कन्हैया लाल के जयकारे से वातावरण गूंज उठा। जगत के पालनहार के प्रकट होते ही समूचा संसार खुशी से झूम उठा। बुधवार को शहर से लेकर गांव तक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम रही। घर से लेकर बाजार तक थानों से लेकर पुलिस लाइंस तक जन्मोत्सव की तैयारियां थीं। कारागार में भी भव्य आयोजन किया गया। सुबह से लेकर शाम तक लोग बाजार में कान्हा के जन्म की तैयारियों में लगे रहे।

धरती पर अवतार की कथाओं का बखान भी गीतों के माध्यम से दिन भी बजता रहा। शाम होते ही घर-घर में भजन के भजन के स्वर गूंजने लगे। दिन भर तेज धूप होने के बाद रात में कुछ जगहों पर बूंदाबांदी हुई। जिससे मौसम खुशगवार हो गया। देर रात तक सड़क पर भी लोग जगह-जगह सजे राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकियों का आनंद उठाए। पुलिस लाइंस से लेकर सभी थानों में श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। भजन और श्रीकृष्ण की लीलाओं की कथाओं में डूबे श्रद्धालुओं ने घड़ी की सुई जैसे ही बारह बजे का संकेत दिया। घंटों-घड़ियालों के स्वर गूंजने लगे।



मटका फोड़ स्पर्धा में भाग लेते छात्र। संवाद

कान्हा के धरती पर आने के साथ ही जै कन्हैया लाल की.. गूंजने लगा। इसके बाद श्रद्धालुओं ने उनकी आरती उतारी।

### मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन

**बनकटी।** क्षेत्र के संविलियन आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय देवमी व लालगंज थाने सहित अन्य क्षेत्रों में जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। देवमी के बच्चों ने मटका फोड़ प्रतियोगिता व सांस्कृतिक का आयोजन किया। भारतीय स्टेट बैंक बनकटी के शाखा प्रबंधक प्रमोद कुमार वैश्य ने केक काट कर राधा और कृष्ण को खिलाया। प्रधानाध्यापक राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक मोहम्मद इकबाल ने छात्राओं को जन्माष्टमी के बारे में बताया। संवाद



# मृतक के परिवार वालों समेत डेढ़ सौ ग्रामीणों पर रास्ता जाम करने का केस

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। गौर थाने के हलुआ बाजार चौराहे पर पांच सितंबर को शव रखकर जाम लगाने के मामले में पुलिस मृतक श्रवण के परिजनों व डेढ़ सौ अन्य ग्रामीणों पर केस दर्ज किया है।

थाने के एसआई विनय प्रताप सिंह ने तहरीर में आरोप लगाया है कि श्रवण कुमार के आत्महत्या कर लेने पर मृतक के परिजन व अज्ञात 150 लोगों शव को हलुआ बाजार चौराहे पर रखकर विधि विरुद्ध रास्ता जाम किया। जिससे सामान्य लोगों का आवागमन बाधित हो गया था।

बता दें कि एक सितंबर को गौर थाना क्षेत्र के सांवडीह गांव के जंगल में 22 वर्षीय श्रवण कुमार का पेड़ की डाली से लटका शव पाया गया था। पुलिस शव ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।

दो सितंबर को शव लेकर परिवार के लोग ग्रामीणों के साथ हलुआ बाजार में मार्ग जाम कर दिया था। वे लोग हत्या का केस दर्ज करने सहित अन्य मांग कर रहे थे। पूरे दिन रासता जाम रहा। शाम को एसडीएम हर्रैया और सीओ हर्रैया के प्रयास के बाद वह लोग शव लेकर अंतिम संस्कार करने गए थे।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-07-09-2023

# स्मैक व चोरी के चालीस मोबाइल समेत पांच गिरफ्तार

इटवा(एसएनबी)। मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष मिश्रौलिया पुलिस ने चेकिंग के दौरान होरीलापुर पुल के पास पांच लोगों के पास तलाशी लेने पर सौ ग्राम स्मैक व चोरी का चालीस मोबाइल बरामद हुआ है।

## मिश्रौलिया पुलिस व स्वाक्वाट टीम को मिली सफलता

उक्त जानकारी पुलिस क्षेत्राधिकारी इटवा जयराम ने दी है।उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष मिश्रौलिया अरविंद कुमार गुप्ता द्वारा होरीलापुर पुल के पास चेकिंग की जा रही थी।इस दौरान पांच संदिग्ध लोग आ रहे थे।इन्हें रोककर तलाशी ली गई।इनके पास सौ ग्राम स्मैक तथा चोरी की चालीस मोबाइल बरामद हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बरामद स्मैक की कीमत लगभग दस लाख आंकी गई है। बरामद मोबाइल की कीमत पांच लाख बताई जा रही है।उपरोक्तलोगों के विरुद्ध धारा 8घ21 एन0डी0पी0एस0 एक्ट व 411, 413 भा0द0वि0. पंजीत कर विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तगण को न्यायालय भेजा गया है।

पूछताछ के दौरान उक्त लोगों ने बताया कि हम लोग स्मैक जनपद श्रावस्ती से लाकर पुड़िया बनाकर घूम-घूम कर क्षेत्र में बेचते हैं। चोरी की मोबाइल अलग-अलग जगह से खरीदते और बेचते हैं।पकड़े गये लोगों में आशीष सिंह पुत्र रामकरन सिंह निवासी कन्दवा थाना चिल्हिया तथा- अजय सिंह पुत्र उजागर सिंह निवासी बेलहा थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर एवं इजहार मंसूरी पुत्र गुलाब नबी ग्राम गाड़ीवाल मोहल्ला थाना शोहरतगढ़ व पिन्टू पुत्र अशोक कुमार ग्राम आलमनगर कठेला बनकटवा थाना कठेला समयमाता के अलावा तौफीक खान पुत्र मो0 अनीश निवासी आलमनगर कठेला बनकटवा थाना कठेला समयमाता शामिल हैं।



चोरी की मोबाइल व स्मैक के साथ पकड़े गए अभियुक्त।

# करही-बगही में प्रधानी का उपचुनाव सकुशल सम्पन्न

डिंडई (एसएनबी)। खेसरहा विकास क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत करही- बगही में बुधवार को अनुसूचित महिला के लिए आरक्षित प्रधान पद के उपचुनाव में भीषण गर्मी के बावजूद मतदाताओं ने जमकर मतदान किया। मतदान के दौरान मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह दिखा। शाम तक हुए मतदान का प्रतिशत 65.7 रहा। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुढ़ रही। यह अलग बात है कि सुबह से ही क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति ठप्प होने के कारण मतदान कर्मी भीषण गर्मी के चलते परेशान दिखे। पूर्वान्ह 11.45 पर बूथ निरीक्षण हेतु मतदान केंद्र पर सीओ देवी गुलाम के साथ पहुंचे उप निर्वाचन अधिकारी/उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार द्वारा जेनरेटर की व्यवस्था कराई गई तो मतदान कर्मियों ने राहत की सांस लिया।हालांकि इस दौरान ब्लक का कोई जिम्मेदार नजर नहीं आया।

विदित हो कि गाँव के प्रावि पर बनाए गए मतदान केन्द्र पर 43, 44, 45 तीन बूथ बनाए गए थे। बुधवार सुबह 7 बजे से शुरू हुआ मतदान कार्य शाम 5 बजे सेक्टर मजिस्ट्रेट धायव तहसीलदार राघवेन्द्र पाण्डेय की उपस्थिति में मतपेटियों के सील होने के पश्चात समपन्न हुआ। मतदान के दौरान कुल 1490 मतदाताओं के सापेक्ष 979 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक चली मतदान प्रकिया में मतदाताओं द्वारा बूथ संख्या- 43 पर 589 के सापेक्ष 413 तथा बूथ संख्या- 44 पर 420 के सापेक्ष 262 व बूथ संख्या- 45 पर 481 के सापेक्ष 304 मत डाले गए।

ज्ञात हो कि बीते अप्रैल में महिला प्रधान की असामयिक मृत्यु होने से प्रधान पद रिक्तरहा।

जिसके लिए बुधवार को हुए उपचुनाव में आठ प्रत्याशियों ने भाग्य आजमाइश किया है। प्रभारी निरीक्षक गौरव सिंह का मतदान केंद्र पर निरंतर दौरा जारी रहा।



मतपेटी सील करने सेक्टर मजिस्ट्रेट, मतदान केंद्र का निरीक्षण करते उप जिलाधिकारी व सुरक्षा में लगे पुलिस।

फोटो : एसएनबी

# मादक पदार्थ के दो तस्कर गिरफ्तार

बानगंगा(एसएनबी)। शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में



बुधवार को शोहरतगढ़ पुलिस टीम द्वारा नशीली दवाओं 160 टेबलेट प्रक्सिको स्पास व 225 टेबलेटअल्प्राजोलम प्रतिबंधित औषधि) की तस्करी करने वाले दो तस्करो चन्नू करोरी पुत्र कमला करोरी निवासी मन्नीपुर थाना मथुरापुर ओपी जनपद समस्तीपुर राज्य बिहार, बन्धन कुरेरिक पुत्र तुकुर कुरेरिक सा वार्ड नं. 11 चकले बेली चकला बेली थाना ताजपुर (बेनी ओपी) जिला समस्तीपुर राज्य बिहार को गिरफ्तार कर शोहरतगढ़ थाने पर मुअसं 315/2023 व 316/23 धारा 8/22/23 एनडीपीएस एक्ट पंजीत कर न्यायालय भेजा गया।इस दौरान उपनिरीक्षक राजकेश्वर कुशवाहा, उनि. राजेन्द्र प्रसाद, हेका. रविप्रसाद गौड़, संतोष कुमार यादव,का. आनन्द गुप्ता, अखिलेश यादव आदि मौजूद रहे।

# पर्व को संपन्न कराने में करें सहयोग

मिश्रौलिया, हिन्दुस्तान संवाद। जन्माष्टमी व चेहल्लुम पर्व को लेकर मिश्रौलिया थाने पर बुधवार को सीओ इटवा जयराम की अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों व चौकीदारों की बैठक हुई। इसमें सभी से पर्व को सकुशल संपन्न कराने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई।

सीओ ने सभी चौकीदारों से कहा कि पर्व पर अपने गांवों की हर गतिविधियों पर नजर रखें और अगर कोई भी शरारती तत्व माहौल को खराब करता हो तो तत्काल पुलिस को अवगत कराएं ताकि समय रहते संबंधित पर कार्रवाई की जा सके। सीओ ने ग्राम प्रधानों से भी अपने-अपने गांव की स्थिति पर नजर बनाएं रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन की कहीं भी किसी समय जरुरत नजर आए तो शीघ्र सूचना दें। पुलिस हर वक्त सहयोग व कानून व्यवस्था बनाएं रखने को लेकर मुस्तैद रहेगी। इस दौरान चौकीदारों में उनके कार्य में कुशलता लाने के लिए शासन की तरफ से आवंटित छाता, सीटी, टार्च का भी वितरण किया गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार, हरीश चन्द्र, सुरेन्द्र पाण्डेय, मोनी शुक्ला, विजय पाण्डेय, तेज प्रताप आदि मौजूद रहे।



मिश्रौलिया थाना पर स्मैक व चोरी के मोबाइल संग गिरफ्तार आरोपियों के बारे में खुलासा करते सीओ इटवा जयराम । • हिन्दुस्तान

# चोरी के 40 मोबाइल और स्मैक संग पांच गिरफ्तार

- मिश्रौलिया थाना व स्वॉट टीम ने आरोपियों की गिरफ्तारी की
- आरोपियों ने बताया श्रावस्ती से स्मैक लाकर बेचने का करते थे काम

मिश्रौलिया, हिन्दुस्तान संवाद। मिश्रौलिया थाना की पुलिस व स्वॉट टीम को बुधवार को बड़ी कामयाबी मिली है। पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी के 40 मोबाइल व सौ ग्राम स्मैक बरामद किया है। बरामद स्मैक की कीमत 10 लाख रुपये आंकी गई है। आरोपियों ने बताया कि स्मैक श्रावस्ती जिला से लोकर बेचने का काम करते थे।

सीओ इटवा जयराम ने मिश्रौलिया थाना पर खुलासा करते हुए बताया कि मिश्रौलिया पुलिस व स्वॉट टीम गश्त पर थी। इस दौरान होरिलापुर पुल के पास पांच संदिग्ध नजर आए। उनकी तलाशी ली गई तो एक सौ ग्राम स्मैक जिसकी कीमत लगभग 10 लाख रुपये है बरामद हुई। आरोपियों के पास से चोरी के 40 मोबाइल भी बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम आशीष सिंह पुत्र रामकरन सिंह निवासी कंदवा थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर, अजय सिंह पुत्र उजागर सिंह निवासी बेलहा थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर, इजहार मंसूरी पुत्र गुलाब नबी मोहल्ला गाड़ीवाल थाना शोहरतगढ़, पिन्टू पुत्र अशोक कुमार ग्राम आलमनगर कठेला बनकटवा थाना कठेला समयमाता व तौफीक खान पुत्र मोहम्मद अनीस निवासी निवासी आलमनगर कठेला बनकटवा थाना कठेला समयमाता बताया। आरोपियों ने बताया कि वह लोग स्मैक श्रावस्ती जिला से लाकर पुड़िया बना कर बेचते थे। मोबाइल की भी चोरी करते थे। आरोपियों के खिलाफ धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट व 411, 413 के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

अरविंद कुमार गुप्त थानाध्यक्ष मिश्रौलिया, शेषनाथ यादव प्रभारी स्वाट टीम, एसआई हरीराम भारती, कांस्टेबल कृष्ण प्रकाश जायसवाल, अरविन्द कुमार गौड़, राजेन्द्र यादव, छविलाल यादव, वीरेन्द्र तिवारी हेडकांस्टेबल राजीव शुक्ला, रमेश यादव आदि शामिल रहे।

# हापुड़ की घटना को लेकर डीएम और एसपी को हटाने की मांग

# आक्रोशित अधिवक्ताओं ने फूंका सरकार का पुतला

**प्रदर्शन**

- हापुड़ में वकीलों पर लाठीचार्ज करने वाले पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई न होने से हैं नाराज
- अधिवक्ताओं पर होने वाले किसी भी तरह के हमले और दुर्व्यवहार को बर्दाश्त नहीं करेंगे

बांसी, हिन्दुस्तान संवाद। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज व लखनऊ में विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस की ओर से बल प्रयोग करने के मामले को लेकर सिविल कोर्ट बांसी गेट पर अधिवक्ताओं ने बुधवार को सरकार का प्रतीकात्मक पुतला फूंक विरोध जताया। उन्होंने कहा कि अन्याय के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी।

बांसी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आदित्य प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन के विरुद्ध प्रदर्शन करने के बाद धरना दिया। अध्यक्ष ने कहा अधिवक्ताओं पर होने वाले किसी भी तरह के हमले और दुर्व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर जो हमला हुआ वह शर्मनाक है। सरकार जिम्मेदार पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है। जिम्मेदरों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए। डीएम व एसपी भी जिम्मेदार हैं उन्हें तत्काल हटाया जाना चाहिए। उन्होंने अधिवक्ताओं के सुरक्षा वाले कानून को तत्काल लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले को गंभीरता से ले अन्यथा अधिवक्ता और उग्र आंदोलन करने को विवश होंगे। इस दौरान घनश्याम भट्ट, शेषदत्त पांडेय, भृगु नारायण मिश्र, अजय पांडेय, देवेंद्र त्रिपाठी, नीरज त्रिपाठी, चंद्रशेखर चतुर्वेदी, संदीप आदि मौजूद रहे।



बुधवार को सिविल कोर्ट बांसी गेट पर अधिवक्ताओं ने बुधवार को सरकार का प्रतीकात्मक पुतला फूंका । ● हिन्दुस्तान

# स्कार्पियो की ठोकर से बाइक चालक की मौत

## चार घायल

बांसी,हिन्दुस्तान संवाद। बांसी कोतवाली क्षेत्र के छितौना के पास बुधवार की रात एक बेकाबू स्कार्पियो ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया। इसमें उसकी मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हो गए। वहीं घटना के बाद स्कार्पियों भी अनियंत्रित होकर पलट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बुधवार की रात लगभग 9 बजे ग्राम (बनगवा) रुधौली खुर्द निवासी 29 वर्षीय लकी सहानी पुत्र श्याम प्रसाद अपनी बाइक से बांसी से रुधौली की तरफ जा रहा था। इसी दौरान छितौना गांव के पास अनियंत्रित स्कार्पियो ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इसमें बाइक चालक लकी साहनी सड़क पर गिरकर तड़पने लगा। इसी दौरान छितौना निवासी सुभावती देवी ( 60) और उनके पति प्रहलाद (65) सड़क पर टहल रहे थे। इसी टक्कर में यह दोनों पति-पत्नी भी गंभीर रूप से घायल हो गए। वही घटना के बाद स्कार्पियो भी पलट गई।

इससे स्कार्पियो चालक करमचंद पुत्र सीताराम निवासी ग्राम पुरे लखई थाना हरैया जिला बस्ती और स्कार्पियो मालिक काली प्रसाद भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाते ही प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिह टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बांसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चारों घायलों जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# एंटी रोमियो टीम ने सार्वजनिक स्थानों पर की जांच

सिद्धार्थनगर। महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं रोकने व मनचलों पर लगाम कसने को लेकर एंटी रोमियो स्क्वायड ने बुधवार को सार्वजनिक स्थानों पर जांच की।

प्रभारी एंटी रोमियो स्क्वायड पूनम मौर्या ने बताया कि उन्होंने टीम के साथ सिद्धार्थनगर रेलवे स्टेशन, रोडवेज, बाजार, पार्क, कोचिंग सेंटरों व स्कूल कॉलेजों के पास चेकिंग अभियान चलाया लेकिन इस दौरान कहीं पर कोई संदिग्ध नजर नहीं आया। बताया कि शहर के अलावा जोगिया उदयपुर, सनई में भी जांच अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार या अश्लील इशारे करते अगर कोई पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस लाइंस, थानों और घरों में सजाई गई भगवान श्रीकृष्ण की भव्य झांकी, रात 12 बजे जन्म होते ही लगे प्रभु के जयकारे

# घर-घर जन्मे कृष्ण कन्हैया, गूंजे घंटे और घड़ियाल

**उल्लास**

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। जन्माष्टमी पर बुधवार को जिले भर में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। रात 12 बजते ही 'नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, जय यशोदा लाल की... के भजनों से वातावरण कृष्ण भक्ति से सराबोर हो उठा। घंटा-घड़ियाल वातावरण में देर तक गूंजता रहा। कृष्ण जन्म होते ही लोगों ने श्रीकृष्ण के बालरूप का अभिषेक करने के बाद उन्हें झूले में विराजमान कराया और आरती की।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं। बुधवार की सुबह से ही कृष्ण जन्मोत्सव के लिए लोगों में गजब का उत्साह दिखाई दिया। दिन भर बाजार में लोग झांकी सजाने के लिए जरूरी सामग्री, भोग और प्रसाद का सामान खरीदते दिखे।



बुधवार को शहर के विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में श्रीकृष्ण-राधा के वेश में बच्चे मनोहारी लग रहे थे। • हिन्दुस्तान

फल और मिठाई की खूब बिक्री हुई। शाम से भजन कीर्तन का सिलसिला शुरू हो गया। कई जगह सजीव झांकियां भी सजाई गईं। लोगों ने अपने बच्चों को कृष्ण के रूप में सजाया। रात के 12 बजते ही वातावरण घंटा घड़ियाल के ध्वनि से वातावरण गूंज उठा। लोगों ने आतिशबाजी की। कृष्ण जन्म के बाद बाल कृष्ण को दूध, दही, गंगाजल से अभिषेक कराने के बाद नवीन वस्त्र धारण कराकर झूले में विराजमान कराया और आरती की। शहर के सिहेंश्वरी देवी मंदिर, हनुमानगढ़ी मंदिर, पुलिस लाइंस स्थित मंदिर, जिले के सभी थाना परिसरों में जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। पुलिस लाइंस में एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल, सदर थाने में थाना प्रभारी सतीश सिंह की अगुवाई में कृष्ण जन्मोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया।

**आकर्षण का केंद्र रही झांकियां**

नगर और क्षेत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। कई स्थानों पर भगवान श्रीकृष्ण की झांकियां सजाई गई हैं और कई विद्यालयों में कार्यक्रम हुए हैं। यहां भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित मनोहर-मनोहर झांकियों के रूप में कृष्ण-राधा बनकर प्रस्तुति दी। श्रद्धालु महिलाओं ने मंदिरों समेत अपने-अपने घरों में गोविंद मेरो है, गोपाल मेरो है सरीखे भजनों का गायन कर समा बांध दिया। लड्डू गोपाल के दर्शन के लिए मंदिरों में पूरे दिन भक्तों का तांता लगा रहा।

## धर्म की रक्षा के लिए अवतरित हुए श्रीकृष्ण

सिद्धार्थनगर। जब-जब इस धरा धाम पर अधर्म की वृद्धि व धर्म का क्षरण होता है तब-तब किसी न किसी श्रेष्ठ पुरुष का अवतरण अवश्य होता है। ऐसे ही कालखंड में भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ था। ये बातें रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तेतरी बाजार में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी ने कही।

**कृष्ण और राधा के वेश में दिखे बच्चे:** जिले में जगह-जगह बच्चों ने कृष्ण और राधा का वेश धारण कर माखन चोर जैसी कृष्ण लीलाएं पेश कर के सब का मन मोह लिया।

**हर्षोल्लास से मनाया गया जन्माष्टमी पर्व:** उस्का बाजार। क्षेत्र में प्रभु श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हिंदू धर्म में आस्था रखने वाले अधिकांश लोगों ने व्रत धारण कर आराध्य भगवान श्रीकृष्ण की पूजा, अर्चना, आरती करके आशीर्वाद लिया।

श्रीपयोहारी आश्रम उस्का राजा में कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्रीदुर्गा मंदिर केवटलिया में झांकी सजाई गई। भजन संध्या के बाद रात 12 बजे जन्मोत्सव मनाया गया। वहीं कस्बा के रेहरा बाजार में स्थित शिव मंदिर परिसर में बच्चों ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाने के लिए आकर्षक झांकी सजाई थी।

# नशीली दवाओं के साथ दो गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ पुलिस ने दो व्यक्तियों को 385 नशीली गोली के साथ बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों बिहार के रहने वाले हैं। थानाध्यक्ष पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि बिहार के समस्तीपुर जिले के मथुरापुर ओपी थाना क्षेत्र के मन्नीपुर निवासी चन्नू करोरी व ताजपुर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 चकला बेली निवासी बंधन की तलाशी ली गई तो उनके पास से 385 नशीली गोली बरामद हुई। आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# घर में घुस कर मारपीट का आरोप

भनवापुर। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के गोपिया गांव निवासी संजय श्रीवास्तव ने बुधवार को थाने पर तहरीर देकर गांव के एक परिवार पर बिना किसी बात के घर में घुस कर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक तहसीलदार सिंह ने कहा कि गोपिया में मारपीट की घटना की जानकारी है। मेडिकल करवाया जा रहा है।

# मारपीट के मामले में एक पर केस

चिल्हिया। चिल्हिया थाना क्षेत्र के भड़ेहर गांव में मंगलवार रात एक युवक की पिटाई करने वाले पर पुलिस ने बुधवार को केस दर्ज कर लिया है। गांव के पवन यादव पुत्र चंद्रपाल ने दी तहरीर में आरोप लगाया था कि उसे रोहित पुत्र श्यामलाल यादव ने रात में मारा पीटा जिससे उसे चोट आई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 323, 504, 506 के तहत केस दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि केस दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# नशीली दवा के साथ दो गिरफ्तार

शोहरतगढ़ : बुधवार को दो युवकों को खुनुवा बाईपास से 385 टेबलेट नशीली दवा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपितों का नाम चन्नू करोरी निवासी मन्नीपुर थाना मथुरापुर, बन्धन कुरोरी निवासी वार्ड नंबर 11 चकलाबेली थाना ताजपुर जिला समस्तीपुर बिहार है। थानाध्यक्ष पंकज पांडेय ने बताया कि संदेह होने पर तलाशी के दौरान झोले में रखा दवा मिला है। इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। (जासं.)

# पंचायत उप चुनाव में पड़े 66 प्रतिशत मत

## इस वर्ष अप्रैल में हो गई थी ग्राम प्रधान की मृत्यु, 1486 में से 979 ने किया मतदान




खेसरहा के करहीबगही मे प्रधानी उपचुनाव मे मतदान स्थल का निरीक्षण करते एसडीएम प्रमोद कुमार (मध्य में) व धूप बावजूद मतदान के लिए कतार मे खड़ीं महिला मतदाता • जागरण

**जागरण संवाददाता, घोसियारी, सिद्धार्थनगर :** खेसरहा विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत करही बगही में ग्राम प्रधान पद का उप चुनाव के लिए मतदान हुआ। एसडीएम ने चल रहे मतदान प्रक्रिया का निरीक्षण किया। शाम बजे तक कुल 66 प्रतिशत मत पड़े। चिलचिलाती धूप में भी मतदाताओं का उत्साह चरम पर दिखा। यहां की ग्राम प्रधान कमलावती की अप्रैल माह में मृत्यु हो गई थी।

उप चुनाव लड़ रहे कुल आठ प्रत्याशियों का भाग्य मत पेटिका में बंद हो गया। ग्राम पंचायत में कुल मतदाताओं की संख्या 1486 है, जिसमें शाम पांच बजे तक 979 मतदाताओं ने मतदान किया है। सुबह सात बजे से प्रारंभ हुए मतदान में महिलाएं चिलचिलाती धूप में भी कतारबद्ध दिखी। ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय में बने मतदान केंद्र पर कुल तीन बूथ बनाए गए थे। बूथ संख्या 43 पर 585 वोट के सापेक्ष 413 ने बूथ संख्या 44 पर 420 के सापेक्ष 262 तथा बूथ संख्या 45 पर 481 के 304 लोगों ने मतदान किया। शांतिपूर्ण मतदान को लेकर एसडीएम प्रमोद कुमार तथा सीओ देवी गुलाम ने भी मतदान स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मतदान समाप्त होने के बाद सेक्टर मजिस्ट्रेट राघवेन्द्र पाण्डेय व थानाध्यक्ष शिव नगर डिड़ई गौरव सिंह की देखरेख में मतपेटिका को सील किया गया।

## प्रधान ने की रोजगार सेवक के सेवा समाप्ति की मांग

**जासं, खेसरहा, सिद्धार्थनगर :** खेसरहा के ग्राम दुबाई के रोजगार सेवक के सेवा समाप्ति की ग्राम प्रधान ने मांग की है।

वह रोजगार सेवक पर मनमानी करने एवं भ्रष्टाचार संबंधी आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों से सेवा समाप्ति के लिए नियमानुसार कार्रवाई करने की संस्तुति करते हुए खण्ड विकास अधिकारी को पत्र प्रेषित किया है। खंड विकास अधिकारी को प्रेषित पत्र में उन्होंने लिखा है कि रोजगार सेवक राजेन्द्र प्रसाद दूबे की कार्यप्रणाली से गांव के लोग संतुष्ट नहीं हैं। पिछले ढाई वर्षों से ग्राम पंचायत में विकास कार्य बाधित है। जिसके चलते गांव के लोगों ने खंड विकास अधिकारी को महज्जरनामा देकर रोजगार सेवक को हटाकर उनके स्थान पर किसी दूसरे रोजगार सेवक को नियुक्त करने की मांग की है।

# बाहर से आकर नेपाल सीमा पर क्यों बसे, पूछेगी पुलिस

**सतीश पांडेय • गोरखपुर**

- भारत में नेपाल सीमा से 10 किमी दायरे में बाहर से आकर बसे लोगों का जुटाया जा रहा ब्योरा
- निवास की अवधि, आय का स्रोत, आपराधिक रिकार्ड सहित 17 बिंदुओं पर ली जा रही जानकारी

नेपाल सीमा से सटे भारतीय क्षेत्र में बसने वाले दूसरे जिले, राज्य या नेपाल के लोगों का पुलिस ब्योरा जुटा रही है। 10 किमी दायरे में बसे लोगों से यहां बसने का कारण, निवास की अवधि, आय का स्रोत, आपराधिक रिकार्ड सहित 17 बिंदुओं पर जानकारी जुटाई जा रही है। यहां आने के बाद ये लोग क्या करते हैं, किससे मिलते हैं, क्या व्यवसाय है, परिवारीजन के मोबाइल नंबर के साथ रिपोर्ट शासन को भेजी जानी है। आपरेशन कवच के तहत चल रही इस कवायद का उद्देश्य सीमा क्षेत्र में देशविरोधी तत्वों की पहचान कर उन पर अंकुश लगाना है।

नेपाल की 570 किलोमीटर सीमा उत्तर प्रदेश से लगती है। नेपाल से सटी महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी और पीलीभीत जिले की सीमा को सुरक्षा के लिहाज अतिसंवेदनशील माना जाता है। पिछले दिनों खुफिया एजेंसियों ने 10 साल के भीतर नेपाल सीमा के पास बने 250 से अधिक मदरसों का सत्यापन कराया। पता चला कि अधिकांश मदरसे न केवल बाहरी लोगों की मदद से बने हैं बल्कि बड़ी संख्या में बाहरी लोग यहां आकर बसे भी हैं। इसमें से कई के पास भारत व नेपाल दोनों की नागरिकता है। सीमा क्षेत्र की बदलती डेमोग्राफी सहित तस्करी, घुसपैठ व देशविरोधी तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए गृह मंत्रालय के निर्देश के बाद आपरेशन कवच चलाया जा रहा है।

इसके तहत नेपाल सीमा से सटे 10 किलोमीटर की परिधि में स्थित गांव और कस्बे में स्थानीय थाना, एलआइयू (लोकल इंटेलीजेंस यूनिट) की टीम चौपाल लगा रही है। प्रधान, चौकीदार के साथ भौगोलिक स्थिति का आकलन कर हाल के दिनों में नेपाल, उत्तर प्रदेश के दूसरे जिले और राज्य से आकर बसे लोगों का विवरण जुटाया जा रहा है। इन लोगों में जिनकी गतिविधि संदिग्ध होगी उनकी पुलिस के अलावा खुफिया एजेंसी व एसएसबी निगरानी करेगी।

### लोगों से पूछे जाने वाले प्रमुख सवाल

- किस देश/राज्य/जिले के रहने वाले हैं?
- नेपाल सीमा के पास बसने की क्या वजह है?
- कितने वर्ष से गांव या कस्बे में रहते हैं?
- राष्ट्रीयता किस देश की रखते हैं?
- मतदाता सूची में नाम/राशन कार्ड है या नहीं।
- परिवार की जीविका का आधार का क्या है?
- असामाजिक गतिविधि में शामिल नाम।
- वाहन हो तो उसका विवरण।
- जिसके घर में रहते हों तो उसका नाम क्या है?
- अपने देश/राज्य/जिले में कब आते-जाते हैं?



आपरेशन कवच के तहत सीमा क्षेत्र से सटे थाने की पुलिस, एलआइयू (लोकल इंटेलीजेंस यूनिट) 10 किमी की परिधि में स्थित हर गांव में चौपाल लगा रही है। भौगोलिक स्थिति का सत्यापन कराया जा रहा है। सीमा क्षेत्र में आकर बसे नए लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

**-अखिल कुमार**, एडीजी जोन/नोडल नेपाल सीमा सुरक्षा

# बदमाशों की राह आसान कर रहे पुलिस के खराब कैमरे



बांसी बर्डपुर स्टैंड के पास पोल पर लगे सीसी कैमरे● जागरण

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगरः शहर में सात मई को विवेकानंद नगर बलुरी में महिला शिक्षक हुस्नआरा के मकान में चोरी की घटना हुई। बदमाश इनके घर में लगे सीसी कैमरे की डीवीआर भी उठा ले गए। पुलिस ने भीमापार, बांसी बस स्टैंड समेत अन्य स्थानों पर लगे कैमरे की फुटेज देखने की कोशिश की पर सफलता हाथ नहीं लगी। पता चला कि कैमरे काम नहीं कर रहे हैं। इसी प्रकार आठ जुलाई को इटवा कस्बे में बुसरा हास्पिटल में कार्यरत वसीउल्लाह की हत्या हो गई। जब पुलिस ने सीसी कैमरे की मदद से घटना में शामिल बदमाशों की तलाश शुरू की तो पता चला कि आसपास लगे सीसी कैमरे की लेंस खराब थी। इसकी वजह से बदमाश का चेहरा सामने नहीं आ सका। ऐसी तमाम घटनाएं हैं जो सीसी कैमरे के खराब होने से बदमाशों की राह को आसान बना रही है। कैमरों की देखरेख न होने से बदमाशों को भी इसका भय नहीं रहता।

आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए पुलिस प्रमुख स्थलों समेत छोटे- बड़े प्रतिष्ठानों में सीसी कैमरे लगवा रही है। इसके लिए आम जन का सहयोग भी लिया जा रहा है। पर जनपद मुख्यालय पर प्रमुख स्थलों पर लगे तमाम कैमरे खराब हो चुके हैं। यह कैमरे बदमाशों की राह आसान कर रहे हैं। जब भी कहीं पर घटना होती है तो पुलिस अपने लगाए नहीं बल्कि दुकानों पर लगे प्राइवेट कैमरों की मदद से अपराधियों तक पहुंचने में जुगत में रहती है। जिले में आपरेशन दृष्टि के तहत पुलिस ने अब तक 34 सौ कैमरे लगवाएं हैं। अगस्त में 679 स्थानों पर 1891 सीसी कैमरे जनसहयोग से लगवाएं हैं।

**प्राइवेट प्रतिष्ठानों पर लगे कैमरे की लेते हैं मददः** शहर के बांसी बस स्टैंड के पास लगे कैमरे काफी समय से काम नहीं कर रहे हैं। ऐसे में पुलिसकर्मियों को जरूरत पड़ने पर प्राइवेट संस्थानों पर लगे कैमरे की मदद लेते हैं। एसपी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि शहर में लगे सीसी कैमरों के खराब होने की जानकारी नहीं है। इसे चेक करवाया जाएगा। खराब कैमरे को ठीक कराए जाएंगे।

# त्योहार पर सतर्कता बरतें ग्राम प्रहरी

जासं, बढ़या: जन्माष्टमी व चेहल्लुम को लेकर मिश्रौलिया थाने में बुधवार को पुलिस अधिकारियों ने ग्राम प्रहरियों के साथ बैठक की। त्योहार के दृष्टिगत ग्राम प्रहरी से सतर्कता बरतने संबंधित निर्देश दिए गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी जयराम ने कहा कि अपराध नियंत्रित करने में ग्राम प्रहरियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। अपने क्षेत्र में कोई संदिग्ध मिले तो उसकी गतिविधियों की सूचना पुलिस को दें। सद्भाव बिगाड़ने वाले तत्वों की सूचना दें, पुलिस तुरंत उक्त स्थल पर पहुंच जाएगी। माहौल बिगाड़ने वालों से पुलिस सख्ती के साथ निपटेगी। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि सभी ग्राम प्रहरी रात में अपने-अपने क्षेत्र में गश्त करें। इस मौके पर ग्राम प्रहरियों में छाता, सीटी व टार्च का भी वितरण किया गया। बैठक में निरीक्षक हरीश चंद्र, सुरेंद्र पाण्डेय, मोनी आदि मौजूद रहे।



मिश्रौलिया थाने पर ग्राम प्रहरी को टार्च देते सीओ • जागरण

# स्मैक के साथ पांच आरोपितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जासं, बढ़या, सिद्धार्थनगर : मिश्रौलिया पुलिस व एसओजी टीम के हाथ बुधवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। टीम ने जांच अभियान के दौरान 100 ग्राम स्मैक व 40 मोबाइल के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपित स्मैक को घूम घूमकर बेचने का काम करते थे। जबकि चोरी के मोबाइल भी खरीदने और बेचने का धंधा करते थे। इनके पास से चार बाइक भी बरामद की गई। थानाध्यक्ष मिश्रौलिया व स्वाट टीम प्रभारी शेषनाथ यादव के नेतृत्व में पुलिस होरिलापुर व कस्बा बभनी के पास जांच कर रहे थे। तभी गोनरा मोड़ पर चार बाइक से पांच लोग जाते दिखाई दिए। संदिग्ध अवस्था में बाइक सवारों को रोक कर जांच करते हुए तलाशी ली गई। इस बीच टीम ने उनके पास से स्मैक व 40 मोबाइल बरामद हुए। आरोपित आशीष सिंह निवासी कन्दवा थाना चिल्हिया सिद्धार्थनगर, अजय सिंह निवासी बेलहा थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर, इहजार मंसूरी निवासी गाड़ीरवाल मुहल्ला थाना शोहरतगढ़, पिंटू व तौफीक खान आलमनगर कठेला बनकटा थाना कठेला के निवासी हैं। सीओ जयराम ने प्रेसवार्ता में बताया कि आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि वे लोग स्मैक श्रावस्ती से लाते थे और उसे पुड़िया बनाकर घूम घूम कर बेचते थे। इसके अलग-अलग स्थानों से चोरी के मोबाइल खरीदते और बेचते थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी आरोपितों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जेल भेजा गया है।



स्मैक व मोबाइल के साथ पकड़े गए आरोपितों के बारे में जानकारी देते पुलिस क्षेत्राधिकारी इटवा जयराम (मध्य में) व मिश्रौलिया थाने की पुलिस • जागरण

# खलिहान में हुए कब्जे पर चला बुलडोजर




शोहरतगढ़ क्षेत्र के सिसवा उर्फ शिवभारी में अतिक्रमण हटाती जेसीबी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

## शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के सिसवा उर्फ शिवभारी में हुई कार्रवाई

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के सिसवा उर्फ शिवभारी में खलिहान की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा स्थायी व अस्थायी कब्जा किए जाने की सूचना प्राप्त होने पर तहसील प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण खाली करवाया गया। तहसील प्रशासन की यह कार्रवाई क्षेत्र में पूरे दिन चर्चा का विषय बना रहा।

क्षेत्र के सिसवा उर्फ शिवभारी में खलिहान की भूमि कुछ लोगों द्वारा स्थायी व अस्थायी कब्जा किए जाने की सूचना एसडीएम को प्राप्त हुई। सूचना मिलने पर एसडीएम प्रदीप कुमार यादव के नेतृत्व में तहसील प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण खाली करवाया गया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक राम चन्द्र प्रसाद, क्षेत्रीय लेखपाल प्रदीप शुक्ल, लेखपाल दिवाकर चौधरी, लेखपाल धर्मेंद्र यादव, लेखपाल आरपी यादव व ढेबरुआ थाने की पुलिस फोर्स भी मौजूद थीं। तहसील प्रशासन की यह कार्रवाई क्षेत्र में पूरे दिन चर्चा का विषय बना रहा।

इस संबंध में शोहरतगढ़ एसडीएम प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जा होने की शिकायत मिली थी, जिसके बाद राजस्व टीम गठित कर अतिक्रमण हटवाया गया।

# दुष्कर्म कर युवती की हत्या करने वाले जीजा और सहयोगी पर लगा गैंगस्टर

## आरोपी जेल में बंद हैं, अब फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलेगी सुनवाई, पैरवी कर पुलिस लगवाएगी तारीख

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** चिल्हिया थाना क्षेत्र के एक गांव में अप्रैल माह में साली से दरिंदगी करके मौत के घाट उतारने वाले आरोपी जीजा और उसके सहयोगी पर पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलेगा और पुलिस मामले की पैरवी कर आरोपियों को जल्द से जल्द सजा दिलाएगी।

मौजूदा समय में दोनों आरोपी जेल में बंद हैं। अप्रैल माह में हुई दिलदहला देने वाली इस घटना ने लोगों को दिल्ली में हुए निर्भया कांड की याद दिला दी थी। कारण इसमें भी दरिंदगी करने के साथ ही दोनों ने बेरहमी से पिटाई की थी। कपड़े उतारकर निवस्त्र करके मरा हुआ मानकर चले गए थे और दो दिन चले इलाज के दौरान युवती ने दम तोड़ दिया था।

क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती 29 अप्रैल को घर से निकली थी। वह पिता के साथ घर में अकेली थी। सुबह गांव से कुछ दूरी पर बाग के पास वह नग्न अवस्था में गंभीर रूप से घायल होकर पड़ी थी। देखने के बाद से ही लोगों ने आशंका जताई थी। उसके साथ अनैतिक करने के साथ ही जान से मारने के नीयत से उसकी पिटाई की गई है। दो दिन चले इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

इस सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के मामले में मृतक के जीजा और मृतक के गांव के ही रहने वाले उसके सहयोगी पर हत्या, दुष्कर्म सहित अन्य धारा में केस दर्ज करके पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया था। घटना के बाद पुलिस ने चार्ज शीट न्यायालय में दाखिल किया था। दो दिन पहले ही पुलिस ने दोनों आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

अब मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में शुरू होगा। इसमें पुलिस पैरवी करेगी, जिससे जल्द से जल्द मामले की सुनवाई पूरी हो और आरोपियों को सजा मिल सके।

### 29 अप्रैल को चिल्हिया क्षेत्र के एक गांव में हुई थी घटना

*यह घटना बहुत ही दुखद था। इसमें आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। मुकदमे में प्रर्याप्त धारा लगा है, जिसमें आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामका चलने पर अभियोजन पक्ष पर निर्भर है कि कितनी जल्द तारीख और साक्ष्य प्रस्तुत करें। जितनी तेज पैरवी होगी, सजा उतनी जल्द होगी। फास्ट ट्रैक कोर्ट में एक माह में भी सजा हो सकती है।* – **संजय कुमार श्रीवास्तव,** अधिवक्ता क्राइम, जनपद न्यायालय सिद्धार्थनगर

### ऐसे हुई थी घटना

28 अप्रैल की सुबह आरोपी जीजा की साली से बात हुई थी। रात में मिलने के लिए बुलाया था। वह रात में खाना लेकर आई थी। इसके बाद वह उसके साथ संबंध बनाने की इच्छा जाहिर करने लगा तो वह विरोध करने लगी। इसी बीच उसकी गांव का एक युवक आ गया। इसके बाद दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। शोर न करने पाए, इसलिए काफी समय तक मुंह बंद कर दिया। जब ज्यादा विरोध करने लगी तो दोनों ने उसे पीटा। इसके बाद फिर युवक ने उसके गले और चेहरे पर पैर से कई बार मारा, जिससे वह बेहोश हो गई। लोग मरा हुआ समझकर वहां से भाग निकले थे।

### हाल बयां कर रो पड़ी थी महिला स्वास्थ्यकर्मी

दोनों आरोपियों ने मृतका के साथ ज्यादा क्रूरता थी। जिला अस्पताल में देखने वाली महिला चिकित्सक ने बताया था कि आरोपियों ने क्रूरता की हदें पार कर दी थी। शायद ही शरीर का कोई हिस्सा बचा था, जहां उसे गंभीर चोट नहीं आई थी। पीटने पर जब वह गिर गई तो चेहरे पर चढ़ने से कई नसे दब गई थीं और हड्डियों में गंभीर चोट पाए गए थे। महिला स्वास्थ्यकर्मी ने हालत बयां करते हुए रो दिया था।

### मॉनिटरिंग सेल ने शुरू की मामले की पैरवी

पुलिस कार्यालय में चलने वाले मॉनिटरिंग सेल की टीम की ओर से थानों में संगीन अपराध के मुकदमों में न्यायालय में पैरवी और गवाहों को न्यायालय में पहुंचाकर बयान कराया जाता है। जिससे जल्द से जल्द सजा हो सके। मॉनिटरिंग सेल के प्रभारी जयप्रकाश दुबे ने बताया कि चिल्हिया में हुआ मामले को टारगट पर लेकर पैरवी शुरू कर दी गई। जिससे जल्द से जल्द आरोपियों को सजा मिल सके।

*सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। मामले की निगरानी की जा रही है। जिससे जल्द से जल्द से दोनों आरोपियों को सजा मिल सके।* – **अमित कुमार, थानाध्यक्ष चिल्हिया**

# 100 ग्राम चरस, 40 मोबाइल फोन बरामद, पांच गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। एसओजी और मिश्रौलिया पुलिस की संयुक्त टीम के हाथ बुधवार को बड़ी सफलता लगी है। टीम ने क्षेत्र के होरिलापुर पुल के पास से पांच संदिग्धों को पकड़ा। उनके कब्जे से 100 ग्राम स्मैक और 40 मोबाइल फोन बरामद किया गया। पूछताछ करने के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

सीओ इटवा जयराम ने बताया कि एसओ टीम को बुधवार को जानकारी मिली की कि स्मैक की तस्करी करने वाला गिरोह मिश्रौलिया थाना क्षेत्र में है। सूचना को संज्ञान में लेते हुए एसओजी प्रभारी शेषनाथ यादव ने एसओ मिश्रौलिया के साथ टीम गठित किया। इसके बाद क्षेत्र के होरिलापुर पुल के पास होने की जानकारी पर पहुंच गए।

यहां पांच संदिग्ध आते हुए दिखे। जो पुलिस टीम को देखते ही भागने लगे। जवानों ने घेराबंदी करके उन्हें पकड़ लिया। तलाशी में उनके कब्जे से 100 ग्राम स्मैक बरामद किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 10 लाख होगी। इसके साथ ही 40 लाख रुपये बरामद किया गया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपनी पहचान आशीष सिंह निवासी कन्दवा थाना चिल्हिया,अजय सिंह निवासी बेलहा थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर,इजहार मंसूरी गाड़ीवाल मोहल्ला थाना शोहरतगढ़, पिंटू, तौफीक खान निवासी आलमनगर कठेला बनकटवा थाना कठेला समयमाता के रूप में हुई।

पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष मिश्रौलिया अरविंद कुमार गुप्ता, एसओजी प्रभारी शेषनाथ यादव एसआई, हरीराम भारती, आरक्षी कृष्ण प्रकाश, अरविंद कुमार गौड, राजीव शुक्ल, रमेश यादव, अवनीश सिंह, पवन तिवारी, मृत्युंजय आदि मौजूद रहे।

### एसओजी और मिश्रौलिया पुलिस की संयुक्त टीम ने पकड़ा

## पुड़िया बनाकर बेचते थे

पुलिस के मुताबिक पूछताछ करने पर पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वह लोग स्मैक श्रावस्ती से लाकर पुड़िया बनाकर घूम-घूम कर बेचते हैं। चोरी की मोबाइल अलग-अलग जगह से खरीदते व बेचते हैं।

# आयो कृष्णा, जगमग हुआ रे अंगना

## डुमरियागंज क्षेत्र में मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, दो दिन मनाया जाएगा त्योहार

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर शहर से गांव तक के मंदिरों में धार्मिक उत्सव मनाया जा रहा है। मंदिरों और लोगों के घरों पर भगवान कृष्ण के जन्म और उनकी विभिन्न लीलाओं को सजीव ढंग से दिखाने के लिए आकर्षक झांकियां सजाई गई हैं।

जहां पर रात से ही पूजा-अर्चना करने के साथ ही भजन-कीर्तन का पाठ किया गया। हर तरफ कान्हा और हरे कृष्णा, हरे कृष्णा की गूंज सुनाई दे रही है।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी इस बार दो दिन तक मनाई जाएगी। जिसे लेकर डुमरियागंज नगर स्थित रामलीला मैदान प्रांगण में ओम शिवाय मंदिर, मंदिर चौराहा स्थित श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर, पुरानी बाजार स्थित दुर्गा मंदिर, बैदौला चौराहा स्थित दुर्गा मंदिर, हल्लौर स्थित प्राचीन शिव मंदिर, शिव मंदिर भारतभारी, देईपार शिव मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर सजावट की गई थी। जहां भगवान कृष्ण के जन्म और उनकी बाल लीलाओं को लेकर आकर्षक झांकियां भी सजीं।



श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सजा सदर थाना परिसर। संवाद

इसके अलावा डुमरियागंज थाना, भवानीगंज, त्रिलोकपुर, पथरा बाजार थानों में भी श्री कृष्ण जन्म उत्सव को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्री कृष्ण जन्माष्टमी अधिकांश क्षेत्रों में बृहस्पतिवार रात को मनाई जाएगी। जिसे लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**डुमरियागंज रामलीला मैदान मंदिर, थाना, बैदौला चौराहा हल्लौर, बेंवा, भारतभारी में सजी झांकी**

### सांसद ने मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**सिद्धार्थनगर।** सांसद जगदंबिका पाल ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। सदर थाना सहित थाना डिडई, बांसी, मोहाना के अलावा ग्राम रिठिया तथा शोहरतगढ़ के श्रीराम जानकी मंदिर पर पहुंचकर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। सांसद जगदंबिका पाल ने कहा श्री कृष्णा भगवान से हमें कर्म करने की प्रेरणा मिलती है। भगवान ने अपने उपदेश में कहा है कि मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जो कर्म करता है, इसलिए कर्म करना प्रत्येक व्यक्ति का धर्म भी है। कर्म करने वाला व्यक्ति ही कर्मवीर कहलाता है।

# 385 नशीली गोली बरामद, दो पकड़े गए

**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ थाना की पुलिस ने बुधवार को दो युवक को संदिग्ध दिखाई देने के आधार पर खुनुवां बाईपास से गिरफ्तार किया। तलाशी में उनके पास से 385 नशीली गोलियां बरामद हुई। दोनों खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष पंकज पांडेय ने बताया कि बुधवार को खुनुवां बाईपास पर चेकिंग कर रही थी। उसी दौरान दो युवक खुनुवां की तरफ से आते हुए दिखे। पुलिस ने संदिग्ध के आधार पर उनसे पूछताछ किया। पूछताछ में सही जवाब नहीं देने पर, पुलिस ने दोनों की तलाशी ली। तलाशी में दोनों के पास 385 नशीली गोलियां बरामद हुईं। उन्होंने अपना नाम चन्नू करोरी निवासी मन्नीपुर थाना मथुरापुर ओपी बंधन कुरेरिक निवासी वार्ड नंबर 11 चकले बेली चकला बेली थाना ताजपुर जिला समस्तीपुर राज्य बिहार जनपद समस्तीपुर राज्य बिहार बताया। उसके बाद दोनों के विरुद्ध करवाई कर जेल भेज दिया गया। संवाद

# क्षेत्र पंचायत सदस्य के चुनाव में 49.09 प्रतिशत पड़े वोट

संवाद न्यूज़ एजेंसी

सिद्धार्थनगर। विकास खंड भनवापुर के ग्राम पंचायत चौखड़ा में रिक्त क्षेत्र पंचायत सदस्य पद पर बुधवार को शांतिपूर्ण माहौल में मतदान हुआ। कुल 49.09 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया।

चौखड़ा के मॉडल प्राइमरी स्कूल में बने तीन बूथों पर मतदान हुआ। बूथ संख्या 204 पर 672 मतदाताओं के सापेक्ष 369 वोट पड़े। बूथ संख्या 205 पर 651 के सापेक्ष 329 और बूथ संख्या 206 पर 335 मतदाताओं के सापेक्ष 116 मतदाताओं ने मतदान किया। तीनों बूथों पर कुल 814 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस मुस्तैद रही। सेक्टर मजिस्ट्रेट/नायब तहसीलदार महबूब आलम ने मतदान का जायजा लिया।

**करहीबगही में रिक्त पद पर चुनाव संपन्न :** खेसरहा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत करहीबगही में प्रधान के मृत्यु के बाद बुधवार को उपचुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक हुए तीन मतदान केन्द्रों पर कुल 1486 मतदाताओं में 979 मतदाताओं ने मतदान किया। एसडीएम प्रमोद कुमार तथा सीओ देवी गुलाम सिंह ने मतदान स्थल का निरीक्षण किया।

## आठ को भनवापुर ब्लॉक सभागार में तीन टेबलों पर होगी मतगणना



भनवापुर के ग्राम पंचायत चौखड़ा के मॉडल प्राइमरी स्कूल चौखड़ा में मतदान करने पहुंची महिलाएं। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-07-09-2023

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**शादी का झांसा देकर गिरफ्तार आरोपी ने थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती से किया था दुष्कर्म**

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में नामजद होने के बाद लगातार फरार चल रहे नामजद आरोपी को धनघटा पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार धनघटा थाना क्षेत्र के खैरगाड़ गांव निवासी पंकज यादव पुत्र नागेन्द्र यादव नामक युवक ने थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती से शादी करने का झांसा देकर युवती को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। इस बीच जब युवती ने आरोपी पंकज यादव के उपर शादी करने का दबाव बनाना शुरू किया तो आरोपी पीड़िता को भद्दी-भद्दी गालियां और जान से मारने की धमकी देने लगा तो परेशान पीड़िता ने बीते दिनों धनघटा थाने पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र दिया था जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आईपीसी की धारा 376, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर नामजद आरोपी की तलाश कर रही थी। बुधवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी थाना क्षेत्र के उमरिया बाजार में मौजूद है तो सूचना मिलते ही धनघटा थाने में तैनात इंसपेक्टर जुबेर अली हमराही पुलिसकर्मी कां.आनन्द पटेल के साथ मौके पर पहुंच गए और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और थाने पर कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

# जनसहयोग से चार स्थानों पर लगे 31 कैमरे

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिले की पुलिस जनसहयोग से चार स्थानों पर 31 सीसीटीवी कैमरे लगावाये गए हैं। जिससे कि अपराधिक व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सके। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा एक स्थान पर दो सीसीटीवी कैमरे, थाना दुधारा पुलिस द्वारा एक स्थान पर 25 सीसीटीवी कैमरे, थाना मेहदावल पुलिस द्वारा एक स्थान पर तीन सीसीटीवी कैमरे, थाना बेलहरकला पुलिस द्वारा एक स्थान पर एक सीसीटीवी कैमरा लगवाया गया है। कैमरा लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को पुलिस द्वारा माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

# महिलाओं के बीच मारपीट, मां-बेटी नामजद

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के डुहिया कला गांव में हैण्डपम्प से पानी लेने को लेकर बुधवार की सुबह महिलाओं के बीच मारपीट हो गई। घटना में मां-बेटी ने मिलकर एक महिला को मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। पुलिस ने घायल महिला की तहरीर पर हमलावर मां-बेटी के विरूद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घायल महिला को पुलिस अभिरक्षा में इलाज के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया है। पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के डुहिया कला गांव निवासी शकुन्तला देवी पत्नी कन्हैयालाल ने बताया कि बुधवार की सुबह 6.30 बजे वह हैण्डपम्प पर पानी लेने गई थी जहां उसे देखकर गांव निवासी विपक्षी सुमित्रा पत्नी जितेन्द्र अपनी बेटी सुनैना के साथ मिलकर उसे गाली देने लगी। गाली देने का विरोध करने पर उक्त मां-बेटी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावर मां-बेटी के विरूद्ध आईपीसी की धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

**सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान**

# क्षमता निर्माण कार्यशाला का समापन

**यातायात विभाग के हे.कां. को शील्ड एवं सदस्यों को मेडल देकर किया गया सम्मानित**

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिला मुख्यालय स्थित इंडस्ट्रियल एरिया खलीलाबाद में दीन दयाल उपाध्याय वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में यातायात विभाग के हे.कां. गिरजेश कुमार तथा अजय कुमार राय रहे। दीन दयाल उपाध्याय वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा जिले में 11 अप्रैल 2023 से चलाये गए सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान तथा क्षमता निर्माण कार्यशाला में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करने वाली सदस्यों को अतिथियों द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हे.कां. गिरजेश कुमार तथा अजय कुमार राय ने कहा कि सड़क सुरक्षा पर आयोजित किए गए विभिन्न प्रकार के पोस्टर व मॉडल प्रतियोगिता जागरूकता का सशक्त माध्यम होता है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाला प्रत्येक प्रतिभागी यदि अपने घर वालों को सड़क सुरक्षा के नियमों को समझाने में सफल होता है तो शासन की मंशा बहुत हद तक पूरी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि नियमों की जानकारी होने के साथ-साथ नियमों का पालन करना बेहद जरूरी होता है। बिना जन सामान्य के जागरूक हुए सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना असंभव है।



सम्मानित किए गए हे.कां. एवं संस्था की सदस्यागण।

उन्होंने आह्वान किया कि आसपास के लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित करें तथा स्वयं हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित करें। पत्रकारों से वार्ता करते हुए दीन दयाल उपाध्याय वेलफेयर सोसाइटी के सचिव अर्जुन सिंह तथा कोऑर्डिनेटर श्रीमती अनीता सिंह ने बताया कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित तथा संस्था द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत संत कबीर नगर जिले के नौ ब्लाकों खलीलाबाद, सेमरियावां, सांथा, बेलहर, मेंहदावल, बघौली, महुली, नाथनगर और हैंसर बाजार में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान तथा क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिला और पंचायत स्तर के हित धारकों, स्थानीय समुदाय और पुलिस से प्रथम उत्तरदाताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण और स्कूल एवं कालेजों में जागरूकता रैली, वाद-विवाद, पोस्टर व लेखन तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गई। इस प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को मेडल व शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। उन्होंने बताया कि बुधवार को संस्था की सदस्या शाहिदा, कनक, शबाना, शशिकला, नाहिद खातून, साधना, शाहिदा खातून को मेडल देकर तथा यातायात विभाग के हे.कां. गिरजेश कुमार तथा अजय कुमार राय को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर (एसएनबी)। शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय-जेल रवाना किया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी जाने आलम पुत्र सज्जाद अली निवासी रौरापार थाना कोतवाली खलीलाबाद के द्वारा वादी के नाबालिग पुत्री के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म की घटना कारित की गई थी। जिसके संबंध में वादी द्वारा थाना स्थानीय पर दिनांक 05.09.2023 को अभियोग पंजीकृत कराया गया था। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई कर उक्त आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया किया। आरोपी को निरीक्षक अपराध थाना कोतवाली खलीलाबाद बृजेश यादव तथा उ.नि. ओम प्रकाश यादव ने गिरफ्तार किया है।

# चोरी के सात गैस सिलिंडर बरामद, आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर (एसएनबी)। कोतवाली खलीलाबाद के चौकी गोला की पुलिस ने



चोरी के सात अदद गैस सिलिंडरों के साथ एक अभियुक्त को बिधियानी के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय-जेल रवाना किया। इस संबंध में चौकी प्रभारी गोला उ.नि. राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि वादी जगदम्बा प्रसाद निवासी बंजरिया पूर्वी थाना कोतवाली खलीलाबाद द्वारा थाना स्थानीय पर सूचना दिया गया कि दिनांक14.08.2023 को उसके मकान के बरामदे से व मोहल्ले के अन्य व्यक्तियों के गैस सिलिंडर भी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी किया गया है। घटना के संबंध में थाना कोतवाली खलीलाबाद पर उचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में प्रकाश में आये अभियुक्त दिवाकर पुत्र कैलाश निवासी एकमा थाना कोतवाली खलीलाबाद को चोरी के सात अदद गैस सिलेंडर के साथ गिरफ्तार कर घटना का सफल अनावरण किया गया। उन्होंने वताया कि मु.अ.सं. 905/2023 धारा 380 भादवि व बढ़ोत्तरी धारा 411 भादवि की गई है। आरोपी को गिरफ्तार करने में हे.कां. पंकज यादव, हे.कां. बृजेश यादव, कां. वीर बहादुर यादव, कां. उदय प्रताप सिंह का भी सहयोग रहा।

# सीओ के आदेश पर एससी-एसटी का केस

नाथनगर (एसएनबी)। पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा के आदेश पर एक व्यक्ति के विरूद्ध महुली पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के नगर पंचायत हरिहरपुर के वार्ड नम्बर 7 शास्त्रीनगर निवासी सुनिल सोनकर पुत्र घनश्याम सोनकर ने महुली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 3 सितम्बर की शाम लगभग 6 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहा था तभी रास्ते में रोककर सत्यम पांडेय पुत्र रविन्द्रनाथ पांडेय वार्ड नम्बर 8 रंगपाल ने टांसफार्मर चौराहे के समीप बिना वजह जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने लगे मना करने पर लोहे की राड से मारपीट कर बुरी तरह घायल भी कर दिए तथा जानमाल की धमकी देते हुए फरार हो गए। इस मामले में महुली पुलिस को तहरीर देने के बावजूद कोई कार्रवाई न करने पर पीड़ित ने इसकी शिकायत सीओ धनघटा बृजेश सिंह से की जिस पर सीओ धनघटा ने महुली पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का तत्काल निर्देश दिया। इसी मामले में पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करना शुरू कर दिया है।

# दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपित गिरफ्तार

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद रविन्द्र कुमार सिंह की अगुवाई में गठित पुलिस टीम ने दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट के मामले में वांछित आरोपित अभियुक्त जाने आलम पुत्र सज्जाद अली निवासी रौरापार को गिरफ्तार किया।

# महिलाओं को किया जागरूक

मेंहदावल। मिशन नारी शक्ति अभियान के मेंहदावल पुलिस द्वारा विभिन्न मोहल्लों में महिलाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को आत्मरक्षा के टिप्स देते हुए महिला हेल्पलाइन की जानकारी दी गई। एसआई गौरी शुक्ला ने अपनी टीम के साथ बीमापार, सीयर, टड़वरिया, बसडीला तथा टेडुआ मोहल्ले में महिलाओं के साथ संवाद कर जागरूक किया। कहा कि महिलाएं किसी से डरे नहीं बल्कि हालात का डटकर मुकाबला करें।

# दुष्कर्म व धमकी देने के आरोपी को दबोचा

संतकबीरनगर। धनघटा पुलिस टीम ने एक दुष्कर्मी को दबोच कर विधिक कार्रवाई पूर्ण करने के बाद जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र की अगुवाई में गठित पुलिस टीम ने दुष्कर्म, धमकी के मामले में वांछित आरोपित अभियुक्त पंकज यादव पुत्र नागेन्द्र यादव निवासी खैरगाड़ थाना धनघटा को दबोचा। पुलिस के अनुसार उक्त आरोपित अभियुक्त ने वादिनी के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। जानमाल आदि की धमकी दी।

# शांति भंग में नौ लोगों का चालान

संतकबीरनगर। पुलिस ने नौ आरोपितों को पकड़कर अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए शांति भंग की आशंका में चालान किया। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध धर पकड़ के लिए चलाए गए अभियान के तहत पुलिस टीम ने जगह-जगह दबिश दिया। थाना महुली पुलिस ने तीन, मेंहदावल चार बेलहरकला में दो आरोपितों को दबोचकर मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।

# ट्रैफिक नियम तोड़ने पर वसूला शमन शुल्क

संतकबीरनगर। पुलिस टीम नें वाहन चेकिंग के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों से शमन शुल्क वसूल किया। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई की। 64 वाहनों के चालकों से 48 हजार रूपए जुर्माना भरवाया।

# चोरी के आरोपित को किया गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने चोरी के सिलेंडर समेत आरोपित को दबोच कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद रविन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने मुकदमे की विवेचना के दौरान प्रकाश में आए आरोपित अभियुक्त दिवाकर पुत्र कैलाश निवासी एकमा थाना कोतवाली खलीलाबाद को विधियानी के पास से 07 चोरी के गैस सिलेंडर के साथ पकड़ा।

पुलिस को बुधवार को वादी जगदम्बा प्रसाद निवासी बंजरिया पूर्वी ने थाना स्थानीय पर सूचना दिया कि दिनांक 14 अगस्त को उनके मकान के बरामदे से व मोहल्ले के अन्य व्यक्तियों के गैंस सिलेंडर अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया है।

# श्री कृष्ण की पुलिस लाइन में सजी झांकी

संतकबीरनगर। रिजर्व पुलिस लाइन में बुधवार को कृष्ण जनमाष्टमी का त्यौहार बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का अयोजन आरआई रजनीकांत ओझा की अगुवाई में हुआ। लाइन परिसर में स्थित मंदिर पर पुलिस परिवार के लोगों ने झांकी को तैयार किया था।

मंदिर परिसर में कृष्ण जन्माष्टमी मनाने की पूरी तैयारी की गई। मंदिर परिसर को सजाकर पूरी तरह से तैयार किया गया था। जहां पर कान्हा का जन्मदिन पूरे धूम धाम से मनाया गया।वहीं शाम को शहर के लोगों ने सुंदर झाकियों का दर्शन किया।

# मदरहा गांव में शराब बरामद

बखिरा। थाना क्षेत्र के मदरहा गांव के निकट एक व्यक्ति के पास से प्लास्टिक की बोरी में सत्तर पाउच देशी शराब मिली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

थानाध्यक्ष श्याममोहन ने बताया कि एसआई अनिल प्रकाश पांडेय हमराही सिपाहियों के साथ दुर्गजोत चौराहे पर मौजूद थे। बखिरा की ओर से एक व्यक्ति द्वारा देशी शराब एक प्लास्टिक की बोरी में लेकर आने की सूचना मिली। पुलिस टीम के मदरहा गांव के निकट पहुंचने पर संदिग्ध अवस्था में आ रहे एक व्यक्ति को रोककर पूछताछ किया गया। उसके पास से मिले प्लास्टिक की बोरी में सत्तर अदद बंटी-बबली देशी शराब का पाउच मिला। पकड़े गए आरोपी दुर्गजोत निवासी राजू पर कार्रवाई की गई है।



बुधवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर रिजर्व पुलिस लाइन में सजी झांकी।

# 31 सीसीटीवी कैमरा लगवाया

**संतकबीरनगर**। जिले की पुलिस ने आपरेशन त्रिनेत्र व हर घर कैमरा अभियान के तहत जनसहयोग से विभिन्न स्थानों पर 31 सीसीटीवी कैमरा लगवाया।

थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक स्थान पर 02 सीसीटीवी, थाना दुधारा पुलिस ने 01 स्थान पर 25 सीसीटीवी, थाना मेंहदावल पुलिस ने 01 स्थान पर तीन सीसीटीवी एवं थाना बेलहरकला पुलिस ने एक स्थान पर एक सीसीटीवी कैमरा लगवाया। कैमरा लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को पुलिस ने अधिकारियों व टीम ने फूल माला पहना एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

# सरयू के दियारा में धधक रहीं हैं शराब की भट्ठियां

धनघटा, हिन्दुस्तान संवाद। धनघटा तहसील क्षेत्र की सरयू के तलहटी में कच्ची शराब का व्यवसाय तेजी से फल फूल रहा है। इस पर अंकुश लगाने के लिए विभाग केवल दिखावा कर अपनी कार्यवाही पूरी कर ले रहा है। वास्तविक धरातल पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। जिससे अवैध शराब व्यवसायियों का मनोबल बढ़ता जा रहा है।

थाना क्षेत्र के नारायनपुर, छपरा मगरवी, चपरा पूर्वी, तुर्कवलिया, डेबरी, अशरफपुर, खेवसिया, सोनहन, रामपुर बारह कोनी, सिरसी, घोरांग, बरगदवा आदि स्थानों पर कच्ची शराब की भट्ठियां बे रोक टोक धधक रही हैं। सबसे बड़ी समस्या बिड़हरघाट पर है। यहां तैयार कच्ची शराब शौकीनों को पकौड़ी, गरम चाय, गरम पानी के आड़ में परोसी जा रही है। जबकि बिड़हर घाट चाय की दुकानों से चंद कदम की दूरी पर पुलिस चौकी विराजमान है। बिड़हर घाट के कुछ संतों ने बताया कि शाम होते ही यहां पियक्कड़ों का जमावड़ा हो जाता है। पूजा पाठ करना मुश्किल हो जाता है लेकिन इन पर पुलिस का अंकुश नहीं लग पा रहा है। इस संबंध में धनघटा सीओ बृजेश सिंह ने कहा कि क्षेत्र में धधक रही शराब की भट्ठियों पर रोक लगाने के लिए समय-समय पर छापेमारी की जाती है। उसके बाद भी शराब की भट्ठियां अगर धधक रही हैं तो उस पर रोक लगाने के लिए व्यवस्था की जाएगी।

# लकड़ी की हेराफेरी का आरोप, प्रशासन को ज्ञापन

जासं, संतकबीर नगर: जनपद स्थित कलेक्ट्रेट कार्यालय में बुधवार को अब्दुल अजीम पहुंचे। उन्होंने डीएम को संबोधित प्रार्थना पत्र अपर एसडीएम रमेश चंद्र को सौंपा। इनका कहना है कि सेमरियावां ब्लाक के कांटे-बूधा के बीच सड़क के किनारे स्थित एक शीशम का पेड़ बीते शनिवार-रविवार की रात आंधी-वर्षा की वजह से गिर गया था। इसकी कीमत लगभग 80 हजार से एक लाख रुपये है। क्षेत्र के वन दारोगा ने इसमें से कुछ लकड़ी रेंजर के कार्यालय में भेज दिया, वहीं शेष अपने पास रख लिए, जिससे वह जांच में न फंसे।

वहीं टेमा-सेमरियावां मार्ग पर चिउटना-तिनहरी के बीच सड़क के किनारे गिरे शीशम के एक अन्य पेड़ को किसी ठीकेदार को बेच दिया है। इसकी कीमत करीब 40 हजार रुपये है। वन दारोगा अपनी निजी गाड़ी से गांवों, बाजारों में हूटर बजाते हुए जाते हैं। किसानों से यूकेलिप्ट्स जैसे छूट वाले पेड़ों के काटने पर पैसा वसूलते हैं। हरियाली के रखवाले वन दारोगा के खिलाफ जांच कर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस पर अपर एसडीएम ने जांच कर उचित कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया।

एक अन्य मामले में बघौली ब्लाक के ग्राम पंचायत फेउसी की प्रधान संगीता देवी बुधवार को कलेक्ट्रेट में पहुंची। उन्होंने डीएम को संबोधित प्रार्थना पत्र अपर एसडीएम रमेश चंद्र को सौंपा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ जल जीवन मिशन के तहत पेयजल परियोजना पर काम होना है। महिला प्रधान ने कहा कि बिना उनकी अनुमति के राजस्व गांव खुखुंडा में भूमि चिह्नित की गई है। इसको लेकर ग्राम पंचायत के लोगों द्वारा नाराजगी जतायी जा रही है। जिस भूमि को चिह्नित किया गया है, उसे गांव के लोग खलिहान के रूप में प्रयोग करते हैं। उनके ग्राम पंचायत में दूसरी जगह 0.605 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध है। इस पर अपर एसडीएम ने एसडीएम से वार्ता करके उचित पहल किए जाने का आश्वासन दिया।

**पति पर लगाया मकान बेचने के प्रयास का आरोप:** संतकबीर नगर: मेंहदावल थाना के सीयर मोहल्ला निवासी सीमा गोस्वामी बुधवार को कलेक्ट्रेट में पहुंची। उन्होंने अपर एसडीएम रमेश चंद्र को प्रार्थना पत्र सौंपा। महिला ने कहा कि एक व्यक्ति दलाली के चक्कर में उनके पति संपत गोस्वामी को मकान बेचने के लिए प्रेरित कर रहा है। यदि ऐसा हुआ तो वह और उनके बच्चे घर से बेघर हो जाएंगे। उसने बीते 30 अगस्त को एसपी को प्रार्थना पत्र दिया था। इस पर उन्होंने महिला थाना की मध्यस्थता से मामले का निस्तारण करने का आदेश दिया था। इस पर बीते एक सितंबर को वह अपने बच्चों और पति के साथ महिला थाने पर आई। पति ने मकान बेचने की धमकी दी। एएसडीएम ने न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

# टेंट लगाने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने

**जासं, महुली, संतकबीर नगर:** महुली थाना के परसौना गांव में काली जी के स्थान पर बुधवार को कृष्ण जन्माष्टमी मनाने के लिए टेंट लगाया जा रहा था। इसको लेकर दूसरा पक्ष नाराज हो गया। कहासुनी के बाद दो पक्ष आमने-सामने हो गए। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष मय फोर्स मौके पर पहुंचे। समझा-बुझाकर मामले को शांत किया।

लोगों का कहना है कि कृष्ण जन्माष्टमी मनाने के लिए गांव के लोग सार्वजनिक स्थान पर बुधवार को टेंट लगा रहे थे। इसी दौरान गांव के एक व्यक्ति ने भी टेंट लगा दिया। इसको लेकर दोनों पक्ष के लोग आमने-सामने हो गए। इसकी सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष-महुली भगवान सिंह मौके पर फोर्स लेकर पहुंच गए। दोनों पक्ष के लोगों को समझाया-बुझाया। इसके बाद मामला शांत हुआ। थानाध्यक्ष ने कहा कि शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी के सात रसोई गैस सिलेंडर के साथ चोर गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने बुधवार को थानाक्षेत्र के एकमा गांव निवासी एक व्यक्ति को बिधियानी के पास गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर चोरी के सात रसोई गैस सिलेंडर बरामद किया। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

कोतवाली खलीलाबाद थाने में बुधवार को दी गई तहरीर में बंजरिया पूर्वी निवासी जगदंबा प्रसाद ने यह उल्लेख किया है कि बीते 14 अगस्त को उनके घर के बरामदे से व मोहल्ले के अन्य व्यक्तियों के घर से रसोई गैस सिलेंडर किसी अज्ञात व्यक्ति ने चुरा लिया है। इस पर मुकामी पुलिस अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके जांच में जुटी थी। सूचना मिलने पर गोला पुलिस चौकी के प्रभारी राजेश कुमार मिश्र, मुख्य आरक्षी पंकज यादव व बृजेश यादव की टीम ने बुधवार को बिधियानी में दबिश दी। संदिग्ध अवस्था में खड़े एकमा गांव निवासी दिवाकर को गिरफ्तार कर लिया।

कोतवाली प्रभारी रवींद्र कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति की निशानदेही पर चोरी के सात रसोई गैस सिलेंडर बरामद किए गए। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

# महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक

जासं, मेंहदावल, संतकबीर नगर: मेंहदावल क्षेत्र में बुधवार को महिला जागरूकता अभियान चलाया गया। महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उपनिरीक्षक गौरी शुक्ला ने कहा हमारे समाज में महिलाओं को विशेष स्थान प्राप्त है। वर्तमान परिवेश में महिलाओं को अपने अधिकार की जानकारी के साथ ही स्वावलंबी बनने की आवश्यकता है। आज महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदानों से नया इतिहास लिख रही है। सुरक्षा अधिकार तथा कर्तव्य के प्रति जागरूक होना अति आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर घरेलू हिंसा होने पर इसकी जानकारी महिला हेल्पलाइन पर दे सकती हैं।

मेंहदावल क्षेत्र के बीमापार, सियर, टडवरिया, बसडीला टेडुवा आदि स्थानों पर महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि किसी अन्य महिला के साथ किसी भी प्रकार से शोषण किया जा रहा हो तो इसकी सूचना विभिन्न हेल्पलाइन नंबर पर देकर मदद ली जा सकती है। उन्होंने महिलाओं को महिला हेल्पलाइन, महिला साइबर सेल के साथ अन्य जानकारी दी। इस मौके पर महिला आरक्षी पुनीता, अंशु कुमारी आदि मौजूद रही।

- महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत चलाया गया अभियान
- किसी भी प्रकार की समस्या होने पर हेल्पलाइन नंबर पर दे जानकारी



मेंहदावल में महिलाओं को जागरूक करतीं उपनिरीक्षक गौरी शुक्ला • जागरण

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# शांतिभंग की आशंका में नौ धराए

संतकबीर नगर: तीन थाने की पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में बुधवार को नौ लोगों को पकड़कर थाने पर लाई। इसमें महुली पुलिस ने तीन, मेंहदावल पुलिस ने चार तथा बेलहरकला पुलिस ने दो लोगों को दबोचा है।

# 64 वाहनों से 48 हजार रुपये समन शुल्क वसूले

**संतकबीर नगर :** विभिन्न थानों की पुलिस ने बुधवार को सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों की जांच की। इसमें यातायात पुलिस कर्मियों ने भी सहयोग किया। मोटर वाहन अधिनियम के तहत 64 चालकों से 48 हजार रुपये समन शुल्क की वसूली की।

# न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

जासं, संतकबीर नगर: बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर बुधवार को भी दीवानी कचहरी के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। हापुड़ जिले में कुछ दिन पूर्व अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ता आंदोलनरत हैं। इसके कारण विभिन्न गांवों से आने वाले वादकारियों को निराश घर जाना पड़ा। अधिवक्ताओं के कार्य बहिष्कार से स्थिति विकट होती जा रही है।

# आपरेशन त्रिनेत्र के तहत चार स्थानों पर लगे 31 सीसी कैमरे

जासं, संतकबीर नगरः आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत पुलिस ने लोगों के सहयोग से बुधवार को चार स्थानों पर 31 सीसीटीवी कैमरे लगवाए। इसमें कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक स्थान पर दो, दुधारा पुलिस ने एक स्थान पर 25, मेंहदावल पुलिस ने एक स्थान पर तीन व बेलहरकला पुलिस ने एक स्थान पर एक सीसीटीवी कैमरा लगवाया है। कैमरा लगवाने वाले व्यक्तियों को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने यह जानकारी देते हुए कहा कि आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत जनपद के लोगों से अपने घरों, कालोनियों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की अपील की जा रही है। इसके साथ ही उनसे कम से कम एक कैमरे से सड़क पर भी निगरानी रखने की बात कही जा रही है। जिससे आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाया जा सके। असामाजिक तत्वों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जा सके। लोगों के सहयोग से कानून व्यवस्था बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है।

# हादसे में घायल दो लोगों को भेजवाया अस्पताल

**संतकबीर नगर :** पीआरवी के पुलिसकर्मी सूचना मिलने पर बुधवार को दुधारा थाना के जातेडीहा गांव स्थित सड़क पर पहुंचे। सड़क हादसे में घायल बस्ती जनपद के पुरानी बस्ती थाना के सिहारे बन्नी गांव निवासी अशोक गिरी पुत्र गुड्डू व अनुराग सिंह पुत्र रणजीत को सीएचसी सेमरियावां में दाखिल कराए।

# किशोरी से दुष्कर्म के आरोपित युवक को भेजा जेल

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: कोतवाली खलीलाबाद पुलिस टीम ने किशोरी से दुष्कर्म के आरोपित को बुधवार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया।

कोतवाली खलीलाबाद थाने में दी गयी तहरीर में एक पेट्रोल पंप पर काम करने वाले कर्मी ने यह उल्लेख किया है कि उसकी पत्नी का पूर्व में निधन हो गया है। उसकी 16 वर्षीय बेटी पढ़ने के लिए जाती है। रौरापार चौराहा निवासी आलम उसे शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करता रहा।

दो सितंबर को बेटी को पेट में दर्द हुआ। उन्होंने उपचार के लिए सीएचसी खलीलाबाद में दिखाया। यंहा के चिकित्सक ने उसे गर्भवती बताया। पुलिस ने इस मामले में आरोपित के खिलाफ बीते पांच सितंबर को दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट आदि धारा में मुकदमा दर्ज किया था। थानाध्यक्ष रवींद्र कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस आरोपित की तलाश में जुटी हुई थीं।

# कोर्ट के आदेश पर दंपती समेत पांच पर केस

बखिरा। कोर्ट के आदेश पर बखिरा पुलिस ने दंपती समेत पांच लोगों पर केस दर्ज किया।

बड़गो निवासी अवध राज (70) का आरोप है कि एक जून की रात दस बजे डीजे पर डांस करने के लिए गांव का ही दीपक उसके नाती सोनू से जबरदस्ती करने लगा। डांस करने से मना करने पर दीपक, सोनू को मारने-पीटने लगा।

छुड़ाने के लिए जाने पर आरोपी दीपक ने हंसिया से उसके ऊपर हमला कर दिया। अगले दिन दो जून को नाती सोनू मंदिर में बैठा था। शाम को चार बजे आरोपी दीपक लाठी लेकर सोनू को मारने लगा। शोर सुनकर बीच-बचाव के लिए गए प्रिंस की भी पिटाई कर दी।

अगले दिन तीन जून को सुबह गांव के बाहर जाते समय प्रिंस को आरोपी दीपक, उसके पिता जोखन, मां व बहनों ने मिलकर अपशब्द कहते हुए लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। शोरगुल सुनकर बीच बचाव के लिए गई सोनू की मां आशा को भी पीटा।

एसओ ने बताया कि जोखन, पत्नी सुधा, बेटे दीपक व बेटियां सपना, मोटकी व हफनी पर कार्रवाई कर जांच की जा रही है। संवाद

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** धनघटा पुलिस से शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। एसओ संतोष मिश्रा ने बताया कि आरोपी ने पहले युवती से संपर्क बढ़ाया।

आरोप है कि आरोपी युवक ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म किया। शादी का दबाव बनाने पर जानमाल की धमकी दी।

**12 अगस्त को केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही थी पुलिस**

इस मामले में 12 अगस्त को केस दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी।

सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया गया।

# पुरानी रंजिश में युवक को पीटा, केस दर्ज

**धनघटा।** महुली क्षेत्र के नगर पंचायत हरिहरपुर में पुरानी रंजिश को लेकर मनबढ़ ने युवक की पिटाई कर दी। हरिहरपुर वार्ड नंबर सात शास्त्री नगर निवासी सुनील सोनकर का आरोप है कि रविवार की शाम करीब छह बजे वह बाइक से घर से निकला था। इसी दौरान ट्रांसफॉर्मर तिराहे पर रंगपाल नगर का रहने वाला सत्यम पांडेय पहुंचा। बाइक रोकवा लिया और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर लोहे के रॉड से पिटाई कर दी। एसओ भगवान सिंह ने बताया कि आरोपी सत्यम पांडेय पर केस दर्ज किया गया। संवाद

# जागरुकता में अहम भूमिका निभाने वाले सम्मानित



औद्योगिक क्षेत्र खलीलाबाद में यातायात जागरुकता प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पदक देकर सम्मनित किया गया। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**संतकबीरनगर।** जिला मुख्यालय स्थित औद्योगिक क्षेत् खलीलाबाद में सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान के लिए कार्यशाला हुई। इस दौरान दीनदयाल उपाध्याय वेलफेयर सोसाइटी ने जिले में 11 अप्रैल से 84 दिनों तक चलाए गए सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान में अग्रणी भूमिका निभाने वालों को पदक देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में हेड कांस्टेबल गिरजेश कुमार व अजय कुमार राय ने कहा कि सड़क सुरक्षा पर आयोजित किए गए विभिन्न प्रकार के पोस्टर व मॉडल प्रतियोगिता जागरुकता का सशक्त माध्यम होता है।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाला प्रत्येक प्रतिभागी यदि अपने घर वालों को सड़क सुरक्षा के नियमों को समझने में सफल होता है तो शासन की मंशा बहुत हद तक पूरी हो जाएगी।

सोसाइटी के सचिव अर्जुन सिंह एवं कोआर्डिनेटर अनीता सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान के तहत जिले के नौ ब्लॉकों खलीलाबाद, सेमरियावां, सांथा, बेलहर, मेंहदावल, बघौली, नाथनगर और हैंसर बाजार में सड़क सुरक्षा अभियान तथा क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

इस दौरान शाहिदा, कनक, सबाना, शशिकला, नाहिदा खातून, साधना, शाजिदा खातून को पदक तथा यातायात विभाग के हेड कांस्टेबल गिरजेश कुमार व अजय कुमार राय को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

# महिलाओं को उनके हकों के बारे में बताया

संवाद न्यूज एजेंसी

## महिला एसआई के नेतृत्व में मेंहदावल क्षेत्र में चला अभियान

मेंहदावल। महिलाएं अपना अधिकार जाने, सुरक्षा का आधार जाने और जागरूक बनकर समाज को जागरुकता की तरफ ले जाने का संकल्प लें। बुधवार को मेंहदावल क्षेत्र में महिला सशक्तीकरण अभियान के तहत महिला एसआई गौरी मिश्रा के नेतृत्व में अभियान चलाकर महिलाओं को सुरक्षा के अधिकार के प्रति जागरूक किया गया।

मेंहदावल थाने में तैनात एसआई गौरी मिश्रा ने मेंहदावल क्षेत्र के बीमापार, सियर, टडवरिया, बसडीला टेडुवा आदि स्थानों पर महिला सशक्तीकरण अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं को विशेष स्थान प्राप्त है। वर्तमान परिवेश में महिलाओं को अधिकार की जानकारी के साथ ही स्वावलंबी बनने की आवश्यकता है। आज महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देकर नया इतिहास लिख रही हैं।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा, अधिकार तथा कर्तव्य के प्रति जागरूक होना अति आवश्यक है। किसी भी प्रकार की समस्या आने, घरेलू हिंसा होने पर इसकी जानकारी महिला हेल्पलाइन पर दे सकती हैं।

# गैंस सिंलिडर चोर पकड़ा

**संतकबीरनगर।** कोतवाली पुलिस ने बुधवार को सीसीटीवी कैमरे की मदद से गैंस सिंलिडर चुराने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार किया। पकड़े गए चोर की निशानदेही पर पुलिस ने सात अदद चोरी का गैंस सिंलिडर बरामद किया। एसएसआई हरिकेश भारती ने बताया कि बुधवार को बंजरिया पूर्वी निवासी जगदंबा प्रसाद ने सूचना दिया कि 14 अगस्त 2023 को उसके मकान के बरामदे से गैस सिंलिडर चोर हो गया। मोहल्ले के अन्य व्यक्तियों का भी गैंस सिलेंडर चोरी हो गया। पडोसी के घर लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर दिखाई दे रहा है। उनकी सूचना पर सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया। उसी की मदद से चौकी इंचार्ज राजेश मिश्रा ने सहयोगी पुलिस कर्मियों के साथ चोर की पहचान कर गिरफ्तार किया। पूछताछ में पकड़े गए चोर की पहचान एकमा गांव निवासी दिवाकर के रूप में हुई । संवाद

# शराब के साथ युवक गिरफ्तार

बखिरा। पुलिस ने बुधवार को मदरहा गांव के पास से सत्तर पाउच देसी शराब के साथ युवक को पकड़ा। एसओ श्याममोहन ने बताया कि आरोपी की पहचान दुर्गजोत गांव निवासी राजू के रूप में हुई। आरोपी पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। संवाद

# दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म करता रहता था।

किशोरी को गर्भ ठहरा तो परिजनों को जानकारी हुई। पीड़िता के पिता का आरोप है कि आरोपी ने उसकी बेटी को बहका कर गलत कार्य किया। अब शादी से इंकार कर रहा है। पीड़ित पिता की तहरीर पर आरोपी पर पांच सितंबर को केस दर्ज किया गया था।

सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया। संवाद

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-07-09-2023

# छपिया पुलिस ने चार लोगों को पकड़ा

छपिया। अवैध रूप से बनी कच्ची शराब के साथ पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि राम अजोर, बृजेश, पारस और धनीराम को 35 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया है।

# बालक को पांच घंटे में बरामद किया

गोंडा। थाना नवाबगंज में राम भगत सिंह पुत्र विद्यासागर निवासी ग्राम विश्नोहरपुर ने सूचना दी गयी कि उनका 14 वर्षीय लड़का घर से नाराज होकर कही चला गया है। इस पर नवाबगंज पुलिस ने अथक प्रयास करके 05 घण्टे में गुमशुदा बालक को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया।

# होटल के पास से मिला शव

छपिया। मसकनवा – बभनान मुख्य मार्ग पर बुधवार को मांडा गांव के एक होटल के पास एक 48 वर्षीय युवक का शव मिला है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि शव की पहचान रामजी जायसवाल उम्र 48 वर्ष निवासी कोहाना थाना महुली जिला संतकबीर नगर के रुप में हुई है।

# गूगल पे कराने की जांच एएसपी करेंगे

**हि फॉलोअप**

> शिकायत को गंभीरता से लिया गया है और एएसपी को जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद मामले में संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। – अंकित मित्तल, एसपी

**गोण्डा, संवाददाता।** शादी से इनकार करने पर युवक पर दबाव बनाकर सत्तर हजार रुपए गूगल पे करा लेने के मामले को एसपी अंकित मित्तल ने गंभीरता से लिया है। मामले की जांच एएसपी शिवराज को सौंपी गई है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के पूरे शिवा बख्तावर निवासी जीवन नाथ मिश्र का आरोप है कि उन्होंने अपने बेटे अंकुर की शादी धानेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में तय की थी। शादी के लिए दिन तय नहीं हो पाया था कि उसी क्षेत्र के एक लड़के ने उनके लड़के को लड़की से संबंधित कुछ वीडियो व फोटो दिखा दिया। जिसके बाद लड़के ने शादी करने से इंकार कर दिया। शादी न करने की सूचना लड़की पक्ष को दे दी गई। इससे नाराज होकर लड़की पक्ष ने धानेपुर थाने पर शिकायत कर दी। मामले की जांच के लिए दोनों पक्षों को धानेपुर थाने पर लाया गया। बाद में वर पक्ष के लोगों को घर जाने दिया गया लेकिन लड़के अंकुर को थाने पर ही रोक लिया गया। आरोप है कि पुलिस ने सुलह का दबाव बनाकर लड़के अंकुर से देर रात बीस हजार रुपए अपने शागिर्द के खाते में और पचास हजार रुपए लड़की पक्ष के एक खाते में गूगल पे करवा दिया। बाद में एक पन्ने पर दोनों पक्षों से एक सुलहनामे पर हस्ताक्षर कराकर छोड़ दिया गया। पीड़ित जीवन नाथ का आरोप है कि पुलिस ने उसके लड़के की एलएलबी फीस के रुपए गूगल पे करा लिए हैं। अब परिवार के पास फीस भरने के लिए पैसे नहीं हैं, जिससे लड़के की पढ़ाई पर संकट आ गया है। पीड़ित ने एसपी से मिलकर न्याय की गुहार भी लगाई। हिन्दुस्तान ने प्रमुखता से खबर भी प्रकाशित की, जिसके बाद एसपी ने एएसपी को जांच सौंप दी है।

# शहर में आज निकलेगा चेहल्लुम का जुलूस

गोण्डा। शहर में चेहल्लुम का जुलूस आज निकाला जाएगा। मोहर्रम कमेटी के सदर मेंहदी राजा ने बताया कि इसको लेकर तैयारियां पूरी की जा चुकी है।

हजरत इमाम हुसैन सहित कर्बला के 72 शहीदों का चेहल्लुम गुरुवार को होगा। अजादार नम आंखों से उन्हें याद करेंगे। कमेटी के सदर मेंहदी रजा ने बताया शहर में गुरुवार सुबह दस बजे से चेहल्लुम का जुलूस शहर के बुधईपुरवा और सिविल लाइन से निकाला जाएगा। बुधई पुरवा से जुलूस महराजगंज, इमामबाड़ा, फैजाबाद रोड, रकाबगंज होते हुए वीर अब्दुल हमीद चौराहे पहुंचेगा जहा से मेवातियांन मोहल्ले के जुलूस को साथ में शामिल किया जाएगा। जुलूस फैजाबाद रोड, मुन्नखा बाईपास होते हुए शाम को कर्बला में समाप्त होगा। वही दूसरा जुलूस सिविल लाइन से परंपराओं के अनुसार निकाला जाएगा जो केशवपुर पहाड़वा, सिविल लाइन घोसियाना, पंतनगर, अंबेडकर चौराहे से होते हुए गुरुनानक चौराहा पहुंचेगा।

# अपहरण के आरोपी को दो वर्ष की सजा

गोंडा। अपर सत्र न्यायाधीश सर्वजीत कुमार सिंह ने अपहरण के आरोपी को दो वर्ष की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर बीस दिन की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता के अनुसार वादी ने आरोपी वैधू पुत्र राम लखन पासी निवासी दामोदर नरायन पुर कला थाना कटरा बाजार के विरुद्ध इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई कि वादी की नाबालिग भतीजी को आरोपी भगा ले गया।

पुलिस ने आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की बहस व दलीलों को सुना तथा पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का गहन अवलोकन करने के पश्चात अभियुक्त को दोषी करार देते हुए दो वर्ष की कैद व पांच हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

# नाबालिग को भगाने में तीन लोगों पर केस दर्ज

रुपईडीह। थाना क्षेत्र के एक गांव में करीब चार दिन पहले एक नाबालिक लड़की को गांव के ही एक युवक ने बहला-फुसला कर भाग ले गए । जिसका सहयोग गांव के ही दो महिलाओं के करने की शिकायत लड़की के पिता ने पुलिस से की। पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए दो महिलाओं सहित तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच व कार्रवाई शुरू की।

कौड़िया थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिक लड़की के पिता ने पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर कहा कि गांव के ही दो महिलाओं के सहयोग से एक युवक ने उसकी नाबालिक लड़की को बहला-फुसलाकर भाग ले गया। काफी खोजबीन की पर नहीं मिली।

## चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। नगर कोतवाली पुलिस ने कुछ दिन पहले जिला अस्पताल से चोरी बाइक के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। इटियाथोक थानाक्षेत्र के गांव के भोलानाथ पाण्डेय किसी का इलाज करवाने जिला अस्पताल गए थे। इसी दौरान उनकी बाइक चोरी हो गई थी। नगर कोतवाल संजय कुमार गुप्ता ने बताया दरोगा पिंटू कुमार यादव ने आरोपी चित्रांश श्रीवास्तव निवासी नौबस्ता थाना वजीरगंज को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक कार्रवाई की जा रही है।

## मारपीट मामले में चार लोगों पर केस दर्ज

तरबगंज। आपसी विवाद को लेकर मारपीट मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि ग्राम घमण्ड पुरवा किंधौरा निवासी रंग बहादुर सिंह को मंगलवार रात आपसी विवाद को लेकर गांव के ऊदल सिंह, गोलू सिंह, गिरधारी, दीप नरायन सिंह आए दिन अपशब्द कहते थे। मना करने पर उसे मारा-पीटा और जान से मारने की धमकी दी। एसओ शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# तहरीर पर भी तीन दिन बाद केस नहीं

गोण्डा। खोड़ारे थानाक्षेत्र में बिसुही नदी में अवैध शिकार मामले में पुलिस केस दर्ज करने में हीलाहवाली कर रही है। बीते रविवार शाम वन विभाग के रेंजर की तहरीर के बाद कार्रवाई नहीं हुई है। हालांकि वन विभाग के उच्चाधिकारी इस बाबत मातहतों से रिपोर्ट मांग रहे हैं।

इस संबंध में ह्यहिन्दुस्तानह्ण में खबर प्रकाशित होने के बाद वन महकमा हरकत में आया था। वन विभाग के रेंजर वीरेंद्र तिवारी ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया है कि संरक्षित बिसुही नदी में अवैध रूप से जाल, इलेक्ट्रानिक मशीन, दवा डालकर मछलियों व कछुओं का शिकार किया जा रहा है।

# पुलिस पर हमले में सात लोगों को दो साल की सजा

गोंडा, विधि संवाददाता। अपर सत्र न्यायाधीश राजेश नारायण मणि त्रिपाठी ने पुलिस पर हमला करने वाले सात आरोपियों को दो वर्ष की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर एक-एक माह की साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अवनीश कुमार मिश्रा के अनुसार के विरुद्ध छब्बीस जुलाई 2000 को थानाध्यक्ष खोड़ारे ने इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई कि हिंदा नरायनपुर गांव निवासी सत्य राम पुत्र निरहवन, शंकर पुत्र सीताराम, तुलसी राम पुत्र रामफेरे, राम चंद्र व बरसाती पुत्र कल्पनाथ, त्रिभवन पुत्र भगवान दास तथा राम नरेश पुत्र राम दास के विरुद्ध इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने हमराहियों के साथ एक मुकदमे की विवेचना करने के लिए रात दस बजे आरोपियों के गांव पहुंचा। इसी दौरान सभी आरोपी पुलिस पर हमलावर हो गए जिसमें से एक आरोपी ने कट्टे से फायर कर दिया। बाकी सभी लोग लाठी डंडे से पुलिस पर हमला कर दिए। सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की बहस व दलीलों को सुना तथा पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का गहन अवलोकन करने के पश्चात प्रत्येक आरोपियों को दो-दो वर्ष की कैद व दस दस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

# रेप में दो भाइयों समेत तीन को दस साल की सजा हुई

- 29 सितंबर 1993 को हुई थी घटना, तीस साल बाद हुआ फैसला
- अदालत ने तीनों अभियुक्तों पर 30-30 हजार का जुर्माना ठोका

गोंडा, विधि संवाददाता। अपर सत्र न्यायाधीश नम्रता अग्रवाल ने सात वर्षीय बच्ची से दुराचार करने के आरोप में दो सगे भाइयों सहित तीन दोषियों को दस वर्ष की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अनीता साहू के अनुसार थाना कोतवाली देहात के वादी ने इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके मुताबिक 29 सितंबर 1993 को सुबह नौ बजे वह घर के सामने अपने खेत में मक्के की तुड़ाई कर रहे थे। घर पर उसकी सात वर्षीय बेटी अकेली थी। इसी बीच बेटी के चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। वह दौड़कर घर पहुंचा तो देखा कि तीन आरोपी वहां से निकलकर भाग रहे थे। घर के अंदर जाकर देखा तो उनकी बेटी खून से लथपथ पड़ी थी। वादी की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही अशोक कुमार पुत्र रामू मिश्रा, छोटू मिश्रा व सुभाष मिश्रा पुत्रगण किशोर मिश्रा के विरुद्ध दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। प्रकरण की विवेचना करने के बाद पुलिस ने आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों व बहस को सुनने के बाद तीनो आरोपियों को दुराचार करने का दोषी करार दिया। कोर्ट ने तीनों को दस वर्ष की कैद व तीस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

### छपिया में बिना नंबर की बोलेरो से पहुंचे दबंगों ने मचाया उत्पात

# बीडीओ की बेटी को घर से अगवा करने की कोशिश

## हंगामा

- सरकारी आवास में घुसकर परिजनों से जमकर की मारपीट
- बीडीओ की तहरीर पर आधा दर्जन दबंगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

छपिया (गोंडा), संवाददाता। बिना नंबर की बोलेरो से पहुंचे दबंगों ने खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) के सरकारी आवास में घुसकर खूब उत्पात मचाया। दबंगों ने बीडीओ की बेटी को अगवा करने की कोशिश की और मारपीट भी की। चीख-पुकार सुनकर चौकीदार व आसपास के लोग आवास पर पहुंच गए, जिसके बाद दबंग वहां से भाग निकले। बीडीओ की तहरीर पर के पुलिस ने आधा दर्जन दबंगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

छपिया ब्लाक के बीडीओ ओम प्रकाश सिंह यादव का परिवार सरकारी आवास में रह रहा है। उनका आरोप है ककि सोमवार की सुबह करीब सात बजे अविनाश पुत्र स्वर्गीय हरिद्वार यादव, शकुंतला देवी पत्नी स्वर्गीय हरिद्वार और डिंपल यादव पुत्री स्वर्गीय हरिद्वार निवासी हरिहरपुर जुझारपुर पोस्ट भोजापुर थाना मरहद गाजीपुर और तीन अज्ञात लोग बिना नंबर प्लेट के बोलेरो गाड़ी से एकाएक पता लगाकर आवास पर पहुंचे। इन लोगों ने घर में घुसकर बेटी को जबरदस्ती उठाकर घसीटते हुए भागने का प्रयत्न किया। घटना के दौरान सरकारी आवास पर मेरा लड़का, मेरी पत्नी, मां तथा भतीजा मौके पर मौजूद थे। विरोध करने पर परिजनों और दबंगों के बीच हाथापाई होने लगी। हो-हल्ला सुन चौकीदार व अगल - बगल के लोग भी आ गए। सूचना पर मौके पर जैसे ही पुलिस पहुंची वैसे ही सभी लोग गाड़ी में बैठकर भाग निकले। वह विभागीय मीटिंग के लिए लखनऊ जा रहे थे, सूचना मिलते ही रास्ते से लौट कर आवास पर आ गए।

बीडीओ का कहना है कि उनके भतीजे की शादी डिंपल यादव से हुई थी। जिससे मनमुटाव के कारण छुट्टा-छुट्टी हो गयी थी। उसी रंजिश को लेकर मुझे और मेरे परिवार की बेइज्जती व अपमानित करने के लिए घटना को अंजाम दिया गया।

आरोप है कि घटना के दौरान परिवारीजन न होते तो वे लोग मेरी बेटी का अपहरण कर हत्या भी कर सकते थे। कोई अप्रिय घटना घट सकती थी। मामला बीडीओ से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने भी घटना का संज्ञान लिया और मुकदमा दर्ज कर लिया।

### आरोपियों की तलाश जारी

छपिया। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर आधा दर्जन लोगों पर के विरुद्ध मारपीट बलवा और घर से घसीट के उठा ले जाने का प्रयास के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### बीडीओ की बेटी का कराया मेडिकल, सहमे कर्मचारी

छपिया। घटना के बाद बुधवार को दोपहर में पुलिस ने बीडीओ की बेटी का सीएचसी में मेडिकल कराया है। वहीं, ब्लॉक परिसर में बीडीओ परिवार के साथ हुई घटना से अन्य कर्मचारी सहमे हुए हैं। ब्लॉक परिसर के अन्य आवासों में करीब आधा दर्जन कर्मी रहते हैं। कुछ कर्मचारियों ने आवास आवंटित करवा रखे हैं लेकिन रात में उनमें नहीं रहते हैं। ऐसे में परिसर में रहने वाले अन्य परिवारों ने भविष्य में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जाने की मांग उठाई है। उधर, घटना के बाद कॉलोनी में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है।

पंचायत उपचुनाव : ब्लॉक मुख्यालयों पर बनाए गए स्ट्रांगरूम में रखी गईं मतपेटियां

# मतपेटियों में प्रत्याशियों का भाग्य बंद, वोटों की गिनती कल होगी

**मतदान**

**गोण्डा, संवाददाता।** जिले में बीडीसी के दो, प्रधान के छह, वार्ड मेंबर की एक सीट के लिए बुधवार को मतदान हुआ। जिले में औसतन 59 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे कम वोटिंग बभनजोत ब्लॉक में हुई, यहां कुल 33 प्रतिशत ही वोट पड़े। सुबह से हुई वोटिंग के बाद मतपेटियों को ब्लॉक मुख्यालयों पर स्ट्रांग रूम बनाकर सुरक्षित रखा दिया गया है। डीएम नेहा शर्मा, एसपी अंकित मित्तल ने कई जगहों पर मतदान के दौरान व्यवस्था का जायजा लिया। मतगणना 8 सितम्बर को होगी। जिला प्रशासन की ओर जारी आंकड़ों के मुताबिक पण्डरी कृपाल में 71.95, झंझरी में 60.61, कटराबाजार में 58.18, वजीरगंज में 65.19, मनकापुर में 56.50, बभनजोत में 33.08 प्रतिशत वोट पड़े।

**फिरोजपुर में हुआ शांतिपूर्ण मतदान :** झंझरी ब्लॉक क्षेत्र के फिरोजपुर ग्राम पंचायत में प्रधानी के लिए बुधवार को मतदान हुआ। मतदान केंद्र का एएसपी शिवराज, सेक्टर मजिस्ट्रेट ने निरीक्षण किया। उन्होंने पीठासीन अधिकारी को मतदान में सख्ती बरतने की हिदायत दी। उपचुनाव में भी महिला मतदाताओं का उत्साह काफी रहा। फिरोजपुर नवीन पोलिंग बूथ पर कुल 1445 वोट हैं। जिसमें से 816 वोट पड़े। जोकि 56.47 प्रतिशत और भरहा पारा पोलिंग बूथ पर कुल 1195 वोट हैं। जिसमें से 784 वोट पड़े हैं। जो कि 65.77 प्रतिशत वोट पड़े। फिरोजपुर ग्राम पंचायत में फिरोजपुर नवीन और भरहा पारा मतदान केंद्रों पर कुल 15 वार्ड हैं। चुनाव में किसी भी तरह की कोई समस्या न हो इसके लिए कोतवाली देहात महेंद्र सिंह, चौकी खोरहंसा प्रभारी नागेंद्र पटेल और क्यूआरटी टीम मुस्तैद रही।



बुधवार को बूथ का निरीक्षण करतीं डीएम नेहा शर्मा और एसपी अंकित मित्तल।

## बीडीसी पद के लिए फीका रहा मतदान

बभनजोत के ग्राम पंचायत पिपरा माहिम के वार्ड संख्या 26 में क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। बीडीसी पद के लिए दो उम्मीदवार मैदान में थे। इसमें प्राथमिक विद्यालय पिपरा शरीफ में बूथ संख्या 178, 179 पर कुल 765 मतों में से 261 मत पड़े। जबकि आंगनबाड़ी केंद्र पिपरा माहिम में बूथ संख्या 180,181 पर कुल 1173 मतों में से 380 मत पड़े हैं।

## वजीरगंज में अफसर ने लिया जायजा

वजीरगंज के ग्राम पंचायत रामपुर खरहटा व परसिया में ग्राम प्रधान पद के लिए मतदान शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ। ग्राम पंचायत रामपुर खरहटा में प्राथमिक विद्यालय प्रथम में बूथ संख्या 157,158,159 व 160 पर मतदान हुआ। यहां कुल 2315 मतों में से 1553 मत पड़े। मतदान प्रतिशत 67.08 रहा। यहां दो प्रत्याशियों के बीच मतदान हुआ। सीओ संजय तलवार, एसओ अभय सिंह पुलिस बल के साथ निरन्तर भ्रमण करते रहे। ग्राम पंचायत परसिया के प्राथमिक विद्यालय में बूथ 201,202 व 203 व पूरे खेम के बूथ संख्या 204 पर मतदान हुआ। यहां कुल 1574 मत पड़े। मतदान प्रतिशत 63.44 रहा।

## मनकापुर में जमकर हुआ मतदान

ग्राम प्रधान व बीडीसी के लिए हुए उप चुनाव में जमकर मतदान हुआ। सुबह से ही मतदाताओं ने वोटिंग शुरू किया और देखते ही देखते दोपहर तक मतदान का प्रतिशत अच्छा रहा। सुबह प्राथमिक स्कूल पूरेसीर के दो बूथो पर मतदान शुरू हुआ। एक बूथ पर मतदाताओं की भीड़ दिखी वही दूसरे पर इक्का दुक्का मतदाता ही मतदान करते दिए। सुबह नौ बजे एक बूथ पर 93 मत पडे तो दूसरे पर मात्र 25 मत पडे। वही पूर्व माध्यमिक स्कूल समरूपुर में दो बूथ बनाये गये थे जिस पर दोपहर में एक बूथ पर 114 व दूसरे पर 123 मत पडे थे। यहां पर कुल 851 मतदाता थे। शाम होते ही स्थित बदल गई। पूरे सीर में कुल 543 मत पडे। इस प्रकार बीडीसी चुनाव में 901 लोगो ने अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार बीडीसी चुनाव हेतु 46.78 प्रतिशत मतदान हुआ।

# बीडीओ के घर से बेटी के अपहरण का प्रयास

## छपिया विकास खंड परिसर में हुई घटना, गाजीपुर से आए थे आरोपित, मुकदमा दर्ज

संसू, छपिया (गोंडा) : खंड विकास अधिकारी के घर में घुस कर बेटी के अपहरण का प्रयास किया गया, लेकिन स्थानीय लोगों की वजह से आरोपित भाग निकले। बीडीओ ओमप्रकाश सिंह यादव की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों पर उपद्रव कर मारपीट करने का मुकदमा लिखा है। गाजीपुर के कोतवाली सदर के नगवा चौकिया के रहने वाले ओमप्रकाश सिंह यादव छपिया में खंड विकास अधिकारी के पद पर तैनात हैं। वह ब्लाक कार्यालय परिसर स्थित सरकारी आवास में परिवार के साथ रहते हैं। बीडीओ के मुताबिक उनके चचेरे भाई के बेटे सुनील यादव का विवाह डिंपल यादव के साथ हुआ था। मनमुटाव होने के कारण दोनों अलग हो गए थे। इसी की रंजिश को लेकर विपक्षी उन्हें व उनके परिवार वालों को अपमानित करने का प्रयास करते रहते हैं। विपक्षी गाजीपुर के भोजापुर मरदह हरिहरपुर के अविनाश यादव, शकुंतला देवी, डिंपल यादव व तीन अज्ञात व्यक्ति चार सितंबर की सुबह उनके घर पर धावा बोल दिया। आरोपित चारपहिया से आए थे। उस समय वह विभागीय बैठक में प्रतिभाग करने लखनऊ जा रहे थे। आरोपित साजिश के तहत घर में घुस आए और बेटी का अपहरण करने का प्रयास करने लगे। घर में मौजूद पत्नी, बेटे व भतीजे ने विरोध किया तो आरोपितों ने उपद्रव करना शुरू कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग भी एकत्र हो गए। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। स्थानीय लोगों व पुलिस के आने के बाद आरोपित भाग निकले। घर वालों ने इसकी सूचना बीडीओ को दी। वह रास्ते से लौट आए। बीडीओ का कहना है कि आवास पर अगर घर के लोग मौजूद नहीं होते तो दबंग उनकी बेटी का अपहरण करके हत्या भी कर सकते थे। छपिया प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा ने कहा कि आरोपितों पर मुकदमा लिखकर कार्रवाई की जा रही है।



खंड विकास अधिकारी छपिया के आवास पर पसरा सन्नाटा • जागरण

### तीन पर मुकदमा

संसू, इटियाथोक : एक गांव निवासी दलित युवती के साथ छेड़खानी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता के मुताबिक उसके पिता खेत में काम रहे थे। वह उनके लिए पानी लेकर जा रही थी। रास्ते में आरोपितों ने उसका हाथ पकड़कर गन्ने के खेत में घसीट लिया। हल्ला गुहार मचाने पर उसके पिता वहां पहुंचे। आरोपित फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने कहा कि अहिरौलिया गांव के नीरज, अक्षय कुमार व नंद कुमार के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है।

# मजदूरी की तलाश में निकले युवक का 17 दिन बाद बिसुही नदी में मिला शव



धानेपुर के बिसुही नदी के समीप रोते बिलखते मृतक के स्वजन • जागरण

संवादसूत्र, धानेपुर (गोंडा) : नागपंचमी के दिन घर से मजदूरी की तलाश में निकले दुर्गेश का शव 17 वें दिन बुधवार को बिसुही नदी में पाया गया। शव की पहचान को लेकर पुलिस ने डीएनए जांच कराने व रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होने की बात कही है।



दुर्गेश कुमार •

भावेनगर बखरवा के रहने वाले राजन ने कहा कि उसका भाई दुर्गेश नागपंचमी के दिन सुबह घर से निकला था। वह देर शाम तक जब वापस नहीं आया तो उसकी तलाश की गई, लेकिन उसका पता नहीं चला। मृतक की पत्नी पूनम ने 23 अगस्त को दुर्गेश की गुमशुदगी दर्ज कराई। बुधवार को उसका शव बिसुही नदी में पाया गया है। पत्नी ने शर्ट के आधार पर दुर्गेश की पहचान की।

**घर में पकड़ा जा चुका है एक युवक :** 20 दिन पूर्व मृतक के घर रात में एक युवक संदिग्ध हालात में पकड़ा गया था। ग्रामीणों ने युवक को पुलिस के हवाले किया था। मृतक के भाई राजन का कहना है कि युवक मछली बाजार का रहने वाला था। आरोपित ने धमकी भी दी थी। आशंका व्यक्त कि उसी ने हत्या कर दी है।

**दो माह पूर्व भाई की भी हो चुकी है मौत :** मृतक दुर्गेश के बड़े भाई गुरबचन मनकापुर में एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। दो माह पूर्व संदिग्ध हालात में उसकी भी मौत हो गई थी। राजन ने कहा कि पुलिस ने बताया था रिपोर्ट में उसकी मौत हृदयाघात से होने की बात सामने आई थी। थानाध्यक्ष ने कहा कि शव पूरी तरह सड़ गया था। इसलिए डीएनए परीक्षण कराया जाएगा। इसके बाद अगली विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# चार पर मुकदमा दर्ज

इटियाथोक : कोनगवा पंचायत के खम्हरिया गांव की रहने वाली चंपा देवी ने कहा कि विपक्षी अपनी दीवार तोड़कर उनकी जमीन में नाली का निर्माण कर रहे थे। मना करने पर आरोपित घर में घुसकर मारपीट करने लगे। हल्ला गुहार मचाने पर दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने कहा कि गांव के ही जगमोहन पांडेय, बृजेश पांडेय, दिलीप व सत्य प्रकाश के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है। (संसू)

# आज निकलेगा चेहल्लुम का जुलूस, तैयारी पूरी

संसू, गोंडा: मुहर्रम के 40 दिन बाद गुरुवार को चेहल्लुम का जुलूस निकाला जाएगा। हजरत इमाम हुसैन व उनके साथियों की याद में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने चौक पर ताजिया रखा। रात भर जागकर मजलिस व तिलावत की।

गुरुवार को चेहल्लुम का जुलूस निकाला जाएगा। सुबह दस बजे ओवरब्रिज से बड़गांव, घोसियाना व महारानीगंज से होते हुए जुलूस बड़गांव पुलिस चौकी पहुंचेगा। यहां से कर्बला चला जाएगा। शहर का जुलूस बुधईपुरवा, महाराजगंज, काशीराम कालोनी, बड़ा इमामबाड़ा, मेवातियान होते हुए शाम सात बजे कर्बला पहुंचेगा। सिविल लाइन का जुलूस केशवपुर पहड़वा, पंतनगर, पोर्टरगंज, छावनी सरकार, कटहाघाट व तिवारीपुरवा होते हुए आंबेडकर चौराहा पहुंचेगा। यहां से गुरुनानक, गुड्डूमल तिराहा, महाराजगंज पुलिस चौकी होते हुए कर्बला पहुंचेगा। बड़गांव मुहर्रम कमेटी के अध्यक्ष शौकत अली कादरी ने बताया कि जुलूस निकालने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# घर-घर जन्मेंगे कन्हाई, गूंजेगी बधाई

## पीएसी व पुलिस लाइन में आज होगा मुख्य कार्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। घर से लेकर मंदिरों तक की आकर्षक सजावट की गई है। मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाइन, पीएसी लाइन व थानों में होगा। इसके अलावा भी कई स्थानों पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया है। घरों में भी लोगों ने कृष्ण की बाल लीला दर्शाने वाली झांकियां सजाई है। वहीं काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने बुधवार को ही व्रत रखकर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई।

### बुधवार को भी श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर मनाई जन्माष्टमी

भगवान श्री कृष्ण ने भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र में अवतार लिया था। इसके बाद से इस दिन को कृष्ण जन्माष्टमी के रूप में मनाया जाने लगा। जन्माष्टमी के दिन व्रत रखने का भी विधान है। व्रत के लिए जल, फल, कुश लेकर व्रत का संकल्पकिरने के बाद भगवान कृष्ण की मूर्ति या चित्र स्थापित कर उनका पूजन करते हैं।



गोंडा के पुलिस लाइन में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर हो रही सजावट। - संवाद

पंडित रामसुरेश मिश्रा का कहना है कि कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर पांच चीजें अर्पित कर भगवान कृष्ण की कृपा प्राप्त कर सकते हैं। इन चीजों को दाहिने हाथ से अर्पित करना चाहिए। तुलसी दल, माखन मिसरी, पीले फल अर्पित करें। मोरपंख मुकुट में लगाएं और पीले वस्त्र पहनाएं। इससे श्रीकृष्ण प्रसन्न होते हैं।

### राधा-कृष्ण बन बच्चों ने मोहा मन



गोंडा। शहर के रानीपुरवा स्थित रोजवुड इंटर कॉलेज में बुधवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने कृष्ण लीला का मंचन किया। श्रीकृष्ण व राधा के वेश में बच्चों ने लोगों का मन मोह लिया। छात्रों के बीच दही हांडी प्रतियोगिता कराइ गई। अविका पांडेय, शिवांश गुप्ता, आराध्या चतुर्वेदी, अनुराग रंजन, आशुतोष गौतम, अनिका मिश्रा, शिवानी, तारुपी, अरनव, शिवांशी, आराध्या तिवारी, दिव्यांशी, अग्रिमा, रुद्र श्रीवास्तव, आरोही, पंखुड़ी, प्रशंसा आदि बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रबंधक अमित पांडेय, अध्यक्ष प्रेमसागर पांडेय व प्रधानाचार्य सरिता पांडेय ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। संवाद

# कच्ची शराब के साथ चार बंदी

मसकनवा (गोंडा)। छपिया इंस्पेक्टर सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि दानेपुर के एक मकान में कच्ची शराब बनाने की सूचना पर दबिश दी गई। वहां बृजेश कुमार निवासी दानेपुर, पारस यादव निवासी घनश्यामपुर व धनीराम निवासी भोपतपुर कच्ची शराब बनाते मिले। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। मौके पर 25 लीटर कच्ची शराब मिली। इसके अलावा पलटीपुर चौराहे के पास रामअजोर निवासी ककरघटा को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा गया। चारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# महिला से छेड़खानी, नामजद

इटियाथोक (गोंडा)। इटियाथोक के एक गांव की रहने वाली महिला ने थाने पर तहरीर देकर कहा कि 19 अगस्त की रात वह घर में बेटी के साथ सो रही थी। तभी जनकराम सोनकर निवासी भवनियापुर उपाध्याय उसके घर में घुस आया और उससे छेड़खानी करने लगा। विरोध करने उसके गहने लेकर भाग गया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने बताया कि आरोपी जनकराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# दुष्कर्म के तीन दोषियों को 10 साल की सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। देहात कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में सात साल की अवोध वालिका से दुष्कर्म के मामले में 30 साल तक लंवी कानूनी लड़ाई के वाद वुधवार को पीड़िता को न्याय मिला। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने घटना में दोषी तीन अभियुक्तों को 10-10 साल कारावास और 30-30 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अनीता साहू ने वताया कि देहात कोतवाली क्षेत्र के निवासी एक व्यक्ति ने 29 सितंवर 1993 को पुलिस को तहरीर दी थी। इसमें कहा कि सुवह नौ वजे वह अपनी पत्नी के साथ घर के सामने खेत में मक्का तोड़ रहा था। तभी अशोक, छोटू व सुवास घर में घुस गए और अशोक ने उसकी सात साल की वेटी के साथ दुष्कर्म किया। वेटी के चिल्लाने पर जव वह पत्नी के साथ दौड़ा तो तीनों घर से निकलकर भाग गए। पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना की और पुख्ता साक्ष्य मिलने पर तीनों आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया।

ट्रायल के दौरान संदेह से परे साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने तीनों आरोपियों को दोषसिद्ध किया। वुधवार को इस मामले में निर्णय सुनाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम नम्रता अग्रवाल ने अशोक, छोटू व सुवास को 10-10 साल सश्रम कारावास और 30-30 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अदालत के आदेशानुसार अर्थदंड की धनराशि जमा होने पर उसमें से आधी धनराशि पीड़िता को दी जाएगी।

## अपहरण के दोषी को दो साल की सजा

गोंडा। कौड़िया थाना क्षेत्र में 25 साल पहले नावालिग वालिका के अपहरण के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश ने दोषी को दो साल कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) ओमप्रकाश शुक्ल ने वताया कि वादी ने कौड़िया थाने में तहरीर देकर कहा कि 14 अक्तूवर 1998 को सुवह करीव चार वजे उसकी 14 साल की भतीजी को मुल्कराज, वैधू व अंग्रेज की शह पर उसके गांव का जसऊ पासी वहलाकर भगा ले गया। केस दर्ज कर पुलिस ने विवेचना की और वालिका के अपहरण का पुख्ता साक्ष्य मिलने पर आरोपी वैधू के खिलाफ न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया। ट्रायल के दौरान अदालत ने वैधू को दोषसिद्ध किया। वुधवार को अपर सत्र न्यायाधीश नवम सर्वजीत कुमार सिंह ने वैधू को दो साल साधारण कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। (संवाद)

# चोरी की बाइक के साथ दबोचा

गोंडा। नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि चित्रांश श्रीवास्तव निवासी पयागपुर नौबस्ता थाना वजीरगंज को बुधवार को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से चोरी की बाइक बरामद हुई है। (संवाद)

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

रुपईडीह (गोंडा)। कौड़िया थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपी बलधारी निवासी नेवादा हाशिमपुर को बुधवार को कटका मोड़ से गिरफ्तार किया गया है। उसने क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी को अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म किया था। (संवाद)

# घर बुलाकर पीटा, केस

बभनान (गोंडा)। बस्ती जिले के परशुरामपुर थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर निवासी मोईनुद्दीन ने छपिया थाने में तहरीर देकर कहा कि वह परसा तिवारी चौराहा थाना छपिया स्थित अपने मकान में कपड़े की दुकान चलाता है। वह दो सितंबर की शाम दुकान पर बैठा था। तभी जुनेद अख्तर निवासी टीकर थाना छपिया ने रंजिश में अपने घर पर बुलाकर डंडे से पीटा और जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। छपिया इंस्पेक्टर सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। (संवाद)

# बिना परमिट के काटे हरे पेड़, केस

रुपईडीह (गोंडा)। कौड़िया थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि क्षेत्र के बुढ़नगरी अहियाचेत निवासी ननके यादव के बाग में लगे शीशम, गूलर व नीम के नौ पेड़ बिना परमिट के काट डाले गए। मामले में अहियाचेत निवासी गुड्डू सिंह, गजराजपुरवा अहियाचेत निवासी ओमप्रकाश सिंह, पुत्ती सिंह, बेशनपुरवा अहियाचेत निवासी जलालू तथा बुढ़नगरी अहियाचेत निवासी ननके यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। (संवाद)

# युवती से दुष्कर्म का प्रयास, तीन पर केस

**इटियाथोक (गोंडा)।** क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 21 साल की युवती बीते 28 अगस्त की दोपहर खेत में काम कर रहे अपने पिता को पानी देने जा रही थी। रास्ते में तीन युवकों ने उसे रोक लिया और छेड़खानी करने लगे। आरोप है कि उनमें एक युवक ने युवती को दबोच लिया और गन्ने के खेत में खींचकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। युवती के शोर मचाने पर तीनों धमकाते हुए भाग गए। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने बताया कि नीरज, अक्षय व नरेंद्र कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# दंपती व बेटे की पिटाई में चार पर केस

**तरबगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के किंधौरा घमंड पुरवा निवासी रंग बहादुर सिंह ने थाने पर तहरीर देकर कहा कि मंगलवार रात आठ बजे आपसी विवाद को लेकर गांव के ऊदल सिंह अपने परिवार के लोगों संग उसके घर पर आ धमके और उसे, पत्नी गुड़िया व बेटे अभय को पीट दिया। बचाने आई बेटी विनीता व निधि से अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि ऊदल सिंह, गोलू सिंह, गिरधारी व दीप नारायण के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# बीडीओ के घर में घुसकर मारपीट, बेटी के अपहरण का प्रयास

मसकनवा (गोंडा)। छपिया के बीडीओ के भतीजे की पत्नी ने मायके वालों संग सरकारी आवास में घुसकर उनकी बेटी को अगवा करने का प्रयास किया। शोर मचाने पर सभी आरोपी चौपहिया वाहन से भाग गए। बीडीओ ने छपिया थाने में भतीजे की पत्नी समेत छह लोगों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

छपिया ब्लॉक में बीडीओ पद पर तैनात ओमप्रकाश यादव निवासी ग्राम नगवा, जिला गाजीपुर ने छपिया थाने में तहरीर दी। इसमें कहा कि वह ब्लॉक मुख्यालय स्थित सरकारी आवास में परिवार के साथ रहते हैं। उनके चचेरे भाई के बेटे सुनील यादव की शादी डिंपल यादव पुत्री हरिद्वार निवासी हरिहरपुर जुझारपुर, पोस्ट भोजापुर, जिला गाजीपुर से हुई थी।

## भतीजे की पत्नी व उसके मायकेवालों समेत छह के खिलाफ केस

कुछ माह बाद मनमुटाव के कारण सुनील और डिंपल अलग हो गए। बीडीओ के मुताबिक इसी बात से नाराज डिंपल अपने भाई, मां सहित तीन अज्ञात लोगों के साथ दो सितंबर को बिना नंबर प्लेट के चार पहिया वाहन से उनके सरकारी आवास पर पहुंची। आरोप है कि घर में घुसकर उनकी 22 वर्षीय बेटी को अगवा करने का प्रयास किया। बताया कि उस समय उनकी पत्नी, मां, बेटा शुभम व भतीजा आलोक आवास पर मौजूद थे।

विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर सभी भाग निकले। छपिया इंस्पेक्टर सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि बीडीओ की तहरीर पर डिंपल यादव, अविनाश यादव, शकुंतला देवी व तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में विवेचना कर कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# पुलिस टीम पर हमले में सात दोषियों को सुनाई सजा

गोंडा। खोड़ारे में 23 साल पहले पुलिस टीम पर हमला, मारपीट व सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में न्यायालय ने दो भाइयों समेत सात दोषियों को दो-दो साल कारावास और 10-10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) अवनीश धर द्विवेदी ने बताया कि 26 जुलाई 2000 को खोड़ारे के तत्कालीन थानाध्यक्ष राम नरेश सिद्धार्थ ने केस दर्ज कराया था।

**दो-दो साल कारावास और 10-10 हजार रुपये का अर्थदंड**

एफआईआर में कहा कि वह पुलिस टीम के साथ एक मुकदमे की विवेचना के लिए रात 10 बजे ग्राम हिंदा नरायनपुर पहुंचे। जहां सत्यराम उर्फ मुस्काने और कल्पनाथ के लड़के वरसाती व रामचंद्र ने शोर कर दिया कि उसे मार डाल रहे हैं। तभी ग्राम वनघुसरा के रामनरेश यादव, तुलसीराम, सहराज, राम नेवल, त्रिभुवन, लल्लू, राम विलास व नरायनपुर के शंकर आ गए और पुलिस टीम पर हमला कर दिया। रामनरेश ने तमंचे से फायर कर दिया।

हमलावरों ने वाइक भी जला दी। अपर सत्र न्यायाधीश पंचम व विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) राजेश नारायण मणि त्रिपाठी ने दोषी अभियुक्त सत्यराम, शंकर, तुलसीराम, रामचंद्र, वरसाती, त्रिभुवन व रामनरेश को दो-दो साल कारावास और 10-10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। जबकि चार आरोपियों की ट्रायल के दौरान मौत हो गई। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-07-09-2023

# थानों में जन्माष्टमी मनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

**पर्व**



श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर बाल लीला का मंचन करते नौनिहाल।

बलरामपुर, संवाददाता। जिले में जन्माष्टमी की तैयारियां पूरी हो गई हैं। जिले के विभिन्न थानों में बुधवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। कुछ मंदिरों में भी बुधवार को ही श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया है। हालांकि अधिकांश स्थानों पर गुरुवार को जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। ललिया में मोहनदास बाबा मंदिर पर विशाल मेला लगेगा। जिले भर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम की तैयारियां जोर शोर से की गई हैं। पुलिस लाइन सहित सभी थानों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम के साथ गुरुवार को मनाया जाएगा। पुलिस लाइन में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इस बार जिले में कुछ जगहों पर आज तो कुछ जगहों पर गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा बाजार में भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप परिधान व उनके सिंहासन सहित कई अन्य पूजा सामग्रियों की जमकर बिक्री हुई।

पंडित श्रीकांत ने बताया कि लड्डू गोपाल को माखन व मिश्री का भोग लगाने से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की पूजा के लिए कोई विशेष विधान नहीं है। सच्चे मन से भक्त उनकी आराधना कर सकते हैं। योगेश्वर श्रीकृष्ण भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर जगह-जगह तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिले के प्रमुख मंदिरों पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। नगर के झारखंडी मंदिर, रानी तालाब हनुमान मंदिर, समय माता मंदिर धुसाह, सेखुआ पटमेश्वरी मंदिर टेढ़ी बाजार, राधा कृष्ण मंदिर भगवतीगंज, व शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर सहित तमाम जगहों पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## जन्मे हैं यशोदा के कन्हैया गोकुल में बाजे बधाइया

पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार मनाया गया। छात्रों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला का मनमोहक नाटक मंचन कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विद्यालय प्रबन्ध निदेशक डा. एमपी तिवारी ने सर्व प्रथम भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न कराते हुए उनकी आरती उतार कर माल्यार्पण किया। समस्त शिक्षकों ने भगवान श्रीकृष्ण की आरती उतार कर पुष्प अर्पित किया। प्रबन्ध निदेशक डा. एमपी तिवारी ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को गोकुलाष्टमी रूप में भी जाना जाता है। यह एक वार्षिक हिंदू त्योहार है, जो विष्णुजी के दशावतारों में से आठवें और चौबीस अवतारों में से बाईसवें अवतार श्रीकृष्ण के जन्म के आनन्दोत्सव के लिए मनाया जाता है। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें नन्हे मुन्ना पर नर्सरी से यूकेजी के श्रेयांश, अराधना, कुंज, आराध्या, अथर्व, अदिती, उत्सव, माधुरी, रुद्र, शास्वत, सर्वज्ञ, मनश, श्रद्धा, अनिका, अभ्युदय, सिद्धिका, शिवांशी, कैफ, हर्षान, परिधि, अक्षत, उमेश, सुशांत, आयुष्मान, युवराज एवं तेजस आदि नन्हे-मुन्ने बच्चे कृष्ण और राधा बनकर अरे-रे मेरी जान है राधा नामक गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं किड्स जोन में भगवान श्रीकृष्ण की सुन्दर झांकी सजाई गई। साथ ही कृष्ण लीला अन्तर्गत दही हाडी का भी एक सुन्दर मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें सुधीर, मानविक, मरियम, प्रज्ञा, आराध्या, मोहनी, सौम्या, ऋषि, दिव्यांश, अक्षत, उमेश, सुशांत, युवराज, आयुष्मान एवं श्रद्धा ने प्रतिभाग किया। उमेश ने हांडी फोड़कर पर्व को मनाया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी सहित समस्त शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# शिक्षक विरोधी अध्यादेश का जमकर विरोध

**प्रदर्शन**



शिक्षक विरोध में पारित अध्यादेश को लेकर प्रदर्शन करते एमपीपी इंटर कॉलेज शिक्षक।

बलरामपुर, संवाददाता। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग विधेयक-2023 को वापस लेने एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड अधिनियम-1982 को यथावत रखने की मांग माध्यमिक शिक्षकों ने की है। शिक्षकों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर बांह पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि मौजूदा उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग विधेयक-2023 में तमाम कमियां है। ऐसे में इसे तत्काल वापस लिया जाना शिक्षक हित में जरूरी है। जिले के सभी सहायता प्राप्त माध्यमिक इंटर कॉलेज ने इस अध्यादेश का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया है।

एमपीपी की इंटर कॉलेज में माध्यमिक शिक्षकों ने उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग विधेयक-2023 के विरोध में प्रदर्शन करते हुए इसे वापस लेने की मांग की है। शिक्षकों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर इस अध्यादेश का विरोध भी किया। शिक्षक नेता सुरेश कुमार यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग विधेयक-2023 विधानमंडल से पारित किए जाने एवं इसके द्वारा उत्तर प्रदेश मध्यमिक सेवा चयन बोर्ड अधिनियम-1982 को निश्चित किए जाने से सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों की सेवा सुरक्षा व सेवा शर्तों पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन बोर्ड अधिनियम-1982 की धारा 21 के तहत किसी अध्यापक को पदच्यौत करने, सेवा से हटाने, परिलब्धियों में कमी करने आदि से पूर्व चयन बोर्ड से अनुमोदन लिए जाने की व्यवस्था है। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग विधेयक-2023 में चयन बोर्ड अधिनियम की धारा 21 की भांति सेवा सुरक्षा का प्रावधान न किए जाने से शिक्षकों की सेवा सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। शिक्षक नेत्री गीता गौतम ने शिक्षकों की सेवा सुरक्षा एवं सेवा शर्त संबंधी इन महत्वपूर्ण प्रावधानों को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग विधेयक-2023 में शामिल न किए जाने से सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक और प्रधानाचार्य बेहद चिंतित हैं। ऐसे में शिक्षकों ने अपने अस्तित्व पर मंडरा रहे संकट से निजात पाने के लिए अध्यादेश का विरोध किया है। राम आशीष, वरुण, अनुराग मोहन पांडेय, देवता दीन मिश्र, उमानाथ उपाध्याय, हौसला प्रसाद वर्मा, जीके मिश्रा, सुरेश कुमार, रमेश चंद्र, अंकुर चौधरी, आनंद प्रताप, अजय कुमार, मनोज कुमार यादव, राजकुमार सरोज सहित तमाम शिक्षक शामिल रहे।

अध्यादेश को लेकर उतरौला तहसील मुख्यालय पर भारतीय इंटर कॉलेज शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार किया। वहीं उस्मानी इंटर कॉलेज उतरौला, किसान इंटर कॉलेज गणेशपुर पचपेड़वा आदि स्कूलों के शिक्षक शिक्षण कार्य से विरत हो विरोध प्रदर्शन करते हुए अध्यादेश को वापस लेने की मांग की है।

# 65.93 फीसद वोटरों ने किया मतदान

## उपचुनाव : 13 उम्मीदवारों की किस्मत मतपेटियों में कैद

जागरण टीम, बलरामपुर : पंचायत उपचुनाव में अपने गांव की सरकार चुनने के लिए बुधवार को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक 65.93 फीसद वोटरों ने मतदान किया। विकास खंड हरैया सतघरवा के ग्राम पंचायत देवपुरा, हाथीगदां व गैंसड़ी के पिपरा दुर्गानगर में मतदान कराया गया है। 13 उम्मीदवारों की किस्मत मतपेटियों में कैद हो गई है। सभी मतपेटियां ब्लाक मुख्यालयों पर कड़ी सुरक्षा के बीच रखी गई हैं। आठ सितंबर को मतगणना कराकर विजयी उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। नए प्रधान गांव की सरकार का गठन करके विकास कार्यों को धार देंगे। प्रशासन की मुस्तैदी से सभी जगह मतदान शांतिपूर्ण हुआ।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि विकास खंड हरैया सतघरवा के देवपुरा में 2669 मतदाताओं में से 63.35 फीसद के साथ 1691 व हाथीगदां में 1457 मतदाताओं में से 63.89 फीसद के साथ 931 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। विकास खंड गैंसड़ी के पिपरा दुर्गानगर में 1287 में से 70.47 फीसद के साथ 907 वोटरों ने मतदान कर उम्मीदवारों की किस्मत मतपेटियों में बंद कर दी है। देवपुरा में छह, हाथीगदां में तीन व पिपरा दुर्गानगर में चार उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला आठ सितंबर को होने वाली काउंटिंग में होगा। सुबह से ही मतदाताओं में जोश दिखा। अपने मत का प्रयोग करने के लिए बूथ के सामने वोटरों की कतार दिन भर लगी रही। अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार ने सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। गर्मी के चलते ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यहां पांच ग्राम प्रधान, तीन क्षेत्र पंचायत सदस्यों व 38 ग्राम पंचायत सदस्यों के रिक्त सीटों पर उप चुनाव कराया जा रहा है। गैंसड़ी के हरनहवा सुस्ता में आरक्षण का पेच होने के चलते यहां उप चुनाव नहीं हो सका है।



विकास खंड गैंसड़ी के पिपरा दुर्गानगर मतदान केंद्र पर जुटे मतदाता • जागरण

**दिव्यांग मतदाताओं में छलका उत्साह :** उपचुनाव में गांव की नई सरकार चुनने को दिव्यांग मतदाता भी उत्साह से लबरेज दिखे। देवपुरा गांव में दिव्यांग लंगड़ कश्यप व सियाराम ट्राइसाइकिल से बूथ पहुंच गए। पुलिसकर्मियों के सहयोग से बूथ के अंदर जाकर मतपत्र पर मुहर लगाई।

**यहां निर्विरोध निर्वाचन तय :** विकास खंड श्रीदत्तगंज के बलहा में एकल नामांकन के चलते प्रधान का निर्विरोध निर्वाचन होना तय है। विकास खंड सदर में सोनार, तुलसीपुर में सुदर्शनजोत व रेहरा बाजार में महुआ की रिक्त क्षेत्र पंचायत सदस्य के सीटों पर एकल नामांकन के चलते निर्विरोध निर्वाचन होना है। ग्राम पंचायत सदस्य के रिक्त दो सीटों पर नामांकन पत्र नहीं भरे गए थे। विकास खंड सदर में 11 में से नौ, हरैया सतघरवा में चार, गैंसड़ी में तीन, श्रीदत्तगंज में एक, उतरौला में आठ, गैंड़ास बुजुर्ग में दो व रेहरा बाजार में छह रिक्त सीटों के सापेक्ष सभी पर एकल नामांकन के चलते ग्राम पंचायतों सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन तय है।

## हरैया सतघरवा के देवपुरा, हाथीगर्दा और गैंसड़ी के पिपरा दुर्गानगर गांव की सरकार बनाने के लिए दिखा उत्साह




जज्बे को सलाम : हरैया सतघरवा के देवपुरा बूथ पर वोट डालने पहुंचे सियाराम व लंगड़ कश्यप • जागरण




गैसड़ी के पिपरा दुर्गानगर में मतदान केंद्र के बाहर वोटर पर्ची बनवाते और हाथीगर्दा में पर्ची मिलाते मतदाता • जागरण



गैसड़ी के पिपरा दुर्गानगर में मतदान के लिए कतार में लगे मतदाता • जागरण



गैसड़ी के पिपरा दुर्गानगर में मतदान के दौरान केंद्र पर मौजूद उपजिलाधिकारी अभय कुमार सिंह व खंड शिक्षा अधिकारी शमशेर सिंह राणा • जागरण



हरैया सतघरवा के देवपुरा बूथ का जायजा लेते अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार • जागरण

# जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

बलरामपुर। एसपी केशव कुमार के निर्देश पर बुधवार को पेहर बाजार में एंटी रोमियो टीम ने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एंटी रोमियो की टीम ने महिलाओं को यूपी डायल 112, महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन व साइबर अपराध आदि के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही यौन उत्पीड़न व घरेलू हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। (संवाद)

# हत्या आरोपी गिरफ्तार

बलरामपुर। बीते दिनों उतरौला रोड पर मझौवा पुल के पास सफारी गाड़ी गड्ढे में पलटने से एक युवक की मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक के पिता ने उसके दोस्त ग्राम धर्मपुर कोतवाली नगर निवासी दीपू सिंह व चार अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर विमलेश कुमार सिंह ने बताया कि हत्या आरोपी दीपू सिंह को गिरफ्तार कर अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। (संवाद)

# वसूली के आरोपी सिपाही गिरफ्तार, जेल भेजे गए दोनों

### नेपाल जा रहे युवक को धमकाकर वसूले थे 28 हजार

### जरवा पुलिस ने दबोचा, एसपी ने दोनों को किया निलंबित

संवाद न्यूज एजेंसी

जरवा (बलरामपुर)। नेपाल जा रहे युवकों से 28 हजार रुपये की वसूली करने ने के मामले में दोनों आरोपी सिपाहियों को जांच के बाद जरवा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सीओ तुलसीपुर राघवेंद्र प्रताप सिंह ने आरोपी सिपाहियों राजू यादव व ध्रुवचंद को गोरखपुर में भ्रष्टाचार निवारण कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

ललिया थाने के कोडरी निवासी हकीम खान ने जरवा थाने में सिपाही राजू यादव को नामजद करते हुए एक अज्ञात सिपाही पर अवैध वसूली का का केस दर्ज कराया था। इसकी जांच सीओ तुलसीपुर को सौंपी गई। जांच में उजागर हुए दूसरे सिपाही के नाम के बाद जरवा पुलिस ने दोनों सिपाहियों को थाने में ही गिरफ्तार कर लिया। एसपी केशव कुमार ने बताया कि दोनों आरोपी सिपाहियों को निलंबित कर मामले की विभागीय जांच की जा रही है।

**किशोरी को भगाने के मामले में हकीम भी गिरफ्तार**

**सिपाहियों** पर केस दर्ज कराने वाले हकीम को भी ललिया थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उस पर थाना क्षेत्र के ही एक गांव की किशोरी को भगाने का केस दर्ज हुआ है। किशोरी की मां ने आरोप लगाया है कि उसकी बेटी को हकीम खान बहला फुसलाकर नेपाल भगा ले जा रहा था। पहले लोकलाज के भय से उसने केस दर्ज नहीं कराया था। मां की तहरीर पर पुलिस इस मामले में हकीम को गिरफ्तार कर मामले की जांच कर रही है।

## किशोरी को देख सिपाहियों ने की थी वसूली

**हकीम** खान एक किशोरी के साथ नेपाल जा रहा था, लेकिन प्रवेश न मिलने पर उसे लौटना पड़ा था। तभी सिपाही राजू यादव ने उसे रोककर पूछताछ शुरू की। साथ में किशोरी को देखकर ही दोनों सिपाहियों ने कार्रवाई की धमकी देकर 28 हजार रुपये की वसूली की थी।

## शमशाद और कय्यूम की मोबाइल में छिपे कई राज

**आरोपी** सिपाहियों ने हकीम खान से 24 हजार की राशि शमशाद और कय्यूम के मोबाइल पर फोन पे से ली थी। जांच के दौरान शमशाद और कय्यूम का मोबाइल भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। यह दोनों थाने के बाहर दुकान लगाते थे। आरोपी सिपाही अवैध वसूली का लेनदेन इन्हीं के माध्यम से करते थे। जब्त मोबाइल फोनों की जांच में कई अहम खुलासे होने की संभावना भी जताई जा रही है।

# पुलिस लाइन के पास बनेगा मेडिकल कॉलेज

## केजीएमयू सेटेलाइट सेंटर में 25 दिसंबर तक शुरू होगी ओपीडी : पार्थ सारथी सेन शर्मा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** जिले के लोगों को जल्दी बेहतर व गुणवत्तायुक्त इलाज की सुविधा मुहैया होगी। इसके लिए दो साल में एक एक मेडिकल कॉलेज व इस साल के अंत तक 300 बेड के केजीएमयू सेटेलाइट सेंटर की सुविधा मिलेगी। प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज का निर्माण पुलिस लाइन के पास चिह्नित जमीन पर होगा। प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार ने प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज में सत्र 2026-27 से प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने का भरोसा दिलाया।

दूसरी तरफ प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य व परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के जन्मदिन 25 दिसंबर के पूर्व तीन सौ बेड क्षमता वाले केजीएमयू सेटेलाइट सेंटर में ओपीडी शुरू करने की तैयारी है। दोनों ही आला अफसरों ने बुधवार को निर्माणाधीन सेटेलाइट सेंटर व जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। उन्होंने निर्माणाधीन सेटेलाइट सेंटर का निरीक्षण कर संचालित कार्यों को तेजी के साथ पूरा करने का निर्देश दिया।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि 300 क्षमता युक्त केजीएमयू सेटेलाइट सेंटर का निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद अब मेडिकल उपकरण लगाने के साथ अन्य संसाधन जुटाए जा रहे हैं। प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार ने बताया कि प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज के लिए पुलिस लाइन के पास 35 एकड़ भूमि चयनित कर ली गई है। यहां मेडिकल कॉलेज के साथ अन्य भवनों का निर्माण होगा। एक मेडिकल कालेज में करीब 118 फैकल्टी होती है। फैकल्टी के साथ ही मेडिकल कॉलेज के लिए 1394 पदों की स्वीकृति प्रक्रिया को भी जल्दी पूरा कर लिया जाएगा। ताकि मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरी की पढ़ाई जल्दी शुरू हो सके।

पार्थ सारथी सेन शर्मा ने संयुक्त जिला अस्पताल में उन्हें स्वास्थ्य सेवाएं दुरुस्त रखने के साथ मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने का निर्देश दिया। उन्होंने दवा वितरण केंद्र, बाल रोग विशेषज्ञ कक्ष, ऑर्थोपिडिक कक्ष, महिला ओपीडी, सर्जरी ओपीडी, सीटी स्कैन कक्ष को देखने के बाद परिसर में 32 बेड के कोविड वार्ड में बर्न यूनिट के संचालन का निर्देश भी दिया।



सेटेलाइट सेंटर में जानकारी लेते आलोक कुमार व पार्थ सारथी सेन शर्मा। संवाद

### विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति का निर्देश

**प्रमुख** सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने विशेषज्ञ डॉक्टरों के रिक्त पदों को एनएचएम से भरने के लिए पदों के विज्ञापन जारी करने का निर्देश दिया। नियमित टीकाकरण के लाभार्थियों का विवरण ई कवच पोर्टल पर शत-प्रतिशत अपलोड करने व फर्स्ट रेफरल यूनिटें सक्रिय रखने पर भी जोर दिया। कहा कि सेटेलाइट सेंटर से जिला अस्पताल तक सड़क का निर्माण भी तत्काल कराया जाए। प्रमुख सचिव के सामने श्रीदत्तगंज में हुए आशा चयन का मामला भी उठाया गया।

# शांतिभंग में तीन के खिलाफ कार्रवाई

**बलरामपुर।** कोतवाली देहात पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। पुलिस ने खगईजोत निवासी कल्पनाथ यादव, रामू पासवान व बरईपुर निवासी मनीष को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। (संवाद)

# गांव के सर्वे में एकत्र किए आंकड़े

**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर चल रहे एकीकृत समन्वित सिक्योरिटी सर्वे के तहत टीम ने बुधवार को भारत नेपाल के सीमावर्ती गांव कंचनपुर का भ्रमण किया। 15 सदस्यीय पुलिस टीम ने गांव में रहकर धार्मिक स्थलों, शिक्षण संस्थानों, नेपाल जाने वाले पगडंडी रास्तों तथा जनसंख्या आदि के संबंध में जरूरी आंकड़े एकत्र कर ग्राम प्रधान, चौकीदार व सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ बैठक भी की। (संवाद)

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-07-09-2023




नवाबगंज थाने में नवनिर्मित कक्ष का उदघाटन करते एसपी।

# एसपी ने किया नवनिर्मित कक्ष का उद्घाटन

नवाबगंज। एसपी प्रशान्त वर्मा ने बुधवार दोपहर में नवाबगंज थाने का निरीक्षण कर अभिलेखों के रख-रखाव, महिला हेल्प डेस्क, कंप्यूटर कक्ष, मेस व परिसर की साफ-सफाई का जायजा लिया गया। इस दौरान थाना परिसर में नवनिर्मित थानाध्यक्ष कक्ष का उद्घाटन कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वहीं थाने में बने महिला आरक्षियों के जर्जर आवास को भी देखा। उसे मरम्मत करने के निर्देश दिए।

हिन्दुस्तान

# लेनदेन के विवाद में मारपीट, तीन पर केस

नानपारा। रिसिया थाने के भैंसाही गांव निवासी शिवकुमार वर्मा पुत्र घसीटे प्रधान ने नानपारा कोतवाली में तहरीर दी है। उनके अनुसार पूर्व विधायक के फ़ोन करने पर वह अपने दोनों बेटों अनिल कुमार वर्मा व वीरेंद्र कुमार वर्मा के साथ जूड़ा स्थित गोशाला गए।

जहां अमरूद के पेड़ के नीचे नवनीत व अतुल कुमार उनकी बहन, मां, मामा सहित अनेक लोग बैठे थे। धन के लेनदेन की बातचीत हो रही थी। पूर्व विधायक किसी के साथ अंदर चले गए। इतने में यहां मारपीट होने लगी। वह बाहर निकले तो हमे बुलाने लगे। शिवकुमार वर्मा के बेटे अनिल कुमार वर्मा के बताया हम लोग जान बचा कर भागे। कुछ लोगों ने हमारा पीछा किया। कोतवाली में मामले की तहरीर दी गई है।

हिन्दुस्तान

# महसी में सर्वाधिक 82.68% मतदान

## हुजूरपुर 75.55, मिहींपुरवा 68.60 व जरवल में 56.20% पड़े मत, बूथों पर लगी लम्बी लाइनें

**उपचुनाव**

बहराइच, संवाददाता। जिले में बुधवार को चार ब्लॉकों में पंचायत उपचुनाव शांतिपूर्ण माहौल में निपट गया। तीन ग्राम प्रधान व एक सदस्य क्षेत्र पंचायत पद पर हुए उपचुनाव में 70.90% मतदान रिकार्ड किया गया है। 82.68% मतदान के साथ महसी का ग्राम पंचायत गदामार कला के मतदाता अव्वल रहे। दूसरे पर हुजूरपुर का सिरौला, तीसरे पर मिहींपुरवा कटघर व चौथे स्थान पर गौर व हिसामपुर के मतदाताओं ने वोटिंग की है। मतदान को लेकर सुबह से ही बूथों पर मतदाताओं की लंबी लाइनें लगी रहीं।

जिले में विभिन्न कारणों से रिक्त हुए तीन प्रधान व एक बीडीसी पद के लिए उपचुनाव कराया गया है। उपचुनाव में प्रत्याशियों ने मतदाताओं को साधने के लिए पूरी जोर लगाई है, जिसका नतीजा रहा कि ग्राम प्रधान पदों पर मतदान जमकर हुआ है। महसी के गदामार कला में 1259 के सापेक्ष 1041 यानि 82.68%, हुजूरपुर के सिरौला में 2270 के सापेक्ष 1715 यानि 75.55%, मिहींपुरवा में 1860 में 1276 68.60% व जरवल ब्लॉक के हिसामपुर में सदस्य क्षेत्र पंचायत के पद पर 1446 में 807 यानि 56.20 % मतदाताओं ने अपने मतदाधिकार का प्रयोग किया है।

इस तरह चारों ब्लॉकों में हुए उपचुनाव में कुल 6825 के सापेक्ष 4839 यानि 70.90% मतदान रिकार्ड किया गया है। प्रधान पद वाले तीनों ग्राम पंचायतों के सभी बूथों पर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी लाइनें लगी रहीं। यह लाइनें निर्धारित समय बीतने के बाद तक लगी रहीं। उपचुनाव में सुरक्षा को लेकर भी पुख्ता इंतजाम रहे। बूथों पर पुलिस जवान मुस्तैद रहे। प्रत्याशी व एजेंट ही बूथों पर नजर आएं।

**कल होगी उपचुनाव की मतणना** : सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संतोषी राम ने बताया कि तीन ग्राम प्रधान व एक क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए हुए उपचुनाव के लिए आठ सितंबर को सुबह आठ बजे ब्लॉक मुख्यालयों पर मतगणना शुरू होगी, जो समापन तक जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि मतगणना कार्मिकों की ड्यूटी लगा दी गई है। वह छह बजे मतगणना स्थल पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

**चार टेबल पर 16 कार्मिक निपटाएंगे मतगणना:** उपचुनाव की मतगणना के लिए कार्मिकों की तैनाती कर दी गई है। चारों ब्लॉकों में एक-एक टेबल लगाई जाएंगी। हर टेबल पर चार-चार कुल 16 मतगणना कार्मिक तैनात किए जाएंगे। दोपहर दो 12 बजे तक जीत-हार की तस्वीर साफ हो जाएगी। मतगणना स्थलों पर एसडीएम व सीओ मुस्तैद रहेंगे।



मिहींपुरवा में मतदान के लिए बूथ पर लगी महिलाओं की लाइन।

### मतपेटी में बंद हुआ प्रत्याशियों का भाग्य

**महसी।** ब्लॉक के ग्राम पंचायत गदामार कलां में प्रधान पद के लिए रामलखन यादव व सुरेंद्र नाथ आमने-सामने मैदान में रहे। सुबह मतदान शुरू होते ही मतदाताओं की लंबी लाइन लग गई। सेक्टर मजिस्ट्रेट सौरभ सिंह ने बताया कि मतदान के लिए दो बूथ बनाए गए। चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच शान्ति पूर्ण मतदान संपन्न हुआ।




महसी में उपचुनाव में बूथ पर मुस्तैद पुलिस कर्मी

| ब्लॉक | पंचायत | पद | वोटर | वोटिंग | फीसद |
|---|---|---|---|---|---|
| हुजूरपुर | सिरौला | प्रधान | 2270 | 1715 | 75.55% |
| महसी | गदामार | प्रधान | 1259 | 1041 | 82.68% |
| मिहींपुरवा | कटघर | प्रधान | 1860 | 1276 | 68.60% |
| जरवल | हिसामपुर | बीडीसी | 1446 | 807 | 56.20 % |

हिन्दुस्तान

पुलिस लाइन सहित अधिकांश स्थलों पर गुरुवार को मनाया जाएगा देवकी नंदन का जन्मदिन, जगह-जगह आयोजन भी शुरू

# थानों सहित कई स्थानों पर जन्माष्टमी मनाई गई

**पर्व**

बहराइच, संवाददाता। योगीराज भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी अधिकांश स्थानों पर गुरुवार सुबह से धूमधाम से मनाए जाने का सिलसिला शुरू होगा। हालांकि बुधवार को ही जिले के कुछ जगहों पर जन्माष्टमी मनाई गई। कुछ थानों पर भी जन्माष्टमी पर बुधवार को ही आयोजन होने शुरू हो गए। जबकि शहर के सभी मंदिरों व अधिकांश घरों में जन्माष्टमी गुरुवार को मनाई जाएगी। हालांकि दो दिनों के योग के मद्देनजर उपवास रखने वाले श्याम भक्तों की ओर से दो दिन व्रत रखा जा रहा है।

जिले के दरगाह शरीफ, कैसरगंज, फखरपुर, बौंडी, मोतीपुर, नवाबगंज सहित अन्य थानों में बुधवार को जन्माष्टमी मनाई गई। जन्माष्टमी पर कैसरगंज थाने में सजी भव्य झांकी थाने से पुलिस क्षेत्राधिकारी के ऑफिस तक भव्य सजावट की गई। यहां एसएचओ राजनाथ सिंह यजमान रहे। छावनी स्थित श्रीराम जानकी पंचायती मंदिर के पुजारी पंडित राधाकृष्ण पाठक ने बताया कि जन्माष्टमी का शुभ मुहूर्त छह सितम्बर की रात 11 बजे से एक बजे योग बन रहा है। जिस दिन अष्टमी का सूर्योदय होता है। उसी दिन जन्माष्टमी मनाई जाएगी। गुरुवार को ही जन्माष्टमी मनाए जाने का योग है। अति प्राचीन पांडव कालीन श्री सिद्धनाथ मंदिर के महंत श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर रवि गिरी महाराज ने बताया कि जन्माष्टमी का योग गुरुवार को है। गुरुवार को मंदिर में श्रीकृष्ण का पंचाभिषेक के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी।



शहर के कचहरी रोड पर सज रही झांकी।

## पूजा सामग्री की दुकानों पर उमड़े श्रद्धालु

बहराइच। योगीराज श्रीकृष्ण की जयंती पर उनकी पूजा अर्चना को पूजा सामग्री की दुकानों पर भारी भीड़ उमड़ रही है। शहर में स्टीलगंज तालाब स्थित रमेश गुप्ता के श्री सिद्धनाथ पूजा सामग्री भंडार, चौक स्थित भगौती प्रसाद प्रतिष्ठान, श्रीसिद्धनाथ गली स्थित विपिन विश्वकर्मा के प्रतिष्ठान के स्थाई दुकानों के अलावा शहर में ही सैकड़ों अस्थाई दुकानों पर लड्डू गोपाल, मुकुट, बांसुरी, पायजनियां, हाथ के कड़े, वस्त्र, सिंहासन, झूला आदि की जमकर खरीदारी हो रही है। सजावट की सुंदर झालरों की भी जमकर बिक्री हुई है। पत्ती युक्त खीरा, पान, मोर पंख आदि की भारी मांग रही।

## सूखी मेवा, राम दाना, साबूदाना की हुई खरीदारी

जन्माष्टमी पर्व पर उपवास को लेकर किराना दुकानों पर सूखी मेवा में बादाम, मखाना, किसमिस, साबूदाना, रामदाना, कुट्टूआटा, सिंघाड़ा आटा, हरीरा बनाए जाने को गुड़, सौंफ, अजवाइन, जीरा आदि को लोगों ने खरीदा।



शहर के सरस्वती नगर स्थित न्यू इंडियन पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी मनाती छात्र- छात्राएं।

## छात्र- छात्राओं ने धूमधाम से मनाई श्री कृष्ण जन्माष्टमी

बहराइच। शहर के सरस्वती नगर स्थित न्यू इण्डियन पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर छात्र छात्राओं ने जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया। इस दौरान नन्हें मुन्ने बच्चों को राधा और श्रीकृष्ण के रूप में तैयार कराया गया था। नौनिहालों की छवि देखने लायक रही। जन्माष्टमी उत्सव को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्रधान शिक्षिका आरती तिवारी ने कहा भारतीय संस्कृति का जिस गति से क्षरण हो रहा है। यदि समय रहते अपने संस्कृति के विषय में बच्चों प्रेरित नहीं किया गया, तो आने वाली पीढ़ी अपनी संस्कृति एवं सभ्यता भूल जाएगी। इसलिए अब हमें शिक्षण संस्थाओं में अपने महापुरुषों के चरित्र पर छोटे-छोटे प्रहसन और नाटक कराने चाहिए।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का चरित्र बड़ा उदात्त रहा, उनके चरित्र का अभिनय कर छात्र छात्राएं अपने उज्ज्वल भविष्य को गढ़ सकते हैं, इसलिए वर्तमान का विमर्श अपनी संस्कृति के लिए होना चाहिए। कार्यक्रम को विजय साहू, प्रतिभा पाठक, सृष्टि मद्धेशिया, प्रीति मिश्र, सारिका श्रीवास्तव आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर प्रियांशु अवस्थी, ओमेंद्र मिश्र, रवि निषाद, वैष्णवी मिश्र, नीरज वर्मा, परीक्षिता वत्स उपाध्याय, अलंकृति मिश्रा आदि छात्र छात्राएं उपस्थित थीं।

**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर हुआ आयोजन** :नवाबगंज। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नवाबगंज थाना परिसर में बने मंदिर को भव्यतम रूप से सजाया गया। यहां बुधवार शाम से श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए झाँकियां सजाई गई है। इस दौरान रात भर सांस्कृतिक कार्यक्रम चलेगा।

# 144 पुलिसकर्मियों की हुई तैनाती

जासं, बहराइच : बस्ती मंडल में तैनात रहे 144 पुलिसकर्मियों का तबादला बहराइच जिले में किया गया था। सभी पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने जिले के अलग-अलग थानों पर तैनात किया है। इससे अब थानों व कोतवाली में पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहेगा। एसपी ने बताया कि गैर जिलों से आए सभी पुलिसकर्मियों में ज्यादातर हेड कांस्टेबल हैं। उन्होंने बताया कि इनकी तैनाती से कानून व्यवस्था और चुस्त-दुरुस्त होगी। सभी को अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदार रहकर कार्य करने की हिदायत दी गई है।

हिन्दुस्त

# जिले में तीसरे दिन भी कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

**बहराइच, संवाददाता।** हापुड़ में वकीलों पर लाठीचार्ज को लेकर बार एसोसिएशन के तीन दिवसीय कलमबंद हड़ताल का तीसरे दिन भी जिले की सदर, नानपारा, महसी, पयागपुर, कैसरगंज, मिहींपुरवा तहसीलों में कलमबंद हड़ताल जारी रही। शहर में जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष गया प्रसाद मिश्रा, महामंत्री पुष्पांजलि नाथ मिश्रा के नेतृत्व में हड़ताल जारी रही।

**नानपारा संवाद के अनुसार** बार कौंसिल उत्तर प्रदेश के आह्वान पर नानपारा में अधिवक्ताओं ने तीसरे दिन भी अदालतों का कार्य बहिष्कार किया। तहसील गेट पर अधिवक्ता बैठे। अधिवक्ता हापुड़ में पुलिस के अधिवक्ता पर किए गए लाठी चार्ज पर आक्रोश प्रकट कर रहे थे। अब तक दोषी पुलिस कर्मियों पर कोई कार्यवाही न होने से अधिवक्ता आंदोलित हैं। सभी अधिवक्ताओं ने कहा हमारा आंदोलन प्रदेश नेतृत्व के दिशा- निर्देश पर जारी रहेगा। सोमवार से हो रहे आंदोलन में जुलूस निकाल कर ज्ञापन दिया गया। मंगलवार को प्रमुख सचिव व डीजीपी का पुतला फूका गया। बुधवार को तहसील गेट पर धरना कार्यक्रम हुआ। इस दौरान कलम बंद हड़ताल से कोई भी कामकाज तहसील में नहीं हुआ।

अध्यक्ष निरंकार प्रसाद जायसवाल ने बताया उत्तर प्रदेश बार एसोसिएशन के निर्देश पर आंदोलन किया गया। महसी तहसील में हापुड़ की घटना को लेकर अधिवक्ताओं में पुलिस के खिलाफ आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। महसी तहसील बार एसोसिएशन की हड़ताल बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रही। अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे।

हिन्दुस्त

# अभियान चलाकर नकली शराब पकड़ी, केस दर्ज



हरदी थाने के महाराजगंज में दबिश में बरामद शराब व मशीन व अन्य सामग्री।

बहराइच, संवाददाता। आबकारी आयुक्त के निर्देश पर लगातार कच्ची शराब के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। डीएम मोनिका रानी, एसपी प्रशांत वर्मा के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी सुंधाशु सिंह के नेतृत्व में सटीक सूचना पर हुई दबिश से नकली शराब बरामद की गई है।

महसी संवाद के अनुसार आबकारी निरीक्षक विवेक चौहान, विमल मोहन वर्मा, डॉ. समता सरोज, विपिन कुमार व टीम ने हरदी थाने से थानाध्यक्ष सूरज कुमार राना व पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार की रात महराजगंज में प्रमोद कुमार जायसवाल के यहां दबिश दी। वह घर पर ही शराब बनाकर पैक कर रहा था। टीम ने उसे धर दबोचा। बाइक से नकली शराब के पैक रखे मिले। प्रमोद की निशानदेही पर महराजगंज स्थित उसके घर से तैयार शराब के 18 टेट्रा पैक एक पैकिंग मशीन, 17 नकली क्यू आर कोड, पांच खाली टेट्रा पैक झूम ब्रान्ड, 02 पैक सिरिंज, एक बाइक बरामद किया गया। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने शराब की दुकानों से शराब के पाउच खरीदने और दुकान के आसपास पड़ी खाली पाउच लाने की बात स्वीकार की है। सिरिंज के जरिए वह शराब निकाल कर खाली पाउच में पैक कर बेच देता था।

गिरफ्तार आरोपी पर उत्तर प्रदेश उत्पाद शुल्क आबकारी अधिनियम व धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## कई वर्ष से चल रहा था नकली शराब का काम

हरदी। नकली शराब बनाने और बेचने का धंधा यहां बहुत दिनों से होता था। तहसील महसी मुख्यालय पुलिस चौकी से महज डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित महराजगंज कस्बे में नकली शराब का धंधा पुलिस की नाक के नीचे होता रहा और पुलिस को अभी तक जरा भी भनक न लगी। जिससे आबकारी विभाग को अब तक भारी राजस्व का नुकसान को करोड़ों की क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है।

हिन्दुस्तान

# सांड़ के हमले से होमगार्ड गंभीर रूप से घायल हुआ

बहराइच। देहात कोतवाली के इमलिया गांव निवासी शिवाजी पुत्र पंचम लाल होमगार्ड है। वह हुजूरपुर कंपनी में तैनात हैं। उनकी ड्यूटी बुधवार को पुलिस लाइन मोड़ पर लगी थी। वह सांड़ को सड़क से हटाने लगे। इसी दौरान सांड़ ने उन पर ताबड़तोड़ हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। लोगों ने कड़ी मशक्कत कर सांड़ को खदेड़ दिया। घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

हिन्दुस्तान

# नाबालिग को भगाने में तीन लोगों पर केस दर्ज

रुपईडीह। थाना क्षेत्र के एक गांव में करीब चार दिन पहले एक नाबालिक लड़की को गांव के ही एक युवक ने बहला-फुसला कर भाग ले गए। जिसका सहयोग गांव के ही दो महिलाओं के करने की शिकायत लड़की के पिता ने पुलिस से की। पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए दो महिलाओं सहित तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच व कार्रवाई शुरू की।

कौड़िया थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिक लड़की के पिता ने पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर कहा कि गांव के ही दो महिलाओं के सहयोग से एक युवक ने उसकी नाबालिक लड़की को बहला-फुसलाकर भाग ले गया। काफी खोजबीन की पर नहीं मिली।

# कार्रवाई की मांग

नानपारा : नानपारा के छोटा केशवापुर निवासी सरोजा देवी ने उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेज कर उल्लेख किया है कि तीन सितंबर को शाम पांच बजे गांव के दो दबंग घर में संचालित होटल पहुंचे और 150 रुपये का सामान लिया। पैसा मांगने पर उसकी पिटाई कर चोटिल कर दिया। कोतवाली में तहरीर दी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। (संसू)

# पंचायत उपचुनाव में 70.90 फीसद मतदान, कल होगी मतगणना

## गदामार कला में सर्वाधिक पोलिंग, स्ट्रांगरूम में रखी गईं मतपेटिकाएं

**जागरण टीम, बहराइच** : पंचायत उपचुनाव में तीन ग्राम प्रधान और एक क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए बुधवार को मतदान हुआ। 70.90 फीसद शाम पांच बजे तक मतदान दर्ज हुआ। मतगणना आठ सितंबर को ब्लाक मुख्यालयों पर होगी।

**हुजूरपुर**: ग्राम पंचायत सिरौला में प्रधान पद के उपचुनाव के लिए सुबह सात बजे से मतदान प्रारंभ हुआ। मतदान को सुबह कतार लग गई थी। दोपहर एक बजे तक 62 फीसद मतदान हो चुका था। 2,273 मतदाता के सापेक्ष 1,715 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल 75.45 फीसद मत पड़े। थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह पुलिस फोर्स के साथ मुस्तैद रहे। सहायक निर्वाचन अधिकारी रवि शुक्ला ने बताया कि मतपेटिका स्ट्रांग रूम में पुलिस अभिरक्षा में रखी गई हैं।

**महसी**: गदामार कला में प्रधान पद के लिए 82.68 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। यहां रामलखन यादव व सुरेंद्र नाथ आमने-सामने चुनाव मैदान में हैं। सेक्टर मजिस्ट्रेट सौरभ सिंह ने बताया कि दो बूथ पर 1,259 के सापेक्ष 1,041 मतदाताओं ने मतदान किया।

**मिहींपुरवा**: ग्राम कटघर में प्रधान पद पर पांच प्रत्याशी मैदान में थे। यहां के तीन बूथों पर 1,860 मतदाता थे। इसमें 1,276 मतदाताओं ने मतदान किया। 68.60 फीसद मतदान हुआ।



महसी ब्लाक के मतदान केंद्र गदामार कला में वोट डालने जाते मतदाता • जागरण




हुजूरपुर के सिरौला मे मतदान स्थल पर सुरक्षा मे तैनात पुलिस कर्मी • जागरण

**जरवल**: वार्ड नंबर 24 के गौर एवं हिसामपुर में दो प्रत्याशी थे। यहां 1,436 में से 807 मतदाताओं ने मतदान किया। 56.20 फीसद मतदान हुआ।

**कल होगी मतगणना** :सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संतोषी राम ने बताया कि स्ट्रांगरूम में मतपेटिकाएं सुरक्षित रखवा दी गई हैं। आठ सितंबर को सुबह आठ बजे से मतगणना का काम ब्लाक मुख्यालयों पर शुरू होगा। इसके लिए गुरुवार को मतगणना कर्मियों की ड्यूटी लगाते हुए जानकारियां प्रदान की जाएगी।

# नकली शराब बनाने के कारोबार का भंडाफोड़

**जासं,बहराइच/महसी** : आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम ने हरदी इलाके के महराजगंज में नकली शराब कारोबार का भंडाफोड़ किया। मौके से टेट्रा पैक में तैयार की गई नकली शराब, बनाने के उपकरण, खाली पाउच, क्यूआर कोड व अन्य सामग्री भी बरामद की गई है। एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेजा गया है।

जिला आबकारी अधिकारी सुधांशु सिंह ने बताया कि महराजगंज इलाके में नकली शराब तैयार उसे टेट्रा पैक में भरकर बेचे जाने की सूचना मिली थी। घटना को गंभीरता से लेकर थानाध्यक्ष हरदी सूरज कुमार राणा के साथ संयुक्त टीम गठित की गई। आबकारी निरीक्षक डा. ममता सरोज, विवेक सिंह चौहान, राकेश कुमार यादव, आदित्य कुमार, विमल मोहन वर्मा, विपिन कुमार शामिल किए गए। उन्होंने बताया कि महराजगंज इलाके में छापेमारी की गई तो मौके से नकली शराब बनाते हुए प्रमोद कुमार को गिरफ्तार किया

- नकली शराब व बनाने का उपकरण बरामद, एक आरोपित गिरफ्तार
- मुकदमा दर्ज कर भेजा गया जेल




हरदी थाना परिसर में बरामद नकली शराब और उपकरण के साथ आबकारी विभाग व पुलिस की टीम • जागरण

गया। आरोपित के कब्जे से 18 टेट्रा पैक झूम ब्रांड, पैकिंग मशीन, नकली क्यू आर कोड, पांच खाली टेट्रा पैक, सिरिंज व बाइक बरामद की। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह शराब की दुकानों से शराब के पाउच खरीदने और दुकान के आसपास पड़ी खाली पाउच ले आता था।

सिरिंज के जरिए वह टेट्रा पैक से शराब निकाल कर खाली पाउच में नकली शराब पैक कर बेच देता था। एसओ सूरज कुमार राणा ने बताया कि आबकारी निरीक्षक डा. ममता सरोज की तहरीर पर पकड़े गए आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी, कूटरचना व आबकारी अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

गिरफ्तार टीम में आबकारी के वंशराज प्रधान, अमित कुमार, ज्योति प्रकाश, प्रेम प्रकाश तिवारी, गुड्डू कुमार, पवन कुमार वर्मा, रामयश कन्नोजिया, शिखा मद्धेशिया, शिवांगी पांडेय व हरदी थाने के एसआई मनोज सिंह, मुख्य आरक्षी धर्मपाल शामिल रहे।

जिले की महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

# पुलिस चौकी से भागे युवक को सिपाही ने दौड़ा कर पकड़ा

- युवक के धक्के से चोटिल हुआ आरक्षी

जासं, बहराइच : चोरी के मामले में पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया सुखनदिया खरगौली निवासी शानू अचानक चौकी से भाग निकला। मौके पर मौजूद आरक्षी ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पकड़ने के दौरान पुलिसकर्मी गिरकर चोटिल हो गया। लोगों ने उसके बहादुरी की सराहना भी की।

देहात कोतवाली इलाके में चार स्थानों पर चोरी के मामले पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए युवक को रायपुर राजा पुलिस चौकी लाया गया था। देर शाम युवक पुलिस चौकी से भाग खड़ा हुआ। चौकी में बैठे प्रभारी जब तक कुछ समझ पाते, तब तक मौके पर खड़े आरक्षी अनुराग शर्मा की नजर उस पर पड़ गई। उसने तत्काल भाग रहे युवक का पीछा किया। स्वयं को बचाने के लिए युवक ने आरक्षी को धक्का दे दिया, जिससे आरक्षी का हाथ चोटिल हो गया। बावजूद इसके आरक्षी ने स्वयं को संभालते हुए युवक का फिर पीछा किया और कुछ दूरी पर उसे पकड़ लिया। पूरे मामले में पुलिस बड़ा राजफाश करने की फेर में है।

# महसी में घर में चल रही थी शराब बनाने की फैक्टरी, एक गिरफ्तार

**महसी (बहराइच)।** हरदी थाना क्षेत्र में झूम ब्रांड की नकली देसी शराब बनाकर लोगों को पिलाई जा रही थी। घर में बाकायदा मशीन लगाकर इस धंधे को अंजाम दिया जा रहा था। स्थानीय दुकानदारों की मिलीभगत से संचालित इस धंधे की जानकारी होने पर आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर एक को गिरफ्तार किया है।

## झूम ब्रांड के 18 टेट्रा पैक और एक पैकिंग मशीन बरामद

आबकारी निरीक्षक तृतीय डॉ. ममता सरोज ने बताया कि हरदी थाना के महराजगंज कस्बा निवासी प्रमोद जायसवाल के घर में नकली शराब बनाने की सूचना मिली थी। मंगलवार की रात हरदी पुलिस व आबकारी टीम को आरोपी के घर के बाहर खड़ी बाइक से नकली शराब के टेट्रा पैक मिले। वहीं घर के अंदर से झूम ब्रांड की पैकिंग के 18 नकली शराब के टेट्रा पैक बरामद हुए। साथ ही एक पैकिंग मशीन,17 नकली क्यू आर कोड, पांच खाली टेट्रा पैक झूम ब्रांड, दो पैक सिरिंज बरामद हुई। आरोपी प्रमोद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तारी टीम में हरदी थाना प्रभारी सूरज कुमार राना, आबकारी निरीक्षक विमल मोहन, पयागपुर के राकेश कुमार आदि शामिल रहे।

## दुकानों से खरीदता था खाली पाउच

- आरोपी प्रमोद जायसवाल ने बताया कि वह देसी शराब की दुकानों से असली शराब के पाउच खरीदता था। दुकानों के आसपास पड़े खाली पाउच उठाता था। इसके बाद सिरिंज से असली शराब के पाउच से शराब निकाल कर उसे खाली पाउच में भरता था। -संवाद

# एसपी ने निरीक्षक कक्ष का किया शुभारंभ



नवाबगंज (बहराइच)। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने बुधवार को नवाबगंज थाने में नवनिर्मित थाना प्रभारी कक्ष का शुभारंभ किया। महिला आरक्षियों के आवास जर्जर देख तत्काल मरम्मत करवाने के लिए निर्देशित किया। एसपी प्रशांत वर्मा ने नवाबगंज थाने के अभिलेखों, रख-रखाव, महिला हेल्प डेस्क व परिसर की साफ-सफाई का जायजा लिया। उन्होंने फाइलों के बेहतर रखरखाव के लिए निर्देशित किया। इस दौरान मौजूद ग्राम प्रधानों से बातचीत कर एसपी ने उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान बालिका आदिति राय ने एसपी को राधा-कृष्ण का चित्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। -संवाद

# आज घर-घर जन्मेंगे कान्हा, बजने लगीं बधाइयां

## बाजारों में रौनक, पुलिस लाइन में झांकियों को दिया गया अंतिम रूप, होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

जासं, बहराइच : कान्हा के जन्मोत्सव पर भव्य तैयारियां की गई हैं। पुलिस लाइन रंग-बिरंगी झालरों से जगमगा रही है। दिन भर बाजार गुलजार रहे। लड्डू गोपाल, मोर मुकुट, कान्हा के कपड़े तथा झूलों की खरीदारी हुई। घरों में कान्हा के जन्मोत्सव की तैयारियां की गई हैं। बुधवार देर शाम से ही बधाइयां बजने लगी।

भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाने के लिए बुधवार को दिनभर तैयारियां चलती रहीं। घरों में कान्हा के लिए झूले तैयार किए गए। जन्माष्टमी को लेकर बाजार में दिनभर चहल-पहल रही। लोगों ने लड्डू गोपाल, कान्हा के रंग-बिरंगे कपड़े, मुकुट और मोरपंख आदि की खरीदारी की। पूजा के लिए फूल, चंदन तथा भोग लगाने के लिए फलों की खरीदारी हुई।





चौक बाजार में जन्माष्टमी पर सजावट के लिए खरीदारी करते लोग व पुलिस लाइन में जन्माष्टमी की झांकी सजाते पुलिस कर्मी • जागरण

श्रीसिद्धनाथ मंदिर, मौनी बाबा मंदिर, संहारण मंदिर तथा मरीमाता मंदिर में भव्य सजावट की गई है। मंदिरों में रात में 12 बजे तक भजन कीर्तन के कार्यक्रम होंगे। जिले के विभिन्न मंदिरों और थानों में भी कान्हा के जन्मोत्सव की भव्य तैयारियां की गई हैं। पुलिस लाइन के मंदिर में कान्हा के जन्मोत्सव की तैयारियां की गई हैं। पूरे पुलिस लाइन परिसर को बिजली की झालरों से सजाया गया है। यहां कारागार और पहाड़ों की भव्य झांकियां तैयार की गई हैं। गुरुवार को शाम सात बजे से भजनों का कार्यक्रम होगा। पुलिस उपाधीक्षक सुरेश पाल सिंह ने बताया कि रात आठ बजे से पुलिस जवान और कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। 12 बजे रात में कान्हा के जन्म के बाद आरती और प्रसाद वितरण होगा।

**बच्चों ने प्रस्तुत की राधा-कृष्ण की झांकी :** प्राथमिक विद्यालय कुंडासर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर प्रधानाध्यापक पूनम गुप्त, शिक्षिका सीमा परवीन आदि ने बच्चों को कृष्ण और राधा के रूप में सजाया। बच्चों ने राधा-कृष्ण की झांकियां प्रस्तुत कर मन मोह लिया। हरे रामा हरे कृष्णा की धुन पर बच्चे थिरकते रहे। अभिभावकों ने सेल्फी भी ली। **खुटेहना :** जन्माष्टमी को लेकर थाने की सजावट की गई है। इस बार श्रीकृष्ण का 5,250 वा जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

# नवनिर्मित थानाध्यक्ष कक्ष का एसपी ने किया उद्घाटन



नवाबगंज थाने में नवनिर्मित कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन करते एसपी प्रशांत वर्मा • जागरण

संसू, नवाबगंज (बहराइच) : पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने नवनिर्मित थानाध्यक्ष कक्ष का उद्घाटन कर निरीक्षण किया।

पुलिस अधीक्षक ने अभिलेखों के रखरखाव, महिला हेल्प डेस्क, कंप्यूटर कक्ष, मेस व परिसर की साफ-सफाई का जायजा लिया। थाने में बने महिला आरक्षियों के जर्जर आवास को देखा। उसकी मरम्मत करवाने के निर्देश दिए। मौके पर मौजूद ग्राम प्रधानों से समस्याओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक को नन्हीं बालिका अदिति राय ने राधा कृष्ण का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान सीओ नानपारा राहुल पांडे, प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय, बेचेलाल जायसवाल, रिंकू सिंह, अतुल कुमार सिंह मौजूद रहे।




नेपाल में बुधवार को मानव तस्करी के खिलाफ रैली निकालते लोग। -संवाद

# मानव तस्करी के खिलाफ रैली निकालकर किया जागरूक

**रूपईडीहा।** नेपाल के जिला बांके में मानव तस्करी के खिलाफ 17वें राष्ट्रीय दिवस पर बुधवार को विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए यह दिन मनाया गया। बांके जिले के कोहलपुर नगर पालिका में भी विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मानव तस्करी पर नियंत्रण के लिए कोहलपुर क्षेत्र के सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों से जुड़े लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ।

बांके जिले की कोहलपुर नगर पालिका न केवल लुंबिनी प्रांत बल्कि करनाली और सुदूर पश्चिम प्रांतों का भी प्रवेश द्वार है। यह भारतीय सीमा से जुड़ा जिला है, इसलिए बांके जिले को मानव तस्करी और ट्रैफिकिंग के लिए एक पारगमन बिंदु के रूप में लिया गया है। रैली और नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। स्थानीय पुलिस कार्यालय के डीएसपी सुंदर तिवारी ने कहा कि मानव तस्करी एवं यातायात पर नियंत्रण के लिए सभी होटल लॉज एवं कोहलपुर बस पार्क से चलने वाली बसों में स्टीकर चिपकाया जाएगा। मानव तस्करी से संबंधित कोई भी गतिविधि होती है, स्वयं या संबंधित संगठनों को सूचित करने और हस्ताक्षर लेने का अनुरोध किया जाएगा। -संवाद

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-07-09-2023

# कच्ची शराब के साथ 15 दबोचे

श्रावस्ती। पुलिस की ओर से अवैध शराब पर अंकुश लगाने के लिए छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में पुलिस ने अलग अलग थाना क्षेत्रों से 175 लीटर कच्ची नाजायज शराब बरामद करते हुए 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

# कवच अभियान के तहत किया गया सर्वे

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की ओर से जिले में कवच अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को एएचटीयू निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय,उपनिरीक्षक पंकज कुमार ने पुलिस बल के साथ नेपाल सीमा पर बसे भगवानपुर गांव का निरीक्षण किया।

# 175 लीटर कच्ची शराब के साथ 15 आरोपित दबोचे




सिरसिया थाने में कच्ची शराब के साथ पुलिस हिरासत में आरोपित • जागरण

**संसू, श्रावस्ती** : विभिन्न थानों की पुलिस टीम ने मंगलवार की रात अवैध शराब निर्माण व बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया। इस दौरान 175 लीटर कच्ची शराब बरामद की। अवैध शराब कारोबार में शामिल 15 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया।

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि सिरसिया पुलिस टीम ने तालबघौड़ा निवासी संतोष कुमार व बदलपुर निवासी नवरंग को गिरफ्तार कर क्रमशः 10-20 लीटर कच्ची शराब बरामद की। मल्हीपुर पुलिस ने रघुनाथपुर निवासी नरायन, केशवराम व विजय कुमार को गिरफ्तार कर पांच-पांच लीटर, सोनवा पुलिस ने इटौरी निवासी बच्चन को गिरफ्तार कर 10 लीटर, हरदत्तनगर गिरंट पुलिस ने तेंदुआ बरांव निवासी साबितराम को हिरासत में लेकर 10 लीटर, गिलौला पुलिस ने गिलौला निवासी नंदकुमार उर्फ ननके को गिरफ्तार कर 10 लीटर, भिनगा पुलिस ने भिनगा नगर के दर्जीपुरवा मुहल्ला निवासी रामनिवास, कोटरियासत मुहल्ले के राकेश व भयापुरवा निवासी बिलबिहारी को गिरफ्तार कर 20-20 लीटर, नवीन माईन श्रावस्ती पुलिस ने भटपुरवा निवासी ननके चौहान, बहराइच जिले के विशेश्वरगंज के सोतहवा निवासी राताराम, गढ़रहा निवासी फागूराम व फत्तुपुर के प्रेमजीत को गिरफ्तार कर 10-10 लीटर कच्ची शराब बरामद की। आरोपितों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

# सीओ नगर ने रैतिक परेड का किया निरीक्षण



**श्रावस्ती।** रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा में बुधवार को सीओ नगर अतुल कुमार चौबे ने रैतिक परेड की सलामी लेकर उसका निरीक्षण भी किया। इस निरीक्षण के दौरान परेड में मौजूद कर्मचारियों से ड्रिल कमांड सीखने के लिए कहा। परेड के दौरान आर्मोरर की ओर से पुलिस कर्मियों को इंसास राइफल, कार्बाइन व स्मॉल आर्म्स की हैंडलिंग की जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने आदेश कक्ष में गार्द रजिस्टर को चेक किया गया तथा गार्द/सुरक्षा ड्यूटी के संबंध में सभी गार्द कमांडर को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस दौरान प्रभारी पुलिस लाइन मौजूद रहे। -संवाद

# कच्ची शराब के साथ 15 आरोपी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** पुलिस ने मंगलवार रात अवैध शराब बनाने व बेचने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने पंद्रह लोगों को 175 लीटर कच्ची शराब के साथ दबोच कर उनके खिलाफ आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की।

पुलिस ने सिरसिया पुलिस ने तालबघौड़ा निवासी संतोष कुमार को दस लीटर कच्ची शराब व बदलपुर निवासी नवरंग को बीस लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसी क्रम में मल्हीपुर पुलिस ने रघुनाथपुर निवासी नारायण, केशवराम व विजय कुमार को पांच-पांच लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।

वहीं सोनवा पुलिस ने इटरौरी निवासी बच्चन को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। हरदत्त नगर गिरंट पुलिस ने तेंदुआ बरांव निवासी साबित राम को 10 लीटर, गिलौला पुलिस ने नंदकुमार को 10 लीटर, भिनगा कोतवाली पुलिस ने दर्जीपुरवा निवासी रामनिवास, कोटरियासत निवासी राकेश व भयापुरवा निवासी बिलबिहारी को को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ दबोचा। अन्य स्थानों से भी आरोपियों को पकड़ा गया।

# चौपाल में महिलाओं को किया जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को इसी के तहत लक्ष्मण नगर, बेडसरी, श्री शिरडी साईं बाल विद्या मंदिर लक्ष्मण नगर में शक्ति मोबाइल की ओर से चौपाल का आयोजन किया गया।

इस दौरान मौजूद महिलाओं को कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना व वृद्धा पेंशन समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई।

उन्हें सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के संबंध में जागरूक किया गया। इस दौरान महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर पंपलेट वितरित किया गया। इस मौके पर कई महिला आरक्षी व महिलाएं मौजूद रहीं।



लक्ष्मण नगर में चौपाल में महिलाओ को जागरूक करतीं पुलिस कर्मी। संवाद